सूर्योदय : 6:56
सूर्यास्त : 5:32
अधिकतम तापमान : 23.0
न्यूनतम : 13.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या: SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-211 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, बुधवार, 22 जनवरी 2025
21 रजब 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक

# अवधनामा

www.avadhnama.com



## दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने जारी किया संकल्प पत्र

# केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा

- युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए 15 हजार रुपये की वित्तीय सहायता
- ऑटो-टैक्सी चालकों के लिए बनेगा बोर्ड



**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के संकल्प पत्र (घोषणापत्र) का दूसरा भाग जारी किया।

ठाकुर ने कई महत्वाकांक्षी योजनाओं की घोषणा की, जिसमें सरकारी संस्थानों में किंडरगार्टन से स्नातकोत्तर स्तर तक के जरूरतमंद छात्रों के लिए मुफ्त शिक्षा शामिल है। घोषणापत्र में संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) और राज्य पीसीएस जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए वित्तीय प्रोत्साहन का भी वादा किया गया है, जिसमें दो प्रयासों के लिए 15,000 रुपये की पेशकश की गई है। पार्टी ने भीमराव आंबेडकर स्टाइपेंड योजना के तहत, आईटीआई और पॉलिटेक्निक कौशल केंद्रों में तकनीकी पाठ्यक्रमों की शिक्षा लेने वाले अनुसूचित जाति समुदाय के छात्रों को हर महीने 1,000 रुपये का वजीफा देने की घोषणा की। भाजपा ने 10 लाख रुपये के जीवन बीमा और ड्राइवरों के लिए 5 लाख रुपये के दुर्घटना बीमा का वादा करते हुए एक ऑटो-टैक्सी चालक कल्याण बोर्ड के गठन का भी वादा दिया है। इसी तरह, पार्टी ने घरेलू कामगारों के लिए एक कल्याण बोर्ड बनाने का भी वादा किया है, जिसमें समान बीमा लाभ हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने यह भी घोषणा की कि अगर भाजपा राष्ट्रीय राजधानी में सत्ता में आती है तो आप सरकार की 'अनियमितताओं' और 'घोटालों' की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करेगी। ठाकुर ने दिल्ली में जल जीवन मिशन को लागू करने में विफल रहने के लिए आप सरकार की आलोचना की और सत्ता में आने पर बुनियादी ढांचे में सुधार और कल्याण के लिए भाजपा की प्रतिबद्धता दोहराई। इससे पहले, 17 जनवरी को केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पार्टी के घोषणा पत्र का पहला हिस्सा जारी किया था।

### भाजपा के पहले संकल्प पत्र की बड़ी घोषणाएं

महिला समृद्धि योजना के तहत प्रति महीने महिलाओं को 2500 दिए जाएंगे गरीब महिलाओं को गैस सिलेंडर में 500 की सब्सिडी दी जाएगी, गरीब परिवारों को होली और दिवाली पर एक सिलेंडर मुक्त दिया जाएगा गर्भवती महिलाओं को 21000 दिए जाएंगे, 70 साल से अधिक आयु के लोगों को 10 लाख रुपये का बीमा कवर दिया जाएगा, 60 से 70 साल के लोगों की पेंशन में 500 की बढ़ोतरी की जाएगी। 70 साल से अधिक उम्र के लोगों और दिव्यांग व विधवा महिलाओं को 2500 के बजाय 3000 पेंशन दी जाएगी, दिल्ली में अटल कैंटीन योजना लॉन्च की जाएगी, इसके तहत झुग्गी झोपड़ी इलाके में 5 में भोजन उपलब्ध कराया जाएगा

# होटल अग्निकांड में अब तक 66 लोगों की मौत

- 51 लोग बुरी तरह झुलसे
- घटना के वक्त सो रहे थे 234 मेहमान



**अंकारा।** तुर्किये के गृह मंत्री ने बताया कि उत्तर-पश्चिमी तुर्की के एक लोकप्रिय स्की रिसॉर्ट में एक होटल में मंगलवार को आग लगने से कम से कम 66 लोगों की मौत हो गई। अली येरलिकाया ने आगे बताया कि इस आपदा में कम से कम 51 अन्य लोग घायल हुए हैं। गृह मंत्री येरलिकाया ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद पत्रकारों से कहा, इस घटना से हम बहुत दुखी हैं। वहीं स्वास्थ्य मंत्री केमल मेमिसोग्लू ने बताया कि घायलों में से कम से कम एक की हालत गंभीर है। अधिकारियों और रिपोर्टों के अनुसार, बोलू प्रांत के कार्तलकाया रिसॉर्ट में 12 मंजिला ग्रैंड कार्तल होटल के रेस्तरां में सुबह करीब 3:30 बजे आग लग गई। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। बता दें कि, घटना के दौरान होटल में कुल 234 लोग ठहरे थे। गवर्नर अब्दुलअजीज आयडिन ने सरकारी एजेंसी को बताया कि दो पीड़ितों की मौत घबराहट के कारण इमारत से कूदने के बाद हो गई। एक स्थानीय टेलीविजन ने कहा कि कुछ लोगों ने चादरों और कंबलों का उपयोग करके अपने कमरों से नीचे उतरने की कोशिश की। घटना के दौरान होटल में रुके स्की प्रशिक्षक नेकमी केपसेटुटन ने कहा कि जब आग लगी तो वह सो रहे थे और वे इमारत से बाहर भागे।

## न्यूज डायरी

### इस्राइली सेना के चीफ ने दिया इस्तीफा

**तेल अवीव।** इस्राइली सेना के एक शीर्ष जनरल ने सात अक्तूबर 2023 को हमास के हमलों को रोकने में नाकामी के लिए मंगलवार को अपने पद से इस्तीफा दिया। इन हमलों के बाद ही गाजा युद्ध की शुरुआत हुई। लेफ्टिनेंट जनरल हरजी हलवी ने मंगलवार को अपने इस्तीफे की घोषणा की। जनरल हलवी ने इस्तीफा ऐसे समय में दिया है, जब गाजा में युद्धविराम जारी है। युद्धविराम के साथ हमास के लड़ाके गाजा की सड़कों वापस दिखाई दे रहे हैं, जिससे साबित होता है कि हमास अभी भी गाजा पर नियंत्रण बनाए हुए हैं। पिछले पंद्रह महीनों से जारी युद्ध में 46 हजार से ज्यादा फलस्तीनी मारे जा चुके हैं भारी तबाही हुई है।

### एक फरवरी से राज्यकर्मी ऑनलाइन ही कर सकेंगे छुट्टी के लिए आवेदन

**लखनऊ।** राज्य सरकार अपने कर्मचारियों व अधिकारियों के लिए बड़ा कदम उठाने जा रही है। एक फरवरी से छुट्टी और सेवा संबंधी सभी प्रक्रियाएं ऑनलाइन पूरी करना अनिवार्य होगा। ये प्रावधान 8.5 लाख राज्य कर्मियों पर लागू होंगे। सूत्र बताते हैं कि इस संबंध में शीघ्र ही मुख्य सचिव के स्तर से आदेश जारी होगा। शासन कई बार राज्य कर्मियों के लिए निर्देश जारी कर चुकी है कि वे मानव संपदा पोर्टल के जरिये ही छुट्टी के लिए आवेदन करें। इसमें बाल्य देखभाल अवकाश (चाइल्ड केयर लीव) भी शामिल है। ट्रांसफर होने पर नई जगह जॉइनिंग व पुरानी जगह से रिलीविंग की प्रक्रिया भी ऑनलाइन पूरी करें। सेवा पुस्तिका भी ऑनलाइन करने के निर्देश दिए गए हैं।

### इमरान प्रतापगढ़ी को राहत

**नई दिल्ली।** गुजरात के जामनगर में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह की पृष्ठभूमि में भड़काऊ गीत के साथ संपादित वीडियो पोस्ट करने के मामले में कांग्रेस सांसद और कवि इमरान प्रतापगढ़ी को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि प्रतापगढ़ी के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने प्रतापगढ़ी के खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द न करने गुजरात हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई की। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने प्रतापगढ़ी द्वारा दायर अपील पर गुजरात सरकार और शिकायतकर्ता किशनभाई दीपकभाई नंदा को नोटिस जारी किया। गुजरात हाईकोर्ट ने पिछले दिनों एक फैसले में कहा था कि कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी के खिलाफ दर्ज की गई एफआईआर रद्द नहीं होगी। जामनगर के निवासी किशन नंदा की शिकायत के आधार पर यह मामला दर्ज हुआ।

# सैफ अली खान को लीलावती हॉस्पिटल से मिली छुट्टी

- अस्पताल से बाहर आकर सैफ अली खान ने फैंस और मीडिया का अभिवादन किया



**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान को चाकू से हुए हमले की घटना के करीब पांच दिन बाद अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। मंगलवार 21 जनवरी को अभिनेता अपने घर लौट आए हैं। मालूम हो कि हमले के बाद वे उपचार के लिए लीलावती अस्पताल पहुंचे थे। करीब पांच दिन अस्पताल में रहने के बाद आज वे घर लौट आए हैं। अभिनेता की हालत में सुधार हो रहा है। अस्पताल से बाहर आकर सैफ अली खान ने फैंस और मीडिया का अभिवादन किया। उन्हें मुस्कुराता देख फैंस ने राहत की सांस ली है। सैफ अली खान ने मुस्कुराकर हाथ हिलाते हुए फैंस और मीडिया का आभार जताया। सैफ अली खान पर 16 जनवरी की सुबह हमलावर ने चाकू से कई वार किए। अभिनेता बुरी तरह जख्मी हुए। उनकी गर्दन और रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोट आई। लीलावती अस्पताल मे उनका इलाज चला, जहां उनकी कई घंटे की सर्जरी हुई। डॉक्टरों ने बताया कि हमले में सैफ के तीन जगह चोट आई। दो चोट हाथ में, एक गर्दन की दाईं तरफ। इसके अलावा एक गंभीर चोट रीढ़ की हड्डी में लगी। फिलहाल सैफ खतरे से बाहर हैं। आज जब एक्टर को छुट्टी मिली है तो उनके आवास सतगुरु शरण के पास कड़ी सुरक्षा व्यवस्था है।

# कोविंद व कुमार विश्वास ने संगम में लगाई डुबकी

- गौतम अडानी ने महाकुंभ में श्रद्धालुओं की सेवा की



**प्रयागराज।** महाकुम्भ 2025 के तहत संगम घाट पर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और प्रख्यात कवि डॉ. कुमार विश्वास ने औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी के साथ संगम के पवित्र जल में पुण्य की डुबकी लगाई। वहीं, देश के शीर्ष उद्योगपति गौतम अदानी ने श्रद्धालुओं के लिए चल रहे भंडारे में सेवा की और फिर बड़े हनुमान मंदिर में पूजन अर्चन किया।

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने अपनी पत्नी और पुत्री के साथ संगम की पवित्र त्रिवेणी में स्नान किया। इस दौरान मंत्री नंदी ने स्वयं उनका हाथ पकड़कर स्नान में सहयोग किया। स्नान के बाद मंत्रोच्चार के बीच उन्होंने सपरिवार मां गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती की पूजा-अर्चना की। पूर्व राष्ट्रपति ने महाकुम्भ की भव्यता और दिव्यता की सराहना करते हुए कहा कि यह आयोजन भारत की आध्यात्मिक धरोहर और सांस्कृतिक समृद्धि का उत्कृष्ट उदाहरण है। पूर्व राष्ट्रपति ने 'वन नेशन, वन इलेक्शन' की अवधारणा को देश के आर्थिक विकास के लिए गेम चेंजर बताया।

### अदाणी ने रसोई में खुद तैयार किया प्रसाद

अदाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अदाणी ने महाकुंभ मेले में भक्तों को भोजन परोसने के लिए इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शियसनेस (इस्कॉन) से हाथ मिलाया है। गौतम अदाणी मंगलवार को महाकुंभ में पहुंचे। उन्होंने कहा, मैं महाकुंभ के लिए बहुत उत्साहित हूं। गौतम अदाणी ने इस्कॉन मंदिर में आरती की। इसके बाद परिवार के साथ रसोई में गए, जहां पर प्रसादम बनाया। यह प्रसादम भक्तों में बांटा गया। नौ जनवरी को, अदाणी समूह और इस्कॉन ने महाकुंभ मेले में आने वाले बड़ी संख्या में भक्तों को मुफ्त भोजन प्रदान करने के लिए अपनी साझेदारी की घोषणा की थी। मेले के दौरान महाप्रसाद सेवा से 50 लाख श्रद्धालुओं को भोजन मिला।

## वक्फ संशोधन विधेयक पर लखनऊ में जेपीसी की हुई अहम बैठक

# वक्फ जमीनों पर लगातार मिल रही शिकायतें : जगदंबिका

- बिल के संबंध में लंबी चर्चा हुई थी
- वक्फ की संपति होने का क्लेम किया जा रहा



**लखनऊ।** यूपी की राजधानी लखनऊ में मंगलवार को वक्फ संशोधन अधिनियम 2024 को लेकर जेपीसी की बैठक संपन्न गई है। जेपीसी बिल पर मुस्लिम धर्मगुरुओं और संगठनों से सुझाव और आपत्तियां ली गई। बैठक में जेपीसी के अध्यक्ष जगदंबिका पाल, जेपीसी के सदस्य असदुद्दीन ओवैसी समेत 11 सदस्य शामिल हुए।

यूपी की राजधानी लखनऊ में मंगलवार को वक्फ संशोधन अधिनियम 2024 को लेकर जेपीसी की बैठक संपन्न गई है। जेपीसी बिल पर मुस्लिम धर्मगुरुओं और संगठनों से सुझाव और आपत्तियां ली गई। बैठक में जेपीसी के अध्यक्ष जगदंबिका पाल, जेपीसी के सदस्य असदुद्दीन ओवैसी समेत 11 सदस्य शामिल हुए। इसमें खासतौर पर शिया सुन्नी सेंट्रल वक्फ़ बोर्ड के चैयरमैन अली जैदी, मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली, मौलाना सुफियान निजामी, जमाते इस्लामी, मिली काउंसिल सहित अन्य संगठन के पदाधिकारी जेपीसी से मुलाकात करने पहुंचे। जेपीसी कमेटी के अध्यक्ष जगदंबिका पाल का लखनऊ में यह दूसरा दौरा था। इससे पहले लखनऊ दौरे के दौरान मुस्लिम समुदाय के धर्मगुरू और बुद्धिजीवियों से मुलाकात की थी। जेपीसी अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने मौलाना ख़ालिद रशीद फरंगी महली और मौलाना सैफ़ अब्बास से बिल के संबंध में लंबी चर्चा की थी। बैठक के बाद जेपीसी अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने कहा यह कानून बेहतरी के लिए आ रहा है। बताया कि लखनऊ में आज हमारी आखिरी बैठक है। इससे पहले वक्फ संशोधन अधिनियम को लेकर विभिन्न राज्यों में बैठक कर चुके हैं। आज की बैठक में मंत्री दानिश आजाद अंसारी, मंत्री ओपी राजभर सहित विभिन्न लोगों से बातचीत हुई। शिया सुन्नी सेंट्रल वक्फ़ बोर्ड की बात सुनी गई। बैठक में यूपी सरकार ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि हमने बड़े व्यापक ढंग से अपना सर्वे किया है।

### 11 सदस्य शामिल रहे

यूपी की राजधानी लखनऊ में मंगलवार को वक्फ़ संशोधन अधिनियम 2024 को लेकर जेपीसी की बैठक हुई। जेपीसी बिल पर मुस्लिम धर्मगुरुओं और संगठनों से सुझाव और आपत्तियां लीं बैठक में जेपीसी के अध्यक्ष जगदंबिका पाल, जेपीसी के सदस्य असदुद्दीन ओवैसी समेत 11 सदस्य शामिल रहे।

# खुशखबरी: यूपी में भरे जाएंगे शिक्षकों के दस हजार पद



**लखनऊ।** प्रदेश के माध्यमिक विद्यालयों में सहायक अध्यापक (एलटी ग्रेड) व प्रवक्ता के लगभग 10 हजार पदों पर भर्ती का रास्ता साफ हो गया है।

प्रदेश कैबिनेट ने बाई सर्कुलेशन उत्तर प्रदेश अधीनस्थ शिक्षा सेवा नियमावली 2024 में संशोधन को मंजूरी दे दी है। इसके तहत इन पदों पर भर्ती के लिए योग्यता में से समकक्ष शब्द हटा दिया गया है। माध्यमिक शिक्षा के विद्यालयों में सहायक अध्यापक व प्रवक्ता के पदों पर भर्ती की जाती है। इसमें सहायक अध्यापक के लिए संबंधित विषय में स्नातक, बीएड या समकक्ष योग्यता, अर्हता थी। इसी तरह प्रवक्ता पद के लिए संबंधित विषय में स्नातक, बीएड या समकक्ष योग्यता, अर्हता लिखी हुई थी। पिछले दिनों इससे जुड़े कई मामले न्यायालय में गए और समकक्ष योग्यता को लेकर चुनौती दी गई। इसकी वजह से माध्यमिक विद्यालयों में भर्ती काफी समय से प्रभावित थी।

### हटाया गया समकक्ष शब्द

इस नियमावली संशोधन के अनुसार विवाद को देखते हुए विभाग ने इन दोनों पदों की योग्यता में से समकक्ष शब्द को हटाकर, संबंधित विषय में स्नातक/परास्नातक व नेशनल काउंसिल फॉर टीचर एजुकेशन (एनसीटीई) द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से बीएड की डिग्री तय कर दिया है।

# पांच को महाकुंभ आ सकते हैं पीएम मोदी

**महाकुंभ-2025**

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 10 फरवरी को जा सकती हैं प्रयागराज

**महाकुंभनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच फरवरी को महाकुंभ मेला 2025 का दौरा कर सकते हैं। वहीं, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 27 जनवरी को मेले में शामिल होने वाले हैं। उम्मीद है कि एक फरवरी को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी समारोह का हिस्सा बनेंगे। 27 जनवरी को गृहमंत्री अमित शाह अपने तय कार्यक्रम के मुताबिक महाकुंभ में हिस्सा लेंगे। वह संगम में पवित्र डुबकी लगाएंगे। गंगा पूजा करेंगे और अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।

गृहमंत्री अमित शाह के दौरे को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियों ने शहर के प्रमुख चौराहों और कार्यक्रम स्थलों पर विशेष निगरानी के साथ सतर्कता बढ़ा दी है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ एक फरवरी को संगम में पवित्र डुबकी लगाने वाले हैं। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के भी 10 फरवरी को प्रयागराज जाने की उम्मीद है। अपनी यात्रा के दौरान राष्ट्रपति के प्रमुख कार्यक्रमों में भाग लेने की उम्मीद है। इन नेताओं की सुचारू और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक और सुरक्षा तैयारियों को मजबूत किया जा रहा है।



### वीवीआईपी मूवमेंट देखते हुए महाकुंभ भेजे गए 1542 मुख्य आरक्षी

महाकुंभ में आगामी दो सप्ताह के दौरान वीवीआईपी मूवमेंट एवं दो अमृत स्नान पर्व के दृष्टिगत 1542 नागरिक पुलिस के मुख्य आरक्षियों की तैनाती की गई है। सभी मुख्य आरक्षी 22 जनवरी से लेकर 5 फरवरी तक महाकुंभ क्षेत्र में ड्यूटी करेंगे। डीजीपी मुख्यालय ने इसका आदेश दिया है। महाकुंभ में आगामी 29 जनवरी को मौनी अमावस्या और 3 फरवरी को बसंत पंचमी का अमृत स्नान पर्व है। इसके अलावा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत तमाम वीवीआईपी का आगमन प्रस्तावित है। इसके दृष्टिगत आरक्षी से मुख्य आरक्षी के पद पर प्रोन्नत होने के बाद प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कर्मियों की तैनाती प्रयागराज में की गई है।

## मिल्कीपुर उपचुनाव : सीएम योगी 24 जनवरी को करेंगे बड़ी जनसभा

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 24 जनवरी को मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करेंगे। हैरिंग्टनगंज के पलिया चौराहे पर सुबह दस बजे से जनसभा का आयोजन किया गया है। जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह व ग्राम प्रधान अभिषेक सिंह ने जनसभा स्थल का निरीक्षण किया। जनसभा का संयोजक पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा को बनाया गया है। एक दिन पहले ही यह तय किया गया था कि भाजपा के 40 विधायक डोर टू डोर जनसंपर्क करेंगे। जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री की जनसभा के लिए मंडल अध्यक्ष, प्रवासी और प्रभारी को जिम्मेदारी दी गई है। जनसभा में हर बूथ की सहभागिता होगी। इसके लिए जिले के पदाधिकारी लगातार बूथ के कार्यकताओं से संपर्क कर रहे हैं। अन्य व्यवस्थाओं के लिए कार्यकताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री की सभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए तैयारियों को लेकर पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं।



# हम संविधान के लिए मर मिटने को तैयार : प्रियंका गांधी



**बेंगलुरू।** एआईसीसी महासचिव और कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि वह, उनके भाई लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और अन्य कांग्रेस नेता भाजपा से नहीं डरते हैं और संविधान की रक्षा के लिए अपनी आवाज उठाते रहेंगे। प्रियंका गांधी ने कहा कि देश में कई पार्टियों की सरकार रही, लेकिन कोई ऐसी सरकार नहीं आई, जिसका गृह मंत्री संसद में खड़े होकर बाबा साहेब का अपमान कर सके। कोई ऐसी सरकार नहीं आई, जिसके नेताओं ने कहा कि हम संविधान बदल देंगे।

कांग्रेस नेत्री ने कहा कि कोई ऐसा नहीं कह सकता कि हमें आजादी 1947 में नहीं मिली। किसी ने नहीं सोचा था कि सत्ता में बैठे लोग संविधान को कमजोर करने की बात करेंगे और बाबा साहेब अंबेडकर जी जैसे मसीहा का संसद में अपमान होगा। बाबा साहेब का अपमान कर गृह मंत्री ने लोकतंत्र और तमाम स्वतंत्रता सेनानियों-शहीदों का अपमान किया है, जिन्होंने देश के लिए सबकुछ न्योछावर कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि अडानी को देश की सारी संपत्ति सौंप दी गई है। जब हम संसद में कहते हैं कि अडानी के खिलाफ अमेरिका में केस दर्ज है, जांच की जाए, तो हमारी आवाज को दबाने की कोशिश की जाती है। गांधी ने कहा कि अडानी ने सरकारी अधिकारियों को रिश्वत दी, जिससे बिजली के बिल बढ़ाए जा सकें। आज देश का किसान संकटों से घिरा हुआ है, उसे हर चीज में त्रस्ज्ञ भरनी पड़ती है। वो 1-1 लाख रुपए के कर्ज के कारण आत्महत्या करने को मजबूर है। दूसरी तरफ मोदी सरकार उद्योगपतियों का 17 लाख करोड़ रुपए का कर्ज माफ कर देती है। ये संविधान के खिलाफ है।

# एक छोटी सी दुकान में लोगों का इलाज करने वाला डॉ खालिद खान कैसे बन गया करोड़पति

*अनिल कनौजिया*

**लखीमपुर खीरी।** शहर लखीमपुर सटे निर्माणाधीन रॉयल केयर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के एक कमरे से नारकोटिक्स विभाग ने छापामारी दौरान एक किलो मेफे ड्रग (एम डी) बरामद किया है। जिसकी अंतराष्ट्रीय कीमत दस करोड़ रुपये बताई गई हैं, जो पड़ोसी देश नेपाल से लाई गयी थी मौके पर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है वही अस्पताल मालिक फरार बताया जा रहा है। यह विशेष प्रकार की ड्रग्स हैं,जिसे खास लैब में तैयार किया जाता हैं जिसे देश मुंबई जैसे महानगरों में इनकी विशेष मांग रहती है,जहाँ बॉलीवुड से जुड़े लोगों की पार्टियों में इस नशे के लिए परोसा जाता हैं। पिछले पांच सालों से यह हॉस्पिटल बनाया जा रहा हैं जो पड़ोसी देश नेपाल को सीधे जोड़ने वाले मार्ग पर स्थित है निर्माणाधीन हास्पिटल आरोपियों के लिए नशे के कारोबार के लिए मुफीद साबित हो रहा था। सूत्रों की माने लखनऊ आई नारकोटिक्स टीम ने जब निर्माणाधीन हॉस्पिटल में छापेमारी की गई उस समय मुख्य आरोपी डॉ खालिद खान वहाँ मौजूद था,और जांच टीम से उसकी बहस भी हुई लेकिन नारकोटिक्स निरक्षक दर्शन यादव द्वारा देर रात जारी किए गए प्रेस नोट में मुख्य आरोपी को वांछित बताया गया है। स्थानीय पुलिस प्रशासन के साथ नारकोटिक्स विभाग द्वारा की गई छापेमारी पर सवालिया निशान खड़े हो गए है अगर मामले की गहराई से जांच की जाए तो मुख्य आरोपी के मोबाइल लोकेशन से स्पष्ट हो जायेगा कि आखिर मुख्य आरोपी डॉ खालिद खान कैसे फरार हो गया, सवाल यह भी हैं मजदूरी पेशा से जुड़े राकेश विश्वकर्मा और विक्रम सिंह की गिरफ्तारी भी सवालों के घेरे में है। दोपहर दो बजे से हॉस्पिटल में की गई छापेमारी से लेकर कोतवाली में मुकदमा दर्ज करने तक बारह घण्टे का वक्त लगा इस दौरान लखनऊ से आई नारकोटिक्स टीम और स्थानीय पुलिस मीडिया से दूरी बनाती नजर आई। यह मामला प्रशासन और नारकोटिक्स विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। ड्रग्स तस्कर और स्थानीय अधिकारियों के बीच संभावित गठजोड़ की गहराई से जांच की जरूरत है लखीमपुर शहर के मेला मैदान रोड पर एक छोटी सी दुकान में लोगों का इलाज करने वाले डॉ खालिद खान ने आखिर कैसे बनाया बनाया करोड़ो रुपयों का लागत मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल सूत्र बताते है कि डॉ खालिद इस ड्रग्स के कारोबार में कई वर्षों से कर रहा था। पहले भी चर्चा रहा यह हॉस्पिटल पास से गुजरने वाली उल्ल नदी को पाटकर दीवार बना दी स्थानीय मीडिया में जब यह मामला और अखबारों की सुर्खिया बना तब तहसील प्रशासन ने मुकदमा भी दर्ज कराया गया था। लखीमपुर शहर के रॉयल केयर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में दस करोड़ की मेफोड्रोन बारामदगी मामले में दर्ज किए गए मुकदमे की तहरीर में खेल दिया खेल। कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में नारकोटिक्स निरिक्षक दर्शन यादव ने बताया हैं,कि वह मुखबिर की सूचना पर तीन बजकर तीस मिनट पर दोनों अभियुक्तों को मेफोड्रोन के साथ गिरफ्तार कर लिया था और जामा तलाशी हेतु पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर रमेश तिवारी को सूचना दी जाती हैं,चार बजकर पन्द्रह मिनट पहुँचते हैं। जिसके बाद नारकोटिक्स टीम की सहयोगी स्थानीय पुलिस अभियुक्तों को लेकर लगभग नौ बजे कोतवाली पहुँचती हैं जहाँ दो घण्टे बरामदगी फर्द लिखे जाने के बाद मुकदमा दर्ज किया जाता हैं। आखिर सवाल यह हैं कि पांच घण्टे अभियुक्तों को लेकर नारकोटिक्स टीम और स्थानीय पुलिस कहा घूमती रही। क्या पूरे मामले में मास्टरमाइंड डॉ खालिद खान को बचाने की योजना पर काम कर रही थी? गिरफ्तार किए गए राकेश विश्वकर्मा और विक्रम सिंह से नारकोटिक्स टीम की पूछताछ में बरामद मेफेड्रान (एम डी) के कोई स्पष्ट जवाब नही दिया गया, जबकि कोतवाली में मीडिया को दिए गए बयान में अभियुक्तों ने डॉ खालिद खान के यहाँ काफी समय से काम करने की बात कही गई थी और मेफेड्रान मेरे द्वारा नही लाया गया हैं। मान लिया जाय मेफेड्रान की तस्करी में डॉ खालिद खान नहीं शामिल था तो सवाल यह भी हैं मौके से फरार क्यो हुआ। नारकोटिक्स निरिक्षक द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे में गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ में मेफेड्रोन के स्रोत और इसकी तस्करी को लेकर स्पष्ट जवाब नहीं हैं,इस पूरी कार्यवाही सवलो के घेरे में है। छोटी सी दुकान में लोगों का इलाज करने वाले डॉ खालिद ने आखिर कैसे करोड़ो की अकूत सम्पत्ति अर्जित करने का सफर आखिर कैसे तय किया, यह लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

सूत्र बताते है कि बैगर स्वास्थ्य विभाग में पंजीकृत कराए हॉस्पिटल हो रहा था मरीजो का इलाज किया जा रहा था, कुछ समय पूर्व इसी हॉस्पिटल में एक प्रसूता के इलाज के दौरान मौत के बाद परिजनों ने बवाल भी किया ,जिस मामले डॉ खालिद खान अपने पैसे के रसूख से दबाने में कामयाब रहा था। आमजन इस बात को लेकर चिंतित है कि क्या इस हाई-प्रोफाइल मामले में निष्पक्ष जांच होगी, या यह मामला भी पैसे और रसूख की भेंट चढ़ जाएगा।

# यूपीएस पतरासी के खेल मैदान में गुणवत्ताविहीन काम पर डीएम बेहद खफा

*अवधनामा संवाददाता*



**लखीमपुर खीरी।** मंगलवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने तहसील सदर, ब्लॉक नकहा के परिषदीय विद्यालय रवही मुबारकपुर, सेवकहा और पतरासी का औचक निरीक्षण कर "मिशन मैदान" के तहत निर्माणाधीन खेल मैदान की प्रगति देखी और विद्यालय व आंगनबाड़ी केंद्रों में शैक्षिक गुणवत्ता को भी परखा। यूपीएस पतरासी के खेल मैदान में गुणवत्ताविहीन काम पर डीएम बेहद खफा नजर आईं। ग्राम सेक्रेटरी/सचिव प्रिया वर्मा, प्रधानाध्यापक वंदना सिंह का स्पष्टीकरण तलब किया। वही बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी शिथिल पर्यवेक्षक पर फटकार भी लगाई। डीएम ने डीपीआरओ विशाल सिंह, बीएसए प्रवीण तिवारी संग ब्लॉक नकहा के क्रमशः परिषदीय विद्यालय रवही मुबारकपुर, सेवकहा और पतरासी पहुंची, जहां उन्होंने सॉलियन विद्यालय रवही मुबारकपुर एवं यूपीएस पतरासी में वृहद खेल मैदान और झूले आदि का निरीक्षण किया। निर्देश दिए कि विभिन्न खेलों के लिए बनाए गए खेल मैदानों में व्हाइट पट्टी के बीच हरी घास लगवाएं। निर्देश दिए कि लगाए गए पोल्स के बीच बच्चों की हाइट के अनुसार नेट बंधवाई जाए। ताकि सुगमता से बच्चे खेल सकें। उन्होंने लगाए जा रहे झूलों की गुणवत्ता भी परखी। प्रधानाध्यापक को निर्देश दिए कि खेल सामग्री का प्रॉपर रखरखाव सुनिश्चित करते हुए झूलों की क्रियाशीलता को सुनिश्चित कराया जाए। सॉलियन रवही मुबारकपुर खेल मैदान स्तरविहीन पाया और पाथवे के निर्माण में कमियां मिली। बीडीओ को शिथिल पर्यवेक्षण पर फटकार लगाकर पाई गई कमियों को तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश दिए निरीक्षण के दौरान डीएम ने पठन-पाठन की गुणवत्ता, साफ-सफाई, छात्र-छात्राओं, शिक्षकों की उपस्थिति व अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। क्लासेज में जाकर शैक्षिक गुणवत्ता भी जांची। मौजूद नौनिहालों से प्रश्न किया सही जवाब देने पर उत्साहवर्धन करते हुए टॉफियों का वितरण किया। निर्देश दिए कि पठन-पाठन के साथ खेल भावना को भी विकसित किया जाए। विद्यालय परिसर में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र में मौजूद शिशुओं को दुलारा डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने प्राथमिक विद्यालय सेवकहा पहुंचकर विद्यालय की छत पर बनाए जा रहे रूफटॉप इनडोर गेमिंग जोन का औचक निरीक्षण किया और तय समय पर गुणवत्ता के साथ गेमिंग जोन के कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने बीएसए को निर्देश दिए कि वह स्वयं एक-एक रूफटॉप इनडोर गेमिंग जोन को स्वयं मॉनिटर करते हुए समयबद्धता और गुणवत्ता के साथ उसे पूर्ण कराए।

## जीएसटी ब्याज और पेनल्टी में छूट

**लखीमपुर खीरी।** खीरी के कारोबारियों के लिए अच्छी खबर है। पिछले तीन वित्तीय वर्ष 2017-18, 2018-19 और 2019-20 में जिन कारोबारियों को नोटिस मिला है, वो सभी जीएसटी ब्याज और पेनल्टी माफी योजना का लाभ ले सकते हैं उप्र सरकार द्वारा दिनांक 01 जुलाई 2017 से दिनांक 31 मार्च 2020 तक की अवधि में जीएसटी अधिनियम की धारा-73 के अन्तर्गत कर अर्थदण्ड और ब्याज की मांग को शर्तों के अधीन 31 मार्च 2025 तक मात्र कर जमा करते हुए समाप्त किया जा सकता है इस संबंध में दिनांक = 01 जुलाई 2017 से दिनांक = 31 मार्च 2020 तक की अवधि के मध्य धारा-73 के अधीन पारित आदेश के अन्तर्गत योजना का लाभ लेने के लिए करदाता द्वारा यदि 31.03.2025 तक कर जमा कर दिया जाता है तथा कोई अपील दाखिल नहीं की जाती है। अथवा दाखिल की गयी अपील वापस ले जी जाती है, तो ब्याज एवं अर्थदण्ड की छूट प्राप्त होगी। किसी प्रकार की असुविधा या जानकारी के लिए राज्य कर कार्यालय, लखीमपुर खीरी से संपर्क करें। मूल कर यथाशीघ्र जमा करते हुये योजना का लाभ लें तथा राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनें उल्लेखनीय है कि यह छूट 01 जुलाई, 2017 से 31 मार्च, 2020 के बीच की कर अवधि के लिए बकाया जीएसटी मांगों पर प्रभावी होगी। अर्हता प्राप्त करने के लिए कारोबारियों को देय कर का भुगतान करना होगा और जीएसटी पोर्टल के माध्यम से छूट का आवेदन जमा करना होगा। यह योजना ब्याज और जुर्माना माफ करती है। यह करदाताओं को वास्तविक जीएसटी बकाया का भुगतान करने से छूट नहीं देती है।

## निघासन पुलिस बल द्वारा अभियुक्तगण को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना निघासन पुलिस बल द्वारा अभियुक्तगण जमाल पुत्र इकबाल निवासी ग्राम बैरिया थाना पढुआ सद्दाम पुत्र कल्लू उर्फ रफीक कुर्सील पुत्र डल्ला निवासीगण डंडूरी थाना पढुआ को गिरफ्तार किया गया है। सभी अभियुक्तों के विरूद्ध विधिक कार्यवाही कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है उल्लेखनीय है कि दिनांक 20.01.2025 को वादी प्यारेलाल पुत्र स्व0 रामसरन निवासी ग्राम दुर्गापुरवा मजरा लुधौरी कोतवाली निघासन की तहरीरी सूचना दी कि बैंक से 10,000/- रूपये निकाल कर वादी अपने घर जा रहा था कि मोटरसाइकिल पर सवार तीन लोगों ने वादी को रोड से कुछ दूरी पर गन्ने के खेत में खींच ले गए और वादी के हाथ व पैर एक प्लास्टिक की रस्सी से बांध दिये व मुंह में कपड़ा ठूस दिया और वादी के पास रखे 10,000/- रूपये छीनकर भाग गये थे जिस सम्बन्ध में थाना निघासन पर मु0अ0सं0 15/2025 धारा 127 (2), 309(6), 352, 351(2) भारतीय न्याय संहिता में अभियोग पंजीकृत किया गया है। मु0अ0सं0 15/2025 धारा 127 (2), 309(6), 352, 351(2) भारतीय न्याय संहिता बनाम जमाल पुत्र इकबाल निवासी ग्राम बैरिया थाना पढुवा सद्दाम पुत्र कल्लू उर्फ रफीक 3. कुर्सील पुत्र डल्ला निवासीगण डंडूरी थाना पढुआ मु0अ0सं0 16/2025 धारा 3/25 आयुध अधिनियम बनाम सद्दाम पुत्र कल्लू उर्फ रफीक निवासी डंडूरी थाना पढुआ मु0अ0सं0 17/2025 धारा 127 (2), 309(6), 352, 351(2) भारतीय न्याय संहिता बनाम कुर्सील पुत्र डल्ला निवासी डंडूरी थाना पढुआ।

## मौसम में देखने को मिला फिर बदलाव

**लखीमपुर खीरी।** मंगलवार सुबह फिर मौसम में बदलाव देखने को मिला। ग्रामीण क्षेत्रों में कोहरा छाया रहा। धौरहरा तहसील क्षेत्र में सोमवार देर रात से घना कोहरा छा गया था। कोहरे के चलते सड़कों पर चलना मुश्किल हो रहा था। शहर में सुबह नौ बजे के बाद हल्की धूप खिल गई। आसमान में बादल भी आते जाते रहे धौरहरा क्षेत्र शारदा और घाघरा नदी नदियों के बीच में बसा होने के चलते इसे तराई क्षेत्र कहा जाता है। इस क्षेत्र में नदियों की वजह से अपेक्षाकृत ज्यादा कोहरा पड़ता है। तराई क्षेत्र धौरहरा में सोमवार रात से घना कोहरा छाने लगा था। कोहरे के कारण लोगों को वाहन चलाने में परेशानी हुई।

## पुलिस ने दबोचा नशा तस्कर, 142 ग्राम अवैध चरस बरामद

**सहारनपुर।** थाना मिर्जापुर पुलिस ने एक शातिर नशा तस्कर को गिरफ्तार को दबोचकर उसके कब्जे से 142 ग्राम अवैध नाजायज चरस बरामद कर ली। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार थाना मिर्जापुर पुलिस ने थाना प्रभारी बीनू सिंह व उपनिरीक्षक राजेश कुमार के नेतृत्व में मिर्जापुर स्थित गोल्डन पैलेस के पास से एक नशा तस्कर इस्तकार उर्फ गुड्डु पुत्र जब्बार निवासी ग्राम मिर्जापुर थाना मिर्जापुर को दबोचकर उसके कब्जे से 142 ग्राम नाजायज चरस बरामद कर ली। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी बीनू सिंह ने बताया कि पूछताछ में आरोपी नशा तस्कर इस्तकार ने खुलासा किया कि वह यह चरस बरेली से सस्ते दामों में खरीदकर लाता है और ट्रक चालको व नशा करने वाले लोगो को महंगे दामो में बेच कर अच्छा मुनाफा कमाता है।

## निगम की गौशाला प्रदेश की दूसरी आईएसओ प्रमाणित गौशाला बनी

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगर निगम के लिए आज का दिन विशेष उपलब्धि भरा रहा। नगर निगम द्वारा संचालित सांवलपुर नवादा स्थित माँ शाकुंभरी कान्हा उपवन गौशाला को अंतराष्ट्रीय मानकीकरण संगठन (आईएसओ) 9001:2015 प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है। यह प्रमाण पत्र गौशाला को ''गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली''के लिए प्रदान किया गया है। इसी के साथ सहारनपुर की माँ शाकुंभरी कान्हा उपवन गौशाला प्रदेश की ऐसी दूसरी गौशाला बन गयी है जिसे आईएसओ प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है। गौशाला के वरिष्ठ प्रभारी बी के सिंह व प्रभारी डॉ.संदीप मिश्रा ने नगरायुक्त संजय चौहान को यह प्रमाण पत्र भेंट किया। अपर नगरायुक्त द्वय राजेश यादव व मृत्युंजय सहित अनेक अधिकारी इस अवसर पर मौजूद रहे।

गौशाला के वरिष्ठ प्रभारी बीके सिंह ने बताया कि नगर निगम सहारनपुर द्वारा गौशाला की



गुणवत्तापूर्ण प्रबंधन प्रणाली हेतु आईएसओ प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया गया था। ऑनलाइन ऑडिट व गौशाला के दस्तावेज़ तथा व्यवस्थाओं की जाँच परख के बाद 18 जनवरी 2025 को माँ शाकुंभरी कान्हा उपवन गौशाला को आईएसओ 9001:2015 का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

नगरायुक्त संजय चौहान ने बताया कि नगर निगम सहारनपुर द्वारा संचालित माँ शाकुंभरी कान्हा उपवन गौशाला मुरादाबाद के बाद प्रदेश की दूसरी आईएसओ प्रमाणित गौशाला बन गयी है। सहारनपुर नगर निगम की गौशाला प्रदेश में ऐसी अकेली गौशाला है जिसमें गोबर से पेंट का निर्माण किया जा रहा है और गौशाला के उत्पाद ऑनलाइन विक्रय किए जा रहे है। ऑनलाइन माध्यम से लोगों ने कर्नाटक व तेलंगाना राज्य जैसे सुदूर क्षेत्रों से भी माँ शाकुंभरी कान्हा उपवन गौशाला के उत्पादों पर अपनी विश्वसनीयता जतायी है। हमें विश्वास है कि गौशाला के आईएसओ प्रमाणित होने से गौशाला में बन रहे गौ उत्पादों व प्रबंधन की विश्वसनीयता और बढ़ जायेगी। उन्होंने बताया कि सहारनपुर नगर निगम की गौशाला नित नए नवाचारों के लिए प्रदेश भर में जानी जाती है। गौशाला में गोबर गैस संयंत्र स्थापित है जिससे ऊर्जा का उत्पादन किया जा रहा है, गोबर से वर्मी कम्पोस्ट, दिये, धूपबत्ती, तोरण, गौकाष्ठ, मूर्तियाँ, कलाकृतियाँ, ओइम, स्वास्तिक आदि बनाए जा रहे है।

## अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई गन्ना भरी ट्रैक्टर ट्रॉली एक व्यक्ति की मौत

**लखीमपुर खीरी।** मोहम्मदी-जंगबहादुरगंज मार्ग पर गांव पसगवां में मंगलवार सुबह गन्ना भरी ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। जिसके नीचे दबकर एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को शाहजहांपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया मोहम्मदी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कंधरापुर निवासी नरेश (55) पुत्र सुमेर, गांव बौधीखुर्द निवासी सुधीर कुमार (21) पुत्र विनोद कुमार ट्रैक्टर ट्रॉली से गन्ना लेकर अजबापुर चीनी मिल जा रहे थे। मंगलवार सुबह आठ बजे पसगवां में ईंट भट्ठे के निकट ट्रैक्टर का अगला एक पहिया निकल गया, जिससे ट्रैक्टर ट्रॉली समेत खाई में पलट गया।ट्रैक्टर सवार नरेश और सुधीर ट्रैक्टर-ट्रॉली के नीचे दब गए। सूचना पर पुलिस और ग्रामीण पहुंच गए। गन्ना हटाकर ट्रॉली के नीचे दबे दोनों लोगों को निकाल कर सीएचसी भिजवाया। जहां चिकित्सक ने नरेश को मृत घोषित कर दिया।

## बांदा में हरीश के अपहरण का मुकदमा

**बरेली।** गणेशपुरम निवासी किरन कटियार ने बारादरी थाने में रिपोर्ट कराई थी कि उसका पति अनूप कटियार (35) मूल रूप से हरदोई जिले के पांडेयपुर का निवासी है। उनके ससुर अमर सिंह कटियार बरेली में लेखपाल थे, जो सेवानिवृत्त हो चुके हैं। वह लोग गणेशपुरम कॉलोनी में रहते हैं। अनूप 17 जनवरी को बांदा निवासी हरीश कटियार से मिलने गया था। तब से अनूप व हरीश दोनों लापता थे। उधर, बांदा में हरीश के अपहरण का मुकदमा दर्ज हुआ था, जिसमें अनूप नामजद कराया। बांदा पुलिस अनूप व हरीश की तलाश कर रही थी। अनूप की भूमिका शुरू से ही संदिग्ध थी। एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि अनूप कटियार समेत आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। अनूप ने साजिश रचकर अपने तहेरे भाई हरीश को अगवा किया। खुद भी अगवा होने का ड्रामा किया ताकि हरीश को यकीन हो जाए कि वे दोनों अगवा हुए हैं। अनूप के गिरोह ने हरीश कटियार की पत्नी से 15 लाख रुपये की फिरौती मांगी गई थी। इधर, अनूप ने अपने साथी अंकित कटियार से पत्नी किरन को कॉल कराया और पांच लाख फिरौती की मांग की थी। हरीश को बक्शे में बंदकर रखा गया था। फिरौती न मिलने पर उनकी हत्या की साजिश रच रखी थी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए हरीश को मुक्त करा लिया। पुलिस जांच में पता चला है कि यह 11 लोगों का गिरोह है। यह गिरोह तीन चार महीने से अपहरण की साजिश रच रहा था। तीन आरोपी फरार हैं। इनकी तलाश की जा रही है।

## बरेली अपहरण कांडः सेवानिवृत्त लेखपाल का बेटा निकला मास्टरमाइंड, बांदा से तहेरे भाई को किया अगवा

**बरेली।** बरेली में रहने वाले सेवानिवृत्त लेखपाल का बेटा अनूप कटियार ही अपहरण का मास्टमाइंड निकला। उसने गिरोह बनाकर बांदा निवासी अपने तहेरे भाई हरीश कटियार का अपहरण किया था। इसके बाद खुद लापता हो गया और अपने अपहरण का ड्रामा रचा। अनूप की पत्नी ने उसके अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। एसएसपी के आदेश पर पुलिस टीमें तलाश में जुटी थीं। सोमवार रात पुलिस ने भोजीपुरा थाना क्षेत्र में मुठभेड़ के दौरान तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बदमाशों के चंगुल से हरीश कटियार को मुक्त कराया। बाद में पुलिस ने अनूप कटियार समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनमें एक महिला भी शामिल है। बताया गया है कि अनूप कटियार ने गिरोह बनाकर फिरौती के लिए हरीश का अपहरण किया था। हरीश की पत्नी से 15 लाख रुपये फिरौती मांगी गई थी। एसएसपी अनुराग आर्य ने मंगलवार को पुलिस लाइन सभागार में प्रेसवार्ता कर पूरे घटनाक्रम का खुलासा किया। बदमाशों के चंगुल से छूटे हरीश कटियार ने बरेली पुलिस का आभार जताया।

# आदिति रोशनी की सरपरस्ती में संपन्न हुआ उद्घाटन



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर। (अहमद रज़ा)** शहर दर शहर महिलाएं और युवतियां अपने और आम जनता के लिए नए नए अवसर तलाश रही हैं उनका उद्देश्य क्षेत्र का विकास सुधार और महिलाओं का उत्थान होता है इसी मक़सद से क्षेत्र के कारोबारी फिरोज़ खान की छोटी बेटी अर्शी खान ने विदेश से ब्यूटी सेंटर में स्पेशल ट्रेनिंग हासिल करने के बाद अपने मेहंदी सराय स्थित घर पर ऐ के ग्लैमर सलून एंड एकेडमी÷ के नाम से ब्यूटी सेंटर और एकेडमी का शुभारंभ करते हुए इस क्षेत्र की महिलाओं को एक शानदार तोहफ़ा दिया है अब क्षेत्र की महिलाओं को स्किन, ब्यूटी और सुपर मेकअप जैसी आधुनिक सेवाएं अर्शी खान के सेंटर पर एक ही समय में उपलब्ध रहेंगी इसके अलावा महिलाओं को ट्रेनिंग और ब्यूटी संबंधी सभी समस्याओं के निराकरण के तौर तरीक़े और सभी स्किन सम्बन्धी सुविधाएं मुनासिब और अच्छे स्तर पर उपलब्ध होंगी। अर्शी खान के सेंटर का शुभारंभ सीनियर मेकअप और ब्यूटी पार्लर स्पेशलिस्ट मैडम आदिति रोशनी के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ इस मौक़े पर सहारनपुर शहर और बाहर से सैकड़ों मेहमान उपस्थित रहे आपको बता दें कि फिरोज़ खान की छोटी बेटी अर्शी खान ने अपने क्षेत्र में ऐसा उम्दा सेंटर आरंभ करके जो कार्य किया है वोह क्षेत्र के विकास में एक अच्छा क़दम साबित होगा उद्घाटन के अवसर पर उपस्थित सभी वरिष्ठ नागरिकों ने अर्शी खान के इस प्रयास की खूब सराहना की और अर्शी की कामयाबी के लिए दुआ फरमाई।

## फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले गैंग के दो सदस्य गिरफ्तार

**सहारनपुर।** थाना नागल पुलिस ने फर्जी आधार कार्ड बनाने वाला गैंग का भंडाफोड़ करते हुए दो जालसाज आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दबोचे गये आरोपियों के कब्जे व निशानदेही पर एक लैपटॉप, फिंगर मशीन, कैमरा व अन्य सामान बरामद कर उनका चालान काटकर जेल भेज दिया। थाना नागल प्रभारी ज्ञानेश्वर बौद्ध ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत् 20 जनवरी एडीएमई के आदेशानुसार व वादी अमित कुमार ई. डिस्ट्रिक्ट मैनेजर सहारनपुर की तहरीर पर आरोपियों तनवीर पुत्र तोहिद निवासी ग्राम नौजली थाना नागल, रजा पुत्र समून निवासी ग्राम कोलकी थाना गागलहेडी तथा 02 अन्य व्यक्तियों नाम व पता अज्ञात द्वारा बिना किसी अनुमति के फर्जी आधार कार्ड कैम्प लगाकर, कूट रचित मानसिकता से जनता से अवैध वसूली करने तथा कार्य सरकार में आपराधिक बल प्रयोग करते हुए गाली गलौज कर बाधा पहुंचाने व धमकी देने की सूचना के सम्बन्ध में थाना नागल पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। उन्होंने बताया कि आज उनके व निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी, उपनिरीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आज देहरादून-चंड़ीगढ़ हाइवे स्थित लाखनौर पुल से दोनो नामजद आरोपियों तनवीर व रजा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे व निशानदेही पर फर्जी आधार कार्ड बनाने में उपयुक्त उपकरण एक लैपटॉप, फिंगर मशीन, कैमरा व अन्य सामान बरामद कर लिया।

# यमुना एक्सप्रेसवे पर सड़क हादसा, आपस में टकराई डबल डेकर बस, 16 यात्री घायल

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** मंगलवार को तड़के तीन बजे यमुना एक्सप्रेस वे पर खंदौली



थाना क्षेत्र में एक लग्जरी बस में दूसरी यात्री बस ने पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में 16 लोग घायल हुए हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया है। बताया गया है कि यह दुर्घटना थाना खंदौली क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे के किलोमीटर 160 के पास हुई। सवारियों से भरी वोल्वो बस में पीछे से आ रही दूसरी बस ने टक्कर मारी। तड़के तीन बजे हुए इस हादसे के बाद दोनों बसों में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची खंदौली पुलिस ने राहत कार्य शुरू किया। घायलों को बसों से निकालकर अस्पतालों में भेजा गया। घायलों को पहले खंदौली और एत्मादपुर के सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां सभी घायलों को प्राथमिक उपचार दिया गया। कुछ यात्रियों को गंभीर चोटें होने पर उन्हें आगरा के लिए रैफर कर दिया गया।

दिल्ली से बनारस जा रही वोल्वो बस में पीछे से आ रही एक अनियंत्रित बस ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में दोनों बसें क्षत्रिग्रस्त हुई हैं। पुलिस ने गंभीर घायलों को इमरजेंसी भेजा जबकि घायलों की ज्यादा संख्या देख कुछ को नजदीकी खंदौली और एत्मादपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया। जिनमें कुछ की हालत गंभीर होने की वजह से उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद आगरा इमरजेंसी में रैफर कर दिया गया।

## आवारा सांडो के हमले से बाल बाल बचे बीजेपी नेता

**आगरा।** आगरा में इन दिनों आवारा जानवरों से लोगों को बहुत परेशानी हो रही है। ये जानवर कॉलोनी, गली, मोहल्लें व सड़को पर घूमते रहते है जिस कारण आए दिन घटना दुर्घटना हो जाती है। आवारा जानवर सड़को पर चौराहों पर अक्सर आपस मे भीड़ जाते है और आस पास से गुजर रहे लोगों को अपनी चपेट में ले लेते हैं। हैरान करने वाली बात ये है कि इन पर आगरा नगर निगम का कोई ध्यान नहीं है। इसी कड़ी में सोमवार रात महानगर के बीजेपी नेता इनका शिकार बन गए। गनीमत रही कि बीजेपी नेता को थोड़ी बहुत चोटें ही आई। जानकारी अनुसार न्यू आगरा क्षेत्र के करबला निवासी मोहम्मद आरिफ सिद्धिकी जोकि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा महानगर आगरा के दयालबाग मण्डल संयोजक हैं। वह कल किसी काम से फिरोजाबाद गए हुए थे। रात्रि करीब 8 बजे अपनी स्कूटी से घर वापस लौट रहे थे कि नाला झरना के पास आवारा सांडो ने उन पर हमला कर दिया।

# वाहन चोरी की घटनाओं में वांछित 2 अभियुक्त पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार, 1 अभियुक्त घायल



*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** सोमवार देर रात लोहामंडी पुलिस की चोरों से हुई मुठभेड़ में पुलिस की गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया। बदमाश के पैर में गोली लगी है। मुठभेड़ की सूचना पर एसीपी भी मौके पर पहुंच गए। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में भेजा गया है। एसीपी लोहामंडी मयंक तिवारी ने बताया कि जीआईसी ग्राउंड की दीवार के पास पुलिस चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि थाना क्षेत्र से अपाचे मोटरसाइकिल चोरी करने वाले बदमाश कोठी मीना बाजार की तरफ आ रहे हैं। थानाध्यक्ष रोहित कुमार ने उन्हें पकड़ने के लिए चेकिंग शुरू कर दी। कोठी मीना बाजार की तरफ पुलिस को आते देखकर बदमाशों ने पुलिस के ऊपर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के पैर में गोली लग गई। घायल बदमाश जगदीशपुरा क्षेत्र का इकबाल है। उसका एक साथी भी पुलिस ने पकड़ लिया, जिसका नाम प्रिंस है। पुलिस ने इनके पास से चोरी की गई मोटरसाइकिल भी बरामद की है।

जानकारी अनुसार अभियुक्तों के कब्जे से 1 अवैध तमंचा 315 बोर, 1 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 2 खोखा कारतूस 315 बोर, 1 चोरी की अपाचे मोटरसाइकिल व 2 मोबाइल फोन बारमद हुए। उपरोक्त अभियुक्तों द्वारा पुलिस पर जानलेवा हमला करने व अवैध असलाह की बरामदगी के आधार पर थाना लोहामंडी पर मु0अ0सं0 12/2025 धारा 109/111(1)/351(2) बीएनएस व धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया तथा चोरी की गयी मोटरसाइकिल की बरामदगी के आधार पर थाना

लोहामंडी पर पंजीकृत अभियोग 07/2025 में धारा 317(2)/112 बीएनएस की बढौत्तरी की गयी।

वही पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद मोटरसाइकिल के सम्बन्ध में पूछताछ की गयी तो अभियुक्तों ने बताया कि उन दोनों ने मिलकर दिनांक 17.01.2025 को बाल्मीकि बस्ती थाना लोहामण्डी के सामने से एक मकान के बाहर खडी अपाचे मोटरसाइकिल की चोरी की थी। दोनों अभियुक्त चोरी की गयी मोटर साइकिल को लेकर आगरा से बाहर जाने की फिराक में थे।

## कड़ाके की ठंड में भी सीएम योगी ने आयोजित किया जनता दर्शन

# जनता की समस्याओं पर तत्काल लें एक्शन

- सीएम ने सुनीं 100 लोगों की समस्याएं, निस्तारण के दिए निर्देश

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** कड़ाके की ठंड के बावजूद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को जनता दर्शन में पहुंचे लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान का भरोसा दिया। आश्वस्त किया कि किसी के साथ अन्याय नहीं दिया जाएगा। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को चेताया कि हर पीड़ित की समस्या पर तत्काल एक्शन लें। इसमें हीलाहवाली अक्षम्य होगी।

गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान मंगलवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में करीब 100 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। प्रतिकूल मौसम को देखते हुए जनता दर्शन का आयोजन मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन में किया गया। यहां कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और एक-एक फरियादी से मिले। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे।

सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। एक महिला के इलाज संबंधी फरियाद पर उन्होंने अफसरों से कहा कि मेडिकल कॉलेज या किसी अन्य उच्च स्तरीय अस्पताल में इलाज कराया जाए।

राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। यदि कोई किसी की भूमि पर जबरन कब्जा कर रहा हो तो उसे कानून सम्मत सबक सिखाया जाए।

### गुरु की पूजा और गोवंश की सेवा भी की सीएम ने

गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दिनचर्या परंपरागत रही। मंगलवार प्रातःकाल गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन करने, अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर शीश नवाने के बाद वह मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए मंदिर की गोशाला में पहुंचे। यहां उन्होंने कुछ समय बिताया और गोसेवा की। मुख्यमंत्री ने गोवंश को खूब दुलारने के बाद उन्हें गुड़ खिलाया और गोशाला के कार्यकर्ताओं को देखभाल के लिए जरूरी निर्देश दिए।

## खनन के स्थल का स्थलीय निरीक्षण कर अवैध खनन को तत्काल बंद कराने के निर्देश



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** रामपुरा के बीहड़ क्षेत्र में नदिया पार के सिंध नदी में बालू के अवैध खनन को लेकर सक्रिय हुए प्रशासन ने स्थलीय निरीक्षण कर सख्त कार्रवाई के संकेत दिए है। ज्ञात हो गत कुछ दिनों से चर्चा का केंद्र बना रामपुरा क्षेत्र में बालू खनन का मामला अब जिलाधिकारी सहित सभी छोटे बड़े अधिकारियों के संज्ञान में आ गया। रामपुरा के बीहड़ क्षेत्र में बालू के अवैध खनन की जानकारी जिला के मुखिया जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय तक जैसे ही पंहुची उन्होंने तत्काल उपजिलाधिकारी माधौगढ़ मनोज कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी रामसिंह उक्त खनन के स्थल का स्थलीय निरीक्षण कर पर अवैध खनन को तत्काल बंद कराने के निर्देश दिए। प्राप्त जानकारी के अनुसार रामपुरा थाना क्षेत्र में सुल्तानपुरा गांव के पास सिंध नदी में विगत कुछ दिनों से जेसीबी मशीन द्वारा बालू का अवैध खनन हो रहा था पुलिस तथा प्रशासन को इसकी भनक तक नहीं लगी। यह मामला प्रकाश में तब आया जब बालू माफिया नदी के किनारे वाले खेतों के नीचें से बालू निकालने लगे जिससे किसानों की फसलें उजड़ने लगी। जिससे किसान बुरी तरह भड़क गए और उन्होंने रात में ही बवाल काट दिया। धीरे धीरे मामला तूल पकड़ता गया और प्रकरण की जानकारी रामपुरा थाना पुलिस उपजिलाधिकारी क्षेत्राधिकारी माधौगढ़ से होते होते जिलाधिकारी तक पहुंच गई। जिलाधिकारी जालौन ने उक्त मामले की सच्चाई जानने व अवैध खनन रुकवाने के सख्त निर्देश दिए।

## आबकारी विभाग ने औचक निरीक्षण किया





**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** आबकारी आयुक्त, उप्र के आदेश एवं जिलाधिकारी, फर्रुखाबाद तथा पुलिस अधीक्षक, फतेहगढ के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी फर्रुखाबाद जीपी गुप्ता के पर्यवेक्षण में प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 21/01/2025 को प्रभारी आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 राजेश कुमार चौबे मय स्टाफ संदिग्ध ग्राम- श्यामनगर मे दबिश दी गई।लगभग 180 किलोग्राम लहन नष्ट की गई। 25 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर अभियोग पंजीकृत किए गए। आबकारी दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। स्टाक रजिस्टर, Online Payment, CCTV कैमरा POS मशीन से बिक्री का परीक्षण किया गया। जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण/बिक्री/परिवहन की रोकथाम हेतु प्रवर्तन कार्य निरंतर जारी रहेगा।

## 343 मरीज देखे गए निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में 53 चश्मे और निःशुल्क दवाएं वितरित की गई



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** विमल नेत्र परीक्षण केंद्र एवं नारी समर्थ साईं आई हॉस्पिटल कानपुर के सहयोग से मारकंडेयश्वर तिराहा पर निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जो सुबह 10 से 2 बजे तक चला। शिविर में 343 मरीजों का निःशुल्क नेत्र परीक्षण किया गया जिसमें 93 मारीजों में मोतियाबिंद की शिकायत पाई गई। इनमें से 42 मरीजों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए कानपुर भेजा गया है। शिविर में 83 निःशुल्क चश्मे भी लोगों को वितरित किए गए हैं। नेत्र परीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया है कि नेत्र शिविर में आए मरीजों का नेत्र परीक्षण कर दवाएं भी निःशुल्क दी गईं। अगला नेत्र परीक्षण शिविर 27 जनवरी को इसी स्थान पर लगेगा। इस दौरान फार्मासिस्ट ज्योत्सना, अभिषेक गौतम, शशांक मोर्या, सुरेंद्र त्यागी, रीता शर्मा, एकता मिश्रा, मोहित अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# अटल आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए 5 फरवरी तक करें आवेदन

अवधनामा संवाददाता



**अलीगढ़।** उप श्रम आयुक्त सियाराम ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि अटल आवासीय विद्यालय टमकोली में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कक्षा-06 (70 बालक व 70 बालिका) एवं कक्षा-09 (70 बालक व 70 बालिका) की प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश के लिए पात्र अभ्यर्थियों से मण्डल के जिले- अलीगढ़, हाथरस, एटा एवं कासगंज में आवेदन-पत्र (ऑफलाइन) आमंत्रित किये जा रहे हैं। आवेदन पत्र किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक 5 फरवरी तक सम्बन्धित जिलों के जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं जनपदीय श्रम विभाग के कार्यालय से प्राप्त कर जमा कराए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि कोविड के कारण अनाथ बच्चे सम्बन्धित जिला प्रोबेशन कार्यालय में आवेदन जमा करेंगे। उप श्रम आयुक्त ने आवेदन जमा किये जाने एवं पात्रता के सम्बन्ध में अवगत कराया कि निर्माण श्रमिक के बच्चों के लिये ऐसे अद्यतनीकृत रूप से विधिवत पंजीकृत निर्माण श्रमिक, जो पंजीयन के उपरान्त 30 नवंबर 2024 को कम से कम 03 वर्ष बोर्ड की सदस्यता अवधि पूर्ण कर चुके हों, उनके प्रति परिवार अधिकतम 02 बच्चे पात्र होगें। पंजीकृत श्रमिक का पंजीयन अलीगढ़ मण्डल के सभी जिलों में होना चाहिये। उन्होंने अनाथ बच्चों के लिये पात्रता की जानकारी देते हुए बताया कि वह बच्चें जो कोविड से अनाथ हुए हैं, जिनका महिला एवं बाल कल्याण विभाग में पंजीयन हो अथवा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के लिए पात्र बच्चे दोनों ही श्रेणी के कक्षा-06 के अभ्यर्थियों लिए का जन्म 01 मई 2013 से पहले और 31 जुलाई 2015 के (जिनमें उक्त तिथियॉ सम्मिलित हैं) कक्षा-09 के लिए अभ्यर्थियों का जन्म 01 मई 2010 से पहले और 31 जुलाई 2012 के (जिनमें उक्त तिथियॉ सम्मिलित हैं) के बाद नहीं होना चाहिये। अनुसूचित जाति (एस0सी0) अनुसूचित जनजाति (एस0टी0) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओ0बी0सी0) सहित सभी श्रेणियों के अभ्यर्थियों पर लागू होगा। उन्होंने बताया कि परीक्षा की तिथि 02 मार्च 2025 (रविवार) नियत है और आवेदन-पत्र 05 फरवरी 2025 सायं 05.00 बजे तक जमा किए जा सकते हैं।

# अलीगढ़ के नवागत डीएम संजीव रंजन ने पत्रकारों से की भेंट वार्ता

अवधनामा संवाददाता




**अलीगढ़।** नवागत जिलाधिकारी संजीव रंजन ने सोमवार को कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त मंगलवार को कलैक्ट्रेट सभागार में प्रेस संवाददाताओं से भेंट वार्ता कर सभी से परिचय प्राप्त किया।

उन्होंने बताया कि वह मूल रुप से बिहार राज्य के नालंदा जिले के निवासी और भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2013 बैच के आईएएस अधिकारी हैं और आईआईटी धनवाद से बी-टेक किये है। संभल जिला उनका जिलाधिकारी के रूप में पहला, सिद्धार्थनगर दूसरा, प्रतापगढ़ तीसरा जनपद रहा एवं चौथे जनपद के रूप में उन्हें अलीगढ़ जिले की कमान सौंपी गई है। वह इसके पहले गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सीईओ के साथ ही कुशीनगर में संयुक्त मजिस्ट्रेट व सहारनपुर के सीडीओ का दायित्व भी निभा चुके है। उनकी व्यक्तिगत रूचि बागवानी एवं फोटोग्राफी है। जिलाधिकारी ने कहा कि उनका सौभाग्य है कि उन्हें अलीगढ़ वासियों की सेवा करने का अवसर मिल रहा है। शासन द्वारा संचालित विकासपरक योजनाओं को पात्र एवं जरूरतमंदों तक पहुॅचाना, सुदृढ़ कानून व्यवस्था के साथ ही जनसमस्याओं, शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से निस्तारण उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगा। प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए जनहित के विकास कार्यों एवं निर्माणाधीन परियोजनाओं को समय से पूरा कराएंगे। यदि कहीं अन्तर्विभागीय समन्वय की कमी महसूस होगी तो उसे दूर कराया जाएगा। संवाददाताओं से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि अलीगढ़ महानगर होने के साथ ही यहां बड़े भू-भाग पर कृषि कार्य भी होता है। नगरीय क्षेत्र के साथ ही दूरदराज के ग्रामीण अंचलों में भी बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। किसानों बन्धुओं से जुड़े तमाम प्रकार के मामलों का हरसंभव हल ढूढ़ा जाएगा।

## मयंक अध्यक्ष, आनंद बने वागीश्वरी साहित्य परिषद के मंत्री



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** नगर की साहित्यिक संस्था वागीश्वरी साहित्य परिषद की नवीन कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से कर लिया गया है जिसमें अध्यक्ष मयंक मोहन गुप्ता एवं मंत्री आनंद शर्मा बनाए गए। संस्था की वार्षिक बैठक संजय अग्रवाल बुहारे वाले के प्रतिष्ठान पर आयोजित हुई जिसमें सर्वसम्मति से संस्था की नवीन कार्यकारिणी का चयन किया गया। अध्यक्ष मयंकमोहन गुप्ता, उपाध्यक्ष अरुण कुमार वाजपेयी, मंत्री आनंद शर्मा अखिल, उपमंत्री मोहनदास नगाइच, कोषाध्यक्ष संतोष कुमार तिवारी, मीडिया प्रभारी ओंकारनाथ पाठक एवं ऑडिटर संजय अग्रवाल बुहारे वाले बनाए गए हैं। इस दौरान संस्था के संस्थापक कृष्णस्वरूप अग्रवाल लोहे वाले, नंदराम सोनी भावुक, कृष्णकुमार बिलैया, आशीष कश्तवार आदि उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश दिवस 2025 की तैयारियो की समीक्षा बैठक संपन्न हुई



**फर्रूखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में उत्तर प्रदेश दिवस 2025 की तैयारियों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी दिनांक 24-26 जनवरी 2025 की अवधि में उत्तर प्रदेश दिवस-2025 को समारोह पूर्वक आयोजित किया जायेगा। उत्तर प्रदेश दिवस-2025 की थीम, विकास व विरासत, प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेश रहेगी,24 जनवरी 2025 को उत्तर प्रदेश दिवस, 25 जनवरी 2025 को राष्ट्रीय पर्यटन/मतदाता जागरूकता दिवस तथा दिनांक 26 जनवरी 2025 को गणतन्त्र दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होगें। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश पर्व हमारी संस्कृति हमारी पहचान के अंतर्गत संस्कृति उत्सव 2024-25 का आयोजन किया जा रहा है, जिलाधिकारी द्वारा कार्यक्रम मे प्रमुख समाजसेवियों, शिल्पकारों, अच्छे किसानों, स्वयं सहायता समूहों को सम्मानित करने के निर्देश दिये व सभी विभगो को अपने अपने विभाग की योजनाओं की प्रदर्शनी लगाने के लिये निर्देशित किया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा,अपर जिलाधिकारी सुभाष चन्द्र प्रजापति, जिला विकास अधिकारी व जेल अधीक्षक भीमसेन मुकुंद व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# युवा व्यापारी नेता ने लाइसेंसी रिवाल्वर से गोली मारकर की आत्महत्या

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन)।** युवा व्यापारी नेता ने पत्नी से विवाद के चलते रात में अपनी कनपटी पर लाइसेंसी रिवाल्वर से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पड़ी रिवाल्वर बरामद कर ली और जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फील्ड यूनिट ने भी मौके पर पहुंचकर घटना स्थल से साक्ष्य जुटाए। मृतक अपने मां-बाप का इकलौता बेटा था। मृतक व्यापारिक संगठन भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का जिला उपाध्यक्ष बताया गया है।

दोपहर पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार ने भी घटनास्थल पर जाकर घर वालों से बात की और अधीनस्थों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। मूल रूप से गांव अंडा के रहने वाले अवधेश पहारिया पिछले कई सालों से कस्बे के जवाहर नगर में नईबस्ती तिराहे के पास अपना खुद का मकान बना कर रह रहे हैं। उनके बेटे आकाश पहारिया (40) ने रात लगभग साढ़े 11 बजे घर की दूसरी मंजिल पर बने अपने कमरे में अपनी ही लाइसेंसी रिवाल्वर से कनपटी पर गोली मारकर आत्महत्या कर ली। अपने इकलौते बेटे को कमरे में चाय देने पहुंची मां ने बेड के नीचे फर्श पर आकाश को खून से लथपथ पड़ा देखा तो वह बुरी तरह चीख पड़ी और तत्काल अपने पति व पुलिस को सूचना दी। घटना की जानकारी होते ही आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। सूचना पर सीओ डॉ. देवेंद्र कुमार पचौरी व कोतवाल अरुण कुमार राय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल कर मौके पर पड़ी रिवाल्वर कब्जे में ले ली और शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। फॉरेंसिक टीम ने भी रात में ही मौके पर आकर साक्ष्य संकलित किए हैं। बताया गया कि मृतक की शादी लगभग 10 साल पहले हुई थी और उसकी कस्बे के ही मोहल्ला मालवीय नगर बजरिया में ससुराल है। उसके एक बेटा विख्यात (8) व बेटी ख्याति (5) हैं। मृतक ने वर्ष 2014 में रिवाल्वर का लाइसेंस बनवा कर वर्ष 2015 में नई रिवाल्वर खरीदी थी। यह भी बताया जा रहा है कि पिछले कुछ महीनों से पति पत्नी में विवाद चल रहा था जिसके चलते उसकी पत्नी आयुषी डेढ़-दो माह से अपने मायके में थी और उसके दोनों बच्चे अपने पिता व दादा-दादी के साथ रह रहे थे। बताया गया कि उसकी पत्नी आयुषी अपनी ससुराल पहुंची और मायके में शादी समारोह होने के कारण वह बच्चों को अपने साथ मायके ले गई लेकिन उस समय आकाश घर पर नहीं था।

### नहीं हो पा रहा 15 अन्त्येष्टि स्थलों का आवंटन

**अमेठी।** चालू वित्तीय वर्ष में जिले को शासन से 15 अन्त्येष्टि स्थल प्राप्त हुए हैं। अन्त्येष्टि स्थल के लिए ग्राम प्रधान डी पी आर ओ आफिस की दौड़ लगा रहे हैं। सभी विधायकों की ओर से अपने अपने विधानसभा क्षेत्रों की ग्राम पंचायतों में अन्त्येष्टि स्थलों का निर्माण कराने के लिए डी पी आर ओ पर दबाव बनाया जा रहा है। खींचतान के चक्कर में अभी तक एक भी अन्त्येष्टि स्थल का आवंटन नहीं हो पाया है। 15 अन्त्येष्टि स्थलों के निर्माण के शासन की ओर से कई महीनों पहले स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। एक अन्त्येष्टि स्थल की निर्माण लागत 24.72 लाख रु है। बड़ी संख्या में ग्राम प्रधान अपनी ग्राम पंचायत में अन्त्येष्टि स्थल बनवाने के लिए डी पी आर ओ आफिस के चक्कर लगा रहे हैं। कुछ प्रधानों की ओर सत्तारूढ़ दल के विधायकों की ओर से जोर शोर से सिफारिश भी कराई जा रही है। खींचतान मची हुई है।डी पी आर ओ के पास बराबर फोन आ रहे हैं। मंगलवार तक एक भी अन्त्येष्टि स्थल का किसी भी ग्राम पंचायत को आवंटन नहीं हुआ है।

## संगीता सिंह ने संभाला कार्यभार



**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** नवागत आयुक्त अलीगढ़ मण्डल अलीगढ़ संगीता सिंह ने मंगलवार को मण्डलायुक्त अलीगढ़ के तौर पर पदभार ग्रहण किया। संगीता सिंह 2009 बैच की आईएएस अधिकारी हैं। वह इससे पूर्व वह जनपद सुल्तानपुर में बतौर जिलाधिकारी प्रशासनिक सेवाएं दे चुकी हैं और विगत लगभग 6 वर्ष से आयुष्मान भारत- जन आरोग्य योजना में मुख्य कार्यपालक अधिकारी के पद पर कार्यरत रही हैं। आपके कार्यकाल में उत्तर प्रदेश में लगभग 5.18 करोड़ लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए, जिसके माध्यम से 55 लाख से अधिक लोग 8800 से करोड़ से अधिक धनराशि का चिकित्सकीय लाभ ले चुके हैं और 6000 से अधिक चिकित्सालय इस योजना में सम्बद्ध हैं। नवागत कमिश्नर संगीता सिंह ने कार्यभार संभालने के बाद कमिश्नरी सभागार में मीडिया प्रतिनिधियों से भेंटवार्ता की। उन्होंने कहा कि ताला, तालीम और अदब के शहर अलीगढ़ में शासन की योजनाओं को धरातल पर क्रियान्वित करने के साथ ही स्मार्ट सिटी परियोजना, नगर निगम एवं एडीए के आपसी समन्वय से सुचारू यातायात एवं जल निकासी का वैज्ञानिक समाधान उनकी प्राथमिकता होगी। कमिश्नर ने कहा कि उन्हें मण्डल में अच्छी टीम मिली है और आपसी समन्वय से शासकीय योजनाओं को प्राथमिकता व पारदर्शिता से धरातल पर उतारा जाएगा।

## तहसील सलोन में मत्स्य पालन हेतु 10 वर्षीय पट्टा आवंटन शिविर का आयोजन 30 व 31 जनवरी को

**रायबरेली।** मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालन विकास अभिकरण इरफानुल्लाह खान ने बताया है कि तहसील सलोन जनपद रायबरेली क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाली ग्रामसभाओं के 0.20 हे0 से बड़े तालाबों का मत्स्य पालन हेतु 10 वर्षीय पट्टा आवंटन शिविर का आयोजन 30 व 31 जनवरी 2025 को तहसील सलोन स्थित सभागार कक्ष में प्रातः 10 बजे किया जायेगा। इच्छुक व्यक्ति/मत्स्य पालक/ सक्रिय मत्स्य जीवी सहकारी समितियाँ उक्त तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित होकर पट्टा आवंटन शिविर में प्रतिभाग कर पट्टा आवंटन करा सकते हैं।

# भारतीय स्टेट बैंक में चोरी का प्रयास असफल डीवीआर उठा ले गये चोर

- दो खिड़की ग्रिल मोड़कर अंदर घुसे चोर
- इटवा थाने से महज लगभग 1 किलोमीटर पर हुई घटना

एजाज़ सिद्दीक़ी



**इटवा सिद्धार्थनगर।** इटवा थाना ब्लाक के सामने स्थित स्टेट बैंक की शाखा में मंगलवार की रात चोर दो खिड़की का ग्रिल तोड़कर घुस कर चोरी का प्रयास किया। घटना के दौरान चोर सीसीटीवी कैमरे का हार्डडिस्क का पूरा सेटअप उठा ले गये। घटना की सूचना के बाद पुलिस सभी तथ्यों को ध्यान में रख छानबीन कर रही है।

सोमवार को बैंक क्लोज होने के बाद शाखा प्रबंधक अरून जायसवाल चाभी साथ लेकर निवास स्थान चले गए थे। मंगलवार परिसर सफाई करने आये सफाई कर्मचारियों ने टूटा ग्रिल देखकर घटना की जानकारी शाखा प्रबंधक को दी। कुछ देर बाद प्रबंधक अन्य कर्मचारियों के साथ बैंक में दाखिल हुए तो फर्श पर कागज बिखरा था। स्ट्रांग रुम गेट पर लगी जंजीर और ताले सेफ थे।

शाखा भवन की दक्षिणी दीवार में लगे बड़े जंगले का ग्रिल भी मोड़ा मिला है। शाखा प्रबंधक ने घटना की सूचना इटवा पुलिस और उच्चाधिकारियों को दी। इटवा इंस्पेक्टर भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस की जांच में सीसी कैमरे का हार्डडिस्क गायब मिला। मौके पर फोरेंसिक टीम व एसओजी की टीम पहुंची थी। और हर चीज को बारीकी से देख जांच पड़ताल मे जुटी रही। बैंक मैनेजर अरुण जायसवाल ने बताया कि बैंक पूरी तरह सुरक्षित है सिर्फ डीवीआर उठा ले गये हैं खिड़कियों का छड़ मोड़ा गया उसके अलावा बैंक का कोई नुकसान नहीं हुआ है।

### गणतंत्र दिवस को लेकर डीएम ने की बैठक

**अमेठी।** नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती,यू पी दिवस, राष्ट्रीय मतदाता दिवस और गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर डी एम निशा अनंत ने कलेक्ट्रेट में बैठक की। बैठक में डी एम और सी डी ओ सूरज पटेल ने अधिकारियों को सभी कार्यक्रमों को गरिमामय तरीके से भव्यता के साथ मनाने के निर्देश दिए। बैठक में सर्वप्रथम जिलाधिकारी ने 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती मनाए जाने को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को विद्यालयों में रैली, मानव श्रृंखला, भाषण, निबंध, वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन कराए जाने के निर्देश दिए तथा सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाने को कहा। बैठक में एआरटीओ ने बताया कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती के अवसर पर जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज में सड़क सुरक्षा को लेकर जन जागरुकता हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

# समय के भीतर हो समस्याओं का समाधान : डीएम

अवधनामा संवाददाता




**उरई (जालौन)।** तहसील सभागार में जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडे की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार की मौजूदगी में संपन्न हुआ। अधिकारी द्वय ने संयुक्त रूप से आए हुए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके गुणवत्तापूर्ण समयबद्ध निस्तारण के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। इस दौरान कुल 50 शिकायतें आईं जिनमें 10 मौके पर निस्तारित कर दी गईं।

तहसील सभागार में संपन्न संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम को ज्ञापन देकर कोंच बार के अधिवक्ताओं संजीव तिवारी, अवधेश नगाइच, ओपी अग्रवाल, रामबाबू निरंजन, वीरेंद्र जाटव, जितेंद्र सिंह परिहार, कुलदीप सौनकिया आदि ने तहसीलदार न्यायालय में स्थाई पेशकार नहीं होने की समस्या उठाते हुए कहा, करीब बीस दिन से स्थाई पेशकार नहीं होने से अविवादित नामांतरण वादों के निर्णीत होने में दिक्कत आ रही है। इसके अलावा न तो नए वाद दायर हो पा रहे हैं और न ही कंप्यूटर में फीडिंग हो पा रही है। इस प्रकार की अन्य समस्याओं को देखते हुए वकीलों ने स्थाई पेशकार नियुक्त करने की मांग की है। सभासद विनोद सोनी ने उनके वार्ड के प्रधानमंत्री आवास आवेदन कर्ताओं में पात्रों को आवास दिए जाने की मांग उठाई। पूर्व बारसंघ अध्यक्ष कृष्णपाल सिंह ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि बिजली विभाग ने सुभाष नगर में कुरेले सदन भानु दुवे की दुकान के बगल में गलत जगह खंभा गाड़ दिया जिससे वाटर सप्लाई लाइन टूट गई और घर में पानी की आपूर्ति ठप्प हो गई है। मजदूर कल्याण सेवा समिति गल्ला मंडी के अध्यक्ष किशुन प्रसाद कुशवाहा एवं अन्य सदस्यों ने बताया कि हरी मटर की बोरी का वजन 80-90 किलो की बजाए 50-60 किलो कराये जाने के निर्देश मंडी सचिव को दिए जाएं ताकि मजदूरों को बोरी उठाने और ट्रक में लादने में परेशानी न उठानी पड़े। सभासद प्रतिनिधि आवेश जाटव ने सरकारी हैंडपंप लगाए जाने में मानक और गुणवत्ता का ध्यान न रखने की शिकायत की। इसके अलावा पीएम आवास योजना का लाभ न मिलने, सरकारी भूमि पर कब्जे, लेखपाल द्वारा गलत रिपोर्ट बनाकर भूमाफियाओं को लाभ पहुंचाने आदि से जुड़ी शिकायतें दर्ज कराई गईं। एसपी ने पुलिस विभाग से जुड़ी शिकायतों के निस्तारण के लिए अधीनस्थों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम ज्योति सिंह, सीओ डॉ. देवेंद्र कुमार पचौरी, तहसीलदार पवन पटेल, नायब तहसीलदार शादाब उल्ला, बीएसए चंद्रप्रकाश, जिला विकास अधिकारी महेंद्र कुमार, जिला कृषि अधिकारी गौरव कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी राजीव शुक्ला, एसडीओ विद्युत अनिरुद्ध कुमार मौर्य, कोतवाल अरुण कुमार राय, थानाध्यक्ष नदीगांव दिव्य प्रकाश तिवारी, थानाध्यक्ष कैलिया राजीव कुमार, थानाध्यक्ष एट विमलेश कुमार आदि मौजूद रहे। संपूर्ण समाधान दिवस निपटाने के बाद जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडे ने तहसील में विभिन्न पटलों का अवलोकन किया और संबंधितों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

# यूको बैंक के सीईओ ने नई योजनाओं का किया ऐलान

## आयोजित वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से दी जानकारी

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** यूको बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ, अश्वनी कुमार ने हाल ही में बैंक के तिमाही प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रदर्शन ने बैंक की रणनीतिक लक्ष्यों की दिशा में प्रगति को स्पष्ट रूप से दर्शाया है। उन्होंने बताया कि परिचालन दक्षता में सुधार और ग्राहक केंद्रित पहलों के साथ बैंक ने सतत विकास को सुनिश्चित किया है। इसके साथ ही, बैंक ने डिजिटल बैंकिंग की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है और इसके अंतर्गत कई नई डिजिटल सेवाओं की शुरुआत की है।

**इन नई सेवाओं में प्रमुख हैं-**

पूर्व योग्यता प्राप्त व्यक्तिगत ऋण, 1.6 लाख से कम ऋण के केसीसी खातों का नवीनीकरण,शिशु मुद्रा ऋण,25 लाख तक के शिशु, किशोर तथा तरुण मुद्रा ऋण का नवीनीकरण, जीएसटी स्मार्ट ऋण एफडीआर (स्नद्ब×द्गस्र छ्वद्गश्चशह्यद्बह्ल ऋद्गष्द्गद्बश्चह्ल) के विरुद्ध ऋण इसके अलावा, बैंक ने यह भी घोषणा की कि ग्राहक अब मोबाइल और व्हाट्सप्प बैंकिंग के माध्यम से घर बैठे 35 प्रकार की विभिन्न सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। इन सेवाओं में खाता खोलने, फंड ट्रांसफर और ऋण आवेदन जैसी सुविधाएं शामिल हैं।बैंक के कॉर्पोरेट द्व-ब्ब्ह्रठ्ठद्बद्गठ्ठ एप ने भी अपनी एक अलग पहचान बनाई है, जो भारत के सर्वश्रेष्ठ बैंकिंग एप्स में से एक माना जाता है। इस एप को गूगल प्ले स्टोर पर 4.6 की शानदार रेटिंग मिली है। इसके माध्यम से कॉर्पोरेट ग्राहकों को भी सुविधाएं मिल रही हैं।अयोध्या अंचल में, बैंक ने टैब बैंकिंग के माध्यम से ग्राहकों के घर तक खाते खोलने की सुविधा प्रदान की है, जो ग्राहकों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

इसके साथ ही, यूको उड़ान योजना के तहत, बैंक ने प्रीमियर शिक्षा संस्थानों में पढ़ने वाली महिला छात्राओं के लिए 40 लाख रुपये तक के कोलैटरल रहित एजुकेशन लोन की सुविधा ब्याज दर में छूट के साथ प्रदान की है। इसके अलावा, यूको उत्कर्ष योजना के तहत भी छात्रों को 40 लाख रुपये तक का एजुकेशन लोन उपलब्ध कराया जा रहा है।बैंक ने पिंक बास्केट योजना भी शुरू की है, जो विशेष रूप से महिलाओं के लिए डिज़ाइन की गई एक बैंकिंग उत्पाद है। इस योजना के तहत महिलाओं को विभिन्न सेवाओं, जैसे कि बचत खाता, ऋण और निवेश योजनाओं पर विशेष छूट, फायदे और मुफ्त बीमा का लाभ मिलता है। इसका उद्देश्य महिलाओं को वित्तीय रूप से सशक्त बनाना और उन्हें उनके वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए बेहतर विकल्प प्रदान करना है।यूको बैंक की यह पहलें न केवल बैंक के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं, बल्कि ग्राहकों की सुविधा और उनकी वित्तीय जरूरतों को पूरा करने में भी सहायक सिद्ध हो रही हैं।

# आसामाजिक तत्वों ने फिल्मी स्टाइल में कालेज पर किया हमला

**अयोध्या।** प्रबंधक पद के विवाद को लेकर बीकापुर कोतवाली क्षेत्र स्थित जीएस कालेज आफ लॉ स्कूल में पूर्व प्रबंधक अनुरुद्ध तिवारी की सह पर लगभग डेढ़ दर्जन असमाजिक लोगों ने सोमवार को दोपहर में तीन, चार पहिया वाहनों से कालेज में पहुँच कर फिल्मी स्टाइल में स्टाफ पर लाठी, डंडा, धारदार हथियार व बन्दूक लेकर हमला बोल दिया। यह आरोप कालेज के प्रबंधक राजेन्द्र यादव ने लगाया है।

सिविल लाइन स्थित एक होटल के सभागार में पत्रकारों को घटना की जानकारी देते हुए प्रबंधक ने बताया कि हमलावरों ने कालेज के अध्यापक श्रीकांत को डंडों से बुरी तरह पीट कर लहूलुहान कर दिया। अन्य अध्यापकों व कर्मचारियों की भी बुरी तरह पिटाई की। हमलवारों ने कालेज की शिक्षिकाओं को भद्दी भद्दी गालियां व स्कूल से भाग जाने की धमकी दी। न भागने पर सभी स्टाफ को जान से मारने की धमकी दी। प्रबंधक राजेन्द्र यादव ने बताया कि हमलावर सिक्कू तिवारी के नेतृत्व में थे। उन लोगों ने स्कूल में तोड़फोड़ भी की, अभिलेख फाड़ और जम कर तोड़ फोड़ की। हमलावर स्कार्पियो, फार्च्यूनर व वैगनार से आए थे। स्कूल के स्टाफ ने इस घटना की सूचना 100 नम्बर पर डायल कर दी। इसके बाद पुलिस भी पहुंची। पुलिस के पहुंचने से पहले हमलावर धमकियाँ देते हुए भाग निकले। इस घटना की तहरीर सिक्कू तिवारी निवासी ग्राम मलेरिया सहित लगभग डेढ़ दर्जन लोगों को नामित करते हुए दी है। हम लोगों ने सीओ को भी जानकारी दी। किन्तु घटना को 24 घंटा बीतने के बाद भी अब तक पुलिस ने न तो एफआईआर दर्ज की है और न ही हमलावरों के खिलाफ कोई अन्य कार्रवाई की है। प्रबंधक ने यह भी कहा कि सिक्कू तिवारी माफिया है। उसके खिलाफ आपराधिक मुकदमें भी दर्ज हैं। वह किसी भी समय मेरी हत्या भी कर सकता है किन्तु पुलिस प्रशासन अब तक जांच कराने के नाम पर घटना की एफआईआर दर्ज करने से टालमटोल कर रही है।

# राजू दास द्वारा श्रद्धेय नेताजी मुलायम सिंह यादव पर अभद्र टिप्पणी के विरोध में सपा नेताओं ने दी तहरीर

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** राजू दास द्वारा की गई फेसबुक पर श्रद्धेय नेताजी मुलायम सिंह यादव पर अभद्र टिप्पणी के विरोध में सपा महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने प्रभारी निरीक्षक नगर कोतवाली को प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने की तहरीर दी। समाजवादी पार्टी महानगर अध्यक्ष ने राजू दास द्वारा पद्म विभूषण भारत के पूर्व रक्षा मंत्री उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे लाखों युवाओं की धड़कन नेताजी के नाम से मशहूर स्व मुलायम सिंह यादव जी के ऊपर सोशल मीडिया पर कथित साधु राजू दास द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी से समाजवादी पार्टी महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव द्वारा प्रथम सूचना रिपोर्ट प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर को संबोधित तहरीर क्षेत्राधिकार नगर की मौजूदगी में महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव व महासचिव हमीद जाफर मीसम व अधिवक्ता शावेज़ जाफरी ने दिया, इस मौके पर महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा कि राजू दास द्वारा इस तरह की अशोभनीय टिप्पणी समाजवादी बर्दाश्त नहीं करेगी श्रद्धेय स्व नेताजी मुलायम सिंह यादव का सम्मान समाजवादी पार्टी ही नहीं सभी पार्टी के लोग करते है , आज एफ आई आर दर्ज करने के लिए तहरीर दिया है अगर एफ आई आर दर्ज नहीं हुई तो समाजवादी पार्टी आंदोलन को बाध्य होगी, महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम ने कहा कि राजू दास द्वारा इससे पहले भी महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी कर चुके है समय समय पर ये अपनी फेसबुक पोस्ट से आपसी भाईचारा खराब करने की लगातार कोशिश करते रहते है आज नेताजी पर टिपण्णी करके उन्होंने अपनी गंदी मानसिकता का परिचय दिया है प्रशासन को एफ आई आर दर्ज करने की तहरीर दी है उम्मीद है एफ आर दर्ज करके प्रशासन इस तरह की मानसिकता के लोगों पर अंकुश लगाएगा। अधिकवक्ता शावेज जाफरी ने कहा कि अगर एफ आई आर दर्ज नहीं हुई तो न्यायालय का सहारा लिया जाएगा, लेकिन उम्मीद है कि प्रशासन एफ आई आर दर्ज करेगा।। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव, महासचिव हामिद जाफर मीसम महानगर उपाध्यक्ष श्री चंद यादव, अधिवक्ता जिलाध्यक्ष शावेज़ जाफरी,जगन्नाथ यादव ,वीरेंद्र गौतम अखिलेश चतुर्वेदी शाहबाज लकी, राकेश कुमार यादव एडवोकेट, गोविंद एडवोकेट,ओ पी राव एडवोकेट आदि लोग मौजूद रहे।

# 23 जनवरी को आयोजित होगा मानव श्रृंखला एवं सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण समारोह

**अयोध्या।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने बताया कि 23 जनवरी 2025 को मानव श्रृंखला एवं सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किए जाने के निर्देश शासन द्वारा दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा के प्रति आमजनमानस में जागरुकता लाये जाने हेतु गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर 23 जनवरी 2025 को जनपद में पूर्वान्ह 11 बजे कक्षा 8 से 12 तक के समस्त विद्यालयों के छात्रों एवं उच्च शिक्षा के सभी विद्यार्थियों को एक साथ मानव श्रृंखला में सम्मिलित कराते हुए सड़क सुरक्षा शपथ दिलाया जाना है। उक्त मानव श्रृंखला में सड़क सुरक्षा के समस्त स्टेक होल्डर विभागों के अधिकारियों/कर्मचारियाँ, एन0जी0ओ0, स्वयंसेवी संस्थाओं, सामाजिक संगठनों, एन0एस0एस0, एन0सी0सी0 स्काउट गाइड इत्यादि के प्रतिनिधियों की सहभागिता भी सुनिश्चित की जानी है। सड़क दुर्घटना में 18 वर्ष से 35 वर्ष की आयु के 51 प्रतिशत से अधिक युवाओं की मृत्यु हो रही है। इसके साथ ही दुपहिया वाहन चालक भी सड़क दुर्घटना में सर्वाधिक मृत्यु का शिकार हो रहे हैं। ऐसी दशा में छात्रों एवं युवाओं को जागरूक किया जाना नितान्त आवश्यक है। उक्त के परिप्रेक्ष्य में मानव श्रृंखला में प्रत्येक जनपद में उच्च प्राथमिक, माध्यमिक तथा उच्च शिक्षा के विद्यालयों के अधिकाधिक छात्रों तथा समस्त स्टेक होल्डर विभागों के कार्मिकों द्वारा अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करायी जानी है। इस प्रकार उत्तर प्रदेश के उपर्युक्त समस्त विद्यालयों से लाखों की संख्या में विद्यार्थियों को मानव श्रृंखला में सम्मिलित कराते हुए समस्त प्रतिभागी सड़क सुरक्षा शपथ भी ग्रहण करेंगे। मानव श्रृंखला का निर्माण प्रत्येक जनपद में एक स्थान पर विशालकाय सड़क सुरक्षा के चिन्हों (हेल्मेट, सड़क सुरक्षा मस्कट, ट्रैफिक लाइट, इत्यादि) की स्थायी कन्वर्टिविल प्रतिकृति बनाते हुये किया जा सकता है।

# मायानगरी में बिखरेगी शाहजहाँपुर के स्वरों की तान

## शहर के जाने माने कवि और माँ भारती के लाल इन्दु अजनबी को मुम्बई से आया न्यौता



### पिछले दिनों दूरदर्शन के मंच पर प्रस्तुत कर चुके है काव्यधारा

**शाहजहांपुर।** पूर्वांचल मानस मण्डल व नेहरू युवा केन्द्र, मुम्बई ने जनपद के चर्चित टीवी फ़ेम कवि डॉ इन्दु अजनबी को मुम्बई में 1 व 2 फ़रवरी को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय हिन्दी साहित्य सम्मेलन में काव्यपाठ व युवा रचनाकारों को मार्गदर्शन प्रदान करने हेतु आमंत्रित किया गया है।

ज्ञातव्य है कि डॉ इन्दु अजनबी ताज महोत्सव आगरा, काठमांडू नेपाल समेत देश के प्रमुख साहित्यिक आयोजनों में प्रतिभाग कर चुके हैं। उन्होंने अपनी रचनाओं से पूरे देश में जनपद का नाम रोशन किया है। उनकी रचना 'शत शत नमन काकोरी' ने उन्हें एक अलग पहचान प्रदान की है। वे इससे पूर्व भी मुम्बई में आमन्त्रित किए गए थे।

डॉ अजनबी की इस उपलब्धि पर डॉ प्रशान्त अग्निहोत्री, सुशील दीक्षित विचित्र, राम बाबू शुक्ल, अरविन्द पण्डित, विजय तन्हा, प्रदीप बैरागी, सरिता बाजपेयी, कमल मानव, डॉ स्वप्निल यादव, शिवा सक्सेना आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

# सीएम योगी 24 जनवरी को मिल्कीपुर में करेंगे जनसभा

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 24 जनवरी को मिल्कीपुर विधान सभा में जनसभा को सम्बोधित करेंगें। हैरिंग्टनगंज के पलिया चौराहे पर प्रातः दस बजे से जनसभा का आयोजन किया गया है। जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह व प्रधान अभिषेक सिंह ने जनसभा स्थल का निरीक्षण किया। जनसभा के संयोजक पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा को बनाया गया है। जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री की जनसभा के मंडल अध्यक्ष, प्रवासी तथा प्रभारी को जिम्मेदारी दी गई है। जनसभा में हर बूथ की सहभागिता होगी। जिसके लिए जिले के पदाधिकारी लगातार बूथ के कार्यकताओं से सम्पर्क कर रहें है। अन्य व्यवस्थाओं के लिए कार्यकताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री की सभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए तैयारियों को लेकर पदाधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों को जिम्मेदारियां सौप दी गई है।

# मानदेय बढ़ोतरी को लेकर चार सूत्रीय मांग पत्र सौपा

*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** मानदेय बढ़ोतरी एव ग्राम निधि से हटाकर राज्यपोषित किये जाने की मांग को लेकर मंगलवार को पंचायत सहायको ने सहायक विकास अधिकारी पंचायत को चार सूत्रीय ज्ञापन सौपा। मंगलवार को दर्जनों पंचायत सहायकों ने चार सूत्रीय ज्ञापन सौपते हुए कहा कि पंचायत सहायक जिम्मेदारियों का निर्वाहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और सेवा भावना के साथ कर रहे है। पंचायत स्तर पर सरकारी योजनाओ के क्रियान्वयन से लेकर विभिन्न ऑनलाइन कार्यों को सम्पादित करने में हम महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है, किन्तु हमारे द्वारा किये जा रहे कार्यों और प्राप्त हो रहे मानदेय तथा सुविधाओ के बीच काफी असमानता है जिन्हे उत्तर प्रदेश सरकार के समक्ष प्रस्तुत करते हुए उन्हें शीघ्र समाधान की अपेक्षा करते है।पंचायत सहायको का मानदेय वृद्धि न्यूनतम कुशल मजदूरी दर के आधार पर किया जाए। इसके साथ ही इसे ग्राम निधि से हटाकर राज्यपोषित किया जाये साथ अनुबंध प्रणाली को समाप्त करते हुए पंचायत सहायको की सेवा नियमावली बनाई जाए और उन्हें स्थाई किया जाये, ताकि हम अधिक स्थायित्व और सुरक्षा के साथ अपनी सेवाए दे सके। पंचायत सहायक लगभग पंचायत सचिव के सामान कार्य कर रहे है। ग्राम पंचायत आधिकारी के रिक्त पदों पर पंचायत सहायको को आरक्षण प्रदान किया जाए , पंचायत सहायको द्वारा विभिन्न सर्वेक्षण कार्य ऑनलाइन किये जाते है, जिसके लिए उच्च गुणवत्ता वाले मोबाइल फ़ोन या टैबलेट की आवश्कता होती है। शासन से आग्रह है कि हमें यह उपकरण प्रदान किये जाये। इस मौके पर हंसराज वर्मा, जितेंद्र कुमार, अखिलेश, विनय, प्रिया, आरती, शिखा, सैय्यदा बानो, विश्वकर्मा, चंद्रकेश, शालिनी, शिवानी, अंकिता सहित दर्जनों की संख्या में पंचायत सहायक मौजूद रहे।



# दो बिछड़े दंपत्ति परिवारों को मध्यस्थता केंद्र द्वारा सुलह कराने से चेहरे पर आई खुशी

**अयोध्या।** अयोध्या जनपद के तारुन थाना क्षेत्र में दो बिछड़े हुए वैवाहिक दंपत्तियों का सुलह कराने में सिविल कोर्ट फैजाबाद के मेडिएशन सेंटर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दोनों पक्षों के बीच समझाने-बुझाने के बाद वे एक साथ जीवन यापन करने के लिए राजी हो गए, जिससे बिछड़े परिवारों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली।जानकारी के अनुसार, थाना तारुन क्षेत्र के अमौनि गांव निवासी मोहम्मद निहाल और ककराही निवासी आशिया बेगम के बीच आपसी मतभेदों के कारण दोनों अलग-अलग रहने लगे थे। इसके चलते आशिया बेगम ने वर्ष 2022 में मोहम्मद निहाल के खिलाफ मारपीट और दहेज का मामला दर्ज कराया था, जो वर्तमान में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय के न्यायालय में विचाराधीन है।मान्य न्यायालय ने सुलह के लिए मामला मेडिएशन सेंटर सिविल कोर्ट फैजाबाद को भेजा, जहां सदस्य देव बक्श वर्मा ने दोनों पक्षों के बीच संवाद स्थापित किया। इसके परिणामस्वरूप दोनों ने एक साथ जीवन यापन करने पर सहमति जताई। इस सुलहनामे पर दोनों पक्षों के हस्ताक्षर के बाद, मेडिएटर देव बक्श वर्मा और विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अनिल कुमार वर्मा ने दोनों परिवारों की सुलह के प्रयासों की सराहना की और न्यायालय का आभार व्यक्त किया।

# दबंगों से परेशान आत्मनिर्भर महिला ने मांगा मुख्यमंत्री से न्याय

### ■ महिला सुरक्षा व मिशन शक्ति अभियान की हवा निकाल रहें मनचले

*अवधनामा संवाददाता*



**बाराबंकी।** योगी सरकार एक तरफ महिलाओं की रक्षा के लिए तरह तरह के कानून के साथ-साथ मिशन शक्ति का जमकर प्रचार प्रसार कर रही है तो वहीं शहर कोतवाली क्षेत्र में एक आत्मनिर्भर महिला को दबंग लोग परेशान कर रहे हैं, हद तो यहां तक हो गई कि चोरी छिपे वीडियो बनाकर ए.आई. तकनीक का इस्तेमाल करके उसको अश्लील वीडियो से जोड़कर बदनाम करने की फिराक में नजर आ रहे हैं लेकिन थाना कोतवाली नगर चौकी की पुलिस कार्यवाही नहीं कर रहे हैं। मजबूर होकर महिला ने मुख्यमंत्री व पुलिस महानिदेशक को शिकायती पत्र भेजकर कार्यवाही की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता जुलेखा बानो पत्नी मो0 जावेद निवासिनी मोहल्ला कटरा शनि मंदिर के पीछे, थाना कोतवाली नगर, बाराबंकी की एक गरीब महिला है। पीड़िता अपने परिवार का भरण पोषण के लिए मकान में ही छोटी सी परचून की दुकान खोल रखी है, जिसमें पीड़िता के पति व पीड़िता खुद बैठती है, जब पीड़िता दुकान पर बैठती है तो पीड़िता के पड़ोसी मकान के सामने रहने वाले आफताब, अयूबी पुत्र अज्ञात, रिजवान पुत्र अफरोज, मो0 अलीम पुत्र मो0 इस्माईल यह लोग आये दिन पीड़िता को देखकर गंदी-गंदी हरकतें करते रहते हैं, कही पेशाब का पार्ट खोलकर दिखाते हैं, विपक्षीजन पीड़िता जब घर में बैठी होती है तो चोरी छिपे अश्लील वीडियो बनाते हैं, जब पीड़िता विरोध करती है तो मां बहन की भद्दी-भद्दी गालियां देते हैं, कहते हैं कि तुम्हें उठाकर ले जाकर तुम्हारे साथ बुरा काम करके जान से मारकर लाश गायब करवा देंगे और तुम्हारी दुकान भी बंद करवा देंगे। जब पीड़िता अकेली दुकान पर होती है तो आये दिन इसी प्रकार की गन्दी हरकतें करते रहते हैं। इस सम्बंध में जब पीड़िता ने अपने पति को बतायी तो पीड़िता के पति ने इन लोगो से बात करनी चाही तो सभी लोग ने उल्टे पीड़िता के पति को ही मारने पीटने पर अमादा हो गये। बताया जा रहा है ये लोग बदमाश किस्म के व्यक्ति हैं। मोहल्ले में इनका दबदबा है जिससे पीड़िता का पूरा परिवार परेशान एवं भयभीत है। अब देखना यह है कि क्या पुलिस कार्यवाही करेगी या दबंग मिशन शक्ति अभियान की खुलेआम हवा निकालते रहेंगे और महिला का जीना दुश्वार होता रहेगा यह तो आने वाला वक्त ही बतायेगा।

# नूर कालेज में जल्द बनेगा छात्र-छात्राओं के लिये शौचालय



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** नगर पंचायत जैदपुर के वार्ड वसीनगर में स्थित नूर मोहम्मद इण्टर कालेज में छात्र-छात्राओं व अन्य स्टॉफ के लिए 02 नग मल्टिपल हैण्डवाश एवं 03 सीटर शौचालय व 02 सीटर यूरीनल का निर्माण कार्य प्रस्तावित है। इस अवसर पर मा0 अध्यक्ष प्रतिनिधि मो0 दाउद अलीम द्वारा यह अवगत कराया गया कि उक्त सभी कार्यों का निर्माण कार्य शीघ्र-अतिशीघ्र प्रारम्भ हो जायेंगे। कालेज बने शौचालय और यूरिनल काफी पुराने हो गए थे।जिसमे कालेज की छात्राओं को जाने में हिचकिचाहट होती थी तथा वो असहज महसूस करती थी।इसी वजह से कालेज की तरफ से नए शौचालय एवं यूरिनल का प्रस्ताव नगर पंचायत को भेजा गया था।जो कि पास हो गया है।आज जगह को चिन्हित करने के लिए जन प्रतिनिधियों द्वारा कालेज का दौरा किया गया।जल्द इसका काम शुरू हो जाएगा। इस मोके पर नूर मोहम्मद इंटरकालेज के प्रिंसिपल के साथ देखने पहुंचे समाजसेवी कलीम अंसारी सभासद ताहिर अंसारी मास्टर जफरूल हसन आदि लोग मौजूद रहे।

# सीएचसी के सुधार में लगे रहते हैं अधीक्षक डा मुकुंद पटेल

**रामनगर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डा मुकुंद पटेल की सक्रियता से नौ महीने के अंदर रामनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर तमाम सुविधाए बढ़ी हैं। डिजिटल एक्सरे की सुविधा करवाई जिससे मरीजों को अब बाहर आर्थिक बोझ नहीं पड़ता। अल्ट्रा साउंड मशीन भी आ गई है । डाक्टर की मांग हुई है जिसके आते यह मशीन भी शुरु होगी ।अब जाँच भी कई तरह की यहीं होने लगी है। वे लगातार सक्रिय रहकर स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ाने में लगे रहते जिससे मरीजों को सुबिधाए मिल रही हैं। करीब नौ माह से अधीक्षक के पद पर डा मुकुंद पटेल रामनगर सी एच सी पर तैनात है।इनके आने के समय यंहा बड़ी समस्याए थी। स्टॉफ को साथ लेकर आशाबहुओ,एएनएम व अन्य से खूब कार्य करवाया।टीकाकरण से लेकर संचारी रोग नियंत्रण अभियान में लगातार लगे रहे। एक्स रे मशीन जिले से लाकर चालू कराए व अल्ट्रासाउंड भी लाए जो जल्द चालू होने वाली है। दवाओ की भी उपलब्धता रखी ।ओपोड़ी में कोई न कोई डाक्टर सदैव मिलते हैं। कर्मचारियों में आपसी सामंजस्य कायम कराकर विरोधाभास खत्म कराया। अब स्वास्थ्य सेवाए पटरी पर हैं जिससे यंहा आने वाले मरीज भी संतुस्ट रहते हैं ।प्रयास कर हार्ट,किडनी,लीवर की जांच भी शुरु कराई ।अधीक्षक ने पहली बार इसे कायकल्प योजना का पुरस्कार दिलाया।

# एनटीपीसी टांडा को मिला प्रतिष्ठित सर्वश्रेष्ठ स्वास्थ्य सेवाएँ पुरस्कार

**अयोध्या।** एनटीपीसी टांडा को ÷सर्वश्रेष्ठ स्वास्थ्य सेवाएं÷ श्रेणी में छोटे अस्पताल 30 बेड से कम के तहत प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है। यह प्रतिष्ठित सम्मान टीम के सामुदायिक स्वास्थ्य सेवा में अविश्वसनीय समर्पण और उत्कृष्टता को दर्शाता है।

डॉ. साधना तिवारी, अपर महाप्रबंधक (स्वास्थ्य सेवाएँ), ने कहा, ÷हमें यह पुरस्कार प्राप्त करके बेहद सम्मानित महसूस हो रहा है। यह सम्मान हमारी पूरी टीम की कठिन मेहनत, समर्पण और करुणा का प्रतीक है।÷यह पुरस्कार हमारे टीम के रोगी-केंद्रित देखभाल, स्वास्थ्य सेवा की नवीन विधियों और समुदाय की स्वास्थ्य स्थिति में सुधार के लिए की गई निरंतर कोशिशों की सराहना करता है। हम अपने मरीजों के स्वास्थ्य को सर्वोत्तम प्राथमिकता देते हुए हमेशा बेहतर से बेहतर सेवा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# सामाजिकता का संदेश देता है रासेयोः डॉ. पंकज गुप्त

## निकाली गयी मतदाता जागरूकता रैली




*अवधनामा संवाददाता*

महराजगंज (मिठौरा)। राष्ट्र निर्माण तथा राष्ट्र का उत्थान सेवा में निहित है। संसार में सबसे बड़ा पुनीत कार्य सेवा है ।सेवा के द्वारा हम किसी भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। सेवा के साथ ही साथ समर्पण की भी आवश्यकता है। यह सेवा और समर्पण सिखाता है राष्ट्रीय सेवा योजना। उक्त बातें दिग्विजयनाथ इंटरमीडिएट कॉलेज चौक बाजार की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई द्वारा सोनाड़ी खास मंदिर प्रांगण में आयोजित विशेष शिविर के पांचवे दिन में मुख्य अतिथि के रूप में पंचायत जूनियर हाईस्कूल के प्रबंधक डॉ पंकज गुप्त ने कहा। गुप्त ने कहा कि हम सेवा भाव को प्रकृति से सीखे तथा अपने मन में उतारें और अपने जीवन में उसको चरितार्थ करें। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि की भूमिका में विद्यालय की अध्यापिका पूनम सिंह ने कहा कि संसार में सबसे कठिन काम सेवा है। यदि व्यक्ति के अंदर सेवा भाव आ जाए तो निश्चित ही उसका जीवन सफल हो जाएगा। कार्यक्रम में छात्र अंशु ने राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में अपने विचार को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि से हुआ। आभार प्रकट करते हुए कार्यक्रम अधिकारी रामसुखी यादव ने स्वयंसेवकों को सेवा भाव के प्रति तत्पर तथा जागृत करते हुए कहा कि आप अपने मन में सेवा भाव को उतारें और जीवन में इस को अपनाएं निश्चित ही आप सफलता को प्राप्त करेंगे। जब सेवा का भाव मन में आ जाएगा तब सब अपना दिखने लगेगा। कार्यक्रम का कुशल एवं सफल संचालन नम्रता गुप्ता ने किया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवक स्वयंसेविका उपस्थित रहे।

# सीमा पर एसएसबी, एपीएफ की संयुक्त पेट्रोलिंग

**निचलौल (महराजगंज)।** कुंभ मेले को लेकर इंडो नेपाल सीमा पर दोनो देश के सुरक्षाकर्मी एलर्ट है। जिसको लेकर एसएसबी ठूठीबारी व एपीएफ, नेपाल पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा पिलर संख्या 506/11 से पिलर संख्या 505/10 तक तक संयुक्त पेट्रोलिंग किया गया। इस दौरान सीमा से सटे गांव के लोगों को सूचना के आदान प्रदान के लिए जागरूक किया गया। बीओपी इंचार्ज इंस्पेक्टर जयंता घोष ने बताया बार्डर के दोनों तरफ बसे लोगों से आपसी तालमेल व समन्वय बनाकर काम करने पर जोर दिया गया।इस दौरान लोगो से अपील की कोई संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति दिखाई दे तो तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दे। खुली सीमा होने के कारण हमेशा आतंकी गतिविधियों को लेकर सुर्खियों में बना रहता है। पड़ोसी मुल्क नेपाल व भारत के बीच नोमेन्स लैंड से दोनों देशों की सीमा रेखा तय करती है। दोनो देशों का रोटी बेटी का संबंध है। आपसी तालमेल के साथ सुरक्षाकर्मी एक दूसरे का सहयोग कर बेहतर माहौल बना सकते हैं।

# रोज़गारपरग योजनाओं में प्राथमिकता के आधार पर ऋण वितरण किया जाएः जिलाधिकारी

### ■ कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में व्यापारियों की हुई बैठक

*अवधनामा संवाददाता*



**महराजगंज।** जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में उद्योग व व्यापार बंधु की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। जिसमें मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, ओडीओपी सहित विभिन्न रोजगारपरक योजनाओं की जानकारी ली। पायुक्त उद्योग ने बताया कि मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में भौतिक लक्ष्य 127 मार्जिन मनी 246.46 लाख के सापेक्ष 305 मार्जिन मनी 769.67 लाख आवेदन विभाग द्वारा विभिन्न बैंकों को प्रेषित किए जा चुके हैं। इनमे अलग-अलग बैंकों द्वारा 121 आवेदनों को स्वीकृत किया गया है और समस्त में ऋण वितरित भी किया जा चुका है। योजना में जनपद की प्रगति सीएम डैशबोर्ड पर निर्धारित लक्ष्य 112 प्रतिशत के सापेक्ष 197.2 प्रतिशत रही। उन्होंने बताया कि ओडीओपी योजना के तहत 24 के लक्ष्य वित्तीय लक्ष्य 73 लाख मार्जिन मनी के सापेक्ष 31 आवेदन मार्जिन मनी 84.75 लाख बैंको को भेजे गए हैं, जिसमे 24 आवेदनो को स्वीकृत करते हुए विभिन्न बैंकों द्वारा सभी मामलों में ऋण का वितरण किया गया जा चुका है। जिलाधिकारी ने सभी बैंकों को विभिन्न रोजगारपरक योजनाओं में प्राथमिकता के आधार पर ऋण वितरण का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने लकड़ी और लकड़ी फर्नीचर उद्यमियों को विशेषकर योजना का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि जनपद में लकड़ी उद्योग हेतु सीएफसी कार्य शीघ्र शुरू हो जायेगा। इससे उद्यमियों को अच्छी गुणवत्ता और डिजाइन की लकड़ियां भी उपलब्ध होंगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, उपायुक्त उद्योग अभिषेक प्रियदर्शी, सहायक आयुक्त राज्यकर प्रियंका श्रीवास्तव, ईओ नगरपालिका आलोक कुमार मिश्रा सहित उद्योग और व्यापार मंडल के प्रतिनिधि एवं उद्यमी उपस्थित रहे।

### पेट्रोल पंप के मालिकों/ प्रतिनिधियों के साथ बैठक

# नो हेलमेट नो फ्यूल का 26 जनवरी से कड़ाई से करें अनुपालन : डीएम



**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डॉक्टर राजा गणपति आर की अध्यक्षता में मंगलवार को जनपद के पेट्रोल पंप के मालिकों/ प्रतिनिधियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी डॉक्टर राजा गणपति आर ने सभी पेट्रोल पंप के मालिकों/ प्रतिनिधियों को बताया कि ज्यादातर सड़क दुर्घटनाएं हेलमेट न लगाने के कारण होती हैं। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए शासन द्वारा नो हेलमेट नो फ्यूल देने का निर्देश दिया है।

जिलाधिकारी ने कहा कि शासन द्वारा दिए गए निर्देश, नो हेलमेट नो फ्यूल का 26 जनवरी से कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। सभी पेट्रोल पंपों पर नो हेलमेट नो फ्यूल का होर्डिंग/बैनर लगाकर व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए। सभी पेट्रोल पंपों पर सीसीटीवी कैमरा एवं पेयजल की व्यवस्था कराने का निर्देश दिया जिसका समय-समय पर चेकिंग किया जाएगा। पेट्रोल पंप पर महिला/पुरुष शौचालय अलग-अलग होना चाहिए। पुलिस विभाग द्वारा आप लोगों को पूरा सहयोग प्रदान किया जाएगा। नो हेलमेट नो फ्यूल का अनुपालन न करने वाले पर आईपीसी की धारा 188 के तहत कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि कुछ पेट्रोल पंपों पर घटतौली की शिकायत प्राप्त हो रही है, चेकिंग के दौरान घटतौली मिलने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस बैठक में एआरटीओ एसके मौर्य, जिला पूर्ति अधिकारी देवेंद्र प्रताप सिंह, समस्त क्षेत्रीय पूर्ति निरीक्षक, प्रभारी अधिकारी यातायात व समस्त पेट्रोल पंप मलिक/ प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

## डीएम ने दिया बिना परमिट के चल रहे वाहनों पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** सड़क सुरक्षा समिति की बैठक जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में सिद्धार्थ सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 द्वारा पिछली बैठक की अनुपालन आख्या की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने विद्यालय के वाहनो के फिटनेस की जांच कराने का निर्देश दिया तथा यह भी निर्देश दिया कि बिना पंजीकरण कोई भी वाहन नही चलना चाहिए।

बिना परमिट के चल रहे वाहनों पर कार्यवाही करने का निर्देश दिया तथा परमिट का उल्लघंन करने पर वाहन चलाने वालो पर कड़ी कार्यवाई करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने एआरटीओ को निर्देश दिया कि ओवर लोडिंग गाड़ियों नहीं चलनी चाहिए। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओ के अधिशासी अभियन्ता/ प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देश दिया कि सड़क के किनारे गिट्टी व अन्य सामग्री नही पड़ा होना चाहिए यदि है तो उन्हें नोटिस देकर मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में उन्हें हटाकर थानों और तहसीलों में जब्त करने का निर्देश दिया। ट्रांसपोर्टरों के साथ बैठक/कार्यशाला आयोजित कर स्थानीय लोगो को भी जागरूक करे। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग और एन.एच.आई. को निर्देश दिया कि ब्लैक स्पाट को चिन्हित कर साइन बोर्ड लगवाने तथा गति सीमा का बोर्ड लगाने का निर्देश दिया। इसके साथ ही संकेतक बोर्ड की साफ-सफाई कराने का निर्देश दिया।

सभी वाहनो पर रिफ्लेक्टर लगवाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने उपस्थित समस्त अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्यक लगाये, तीन सवारी न चले, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। इस अवसर पर अधिशासी अभियन्ता इटवा आशीष भारद्वाज, एआरटीओ सुरेश कुमार मौर्या, अधिशासी अभियन्ता एनएच तथा अन्य संबधित अधिकारी उपस्थित थे।

# एसडीएम ने माघ मेला की तैयारी का लिया जायजा

**अवधनामा संवाददाता**

**बांसी सिद्धार्थनगर।** एसडीएम बांसी शशांक शेखर राय ने सोमवार को मोनी अमावस्या स्नान पर लगने वाले माघ मेला की तैयारी का जायजा लिया और नगर पालिका के जिम्मेदारों को आवश्यक निर्देश दिया। बताते चलें कि मोनी अमावस्या स्नान पर बांसी कस्बे में राप्ती नदी तट पर एक माह का माघ मेला लगता है। इस माघ मेला का उद्घाटन 28 जनवरी को होना है जिसकी तैयारी शुरू हो गई है। नगर पालिका ने माघ मेला मैदान की साफसफाई का कार्य शुरू कर दिया है। माघ मेला मैदान में भ्रमण के दौरान एस डी एम ने कहा कि मेले में आने वाले लोगों को किसी तरह की दुश्वारी न हो इसका विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि झूला व दुकानों के ब्लाक में चुना डालकर निशानदेही किया जाय जिससे किसी को दिक्कत न हो। साफसफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने कहा कि झूला के संचालक परमिशन की प्रक्रिया पूरी करने के बाद ही संचालन करेंगे। इसके बाद उन्होंने ई ओ मुकेश कुमार से कहा कि मेले से संबंधित सभी नीलामी पारदर्शी तरीके से करे। मौके पर मौजूद नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि मो इदरीश पटवारी ने कहा कि मेले में आने वाले लोगों के साथ साथ जो भी दुकानदार व शो मैन आ रहे इन्हें कोई दिक्कत न हो इसका ध्यान रखते हुए मेले नागरिक सुविधाओं की व्यवस्था किया जा रहा है। अवसर पर लिपिक जमील अहमद, रामकुमार, मेला प्रभारी अशफाक अहमद, शाकिर अली, शकील खान, श्यामबाबू, ध्रुव चंद्र सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## अध्यक्ष व ईओ की उपस्थिति में माघ मेला के विभिन्न स्रोतों की हुई नीलामी



**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** नगर पालिका कार्यालय में सोमवार को चमन आरा राईनी व अधिशासी अधिकारी मुकेश कुमार की उपस्थिति में माघ मेला साइकिल स्टैंड, शौचालय व फुटकर भूमि किराया तथा विद्युत आपूर्ति की नीलामी संपन्न हुई। बीते वर्ष के सापेक्ष इस बार आय में काफी वृद्धि हुई है। साइकिल स्टैंड की सर्वाधिक बोली 782000 मोनू मकरानी ने बोला है जबकि बीते वर्ष यह बोली 610000 में हुई थी, शौचालय नीलामी 86000 मोहम्मद अशरफ ने लिया है बीते वर्ष यह नीलामी 25000 में हुई थी। विद्युत आपूर्ति व्यवस्था की सर्वाधिक बोली 266000 में सफ़िउर्रहमान ने बोला है। बीते वर्ष यह नीलामी 190000 में हुई थी। फुटकर भूमि किराया की अधिकतम बोली दुर्गेश मूर्तिकार ने 300000 बोला है जबकि पिछले वर्ष यह नीलामी 85000 में हुई थीं। नीलामी संपन्न होने के बाद अधिशाषी अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि सभी नीलामी में आय की वृद्धि हुई है।

## छह वर्षीय बालक को एसएसबी के जवानों ने परिजनों को किया सुपुर्द

**बढ़नी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** भारत नेपाल के सीमावर्ती नगर पंचायत बढ़नी के पिलर नं 568 के निकट एक अज्ञात व्यक्ति सोमवार की देर शाम को एक अबोध बालक को बहला फुसला अपने साथ ले जा रहा था जिसे सरहद की सुरक्षा में लगे एसएसबी जवानों ने बचाया और बालक को उसके परिजनों को सुपुर्द कर दिया। मो अशरफ निवासी वार्ड नं 8 नगर पंचायत बढ़नी ने बताया कि सोमवार की देर शाम लगभग 8 बजे मेरा लड़का सरताज (6 वर्ष ) मोहल्ले में खेल रहा था, एक अज्ञात व्यक्ति बहला फुसला कर नेपाल की ओर ले जाने की फिराक में था। बकौल मो अशरफ सीमा की सुरक्षा में तैनात एस एस बी जवानों ने जब एक बच्चे के साथ एक व्यक्ति को सीमा पर जाते हुए देखा जवानों के टॉर्च मारने पर वह अज्ञात व्यक्ति बच्चे को छोड़कर नेपाल की ओर भाग गया। कहा जाता है कि बच्चे का हाथ पकड़कर एसएसबी के जवानों ने मुहल्ले में पड़ताल की और बच्चे को उसके परिजनों को सौंप दिया। उक्त घटना के पता चलते ही लोग हैरान हो गए और आस पास के क्षेत्र में अज्ञात व्यक्ति की तलाश में जुट गए किंतु उसका कुछ पता नहीं चल सका। बहरहाल सीमा क्षेत्र में होने वाली गतिविधियों पर पैनी नजर रखे, सावधान रहें, सतर्क रहे और सुरक्षित रहे। सीमा क्षेत्र मे अवांछनीय गतिविधि की शंका होने पर पुलिस और एसएसबी को अवश्य सूचित करें।

## सीएम डैशबोर्ड पर समस्त विभागों की समीक्षा की

**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड पर समस्त विभागों के विकास कार्यों के प्रगति की एकङ्कएक करके परियोजनावार गहन समीक्षा की। उन्होंने समस्त परियोजनाओं में संबंधित अधिकारियों को नियमित बेहतर कार्य करने और विकास परियोजनाओं में प्रगति लाकर रैंकिंग में सुधार लाने हेतु निर्देशित किया। बैठक में जिलाधिकारी ने विद्युत आपूर्ति, 15वां एवं 5वां वित्त आयोग ग्राम पंचायत, ओडीओपी टूलकिट योजना, मत्स्य उत्पादन, संरक्षित निराश्रित गोवंश की सुपर्दगी, अंडा उत्पादन से संबंधित अधिकारियों को विशेष तौर पर बेहतर कार्य कर परियोजनाओं की रैंकिंग में अपेक्षित सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को प्रतिदिन मॉनिटरिंग करने एवं विभागीय योजनाओं में शतङ्कप्रतिशत सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को कार्यों को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण करने तथा योजनाबद्ध तरीके से विभागीय लक्ष्यों के अनुरूप शतङ्कप्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## डीएम ने की समीक्षा बैठक

**अंबेडकरनगर।** दिनांक 20 जनवरी 2025 को जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मनरेगा कन्वर्जेंस से जुड़े कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया गया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना के अन्तर्गत रोजगार सृजन एवं स्थायी गुणवत्ता पूर्ण परिसम्पत्तियों के सृजन में लाइन विभागों की महत्वपूर्ण भूमिका है। अभिसरण के माध्यम से जहाँ विभिन्न विभागीय लक्ष्यों के और ज्यादा उपलब्धि होगी वहीं मजदूर को ज्यादा से ज्यादा कार्य मिलने की संभवना बनेगी।इससे मजदूरों के शहरी क्षेत्रों में पलायन रोकने में भी मदद मिलेगी। कोई विभाग मनरेगा अभिसरण उन कार्यों को ले सकते हैं जो कि विभागीय आवश्यकताओं के अनुसार जरूरी हो लेकिन उनमे पर्याप्त धनावंटन न हुआ हों।मनरेगा अभिसरण के अन्तर्गत कार्य कराये जाने हेतु लाइन विभागों की प्रभावी सहभागिता व फील्ड स्तर पर अभिसरण के आवश्यकता के दृष्टिगत लाइन विभागों द्वारा वर्ष 2024-25 में कराये जाने वाले कार्यों हेतु लक्ष्य आवंटित किया गया है।

# बाल विवाह मुक्त जिला बनाने के लिए विशेष बैठक

**अवधनामा संवाददाता**



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डॉ राजा गणपति आर के आदेशानुसार व मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार के निर्देशानुसार तथा जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद सिद्धार्थनगर को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए महत्त्वपूर्ण बैठक का आयोजन शुक्रवार को सीमाई क्षेत्र खुनुवा पंचायत भवन पर किया गया। जिसमें शादी जैसे शुभ कार्यों में बाल विवाह की रोकथाम के उपायों पर चर्चा की गई। बैठक में खरमास समाप्त होन के बाद बाल विवाह की सम्भावना के मद्देनज़र आवश्यक निर्देश देकर लोगो को जागरूक किया गया।

बैठक में पुरोहितों, नाई, बैण्ड पार्टी, माली, हलवाई, लाइट, टेंट डेकोरेशन व कार्यक्रमो को संचालित करने वाले प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों को भी बाल विवाह में सम्मिलित न होने के लिए जागरूक किया गया। यह बताया गया कि कार्यक्रम अयोजित करने से पूर्व वर की उम्र 21 वर्ष और वधू की उम्र 18 वर्ष से कम न होने की प्रमाणिकता जान लें। बाल संरक्षण अधिकारी विवेक कुमार मालवीय ने बैठक में मौजूद लोगों से कहा कि यदि कोई बाल विवाह करता हुआ पाया जाता है तो सम्बन्धित परिवारों व प्रतिष्ठानों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। बैठक को सम्बोधित करते हुए चाइल्ड लाइन परियोजना समन्वयक सुनील उपाध्याय ने चाइल्ड लाइन से सम्बंधित विस्तृत जानकारी दी तथा लोगो को चाइल्ड लाइन टोल फ्री नम्बर 1098, पुलिस 112, महिला हेल्प लाइन 1090 इत्यादि टोल फ्री नम्बरों की विस्तृत जानकारी दी। मानव सेवा संस्थान सेवा के प्रोग्राम मैनेजर जय प्रकाश गुप्ता ने लोगो को बाल विवाह, बाल श्रम, बाल तस्करी, बाल यौन शोषण से सम्बंधित जानकारी देते हुए बाल विवाह की रोकथाम हेतु लोगो को जागरूक करते हुए बाल विवाह के विरुद्ध शपथ भी दिलाया।

इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता, अविनाश सिंह, विपुल तिवारी, मानव सेवा संस्थान सेवा के आनन्द, ग्राम प्रधान संजय कुमार आदि महिला पुरुष शामिल रहे।

## भनवापुर के महतिनियां बुजुर्ग में खिचड़ी सहभोज आज



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के महतिनियां बुजुर्ग गांव के हनुमान व दुर्गा मंदिर परिसर में खिचड़ी सहभोज बुधवार को होगा। आयोजक हिन्दू युवा वाहिनी के जिला संगठन महामंत्री संजय मिश्रा ने बताया कि हिंदू युवा वाहिनी के तत्वाधान में प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी खिचड़ी सहभोज (हिंदू समरसता भोज) का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को सुबह 11 बजे आयोजन को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। कार्यक्रम स्थल मंदिर परिसर की साफ सफाई कर सभी लोगों से समय पर पहुंचने की अपील की गई है। इस दौरान संत गोपाल श्रीवास्तव, मन बहाल सोनी, सूरज सोनी, मनोज श्रीवास्तव, सनोज, विनोद, दिलीप चौधरी, मनोज शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।

## एफएमजी की परीक्षा में लहराया परचम

**टाण्डा अमबेडकर नगर अवधनामा संवाददाता।** प्रथम प्रयास में ही एफएमजी की परीक्षा पास कर टाण्डा के मोहल्ला छज्जापुर निवासी विशाल सोनी ने अपने परिजनों व समाज का नाम रौशन किया है। उनके पिता झिन्नू सोनी जो एक समाज सेवी के साथ साथ सरल स्वभाव के भी है। उन्होंने बताया कि मेरे पुत्र ने एमबीबीएस की डिग्री एशियन मेडिकल कालेज किरिगिस्तान से प्राप्त कर प्रथम प्रयास में ही भारत सरकार द्वारा संचालित एफएमजी की परीक्षा पास कर अपने कौशल का लोहा मनवाया। विशाल सोंनी ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता व गुरुजनों को दिया । विशाल की प्रारंभिक शिक्षा आदर्श जनता इन्टर कालेज टाण्डा में हुई। ऐसे में कालेज के शिक्षकों व माता पिता नेआशीर्वाद देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है। उनकी इस सफलता पर उत्तर प्रदेश स्वर्णकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष सत्य नारायण सेठ, प्रदेशीय नेता शत्रुघ्न सोंनी, जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार सोंनी, ओम शंकर सोंनी, विजय सोंनी ओम प्रकाश सोंनी, वरिष्ठ समाज सेवी राम प्यारे विश्वकर्मा आदि ने विशाल के उन्नति की कामना की है।



## आगामी 8 मार्च को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की भव्य सफलता को लेकर हुई बैठक

**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विरजेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में आगामी 8 मार्च को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की भव्य सफलता सुनिश्चित किये जाने हेतु जनपद के न्यायिक अधिकारीगण एवं प्रशासनिक अधिकारीगण के साथ विशेष बैठक किया गया।

बैठक में विरजेन्द्र कुमार सिंह जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत की भव्य सफलता सुनिश्चित किये जाने हेतु जनपद के न्यायिक अधिकारीगण, प्रशासनिक अधिकारीगण के साथ विचार-विमर्श किया गया।

प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत बीरेन्द्र कुमार अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश पाक्सों एक्ट द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी विभागों से अधिक से अधिक संख्या में नोटिस निर्गत किये जाने हेतु भी पत्राचार करें। जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बैठक में उपस्थित प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को निर्देशित किया कि जिला मुख्यालय तथा विभिन्न तहसीलों में ऐसे स्थान जहां जनसामान्य की अधिकाधिक संख्या मौजूद हो जैसे न्यायालय, कलेक्ट्रेट, बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, अस्पताल, हाट बाजार तहसील मुख्यालय, बैंक आदि जगहों पर लोक अदालत की भव्य सफलता सुनिश्चित किये जाने हेतु लोक अदालत एवं उसमें नियत की जा सकने वाले वादों की अधिकाधिक जानकारी व प्रचार-प्रसार हेतु प्रयास करें व जनसहभागिता सुनिश्चित करें।

# दो सप्ताह से अधिक खांसी के साथ टीकाकरण को न करें नजरअंदाज : डॉ. शैलेंद्र मणि ओझा

**भनवापुर के चिताही में आयोजित संचार गतिविधि व माता बैठक में किया जागरुक**

**अवधनामा संवाददाता**



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** भनवापुर ब्लाक क्षेत्र अंतर्गत सीएचसी सिरसिया के अधीक्षक डॉ. शैलेन्द्र मणि ओझा मंगलवार को चिताही पहुंचकर संचार गतिविधि व माता जागरूकता बैठक में गर्भवती महिलाओं को जागरूक किया।

अधीक्षक ने सीघ्र पंजीकरण, प्रसव पूर्व सभी जांचें व गर्भावस्था के दौरान प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत निशुल्क में चिकित्सीय परीक्षण व उपचार तथा निशुल्क में अल्ट्रासाउंड, संस्थागत प्रसव, टीकाकरण के फायदे आदि के विषय में जागरूक किया। डॉ.शैलेंद्र मणि ओझा ने 100 दिवसीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत क्षय रोग एक्टिव स्क्रीनिंग के विषय में जागरूक किया गया तथा ग्राम वासियों को बताया गया कि दो सप्ताह से अधिक दिन की खांसी पर किसी प्रकार की लापरवाही ना करें तथा निकटवर्ती सरकारी अस्पताल में निःशुल्क में बलगम की जांच व उपचार जरुर करवाये। बीएमसी सूर्यदेव सिंह तथा बीसीपीएम मेराज अहमद ने आशा बहू को टीकाकरण के एक दिन पूर्व डियू लिस्ट तैयार करते हुए बुलावा पर्ची वितरण करने व टीकाकरण से उदासीन परिवार को टीकाकरण के लिए प्रेरित करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान रीता देवी, दुर्गानंदानी, राजेश, मनोज, रामरति आदि उपस्थित रहे।

## वाहन पर लदा 18 पेटी वियर चोरी, चालक पर दर्ज हुआ केस

**अवधनामा संवाददाता**

**गोरखपुर।** गीडा थाना क्षेत्र के बाधागाड़ा के पास स्थित वियर गोदाम पर ले जा रहे वाहन से 18 पेटी वियर चोरी होगी। आबकारी निरीक्षक की तहरीर पर पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से गौतमबुद्ध नगर से किंगफिशर वियर 600 पेटी कार्टून जो वाहन पर लादकर बाधागाड़ा स्थित गोदाम पर भेजा गया था। जो 13 जनवरी को वाहन चालक ले कर आया था। गीडा थाना क्षेत्र के बाधागाड़ा के पास से वाहन से 18 पेटी वियर चोरी हो गया था। जिसमें वाहन चालक की भूमिका संदिग्ध लग रही थी। आबकारी निरीक्षक श्याम कुमार गुप्ता के तहरीर पर पुलिस ने वाहन चालक मनोज कुमार के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# सोलह बोरी यूरिया खाद के साथ नेपाली तस्कर गिरफ्तार



**अवधनामा संवाददाता**

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की सीमा चौकी लोहटी के जवानों ने 16 बोरी यूरिया के साथ 01 नेपाली व्यक्ति को पकड़ा। सोमवार के रात्रि में 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल सिद्धार्थनगर की सीमा चौकी लोहटी के नाका दल द्वारा सीमा स्तंभ संख्या 563 के समीप से पाच मोटरसाइकिल पर लादे 16 बोरी यूरिया के साथ 01 नेपाली तस्कर को पकड़ा। सूचना प्राप्त हुई थी कि सीमा स्तम्भ संख्या 563 के समीप बनचौरा गाँव से खाद की तस्करी होने वाली है। कार्यवाही को अंजाम देते हुए सीमा चौकी लोहटी से नाका दल चिन्हित स्थान के लिए रवाना हुए। सीमा स्तम्भ संख्या 563 के समीप नाका दल के पहुँचने के कुछ समय पश्चात् देखा गया कि बनचौरा गाँव के रास्ते से कुछ व्यक्ति मोटरसाइकिल पर बोरी लादे भारत से नेपाल के तरफ जा रहे है। नाका दल द्वारा उन लोगों को रुकने का इशारा किया गया परन्तु वे लोग मोटरसाइकिल छेड़ नेपाल के तरफ भागने लगे। नाका दल द्वारा उनका पीछा कर उनमें से एक व्यक्ति को पकड़ लिया गया। तत्पश्चात, नाका दल द्वारा सभी बोरियों को इकट्ठा किया गया जिसमें कुल 05 मोटरसाइकिल सहित 16 बोरी यूरिया बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान उस व्यक्ति ने अपना नाम सुरेश कुर्मी, उम्र- 24 वर्ष, पिता- सहदेव, गाँव- देवंगढ़ी, जिला कपिलवस्तु (नेपाल) बताया। उक्त व्यक्ति के द्वारा बरामद खाद से सम्बंधित कोई अभिलेख/साक्ष्य उपलब्ध नहीं कराया गयाद्ध तत्पश्चात, नाका दल द्वारा 05 मोटरसाइकिल व 16 बोरी यूरिया को जब्त कर उचित कागजी कार्यवाही के उपरांत व्यक्ति सहित सीमा शुल्क कार्यालय,बढ़नी को सुपुर्द कर दिया गया।

## आईटीएम गीडा की ज्ञान प्रताप सिंह गुंजन यादव को क्यूआईपी पीजी में मिली सफलता

**गोरखपुर।** इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट (आईटीएम), गीडा, गोरखपुर के लिए यह गर्व का क्षण है कि संस्थान के सहायक प्राध्यापक ज्ञान प्रताप सिंह और गुंजन यादव (मैकेनिकल इंजीनियरिंग) ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग पर आधारित क्यूआईपी-पीजी प्रमाणपत्र कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा किया। यह कार्यक्रम जुलाई 2024 से जनवरी 2025 के बीच आईआई आईटी लखनऊ में एआईसीटीई द्वारा आयोजित किया गया। संस्थान के निदेशक डॉ. एन.के. सिंह ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा, ज्ञान प्रताप सिंह और श्री गुंजन यादव की यह उपलब्धि न केवल संस्थान की प्रतिष्ठा को बढ़ाती है, बल्कि अन्य शिक्षकों और छात्रों के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत करती है। आईटीएम गीडा अपने प्राध्यापकों के समर्पण और निरंतर प्रयासों पर गर्व करता है।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्री व सहायिकाओं को विधायक विनय वर्मा ने उपहार देकर किया सम्मानित

**अवधनामा संवाददाता**



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** विधायक विनय वर्मा ने मंगलवार को विकास खण्ड मुख्यालय शोहरतगढ़ पर 255 आंगनबाड़ी कार्यकत्री व सहायिकाओं को उपहार देकर सम्मानित किया। एक दर्जन से अधिक गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कर पौष्टिक आहार व दवा वितरण किया तथा कुछ बच्चों को खीर खिलाकर अन्नप्राशन कराया।

शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने कहा कि शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं को फलीभूत करने के लिए दिन-रात मेहनत करके महिलाओं को स्वस्थ लाभ पहुंचा रही है इनकी जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है और उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं के माध्यम में बिना भेदभाव के लाभ पहुंचा रही है। पहले सरकारी अस्पतालों पर जाने से रोगी हिचकते थे आज हर स्वास्थ केंद्रों पर रोगियों की भीड़ लगी रहती है। उन्होंने सभी स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिया कि बिना भेदभाव के पूरी ईमानदारी व निष्ठा से रोगियों का निःशुल्क उपचार करें। विभिन्न प्रकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं के माध्यम से लाभार्थियों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन रामदास मौर्य ने किया। इस दौरान विधायक विनय वर्मा, बबिता वर्मा,खण्ड विकास अधिकारी यशोवर्धन सिंह,शिवपति स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्राचार्य डा अरविंद कुमार सिंह, सीडीपीओ निर्भय सिंह, रविन्द्र यादव, अरशद,राम मिलन त्रिपाठी, दीनानाथ पांडेय, हरीराम निषाद, रविन्द्र कुमार वर्मा, संजय कसौधन, प्रदीप कमलापुरी, ब्लाक कोआडीनेटर सीमा पाल, आंगनबाड़ी सुपरवाइजर मंजू भारती, मालती देवी, सीमा चौहान, हरीराम वर्मा, आंगनबाड़ी कार्यकत्री पूनम त्रिपाठी, अनीता शर्मा, बिन्दू गुप्ता, कक्षलक्ष्मी शर्मा, रम्भा,नीलम, माधुरी मिश्रा, गुंजा,निशा, रीता चौधरी, मीना पाण्डेय, मीनू, रितू, वंदना, सुनीता, बिन्दुमती, सरिता, सरोज कश्यप, सहायिका पूनम त्रिपाठी, कमलावती, शान्ति, सुमित्रा, वरफी, कुसुमलता, गीता, आराधाना, आशा चौधरी, पूजा सिह पूनम शुक्ला, गुडिया पाण्डेय आदि लोग मौजूद रहें।

## एचएमपी का मिथ

कोविड की बिमारी ने लोगो को बीमारियां को इससे मिलते जुलते लक्षण वाली कोविड के बाद लोग स्वतन्त्रता से धूम खेल रहे है। इस बिमारी का संक्रमण खुले में और भीड़ में सरलता से हो सकता है। इसकी कोई निश्चित दवा भी नही है। सर्दी जुकाम की तरह तीन चार दिनों में अपने आप ठीक हो जाता है। इसका सम्बन्ध सांस से है जो नाक और गले से प्रवेश करता है। पांच साल के बच्चे में इम्युनिटी कम होने से ग्रसित हो सकते है। वपस्कौ में इम्युनिटी विकसित हो जाती है वे कम प्रभावित होते है।

इसके बारे में पहली बार हालेन्ड के वायरालगिस्ट ने बताया था। यह कोई नया वायरस नहीं है। इस बीमारी पर 20 साल से ज्यादा सालों तक शोध करने वाले अमेरिकी वैज्ञानिक जानविलियम्स ने हाल में बताया है यह वायरस 200-400 से पहले चिड़ियों से मनुष्यों में आया है। अमेरिका के टेनेसी में शोधकों ने 1976 से 2001 के बीच सांस संक्रमणों से पीड़ित बच्चों के में पाया कि 12 प्रतिशत संक्रमण सिर्फ एमएमपीवी के कारण हुये थे। चीन, भारत, मलेशिया, काजाकिस्तान में इसके ज्यादातर मामले बच्चों में देखे जा रहे है। वैज्ञानिक का कहना है यह वायरस पहले से ही मौजूद है। पहले इसका टेसट मौजूद नही था। अब इसका आरर्ट-आरसीपी टेस्ट है। यह बीमारी 5-7 दिनों में अपने आप ठीक हो जाती है इसकी कोई निर्धारित दवा नहीं है। बुजुर्ग कमजोर इम्युनिटी वाले, दिल या फेफड़े की बीमारी वाले डायबिटीज या हाई ब्लडप्रेशर वाले के लिये यह खतरनाक भी हो सकता है। संक्रमण से बचने के लिये सवाधानी रखना जरूरी है। इस बात का कोई सबूत नही है कि यह हवा के जरिये फैलता है। इसीलिये नियमित मास्क लगाने की जरूरत नहीं होती है। भीड़ भरी जगहों में टेऊनो में बस में सावधानी के लिये मास्क पहनना बेहतर होगा। इसकी कोई खास दवा तो है नहीं। वैक्सीन भी नही है फ़्लिहाल एक लाइव इन एक्टी वेटेड वायरस स्क्रीन पर काम हो रहा है। इससे सारी तस्वीरे साफ हो जायेगी। बेकार के डर और चिन्ता तथा सावधानी की औपचारिकता से निजात मिल जायेगा। अगर एक्स पेरिमेन्ट से कोई खतरा सामने नहीं आता है। चूकि संक्रमण का बच्चों में हल्की प्रकृति और वयस्कों में पहले से मौजूद इम्युनिटी को देखते हुये वैक्सीन के जरूरत की सम्भावना बहुत कम दिखती है। फ़िर भी सामन्य स्वास्थ्य के लिये आम उपायों से बचाव जरूरी है। कहावत है प्रीवेन्शन इज बेटर देन क्योर इस पर चलना सभी के लिये लाभकारी है। बेकार और झूठे विज्ञापनों के घेरे में न आये। किसी बिमारी से फ़ायदा उठाने के लिये नीम हकीम बेकार के विज्ञपनों से पाम्पलेट बाटते है अखबारों में पढ़ते होगे दवा डालते ही फुर्र रोग क्या फुर्र होगा वैसा फुर्र हो जायेगा।

## 77 वर्षों के प्रयास से विश्व में बन पाई थी पहली सिनेमा फिल्म



ओमप्रकाश

सिनेमा चलचित्र आज के दिनों में मनोरंजन का लोकप्रिय उत्तम शक्तिशाली साधन है। फिल्म बनाने के प्रयास विदेशों में मुख्य रूप से पहले अमेरिका में हुए 19वीं शताब्दी में ही इसके लिए अनेक प्रयास किये गये। उस समय इसके लिए किनेमैटोग्राफ शब्द का प्रयोग होता था यह शब्द मूल रूप से यूनानी भाषा का शब्द है फ्रेंच भाषा में किनेमैटोग्राफ का पर्यायवाची शब्द सिनेमैटोग्राफ है। इस का संक्षिप्त रूप सिनेमा है जिसे हिन्दी में चलचित्र कहते हैं। चलचित्र अभिव्यंजना का एक आधुनिकतम साधन है जिसमें द्रुतगति से एक चित्रमाला दिखाई जाती है।

चलचित्र कला के द्वारा नेत्रों के सामने आने वाले स्थिर चित्र द्रुत गति से अग्रसरित होने के कारण गत्यात्मक प्रतीत होते हैं । इस आभास का मुख्य आधार मनुष्य की दृष्टि संबंधी एक विशेषता है जिसे दृष्टि-स्थिरता कहते हैं। जब हम किसी चित्र या दृश्य को देखते हैं तो हमारी आंखों के रेटिना पर जो चित्र अंकित होता है एक 1/16 सेकंड तक बना रहता है । यही दृष्टि स्थिरता का नियम अथवा सिद्धांत है। इस प्रकार जब एक सेकंड में 16 चित्रों की गति से लगातार चित्र आंखों के सामने से गुजरते हैं तब दर्शक को चलचित्र गति की अनुभूति होने लगती है। यही चलचित्र का आधार है। चल चित्रों के लिये सन 1826 में जे. ए. पेरिस ने एक खिलौना तैयार किया जिसे थॉम ट्रॉप कहते हैं। इस खिलौने की विशेषता है ठीक इसमें एक कार्ड (मोटे कागज का टुकड़ा )था जिसके सिरों पर डोरा बांधा गया था। इस कार्ड में एक और पिंजड़े का चित्र तथा दूसरी ओर चिड़िया का चित्र था इसी प्रकार दूसरे कार्ड में एक ओर घोड़ा तथा दूसरी ओर एक सवार का चित्र अंकित था जब दोनों डोरों के बीच कार्ड को जोरों (तेजी) से घुमाया जाता था तब यह प्रतीत होता है कि चिड़िया पिंजड़े में है तथा घुड़सवार घोड़े पर बैठा है। दोनों अलग-अलग चित्र एक ही प्रतीत होते थे इसका कारण था कि चिड़िया का चित्र आंखों से मिट नहीं पाता था कि पिंजड़े का चित्र आ जाता था इसी प्रकार घोड़े और सवार का था। 1829 में जे.ए. प्लेटो नामक विद्वान ने दृष्टि स्थिरता के नियम का निर्धारण किया और अपनी रचना 1833 में फेनाकिसटिस्कोप नामक यंत्र तैयार किया। इसके पश्चात सन 1834 में डब्लू. जी. हार्नर ने इस दिशा में एक महत्वपूर्ण आविष्कार किया जो आगे चलकर जैट्राप के नाम से अधिक लोकप्रिय हुआ। यह यंत्र एक गोल सिलेंडर के रूप में था इसके निचले हिस्से में घोड़े और आदमियों के चित्र लगाए गए थे जो सिलेंडर के घुमाने में चलते हुए मालूम पड़ते थे। एक अंग्रेज फोटोग्राफर एडवर्ड मेब्रिज ने 1877 में एक पंक्ति में 50 कैमरे लगाकर एक भागते हुए घोड़े के चित्र लेने में सफलता प्राप्त की। जब इन सब चित्रों को एक साथ रखकर देखा गया तो घोड़ा दौड़ता प्रतीत हो रहा था। मेब्रिज ने जूफे स्कोप नामक यंत्र का निर्माण किया जिसे चल चित्रों के कैमरे का प्रथम रूप कहा जा सकता था। प्रसिद्ध वैज्ञानिक थॉमस एल्वा एडिसन ने किनेटोस्काप नामक यंत्र का निर्माण किया 1891 में उसे पेटेंट करा लिया पर इसका आनंद एक ही व्यक्ति ले सकता था। 1889 में जॉर्ज ईस्टमैन ने सिलोलाइड फिल्म का निर्माण किया इसमें किनेस्टोकोप के लिए अलग-अलग प्लेटों पर चित्र लेने पड़ते थे कभी टूट-फूट की असुविधा भी होती थी अपने किनेस्टोकोप पर यह सिलोलाइड नई फिल्म चढ़ाकर एडीसन ने 6 अक्टूबर1889 के दिन वेस्ट ऑरेंज में चित्र प्रदर्शन किया जो बड़ा सफल रहा। पर यह केवल एक व्यक्ति के लिए ही था।

वाशिंगटन के थामस रमट ने जून 1895 में आधुनिक प्रोजेक्टर की विशेषताओं को खोज निकाला। उन्होने एक मशीन बनाई जिसका प्रथम जन प्रदर्शन सितंबर 1895 में मैं काटन स्टेटस प्रदर्शनी एटलान्टा में हुआ उसने एडिशन के चित्रों का सफल प्रदर्शन किया इसी का नाम वीटास्कोप हो गया। 23 अप्रैल 1896 में न्यूयॉर्क में एडिसन ने सिनेमैटोग्राफ का प्रथम सार्वजनिक प्रदर्शन किया पर इन फिल्मों में कथा न थी वरन चित्र थे। सन 1903 में पहली बार एक ऐसी फिल्म बनी जिसमें सजीव घटना के चित्र थे। फिल्म का नाम था लाइफ आफ अमेरिकन फायर मैन कुछ समय बाद दूसरी फिल्म बनी दी ग्रेट ट्रेन राबेरी। ब्रिटेन ने एक फिल्म लाइफ एंड डेथ आफ चार्लस पीयर्स बनाई गई इसके बाद रेस्क्यूड बाई रिवर नामक फिल्म बनी इसे ब्रिटेन का प्रथम कथा चित्र कहा गया। फ्रांस में लुमियरे बंधुओं ने 1895 में सिनेमैटोग्राफ मशीन तैयार की इसमें कैमरा प्रिंटर तथा प्रोजेक्टर जुड़े थे इसे आसानी से ले जाया सकता था। 28 दिसंबर 1895 में पेरिस के गैन्ड कैफ में जनता के सामने चित्र प्रदर्शन किया गया जिसमें दर्शकों से प्रवेश शुल्क भी लिया गया इसके दर्शक 120 थे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन
स्थानीय संपादक
मोहम्मद आलम रिज़्वी
RNI No UPHIN/2010/31173
टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716
avadhnamahindi@gmail.com,

**योजना के सबसे प्रभावशाली परिणामों में से एक है - महिलाओं को मिली वित्तीय स्वतंत्रता। भूमि स्वामित्व ऋण, क्रेडिट और बीमा जैसी वित्तीय सेवाओं तक पहुँच को सक्षम बनाता है, जो पहले औपचारिक भू-स्वामित्व के बिना संभव नहीं थे। यह पहुँच महिलाओं को अपने परिवार के भविष्य में निवेश करने और वित्तीय स्थिरता स्थापित करने की सुविधा देती है। संपत्ति में महिलाओं को सह-स्वामियों के रूप में शामिल करने से, ग्रामीण महिलाओं के पास अब ऋण प्राप्ति के लिए गिरवी के रूप में अपनी भूमि का उपयोग करने की क्षमता है।**

# सह-स्वामित्व के माध्यम से महिलाओं का सशक्तिकरण

**सुशील कुमार लोहानी**

18 जनवरी को लगभग 65 लाख स्वामित्व संपत्ति कार्डो का वितरण, ग्रामीण सशक्तिकरण और आर्थिक परिवर्तन की दिशा में भारत की यात्रा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। यह पहल, संपत्ति के अधिकारों को मजबूत करने और समावेशी ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। यह नागरिकों, विशेष रूप से महिलाओं और समाज के वंचित वर्गों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो एक समृद्ध और विकसित भारत के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाता है।

ऐतिहासिक रूप से, भारत में ग्रामीण महिलाएँ कृषि, घरेलू प्रबंधन और सामुदायिक जीवन का केंद्र रही हैं। उनके महत्वपूर्ण योगदान के बावजूद, प्रणालीगत बाधाओं ने उन्हें उस भूमि की कानूनी मान्यता से वंचित कर दिया है, जिस पर वे खेती करती हैं और जिसकी देखभाल करती हैं। इस असमानता ने महिलाओं की वित्तीय संसाधनों, अवसरों और स्वतंत्रता तक पहुँच को बाधित कर दिया है, जिससे आर्थिक और लैंगिक असमानताएँ अभी तक मौजूद हैं। स्वामित्व योजना आधिकारिक तौर पर महिलाओं को भूमि के सह-स्वामी के रूप में मान्यता देकर इस आख्यान को नया रूप दे रही है। यह परिवर्तनकारी पहल, महिलाओं को पारिवारिक संपत्ति में समान हिस्सेदारी की सुविधा देती है तथा उन्हें आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाती है। यह लैंगिक समानता को आगे बढ़ाने और ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं की वित्तीय स्वतंत्रता को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण कदम है। ग्रामीण भारत में, भूमि स्वामित्व वित्तीय मूल्य से परे है - यह सामाजिक स्थिति और सुरक्षा का प्रतिनिधित्व करता है। संपत्ति के अधिकार के बिना, महिलाओं को अक्सर वित्तीय अस्थिरता, विस्थापन और घरेलू हिंसा का सामना करना पड़ता है। कानूनी भूमि अधिकार प्रदान करके, स्वामित्व योजना महिलाओं को भूमि उपयोग, पहुँच और संसाधनों के संबंध में सुरक्षा और निर्णय लेने की शक्ति प्रदान करती है।



योजना के सबसे प्रभावशाली परिणामों में से एक है - महिलाओं को मिली वित्तीय स्वतंत्रता। भूमि स्वामित्व ऋण, क्रेडिट और बीमा जैसी वित्तीय सेवाओं तक पहुँच को सक्षम बनाता है, जो पहले औपचारिक भू-स्वामित्व के बिना संभव नहीं थे। यह पहुँच महिलाओं को अपने परिवार के भविष्य में निवेश करने और वित्तीय स्थिरता स्थापित करने की सुविधा देती है। संपत्ति में महिलाओं को सह-स्वामियों के रूप में शामिल करने से, ग्रामीण महिलाओं के पास अब ऋण प्राप्ति के लिए गिरवी के रूप में अपनी भूमि का उपयोग करने की क्षमता है। उदाहरण के लिए, महाराष्ट्र के पुणे जिले में स्थानीय अधिकारियों ने महिलाओं को संपत्तियों का सह-स्वामी बनने के लिए सक्रिय रूप से प्रोत्साहित किया। परिणामस्वरूप, महिलाओं द्वारा संयुक्त रूप से या पूर्ण स्वामित्व वाली आवासीय संपत्तियों का प्रतिशत आश्चर्यजनक रूप से 16 फीसदी से बढ़कर 88 फीसदी हो गया। इस बदलाव ने महिलाओं को ऋण प्राप्त करने, व्यवसाय शुरू करने और वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त करने के साथ-साथ संपत्ति विवादों को कम करने और आर्थिक स्थिरता को बढ़ाने के प्रति सशक्त बनाया है। इसी तरह, मध्य प्रदेश में, राज्य के भू राजस्व संहिता के तहत सह-स्वामी के रूप में महिलाओं को शामिल करने के परिवर्तनकारी प्रभाव हुए हैं। हरदा की श्रीमती शालिया सिद्दीकी जैसी महिलाओं ने बताया कि स्वामित्व योजना के तहत संपत्ति कार्ड प्राप्त करने से कैसे उनकी भूमि सुरक्षित हुई और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए कानूनी समर्थन प्राप्त हुआ। इस सशक्तिकरण ने ऋण, कृषि सहायता और अन्य वित्तीय संसाधनों तक पहुँच को सक्षम किया है, जिससे उनके जीवन की गुणवत्ता में काफी सुधार हुआ है।

वित्तीय और कानूनी सशक्तिकरण से परे, यह योजना एक महत्वपूर्ण सामाजिक उपलब्धि है। कई महिलाओं के लिए, संपत्ति का स्वामित्व परिवारों और समुदायों में सुरक्षा, मान्यता और अपनेपन की भावना को बढ़ावा देता है। यह उन सांस्कृतिक मानदंडों को चुनौती देता है, जिन्होंने ऐतिहासिक रूप से महिलाओं को संपत्ति से संबंधित निर्णय लेने की प्रक्रिया से बाहर रखा है। इस योजना के जरिये महिलाओं को घरेलू और सामुदायिक शासन में सक्रिय भूमिका निभाने में सक्षम बनाया गया है। भूमि अधिकारों को सुरक्षित करके, स्वामित्व योजना गहरी जड़ें जमाए लैंगिक पूर्वाग्रहों का समाधान करती है और महिलाओं को निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में भाग लेने के लिए सशक्त बनाती है। कानूनी मान्यता परिवारों और समाज के भीतर उनकी स्थिति को मजबूत करती है, घरेलू संसाधनों पर अधिक नियंत्रण प्रदान करती है और संपत्ति विवादों के दौरान विस्थापन या अधिकारों के उल्लंघन के जोखिम को कम करती है। वित्तीय या व्यक्तिगत संकट के दौरान, भूमि स्वामित्व एक अतिरिक्त सुरक्षा उपाय के रूप में कार्य करता है, जो महिलाओं को अपने अधिकारों का दावा करने और अपनी आजीविका सुरक्षित करने में सक्षम बनाता है। इसके अलावा, यह योजना संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) के अनुरूप है, विशेष रूप से लक्ष्य 1, जिसका उद्देश्य गरीबी को समाप्त करना है, और उप-लक्ष्य 1.4.2, जो महिलाओं सहित कमजोर समूहों के लिए कार्यकाल सुरक्षा को मजबूत करने पर जोर देता है। महिलाओं को संपत्ति के मालिकों के रूप में मान्यता देकर, स्वामित्व योजना इन वैश्विक लक्ष्यों में महत्वपूर्ण योगदान देती है तथा समावेशी और सतत विकास को बढ़ावा देती है। सुरक्षित भूमि अधिकारों के लाभ व्यक्तिगत घरों से आगे जाते हैं। जिन महिलाओं के पास भूमि का मालिकाना हक़ होता है, वे वित्तीय सेवाओं तक पहुँचने, अपने परिवारों के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य परिणामों में सुधार करने और लैंगिक हिंसा को कम करने की दृष्टि से बेहतर स्थिति में होती हैं। सशक्त भूमि मालिक आर्थिक विकल्पों पर स्वायत्तता प्राप्त करते हैं, उनकी सामाजिक स्थिति में सुधार होता है और वे सामुदायिक मामलों में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं। इससे एक क्रमिक प्रभाव पैदा होता है, महिलाएँ अपने समुदायों में फिर से निवेश करती हैं, स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को मजबूत करती हैं और सतत विकास को बढ़ावा देती हैं। इस योजना की सफलता महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ती है, जहाँ इसके कार्यान्वयन के ठोस लाभ सामने आये हैं। 13 राज्यों ने पहले ही संपत्ति में महिलाओं के सह-स्वामित्व को अपना लिया है, उम्मीद है कि अन्य राज्य भी इसका अनुसरण करेंगे, जिससे ग्रामीण भारत में इस योजना के परिवर्तनकारी प्रभाव का विस्तार होगा। योजना के कार्यान्वयन ने 31 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है। 67,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैले 3.17 लाख गांवों में ड्रोन सर्वेक्षण पूरा हो चुका है। इस व्यापक मानचित्रण से अनुमान लगाया गया है कि भूमि का आर्थिक मूल्य 132 लाख करोड़ रुपये है।

# 47वें राष्ट्रपति बने ट्रंप, पहले भाषण में ही फ़ैसलों की झड़ी

**राष्ट्रपति की शपथ के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, अमेरिका का स्वर्ण युग अभी शुरू हो रहा है। इस दिन से हमारा देश फिर से समृद्ध होगा और पूरी दुनिया में इसका सम्मान किया जाएगा। मैं बहुत ही सरलता से अमेरिका को सबसे पहले रखूंगा। हमारी संप्रभुता को पुनः प्राप्त किया जाएगा। हमारी सुरक्षा बहाल की जाएगी। न्याय के तराजू को फिर से संतुलित किया जाएगा। जस्टिस डिपार्टमेंट और हमारी सरकार का क्रूर, हिंसक और अनुचित हथियारीकरण समाप्त हो जाएगा।**



किशन भावनांनी

वैश्विक स्तरपर दुनियाँ के करीब करीब हर देश में 20 जनवरी को अमेरिका क़े स्थानीय समय अनुसार दोपहर 12 बजे वह विभिन्न देशों के स्थानीय समय के साथ-साथ भारत के स्थानीय समय रात्रि 10:30 को, हर हितधारक या रुचिधारक व्यक्ति की नजरें एकटक संचार माध्यमों जैसे टीवी मोबाइल रेडियो आदि पर लगी हुई थी,जहां डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के 47 वें राष्ट्रपति पद की शपथ ग्रहण कर रहे थे। मैं स्वयं भी अपने मोबाइल पर देर रात्रि करीब 3 बजे तक डिबेट, समाचार, विचार सुनता रहा फिर आर्टिकल तैयार किया हूं। मैं मोबाइल पर भारत सहित विश्व की अनेकों टीवी चैनलों पर रिसर्च कर देखा तो मुझे करोड़ों लोग लाइव देखते हुए मिले किसी चैनल में हजारों तो किसी चैनल में लाखों लोग लाइव देखते हुए मिले एक अमेरिकी चैनल में 4.5 के यूजर्स का आंकड़ा भी मुझे दिखा। सबसे पहले उपराष्ट्रपति क़े लिए जे डी वैन्स ने शपथ ग्रहण किया उसके बाद डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति पद की शपथ ली,फिर उन्होंने अपने पहले ही संबोधन में फैसलों की लगा दी झड़ी,दुनियाँ की नींद उड़ी, क्योंकि करीब करीब 13 से अधिक कड़े फैसले तुरंत ही लिए गए (1) अमेरिका फर्स्ट की नीति पर काम करेगी सरकार (2) मेक्सिको की खाड़ी का नाम अमेरिका की खाड़ी रखा जाएगा (3) मेक्सिको बॉर्डरपर इमरजेंसी का प्लान (4) ड्रग्स तस्करों को आतंकवादी घोषित किया (5) घुसपैठियों को रोकने के लिए सेना की मदद (6)अमेरिका में अब से थर्ड जेंडर नहीं रहेगा (7) अमेरिका में सबको बोलने की आजादी, इशारा अश्वेतों की तरफ (8) ड्रिल बेबी ड्रिल नीति का ऐलान (9) दूसरे देशों पर टैक्स व टैरिफ बढ़ाएंगे (10) अमेरिका में सैनिकों के अधिकार बढ़ाएंगे (11) 20 जनवरी 2025 अमेरिका में नई आजादी का दिन (12) दूसरे देशों की जंग में अमेरिका की सेना नहीं जाएगी (13) पनामा नहर से चीन का अवैध कब्जा हटेगा। बता दें इन फैसलों में भारत को सिर्फ नई आवर्जन नीति से फर्क पड़ सकता है, क्योंकि चैनल पर डिबेट में बताया गया की 2022 के आंकड़ों के अनुसार अमेरिका में भारतीय मूल की आबादी 6 पर्सेंट यानें 27 लाख है, जिसमें 7.25 लाख अवैध भारतीय हैं जिनमें 1100 लोगों को पिछले वर्ष सख्ती से वापस भेज दिया गया था। ट्रंप से 62 गुना अमीर एलन मस्क का जलवा भी दिखा ! एक जमाना था ट्विटर ने ट्रंप का अकाउंट बंद कर दिया था,जो आगे चलकर एलन मस्क ने खरीदा व ट्विटर से नाम बदलकर एक्स रख दिया। एक अनोखी बात यह हुई कि ट्रंप अपने पहले ही भाषण में जो बाईडेन के बीते 4 वर्षो की आलोचना तक कर दी। चूँकि ट्रंप शासन 2.0 शुरू-अमेरिका बनेगा महान प्रथम भाषण में घोषित किए गए प्लान, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,अमेरिका के 47 वें राष्ट्रपति बने ट्रंप, पहले भाषण में ही फसलों की झड़ी, दुनियाँ की नींद उड़ी।



साथियों बात अगर हम ट्रंप द्वारा राष्ट्रपति की शपथ के बाद तुरंत संबोधन की करें तो, डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, अमेरिका का स्वर्ण युग अभी शुरू हो रहा है। इस दिन से हमारा देश फिर से समृद्ध होगा और पूरी दुनिया में इसका सम्मान किया जाएगा। मैं बहुत ही सरलता से अमेरिका को सबसे पहले रखूंगा। हमारी संप्रभुता को पुनः प्राप्त किया जाएगा। हमारी सुरक्षा बहाल की जाएगी। न्याय के तराजू को फिर से संतुलित किया जाएगा। जस्टिस डिपार्टमेंट और हमारी सरकार का क्रूर, हिंसक और अनुचित हथियारीकरण समाप्त हो जाएगा। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, हमारी प्राथमिकता एक ऐसे राष्ट्र का निर्माण करने की होगी जो गौरवान्वित, समृद्ध और स्वतंत्र हो। अमेरिका को पहले से कहीं ज्यादा महान, मजबूत और कहीं ज्यादा असाधारण होना चाहिए। डोनाल्ड ट्रंप ने आव्रजन पर अपनी आगामी कार्यकारी कार्रवाई का जिक्र करते हुए कहा कि वह दक्षिणी सीमा पर आपातकाल की घोषणा करेंगे और अपने पहले कार्यकाल में लागू की गई कई नीतियों को फिर से लागू करेंगे। उन्होंने कहा कि वह पकड़ो और छोड़ो की प्रथा को समाप्त करेंगे और मैक्सिकन ड्रग कार्टेल को विदेशी आतंकवादी संगठन घोषित करेंगे। ट्रंप ने अपने भाषण के दौरान कहा, मैं इस विश्वास और आशा के साथ राष्ट्रपति पद पर वापस आ रहा हूं कि हम राष्ट्रीय सफलता के एक रोमांचक नए युग की शुरुआत में हैं। देश में बदलाव की लहर चल रही है। उन्होंने कहा कि सरकार विश्वास के संकट का सामना कर रही है। उन्होंने कहा कि कट्टरपंथी और भ्रष्ट प्रतिष्ठान ने कई वर्षो से देश पर कहर बरपाया है। ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी सरकार अब बुनियादी सेवाएं प्रदान नहीं कर सकती है, उन्होंने पश्चिमी उत्तरी कैरोलिना को तबाह करने वाले तूफान के विनाशकारी नतीजों की ओर इशारा किया। उन्होंने तर्क दिया कि दक्षिणी सीमा पर स्थिति नियंत्रण से बाहर है। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा, आज से यह सब बदल जाएगा। ट्रंप ने कहा कि उनकी हालिया जीत अमेरिकी लोगों के साथ किए गए भयानक विश्वासघात को पूरी तरह से पलटने का जनादेश है। ट्रंप ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि वे लोगों को उनका विश्वास, धन, लोकतंत्र और स्वतंत्रता वापस दिला पाएंगे। उन्होंने कहा, इस क्षण से अमेरिका का पतन समाप्त हो गया है। ट्रंप ने कहा कि पिछले आठ वर्षों में उन्हें इतिहास के किसी भी राष्ट्रपति की तुलना में ज्यादा परीक्षा और चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। उन्होंने कहा कि हमारे गणतंत्र को फिर प्राप्त करने की यात्रा आसान नहीं रही है। ट्रंप ने पिछले साल पेंसिल्वेनिया के बटलर में हुई उस घटना का उदाहरण दिया जिसमें उन पर गोली चलाई गई थी और गोली उनके कान को छूते हुए निकल गई थी। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा, मेरी जान किसी कारण से बचाई गई। मुझे भगवान ने अमेरिका को फिर से महान बनाने के लिए बचाया ।

ट्रंप ने कहा कि वह हर जाति, धर्म, रंग और पंथ के अमेरिकियों के लिए आशा, समृद्धि और शांति वापस लाने के लिए उद्देश्य और गति के साथ आगे बढ़ेंगे। ट्रंप ने उन राज्यों में अपनी बड़ी जीत की ओर इशारा किया, जहां मुकाबड़ा कड़ा माना जा रहा था। ट्रंप ने कहा, अश्वेत और हिस्पैनिक समुदायों को, मैं आपके वोट के माध्यम से मुझे दिखाए गए प्यार और विश्वास के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। उन्होंने कहा, मैंने अभियान में आपकी आवाज सुनी है और मैं आने वाले वर्षों में आपके साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, अब अमेरिका में राष्ट्रीय एकता लौट रही है और आत्मविश्वास और गौरव पहले से कहीं ज्यादा बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, हम जो कुछ भी करेंगे, उसमें मेरा प्रशासन उत्कृष्टता और निरंतर सफलता की प्रबल खोज से प्रेरित होगा। हम अपने देश को नहीं भूलेंगे, अपने संविधान को नहीं भूलेंगे और अपने ईश्वर को नहीं भूलेंगे। ट्रंप ने कहा कि वह अपने कैबिनेट सदस्यों को मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने का आदेश देंगे। उन्होंने कहा कि वह राष्ट्रीय ऊर्जा आपातकाल की भी घोषणा करेंगे। राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि वह बाइडेन युग के इलेक्ट्रिक वाहन जनादेश को रद्द कर देंगे।

# शैक्षिक गुणवत्ता के लिए बुनियादी ढांचे का विकास ज़रूरी


**पटना सचिवालय और पटना जंक्शन से कुछ ही दूरी पर स्थित इस स्लम बस्ती की आबादी लगभग एक हजार के आसपास है। जहां करीब 60 प्रतिशत ओबीसी और 20 प्रतिशत अल्पसंख्यक समुदाय निवास करते हैं। तीन मोहल्ले अदालतगंज, ईख कॉलोनी और ड्राइवर कॉलोनी में विभाजित इस स्लम एरिया की रहने वाली सभी लड़कियां और लड़के आसपास के सरकारी स्कूलों में ही पढ़ते हैं।**



पूनम कुमारी

इस वर्ष की शुरुआत में शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी यूडीआईएसई प्लस (Unified District Information System for Education) डेटा के अनुसार 2023-24 में स्कूलों में दाखिले की संख्या में करीब 37 लाख की कमी दर्ज की गई है। सबसे अधिक माध्यमिक स्तर पर करीब 17 लाख नामांकन में कमी पाई गई है। यह कमी आर्थिक और सामाजिक रूप से पिछड़े समुदायों और लड़कियों के वर्ग में अधिक देखी गई है। हालांकि इन सबके बीच अच्छी बात यह है कि प्री-प्राइमरी स्कूलों में नामांकन में करीब 29 लाख की बढ़त दर्ज की गई है। वर्ष 2022-23 में 1.01 करोड़ की तुलना में वर्ष 2023-24 में प्री-प्राइमरी स्कूलों में नामांकन 1.30 करोड़ दर्ज किया गया है। लेकिन माध्यमिक स्तर पर गिरावट चिंताजनक है। दरअसल इसके पीछे अन्य कारकों के साथ साथ स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं के अभाव को अहम माना जाता है। देश के अन्य राज्यों की तरह बिहार के सरकारी स्कूलों में भी बुनियादी सुविधाओं की कमी के कारण बच्चों की शिक्षा प्रभावित होती नज़र आती है।

बिहार की राजधानी पटना राज्य का एक महत्वपूर्ण शैक्षिक केंद्र रहा है। लेकिन यहां सरकारी स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं का अभाव शिक्षा की गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। यह समस्या न केवल बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता को प्रभावित कर रही है, बल्कि उनके स्वास्थ्य और मानसिक विकास पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल रहा है। इन सरकारी स्कूलों में सबसे अधिक आर्थिक रूप से कमज़ोर परिवारों और स्लम बस्तियों के बच्चे पढ़ने आते हैं। कई सरकारी स्कूलों में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं है। इसलिए अक्सर बच्चे घर से ही पीने का पानी लाते हैं। इस संबंध में पटना के अदालतगंज स्थित स्लम बस्ती की रहने वाली 10 साल की मुस्कान बताती है कि वह राजकीय कन्या मध्य विद्यालय, तारामंडल की पांचवीं कक्षा की छात्रा है। उसके स्कूल में पीने का साफ़ पानी उपलबध नहीं है। नल से अक्सर पीने के लायक पानी नहीं आता है। इसलिए वह और सभी बच्चे घर से ही पीने का पानी लाते हैं। वहीं उसकी मां किरण देवी बताती हैं कि स्कूल में मिलने वाले मिड डे मील की गुणवत्ता भी अच्छी नहीं है। अक्सर बच्चे बेहतर खाना नहीं मिलने और इसकी क्वालिटी की शिकायत करते हैं। इसलिए अब वह मुस्कान को घर से ही टिफिन बना कर दिया करती हैं।



पटना सचिवालय और पटना जंक्शन से कुछ ही दूरी पर स्थित इस स्लम बस्ती की आबादी लगभग एक हजार के आसपास है। जहां करीब 60 प्रतिशत ओबीसी और 20 प्रतिशत अल्पसंख्यक समुदाय निवास करते हैं। तीन मोहल्ले अदालतगंज, ईख कॉलोनी और ड्राइवर कॉलोनी में विभाजित इस स्लम एरिया की रहने वाली सभी लड़कियां और लड़के आसपास के सरकारी स्कूलों में ही पढ़ते हैं। जहां अक्सर उन्हें बुनियादी सुविधाओं के अभाव से गुज़रना पड़ता है। ड्राइवर कॉलोनी की रहने वाली ममता देवी बताती हैं कि उनकी बेटी 9 कक्षा की छात्रा है। वह बस्ती से कुछ ही दूरी पर संचालित राजकीय कन्या विद्यालय में पढ़ने जाती है। वहां के शौचालय की स्थिति बहुत खराब है। वह किसी प्रकार से उपयोग के लायक नहीं होता है। ऐसे में सबसे अधिक लड़कियों को माहवारी के समय कठिनाइयां आती हैं। जब उन्हें पैड बदलने के लिए उसी गंदे शौचालय का प्रयोग करने पर मजबूर होना पड़ता है। वह कहती हैं कि अक्सर माहवारी के समय में उनकी बेटी स्कूल जाने से मना कर देती है। जिससे उसकी पढ़ाई का नुकसान होता है। वह बताती हैं कि अधिकतर जूनियर क्लास में बेंच और फर्नीचर भी बेहतर स्थिति में नहीं होते हैं। जिससे बच्चे ज़मीन पर ही बैठ कर पढ़ते हैं। कई सरकारी स्कूलों के भवन भी काफी पुराने हो चुके हैं। जिन्हें तत्काल मरम्मत की ज़रूरत है।

आज के दौर में डिजिटल लर्निंग के बिना बच्चों का शैक्षणिक विकास अधूरा माना जाता है। निजी स्कूलों में जहां बच्चों को पहली क्लास से ही कंप्यूटर और इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध होना आम बात है, वहीं पटना समेत बिहार के ज़्यादातर सरकारी स्कूलों के बच्चे अभी भी इस सुविधा से दूर हैं। डिजिटल शिक्षण में अवसरों की कमी इन स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को आधुनिक शैक्षिक अवसरों से दूर कर देती है। हालांकि इस कमी की ओर राज्य सरकार अब विशेष रूप से ध्यान दे रही है और सरकारी स्कूलों के बच्चों को कंप्यूटर शिक्षा से जोड़ने का प्रयास कर रही है। इस संबंध में पिछले महीने राज्य के शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव ने प्राथमिक शिक्षा निदेशालय को नए शैक्षणिक सत्र से राज्य के 31 हजार 297 मध्य विद्यालयों में कंप्यूटर शिक्षा लागू करने का निर्देश दिया है। साथ ही प्रारंभिक विद्यालय स्तर पर भी कंप्यूटर शिक्षा को एक विषय के रूप में भी पाठ्यक्रम में रखने का फैसला किया गया है। इसके लिए कंप्यूटर के बेसिक नॉलेज पर आधारित किताबें बच्चों को उपलब्ध कराई जाएंगी। मध्य विद्यालयों में बच्चों को कंप्यूटर सिखाने के लिए शिक्षक और विशेषज्ञ भी रखे जाएंगे। शिक्षा विभाग की योजना के अनुसार पहले चरण में छठी, सातवीं और आठवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को कंप्यूटर शिक्षा दी जाएगी। इसके बाद दूसरे चरण में तीसरी, चौथी और पांचवीं कक्षा के बच्चों को कंप्यूटर के बारे में बेसिक ज्ञान दिया जाएगा। दूसरे चरण में सभी 40,566 प्राथमिक विद्यालयों में कंप्यूटर शिक्षा को लागू किया जाएगा। इस प्रकार राज्य के सभी 71 हजार 863 प्राथमिक और मध्य विद्यालयों के बच्चे भी कंप्यूटर जैसी आवश्यक तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने में सक्षम हो सकेंगे। राज्य सरकार का यह प्रयास सराहनीय है। इससे सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे भी निजी और महंगे स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की तरह स्कूली स्तर पर ही डिजिटल रूप से सक्षम हो सकेंगे। इसके अलावा शिक्षकों की संख्या बढ़ाने और उनके प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। हाल के वर्षों में राज्य सरकार द्वारा बड़े पैमाने पर शिक्षकों की भर्ती कर उन्हें प्रशिक्षित करने की योजना सरकारी स्कूलों की दशा में सुधार के संकेत कहे जा सकते हैं। लेकिन इसके साथ साथ स्कूलों में बुनियादी ढांचे में सुधार जैसे पीने का साफ़ पानी, बिल्डिंग, शौचालय, प्रयोगशालाएं और कक्षाओं में फर्नीचर उपलब्ध कराना भी ज़रूरी है।

# सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की डिजिटल प्रदर्शनी में तीन नये कानून की मिल रही जानकारी

## नये कानून के तीन आधार न्याय, निष्पक्षता और सामान्य व्यवहार, कानून के हाथ तकनीक के साथ न्याय और नागरिक सुरक्षा पर जोर

**महाकुम्भ नगर।** डर नहीं न्याय पर आधारित आज़ाद भारत के अपने तीन नये कानून, भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता जो 1 जुलाई, 2024 से लागू हैं। इन तीन नये कानूनों की विस्तृत जानकारी सरल भाषा में महाकुम्भ प्रयागराज में त्रिवेणी मार्ग पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार की आकर्षक डिजिटल प्रदर्शनी में श्रद्धालु जनों को मिल रही है।





एनामॉर्फिक वाल, एलईडी टीवी स्क्रीन, एलईडी वाल, होलोग्राफिक सिलेंडर के माध्यम से भारत सरकार की विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी के साथ साथ सरकार की नयी नीतियों, कानूनों और भारतीय संविधान की भी जानकारी प्रदर्शनी के दर्शकों को मिल रही है। दृश्य -श्रव्य माध्यम से बताया जा रहा है कि नये कानून के तीन आधार न्याय, निष्पक्षता और सामान्य व्यवहार हैं, कानून के हाथ तकनीक के साथ हैं जिसमें न्याय और नागरिक सुरक्षा को महत्व दिया गया है। नये कानूनों में भारत की न्याय व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, कुशल और समकालीन समाज की आवश्यकताओं के अनुकूल बनाया गया है। तीनों नये कानून भारतीय न्याय प्रणाली में ऐतिहासिक बदलाव के प्रतीक हैं, जो साइबर अपराध, संगठित अपराध जैसी आधुनिक चुनौतियों से निपटने और विभिन्न अपराधों के पीड़ितों के लिए न्याय सुनिश्चित करने के लिए नई संरचना प्रस्तुत करते हैं।

# मुमताज पीजी कॉलेज में शिक्षकों और छात्रों के साथ टीम ड्रीमबिग का शैक्षिक संवाद

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** ड्रीम बिग लखनऊ के तत्वावधान में मुमताज पीजी कॉलेज में छात्र-छात्राओं के लिए कैरियर प्लानिंग (अर्ली गोल सेटिंग) कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रोजेक्ट ड्रीम बिग के रूह रवान अपर मुख्य सचिव, असम सरकार डॉ. मुहम्मद आरिज़, मुख्य वक्ता थे। उन्होंने शिक्षकों और छात्रों के साथ विशेष बातचीत की। अपने संवाद में, उन्होंने छात्रों के लिए अपने करियर बनाने में पाँच महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत और तर्कपूर्ण चर्चा की। इससे पहले, सैयद अतहर नबी, एडवोकेट मुमताज पीजी कॉलेज के प्रबंधक ने मुख्य अतिथि और अन्य सम्मानित वक्ताओं का स्वागत किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विशेष वक्ता डॉ. मुहम्मद आरिज़ अहमद ने छात्रों की मानसिकता, करियर चुनने में उनकी प्रवृत्ति और अन्य शैक्षिक लक्ष्यों के निर्धारण के बारे में छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने छात्रों से कहा कि अपनी शिक्षा के शुरुआती दौर में ही लक्ष्य निर्धारित करना बहुत महत्वपूर्ण है। प्रारंभिक लक्ष्यों में तीन प्रकार के उद्देश्य शामिल हैं- शैक्षिक, रोजगार और जीवन यापन का लक्ष्य। विद्यार्थियों को जल्द से जल्द देश-विदेश के श्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में स्नातक और परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश पाने का लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए। इसके लिए ड्रीमबिग टीम ने खाका भी तैयार कर लिया है। इस अवसर पर प्रबंधक सैयद अतहर नबी ने कहा कि छात्रों को जल्द से जल्द देश-विदेश के श्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में स्नातक और परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश पाने का लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए। छात्रों के व्यक्तित्व का निर्माण, उनके दृष्टिकोण को आकार देना और समय प्रबंधन उन्हें सफलता की ओर ले जाता है।



छात्रों को अपने लक्ष्य निर्धारित करते समय सादगी, सहनशीलता और भावनात्मक स्थिरता को प्राथमिकता देनी चाहिए। कार्यक्रम का संचालन मुमताज पीजी कॉलेज के प्रॉक्टर और अरब संस्कृति विभाग के अध्यक्ष डॉ. मुहम्मद सलमान खान ने किया और अतिथियों का परिचय भी कराया।

# निजीकरण पूरी तरह असंवैधानिक सरकार करे हस्तक्षेप

अवधनामा संवाददाता

■ उपभोक्ता परिषद ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से उठाई हस्तक्षेप की मांग

**लखनऊ।** 9 जनवरी को एनर्जी टास्क फोर्स ने ट्रांजैक्शन एडवाइजर नियुक्त करने के लिए ऊर्जा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा निर्गत स्टैंडर्ड बिडिंग डॉक्युमेंट्स फॉर प्राइवेटाइजेशन आफ डिसटीब्यूशन लाइसेंसी (एसबीडी) के तहत कार्यवाही करने का स्पष्ट निर्देश जारी किया वही उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन द्वारा ट्रांजैक्शन एडवाइजर का जो विज्ञापन निकाला गया वह प्रस्तावित स्टैंडर्ड बिडिंग डॉक्यूमेंट के आधार पर निकाला गया क्योंकि भारत सरकार ऊर्जा मंत्रालय द्वारा आज तक 2020 में जो बिजली कंपनियों के निजीकरण के लिए प्रस्तावित स्टैंडर्ड बिडिंग गाइडलाइन जारी की गई थी उसे फाइनल ही नहीं किया गया और उस प्रस्तावित गाइड लाइन में यह भी लिखा गया कि इससे भारत सरकार ऊर्जा मंत्रालय का कोई लेना देना नहीं है केवल यह आम विचार के लिए प्रस्तुत किया जा रहा है। उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष ने कहा जब तक निजीकरण के लिए ऊर्जा मंत्रालय द्वारा जारी वेडिंग डॉक्यूमेंट फाइनल नहीं हो जाता उसकी कोई भी लीगल वैधता नहीं है ऐसे में उसके आधार पर उत्तर प्रदेश के 42 जनपदों के निजीकरण हेतु ट्रांजैक्शन एडवाइजर की कार्यवाही पूरी तरह असंवैधानिक है और 23 जनवरी को जो ट्रांजैक्शन एडवाइजर के लिए प्री बिड कांफ्रेंस बुलाई गई है वह गलत है। प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा किसी भी प्रस्तावित डॉक्यूमेंट को जब तक लीगल डॉक्यूमेंट नहीं माना जा सकता जब तक उसे आधिकारिक डॉक्यूमेंट के रूप में स्वीकृत ना किया गया यहां तो ऊर्जा मंत्रालय खुद कह रहा है इस प्रस्तावित डॉक्यूमेंट से उसका कोई मतलब नहीं है।

# महापौर और नगर आयुक्त के बीच तकरार से लटका विकास, पार्षद हुए लामबंद

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** मथुरा वृंदावन महानगर का माहौल इस सर्द भरे मौसम में भी खूब गरमा रहा है, जिसका मुख्य कारण लंबे अरसे से मथुरा वृंदावन नगर निगम के महापौर विनोद कुमार अग्रवाल और नगर आयुक्त के बीच प्रतिष्ठा की लड़ाई रहा है। नगर निगम की जनता द्वारा नगर निगम चलाने के लिए विनोद कुमार अग्रवाल को जिम्मेदारी दी और वहीं शासन प्रशासन ने नगर आयुक्त को, दोनों ही नगर निगम की व्यवस्था और शहर के विकास के लिए अपने अपने पद पर संविधान के अनुसार बने हुए है।

शासन प्रशासन और संविधान द्वारा दोनों को जो अधिकार दिए है वो एक और एक ग्यारह बन कर दुगनी ताकत के साथ जनता की सेवा के लिए दिए है , निगम मै दोनों ही संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति जनहित कार्य को छोड़कर आपसी प्रतिस्पर्धा में जुट गए और मथुरा वृंदावन नगर निगम द्वारा विकास की योजनाओं को समय रहते नहीं पूरा किया जा रहा।

विवाद काफी दिनों से चल रहा है पर अब मथुरा वृंदावन नगर निगम क्षेत्र में आने वाले 70 वार्डो के पार्षद अपने अपने क्षेत्र में विकास कार्य ना होने से वार्ड की जनता की नाराजगी झेल रहे है, अब सभी पार्षदों ने लामबंद होकर मोर्चा खोल दिया है। 70 पार्षदों मै से 65 पार्षदों का सीधा आरोप महापौर पर ही है कि वो अपनी मनमर्जी के कारण जनता के विकास के लिए पारित 42 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की फाइल पर हस्ताक्षर नहीं कर रहे जिसके कारण क्षेत्रों में विकास कार्य नहीं हो पा रहा।

मथुरा वृंदावन नगर निगम के पार्षदों ने निगम के सभागार में बैठक कर महापौर के खिलाफ जंग का विगुल फूंक दिया, पार्षदों द्वारा बैठक कर निर्णय लिया कि महापौर द्वारा शीघ्र ही बोर्ड बैठक नहीं बुलाई तथा 15वे वित्त आयोग से समस्त वार्डो मै 60 लाख रुपए की लागत से होने वाले विकास कार्यों की पत्रावली को मंजूरी नहीं दी गई तो सभी पार्षद नगर निगम कार्यालय पर धरना देने के लिए मजबूर होगे । इस बैठक के बाद सभी पार्षदों ने अपने हस्ताक्षर किये हुए हैं। एक पत्र महापौर को भी प्रेषित किया है। पार्षदों ने कहा बीते चार माह से कोई बैठक आहूत नहीं हुई जिसके कारण विकास कार्य ठप पड़ चुके है जनता के द्वारा विरोध का सामना करना पड़ रहा है। इस बैठक के बाद महापौर विनोद कुमार अग्रवाल द्वारा सोशल मीडिया पर अपनी सफाई देते हुए एक प्रेस नोट रिलीज कर इस सारे मामले का ठीकरा नगर आयुक्त के सर फोड दिया, महापौर विनोद कुमार अग्रवाल द्वारा अपने जारी पत्र में लिखा कि 13 सितंबर 2024 को बोर्ड की पिछली बैठक आहूत की गई जिसमें 29 प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए।

# सीएमएस संस्थापक स्व. डा. जगदीश गाँधी की प्रथम पुण्य तिथि आज

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल के संस्थापक एवं भावी पीढ़ी के प्रेरणास्रोत स्वर्गीय डा. जगदीश गाँधी की प्रथम पुण्य तिथि पर श्रद्धान्जलि सभा का आयोजित कल 22 जनवरी, बुधवार को सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में किया जा रहा है। इस अवसर पर अवनीश अवस्थी, आई.ए.एस, मुख्य सलाहकार, मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश अपरान्हः 1.30 बजे सी.एम.एस. कानपुर रोड परिसर में डा. जगदीश गाँधी की भव्य प्रतिमा का अनावरण कर उनकी चिर-स्मृतियों व प्रेरक व्यक्तित्व को जन-जन के लिए समर्पित करेंगे एवं श्वेत कबूतरों को उड़ाकर एकता व शान्ति का पैगाम चहुँओर प्रवाहित करेंगे। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि इस अवसर पर सी.एम.एस. के हजारों शिक्षकों, अभिभावकों व कार्यकर्ताओं के साथ ही बड़ी संख्या में प्रबुद्ध नागरिक शामिल होकर पवित्र आत्मा को श्रद्धान्जलि अर्पित करेंगे।

# छात्रा श्रुति को 80,000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अशर्फाबाद कैम्पस की छात्रा श्रुति सक्सेना को उच्चशिक्षा हेतु अमेरिका की प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी ऑफ एरिजोना द्वारा 80,000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है। सी.एम.एस. छात्रा को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्चशिक्षा अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी। श्रुति ने इस सफलता का श्रेय सी.एम.एस. के अपने शिक्षकों व विद्यालय के शान्तिपूर्ण शैक्षिक वातावरण को दिया है। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने सी.एम.एस. छात्रा की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। सी.एम.एस. एस.ए.टी. (सैट) एवं एडवान्स प्लेसमेन्ट (ए.पी.) टेस्ट सेन्टर भी है जो उत्तर प्रदेश एवं आसपास के अन्य राज्यों के छात्रों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध करा रहा है। सी.एम.एस. के 100 से अधिक छात्रों ने अमेरिका, इंग्लैण्ड, कैनडा, आस्ट्रेलिया, जापान, सिंगापुर, जर्मनी आदि विभिन्न देशों के ख्यातिप्राप्त विश्वविद्यालयों जैसे कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी, कैलीफोर्निया इन्स्टीट्यूट ऑफटेक्नोलॉजी, एम.आई.टी., स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी, कार्नेल यूनिवर्सिटी, मेलबर्न यूनिवर्सिटी एवं नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर आदि में चयनित होकर लखनऊ का नाम गौरवान्वित किया है।



# टीएमयू एफओई के प्रो. रवि जैन को आउटस्टैंडिंग अवार्ड

अवधनामा संवाददाता

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग-एफओई में सिविल इंजीनियरिंग विभाग के प्रो.(डॉ.) रवि जैन को आउटस्टैंडिंग कंक्रीट टेक्नोलॉजिस्ट (एकेडमिक्स)- 2024 अवार्ड से नवाजा गया है। इंडियन कंक्रीट इंस्टीट्यूट-यूपी वेस्ट, गाजियाबाद की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में एनसीसीबीएस, बल्लभगढ़ के डायरेक्टर जनरल डॉ. एलपी सिंह बतौर मुख्य अतिथि रहे, जबकि सीआरआरआई के सीनियर प्रिंसिपल साइंटिस्ट प्रो. जीके साहू, अल्ट्राटेक के जोनल हेड टेक्निकल, नॉर्थ श्री राहुल गोयल और अल्ट्राटेक के एरिया हेड श्री विपिन चौधरी की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। कुलाधिपति श्री सुरेश जैन, जीवीसी श्री मनीष जैन, एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन, वीसी प्रो. वीके जैन, एफओई के डीन प्रो. आरके द्विवेदी ने इस उपलब्धि पर प्रो. जैन को हार्दिक बधाई दी है। सम्मान समारोह में वेस्ट ऑर्किटेक्टर, वेस्ट इंफ्रास्ट्रक्चरर, लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड भी प्रदान किए गए। प्रो. रवि जैन को कंक्रीट के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए यह अवार्ड मिला है। इंफ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट में पानी के बाद कंक्रीट दुनिया का दूसरा सबसे ज्यादा प्रयोग होने वाला मैटेरियल है। टीएमयू और अल्ट्राटेक सीमेंट के बीच हुए एमओयू के तहत टीएमयू में अल्ट्राटेक का सेंटर ऑफ एक्सीलेंस भी स्थापित है।



टीएमयू के इस सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के जरिए इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में कार्यरत लोगों को समय-समय पर टेक्निकल स्किल्स का प्रशिक्षण दिया जाता है। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की ओर से इंजीनियरिंग के स्टुडेंट्स की गाजियाबाद के कंक्रीट प्लांट और अलीगढ़ के सीमेंट प्लांट की विजिट, जबकि 20 से अधिक इंफ्रास्ट्रक्चर साइट्स पर श्रमिकों की स्किल ट्रेनिंग भी कराई जा चुकी है।

# कल्याणं करोति नेत्र संस्थान का शुभारंभ आज

अवधनामा संवाददाता

■ उत्तर भारत के जटिलतम नेत्र रोगियों को मथुरा में मिल सकेगा हर समस्या का समाधान

**मथुरा।** भगवान श्रीकृष्ण की पावन क्रीड़ास्थली मथुरा में नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में नए युग की शुरूआत होने जा रही है। गोवर्धन रोड स्थित कल्याणं करोति नेत्र संस्थान का शुभारंभ 22 जनवरी को होगा। संस्थान अत्याधुनिक सुविधाओं, विश्वस्तरीय चिकित्सकों और 200 बिस्तरों की क्षमता के साथ नेत्र रोगियों के लिए एक नई आशा लेकर आ रहा है। शुभारंभ अवसर पर देश के जाने माने उद्योगपति, संतजन एवं नोबेल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी सहित समाज के गणमान्य जन मौजूद रहेंगे। समाज के हर वर्ग के सहयोग से निर्मित हुए संस्थान में समूचे उत्तर भारत के रोगियों को निदान व श्रेष्ठ समाधान मिलेगा। इसके लिए विदेश से भी कई ख्यातिलब्ध चिकित्सक भी अपनी सेवाएं देने आ चुके हैं।

संस्थान सचिव सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि संस्थान में 10 मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर सेंट्रलाइज्ड एयर कंडीशनिंग, लग्जरी वार्ड और बच्चों के नेत्र विकारों के लिए विशेष बाल नेत्र केंद्र की व्यवस्था है। बाल नेत्र विकार समाधान केन्द्र आगामी पीढी को नेत्र विकार से मुक्त करने के लिए स्थापित किया गया है। आंखों के कैंसर जैसे गंभीर रोगों का इलाज भी यहां संभव होगा। संस्थान नेत्र रोग से जुडी चिकित्सा षिक्षा के माध्यम से स्थानीय व बाहरी युवाओं को रोजगार की अपार संभावनाएं भी प्रदान करेगा। संस्थान में मोतियाबिंद, काला मोतिया, कार्निया, रेटिना और पलकों के रोगों का सफलतम इलाज किया जाएगा। एक छत के नीचे हर तरह के नेत्र रोगों का उचित समाधान मिल सकेगा। संस्थान नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा।

# शहीद हेमू कालाणी का 82वां बलिदान दिवस मनाया

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** सिंधी सपूत शहीद हेमू कालाणी के 82 वें बलिदान दिवस पर सिंधी जनरल पंचायत एवं भारतीय सिंधु सभा के संयुक्त तत्वावधान में बहादुर पुरा स्थित स्वामी लीलाशाह सिंधी धर्मशाला में संगोष्ठी आयोजित की गई।

मीडिया प्रभारी किशोर इसरानी ने बताया कि संगोष्ठी में वक्ताओं ने जहां युवा देशभक्त की कहानियां सुनाकर सिंधी सपूत के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किए, वहीं शासन से मथुरा में शहीद हेमू कालाणी के नाम किसी चौराहे या पार्क के नामकरण की भी मांग की। सिंधी जनरल पंचायत के अध्यक्ष नारायण दास लखवानी ने हेमू कालाणी के चित्र पर माल्यार्पण कर संगोष्ठी का उद्घाटन किया।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामचंद्र खत्री ने कहा कि जिस उम्र में आज के युवा फिल्मी कलाकारों को अपना आइडल मान रहे हैं, उससे भी कम उम्र में सिंधी सपूत हेमू कालाणी ने शहीद भगत सिंह को अपना आइडल मान लिया था। मात्र 19 वर्ष की आयु में देश के लिए अपना बलिदान देने वाले हेमू कालाणी से समाज को सीख लेनी चाहिए।



महामंत्री बसंत मंगलानी एवं उपाध्यक्ष तुलसीदास गंगवानी ने युवाओं को हेमू कालाणी के बलिदान से सीख लेकर देश सेवा करने हेतु आगे आने का आह्वान करते हुए कहा कि सिंधी समाज हेमू कालाणी के बलिदान को कभी नहीं भुला सकता। वरिष्ठ मंत्री गुरमुखदास गंगवानी ने समाज के उत्थान एवं सामाजिक व राजनीतिक अधिकारों पर चर्चा करते हुए शासन और नगर निगम से मथुरा के किसी चौराहे या पार्क का नामकरण शहीद हेमू कालाणी के नाम पर किए जाने की मांग की, जिसमें सिंधी समाज उनकी एक मूर्ति स्थापित करा सके। भारतीय सिंधु सभा के अध्यक्ष सुनील पंजवानी ने बताया कि शहीद भगत सिंह को अपना आइडल मानने वाले सिंधी सपूत हेमू कालाणी का जन्म 23 मार्च 1923 को हुआ था, वह जब मात्र 7 वर्ष के थे तब वह तिरंगा लेकर अंग्रेजो की बस्ती में अपने दोस्तों के साथ क्रांतिकारी गतिविधियों का नेतृत्व करते थे ।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले सचिव किए गए पुरस्कृत



अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** ग्राम पंचायतों के समग्र एवं समेकित विकास हेतु ग्राम पंचायत विकास योजना (जी.पी.डी.पी.) हमारी योजना हमारा विकास की प्रक्रिया को प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में वर्ष 2015-16 से लागू किया गया है। जनपद मथुरा में निम्नांकित ग्राम पंचायत सचिवों द्वारा अपनी तैनाती की ग्राम पंचायतो में,समयबद्ध तरीके से ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा की खुली बैठक आयोजित कर अधिक से अधिक जन सहभागिता सुनिश्चित करते हुए (ग्राम पंचायत विकास योजना) जीपीडीपी कार्ययोजना वित्तीय वर्ष 2025-26 तैयार कर विभाग की ई- ग्राम स्वराज पोर्टल पर ससमय अपलोड किए जाने हेतू उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम पंचायत सचिवों को जिला पंचायतराज अधिकारी किरन चौधरी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिनमें लवी बंसल, ग्राम विकास अधिकारी विकास खण्ड- मथुरा, अंशु राठी, ग्राम विकास अधिकारी विकास खण्ड- राया, कान्ता सिंह, ग्राम विकास अधिकारी विकास खण्ड- गोवर्धन, हरेन्द्र, ग्राम विकास अधिकारी विकास खण्ड- मथुरा,वीरेश शर्मा, ग्राम पंचायत अधिकारी विकास खण्ड- मथुरा उपस्थित रहे।

# सभी अपनी इलाकों की गौशालाओं का करें निरीक्षण

## नवागत जिलाधिकारी की कार्यशैली ने जनता को किया प्रभावित, बदलाव की आस

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** नवागत जिलाधिकारी सीपी सिंह चार्ज ग्रहण करने के साथ ही एक्शन मोड में काम करते दिखाई दे रहे हैं, जिलाधिकारी चंद्रप्रकाश सिंह ने मथुरा में पद ग्रहण करते ही जिस अंदाज में अपने दफ्तर से निकल कर मथुरा के मुख्यमार्गो का निरीक्षण किया साथ ही मथुरा में गौशालाओं का औचक निरीक्षण करने पहुंच गए इससे लोग सकते में आ गए।

साथ ही मथुरा वृंदावन, गोवर्धन के मंदिरों की व्यवस्था का भी जायजा लिया, जिलाधिकारी सीपी सिंह द्वारा 4 एसडीएम सहित तहसीलदारों को आदेश जारी कर कहा जो लोग जिला मुख्यालय पर आवास लेकर रह रहे है, वो तहसील मुख्यालय पर अपना आवास बनाए और वहीं रहें, जिलाधिकारी के इस कदम से विभागों में हड़कंप सा मच गया। जिलाधिकारी सीपी सिंह द्वारा गौ शालाओं का निरीक्षण कर सभी गौ शालाओं के निरीक्षण के लिए अधिनस्त अधिकारियों को भी आदेश दिया कि सभी अपने अपने इलाकों में बनी गौशालाओं का निरीक्षण करें, जिलाधिकारी सीपी सिंह द्वारा गौशाला संचालकों को आदेश जारी किया कि गौ शालाओं में दिन में दो बार सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, गायों के चारे के रख रखाव की व्यवस्था को दिशानिर्देश दिए।



जिलाधिकारी सर्द रातों में सड़क पर निकल कर मथुरा में बने रैन बसेरा का भी निरीक्षण कर रहे है, जिलाधिकारी ने मथुरा के नए बस स्टैंड पर सर्दी से जनता को बचाव के लिए रैन बसेरे का भी निरीक्षण किया, उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं और रेन बसेरे में उपस्थित जन समूह से वहां की सुख सुविधा का फीडबैक भी लिया जो खामियां उनको वहां दिखाई दी उसे जल्द दुरुस्त करने का आदेश दिया।

जिलाधिकारी सीपी सिंह ने जिला मुख्यालय पर रात्रि निवास करने वाले ग्रामीण अंचल पर तैनात अधिकारियों पर जिस प्रकार एक्शन लेते हुए उनके जिला मुख्यालय में आवंटित निवास स्थानों को निरस्त करने के लिए सिटी मजिस्ट्रेट को आदेश जारी किए उस कार्यवाही से मथुरा की जनता को कुछ कुछ भरोसा होने लगा है कि अब मथुरा कुछ बदलाव हो सकता है।

मथुरा की जनता काफी लंबे समय से बदलाव की उम्मीद लगाए बैठी थी, मथुरा जनपद की जनता को लुभावने वादे बहुत सुनने को मिले पर धरातल पर मूलभूत सुविधाएं भी पूरी तरह नहीं मिल पाई, शहरी क्षेत्र में तो नगर आयुक्त और महापौर के झगड़े में मथुरा के 70 वार्डो की जनता पिस ही रही है, पर ग्रामीण अंचल में भी कोई खास सुविधाओं में बदलाव नहीं हुए, शहर में सड़कों की तस्वीर से लेकर साफ सफाई, और जाम का झाम लोगों के लिए सिरदर्द बना हुआ है, मथुरा वृंदावन के शहरी इलाके में बंदरो की समस्या हो या यमुना में गिरते नाले इनको रोकने में अभी तक का प्रशासनिक अमला नाकाम रहा है, मथुरा की जनता की नवागत जिलाधिकारी सीपी सिंह की धमाकेदार एंट्री को देख कर कुछ मूलभूत समस्याओं में सुधार की उम्मीद जगी है।

# हिन्दूवादी संगठन आज निकालेंगे हिन्दू राष्ट्र निर्माण यात्रा

अवधनामा संवाददाता

■ श्रीसतगुरू कबीर आश्रम कुर्सी रोड से हनुमान सेतु तक निकाली जायेगी यात्रा

**लखनऊ।** राम जन्मभूमि मन्दिर के प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूरे के अवसर पर अखिल भारत हिन्दू महासभा त्रिदंडी सहित विभिन्न हिन्दूवादी संगठनों के कार्यकर्ता कल 22 जनवरी को अपराह्न 12 बजे से श्री सतगुरू कबीर जागू आश्रम, दसौली, कुर्सी रोड से हनुमान सेतु लखनऊ विश्वविद्यालय रोड तक हिन्दू राष्ट्र निर्माण यात्रा निकालेगें। इस यात्रा का शुभारम्भ पवन सिंह चौहान एमएलसी हरी झण्डी दिखाकर करेंगे।

यात्रा के आयोजकों के मुताबिक इस यात्रा में अखिल भारत हिन्दू महासभा त्रिदंडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी, यात्रा आयोजक अंशुमान त्रिवेदी पूर्व अध्यक्ष लखनऊ प्रदेश कार्यकारी, अध्यक्ष चंद्रमौली शुक्ला, कार्यकारी अध्यक्ष हिन्दू महासभा त्रिदंडी उत्तर प्रदेश, पंकज तिवारी, पूर्व प्रदेश संयोजक, हिन्दू महासभा उत्तर प्रदेश, शिवम् वर्मा, उत्कर्ष गुप्ता, प्रांजल तिवारी, सक्षम गुप्ता, सोभित यादव सहित विभिन्न हिन्दूवादी संगठनों के सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल होंगे।

यात्रा के आयोजक अंशुमान त्रिवेदी ने बताया राम जन्मभूमि पर राम मन्दिर के प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूरे होने पर निकाली जा रही यह यात्रा श्री सतगुरू कबीर जागू आश्रम, दसौली, कुर्सी रोड से प्रारम्भ होकर गुडम्बा थाना के समक्ष, टेढ़ी पुलिया, मामा चौराहा, पुराना हनुमान मन्दिर, अलीगंज, कपूरथला, आईटीआई चौराहा होते हुये हनुमान सेतु पहुंचेगी, जहां हनुमान चालीस के पाठ के साथ समाप्त होगी।

# पीएम आवास से वंचित गरीब परिवार का गिरा कच्चा मिट्टी से बना हुआ घर

**अवधनामा संवाददाता**

**बिलग्राम।** कस्बे के मोहल्ला रफैयतगंज में सोमवार की रात अचानक एक कच्चा गारा मिट्टी की दीवारों से बना हुआ घर भरभराकर गिर गया। हादसे के दौरान कोहराम मच गया, स्थानीय पड़ोसियों ने अन्य लोगों की मदद से राहत व बचावकार्य शुरू किया। हादसे की सूचना पुलिस को मिलते ही मौके पर कोतवाली प्रभारी उमाकांत दीपक मय फोर्स पहुंचे जिनकी सूचना पर तहसीलदार बिलग्राम अमित यादव ने राजस्व विभाग के अन्य कर्मचारियों के साथ हादसे का निरीक्षण किया। पुलिस की सरकारी गाड़ी से घर के मलबे में दबे लोगों को निकालकर स्थानीय सीएचसी पर उपचार हेतु भर्ती कराया गया। मिली जानकारी के मुताबिक सोमवार रात लगभग 8 बजे सत्यवती पत्नी महिपाल उम्र 60 वर्षीय



अनुसूचित जाति निवासी मोहल्ला रफैयतगंज अपने कच्चे घर मे चूल्हे पर रोटी बनाने में जुटीं हुई थीं। जिनके साथ बैठ आग ताप रहे महिपाल पुत्र केदार उम्र करीब 60 वर्षीय पर अचानक घर गिर गया। जिसमें यह बुजुर्ग दम्पति दब गए। हादसे की जानकारी मिलते ही घर में दबे हुए बुजुर्गों को निकालने की कोशिश में मलबे में खोजने पहुंचे दाताराम पुत्र रामेश्वर 45 वर्षीय अनुसूचित जाति भी हादसे की चपेट में आ गए।मची चीख सुनकर सुनकर घर के मलबे में दबे लोगों को स्थानीय लोगों की मदद से निकलवाने के बाद पुलिस ने सीएचसी बिलग्राम पर इलाज़ हेतु भर्ती कराया। जिस घर में हादसा हुआ उसके पड़ोसी रामकिशोर पुत्र केदार के मकान का अगला हिस्सा गिर गया। फिलहाल हादसे की जांच पड़ताल तहसील कार्यालय के प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा गहनता से शुरू की गई है। लेकिन हैरानी की बात यही है कि कई वर्षो से पीएम आवास योजना शहरी चल रही है लेकिन वास्तविकता में पात्र गरीब परिवार पर यह घर गिरा उसके बाद एक बार फिर योजना की निष्पक्षता को लेकर चर्चा होना लाज़मी है।

# प्रबुद्ध ब्राह्मण वर्ग की बैठक संपन्न



**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** सोमवार को श्रीसिद्धपीठ सिद्धन मंदिर धाम में प्रबुद्ध जीवी ब्राह्मण वर्ग की एक बैठक अजय रावत की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विगत काफी समय से प्रबुद्ध वर्ग की कोई भी बैठक न होने की संबंध में चिंता व्यक्त की गई एवं सभी को संगठित एवं सक्रिय करने और सर्व ब्राह्मणों की समस्याओं के निराकरण हेतु एक और बैठक अति शीघ्र ही आयोजित किए जाने के संबंध में विस्तृत रूप से विचार विमर्श किया गया। बैठक के उपरांत आयोजित कार्यक्रम में सभी विप्रजनों द्वारा विधिवत भोजन प्रसाद ग्रहण किया गया। इस दौरान शिव नारायण नायक, तिलकराम कौशिक, राजाराम तिवारी, दिनेश दुबे, सत्यनारायण दद्दा, जयकुमार तिवारी, सुरेश चतुर्वेदी, बृजमोहन संज्ञा, संतोष, अजय नायक, नीरज तिवारी, जगदीश, शोभाराम कौशिक, प्रदीप मिश्रा, जमुना रावत, शर्माजी बैरवारा, लल्लू, अशोक पटैरिया, हरनारायण तिवारी, संतोष तिवारी, धर्मेंद्र पाठक, पप्पू पटैरिया, रोहित चतुर्वेदी, शिवांग लिटौरिया, पंकज तिवारी, नरेंद्र पुरोहित, वासुदेव, संजय, संतोष, राजू सोनी, गोपीलाल डोडवानी, नवीनभाई पटेल आदि उपस्थित रहे। संचालन बृजमोहन संज्ञा ने व आभार सुरेश चतुर्वेदी ने व्यक्त किया।

# नेशनल पैरा चैंपियनशिप में रिंकू शर्मा और अवधेश कुमार ने जीता पदक

**अवधनामा संवाददाता**

**बहजोई (संभल)** कलेक्ट्रेट स्थित मुख्य विकास अधिकारी द्वारा दिव्यांग पैरा खिलाड़ी रिंकू शर्मा ब अवधेश कुमार को नेशनल पैरा आर्म रैसलिंग चैंपियनशिप में पदक जीतने पर सम्मानित किया गया जिला ओलंपिक सचिव आशु शर्मा ने बताया कि नेशनल पैरा आर्म रैसलिंग चैंपियनशिप चैंपियनशिप 18 जनवरी से 19 जनवरी तक मध्य प्रदेश के ग्वालियर में स्थित श्री अटल बिहारी वाजपेई पैरा इंटरनेशनल स्टेडियम में आयोजित हुई थी नेशनल पैरा आर्म रैसलिंग चैंपियनशिप पीपल्स आर्म रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित की गई थी

उक्त चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश की ओर से चंदौसी के रहने वाले रिंकू शर्मा व अवधेश कुमार ने 70



किलोग्राम भार वर्ग में प्रतिभा किया था रिंकू शर्मा ने दिव्यांग की कैटेगरी मुखवधिर में प्रतिभाग करते हुए राइट हैंड से गोल्ड ब लेफ्ट हैंड से सिल्वर मेडल जीता और अवधेश कुमार ने दिव्यांग की 70 किलो भार वर्ग की नेत्रहीन कैटेगरी में राइट हैंड से ब्रॉन्ज ब लेफ्ट हैंड से सिल्वर मेडल जीता। दोनो खिलाड़ियों ने नैशनल पैरा आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में मेडल जीत कर प्रदेश और जनपद का नाम रोशन किया इनके साथ टीम कोच ब मेंटर अजय कुमार मिश्रा ब राजेंद्र कुमार शर्मा भी साथ गए थे जनपद वापसी पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा दोनो खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए सम्मानित किया गया। इस दौरान जिला दिव्यांग सशक्तिकरण अधिकारी माधवी पांडे ,जिला युवा कल्याण विभाग से बी.ओ विनीत सिद्धू ब महिला चाइल्ड वेलफेयर सोसायटी से नीलम राय , डीआरडीओ विभाग से सुरेश कुमार आदि अधिकारीगण मौजूद रहे।

# पृथक बुन्देलखण्ड राज्य निर्माण के लिए जनमत संग्रह



**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** बुंदेलखंड निर्माण मोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष भानू सहाय के नेतृत्व में बुंदेलखंड राज्य निर्माण के लिए बैलेट पेपर के माध्यम से ब्लॉक जखौरा, ब्लॉक बार, ब्लॉक बिरधा के दो-दो गांवों में एवं घंटाघर ललितपुर में किए गए जनमत संग्रह में लोगों ने डाले। आठ हजार सात सौ तैंतालीस वोट्स की गणना मतपेटियों की सील अनेक पत्रकारों एवं उपस्थित जनता के सामने खोलकर पत्रकार भवन ललितपुर में की गई। बैलेट पेपर के माध्यम से जनमत के तहत पूछे गए तीन सवालों जिसमें पहला प्रश्न कि क्या आप पृथक बुंदेलखंड राज्य जिसमें उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश का बुंदेलखंड क्षेत्र समलित हो ऐसा बुंदेलखंड राज्य बनवाना चाहते हैं पर, आठ हजार पांच सौ उन्हतर वोट्स पड़े। दूसरा सवाल कि जिधर भगवान श्रीराम राजा सरकार के रूप में विराजे है उस नगरी ओरछा धाम को पृथक बुंदेलखंड की राजधानी बनाना चाहते है पर आठ हजार पांच सौ पैंतालीस वोट्स पड़े। तीसरा सवाल कि वायरल हो रहे मैसेज जिसमे प्रयागराज मण्डल, कानपुर मण्डल एवं मिर्जापुर मंडल को जोड़ कर बुंदेलखंड राज्य बनवाने के पक्षधर हैं पर सिर्फ चौबीस वोट्स पड़े। एक सौ चौहत्तर वोट्स इनवेलिड हुए। लोगों द्वारा अखंड बुंदेलखंड के पक्ष में डाले गए वोट्स पर जनप्रतिनिधियों को भी लोगों की आवाज का सम्मान कर आगे आना चाहिए।

# छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्रदान किया गया

**अवधनामा संवाददाता**

**सम्भल।** जिलाधिकारी के दिशानिर्देशों के क्रम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत आयोजित आत्म सुरक्षा प्रशिक्षण के अंतर्गत आज दिनांक को ग्राम आटा के पीएम श्री विद्यालय में छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्रदान किया गया, ताकि वह विपरीत परिस्थितियों में विरोधी का डटकर मुकाबला कर सकें। जिला ताइक्कांडो सचिव सुरेश कुमार व महिला ब्लैक बैल्ट होल्डर दीक्षा ने फ्रंट किक, बेसिक किक, बेसिक पंच की ट्रेनिंग दी, ज्योति ने सहयोग किया जिला प्रोबेशन अधिकारी चंद्रभूषण ने बताया कि छात्राएं आत्मरक्षा सीखने में काफी रुचि ले रही हैं व काफी संख्या में नियमित उपस्थित हो रही हैं, जिले के सभी पी.एम श्री विद्यालयों में आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया जाएगा। सरकार की मंशा है कि



■ बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत पी. एम. श्री विद्यालय आटा की बालिकाओं को दिया गया प्रशिक्षण

प्रत्येक बेटी खुद की सुरक्षा करने में सक्षम हो, छात्राओ को प्रशिक्षण के साथ-साथ सरकार और महिला कल्याण विभाग द्वारा महिलाओं और बालिकाओं के हितार्थ यथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, गुड़ टच एवं बैड टच, छात्रवृति आदि चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया गया। इस मौके पर कॉलेज का समस्त स्टाफ और अन्य ब्यक्ति उपस्थित रहे।

## ग्राम बालाबेहट के सहरिया वाहुल्य मजरा क्वाटरन में डीएम ने लगाई जनचौपाल

**ललितपुर।** शासन के निर्देशानुसार जनपद के सहरिया बाहुल्य गावों/ मजरों में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने आज सोमवार को विकास खंड बिरधा की ग्राम पंचायत बालाबेहट के सहारिया बाहुल्य मजरा क्वाटरन में जन चौपाल लगायी। जन चौपाल में जिलाधिकारी ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार अन्त्योदय की अवधारणा को साकार करने के लिए लगातार जनपद के पिछड़े ग्रामीण क्षेत्रों में जीरो पॉवरटी सर्वे कराकर छूटे हुए पात्र लाभार्थियों का चिन्हांकन किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत चिन्हित लाभार्थियों को प्राथमिकता के आधार पर सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है, जिससे वे विकास की मुख्य धारा से जुड़ सकें। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी पात्र लाभार्थी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## डीएम की अध्यक्षता में हुई जिला वृक्षारोपण समिति, जिला पर्यावरण समिति व जिला गंगा समिति की बैठक




**हरदोई।** विवेकानन्द सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला पर्यावरण समिति व जिला गंगा समिति की बैठक आयोजित की गयी। जिलाधिकारी ने कहा कि पूर्व के वृक्षारोपण की सूचना प्रत्येक माह के प्रथम सप्ताह में अवश्य प्रेषित की जाए। नए लक्ष्य के अनुरूप तैयारी प्रारंभ कर दी जाए। ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन की व्यवस्था को बेहतर बनाया जाए। निर्माण के दौरान सुरक्षा मानकों का पूरा ध्यान रखा जाए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जिला पंचायतराज अधिकारी विनय कुमार सिंह को निर्देशित किया कि गंगा किनारे गावों की सूचना के सम्बन्ध मे आख्या सम्बन्धित को उपलब्ध कराये। जिला गंगा समिति के सदस्य जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन अशोक सिंह ने सुझाव दिया कि कि मेहँदीघाट में विद्युत शवदाह बनाने की कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि विद्युत शवदाह गृह के लिए मानको के अनुरूप भूमि का चिन्हीकरण जल्द कराया जाए। गंगा किनारे स्थित ग्रामों में जैविक खेती को बढावा दिया जाए। इस अवसर पर अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## भाषा विवि के जन सूचना अधिकारी बने प्रो. मसूद आलम

**लखनऊ।** वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ के जन सूचना अधिकारी पर भाषा विश्वविद्यालय के प्रो. मसूद आलम को विश्वविद्यालय का जन सूचना अधिकारी नियुक्त किया गया है। बतादें कि सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 से संबंधित सभी प्रकरणों के निस्तारण हेतु प्रो. मसूद आलम, संकायाध्यक्ष विधि अध्ययन संकाय को अग्रिम आदेशों तक ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ के माननीय कुलपति प्रो. जेपी पांडेय ने अग्रिम आदेशों तक विश्वविद्यालय का जन सूचना अधिकारी नियुक्त किया है।

## बच्चों का अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश की मांग



**ललितपुर।** पिता की हृदयाघात से मृत्यु हो जाने एवं मां की बीमारी के चलते मृत्यु होने के बाद अब बच्चों को समुचित शिक्षा मुहैया कराने के लिए वृद्ध दर-दर की ठोंकरें खाने को विवश हैं। ऐसे में वृद्ध ने डीएम को पत्र भेजते हुये बच्चों का प्रवेश धौर्रा स्थित अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश दिलाने की मांग की है। वृद्ध तहसील मड़ावरा के ग्राम सिंगरवारा निवासी सरमन सिंह पुत्र स्व.हीरालाल लोधी ने डीएम को भेजे पत्र में बताया कि उसके पुत्र गिरवल सिंह लोधीकी 20 नवम्बर 2023 को हृदयाघात से मौत हो गयी थी। इसके पूर्व वर्ष 2017 में उसकी पुत्रवधु की बीमारी के चलते मौत हो गयी थी। अब उसके पुत्र-पुत्रवधु के दो पुत्र 11 वर्षीय केशव व 8 वर्षीय हर्ष को वह शिक्षा मुहैया कराने में असमर्थ है। पीड़ित ने बताया कि दोनों बच्चों के नाना की भी मृत्यु हो चुकी है। पीड़ित ने बताया कि एक वर्ष पहले डीएम द्वारा उसे आश्वासन दिया गया था कि उक्त बच्चों का प्रवेश अगले शैक्षिक सत्र में करा दिया जायेगा। अब पीड़ित सरमन ने दोनों बच्चों का प्रगेश धौर्रा स्थित अटल आवासीय विद्यालय में कराये जाने की मांग उठायी है।

# मोमोज बेचने वाले की पल्सर बाइक चोरी

**ललितपुर।** जिला जालौन व हाल शिवबिहार कालोनी कैलगुवां बाईपास निवासी कमल पुत्र अरविन्द ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह वर्णी कॉलेज के पास मोमोस का हाथ ठेला लगाता है। बताया कि 18 जनवरी को शाम करीब 7 बजे वह अपनी दुकान पर पल्सर 125 सी.सी. मोटर साइकिल संख्या यू.पी. 92 ए.ई. 8604 खड़ी किये था। बताया कि वह दुकान बंद कर घर जाने के लिए खड़ा हुआ तो उसने देखा कि उसकी मोटर साइकिल गायब थी। काफी खोजबीन करने के बाद भी उसकी बाइक नहीं मिली। पीड़ित ने मामला दर्ज कर बाइक खोजे जाने की मांग की। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 303 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विद्यार्थियों ने जीता क्वीयरिंग फ्रेम्स में प्रथम पुरस्कार



**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विद्यार्थियों श्वेता चौरसिया और अर्णव कुमार सिंह ने क्वीयरिंग फ्रेम्स शॉर्ट फिल्म स्क्रीनिंग और प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विजेताओं को 25,000 रुपये की नकद पुरस्कार राशि प्रदान की गई। यह प्रतियोगिता सूरम्या फाउंडेशन और डॉ. राम मनोहर लोहिया नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई थी। दो दिवसीय इस कार्यक्रम का मुख्य विषय था समलैंगिक समुदाय पर आगे बढ़नाः संवेदनशीलता और जागरूकता। इसका उद्देश्य LGBTQIA+ समुदाय के प्रति समाज में जागरूकता और संवेदनशीलता बढ़ाना था। इस पहल के तहत शॉर्ट फिल्म प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। श्वेता और अर्णव ने अपनी टीम के साथ मिलकर यह प्रतिष्ठित उपलब्धि हासिल की। उनकी शॉर्ट फिल्म अपनी पहचान को विभाग की डॉ. रुचिता सुजय चौधरी के मार्गदर्शन में तैयार किया गया था। उनकी रचनात्मकता और मेहनत ने उन्हें अन्य प्रतिभागियों से अलग और विजेता बनाया।

विद्यार्थियों की इस सफलता पर विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रो. जे. पी. पांडे ने अपनी बधाई देते हुए कहा, हम अपने विद्यार्थियों को इस असाधारण उपलब्धि के लिए हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं। उनकी इस सफलता ने विश्वविद्यालय का मान बढ़ाया है। हम उनके उवल भविष्य की कामना करते हैं।

# पाल समाज के मंदिर पर हुआ चिह्नीकरण, जताया आक्रोश



**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** तुवन मंदिर चौराहा पर स्थित श्रीशिव राधाकृष्ण मंदिर पर अतिक्रमण चिह्नीकरण को लेकर धनगर पाल समाज कल्याण समिति (रजि.) के पदाधिकारियों ने एक ज्ञापन जिलाधिकारी को भेजा है। ज्ञापन में उन्होंने बताया कि श्रीशिव राधाकृष्ण मंदिर पर नगर पालिका परिषद द्वारा अतिक्रमण विरोधी चिह्नीकरण कार्य किया गया है, जिससे समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है। बताया कि मंदिर की भूमि 1200 वर्गफुट सन् 1995 से अंकित है, जिसमें नगर पालिका परिषद द्वारा नकल जारी की जाती है। मंदिर के प्रति जनपद की पाल समाज द्वारा आह्वान किया गया है, साथ ही प्रतिकूल परिस्थिति में जनाक्रोश भड़कने की भी बात कही गयी। उन्होंने जिलाधिकारी से समुचित समाधान किये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय अध्यक्ष्ज्ञ बाबूलाल पाल कुमरौल, सचिव मंगल सिंह, बाबूलाल बडग़ाना, अर्जुन, परशुराम देवरान, घनश्याम पाल, प्रीतम पाल, आशाराम, सुनील पाल, रामेश्वर पाल सिमिरिया, मानवेन्द्र पाल, नारायण सिंह, काशीराम, अखिलेश पाल, जोधन, रल्ली पाल, हीरालाल पाल, जालम पाल, सुन्दर पाल, अशोक पाल, खूबचंद्र पाल, भगतजी, मुन्नालाल के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

# पसमांदा समाज के लिए आवश्यक है वक्फ संशोधन विधेयक 2024 : एआइपीएमएम

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज (रजिस्टर्ड) देश के दबे-कुचले, पिछड़े, दलित और आदिवासी पसमांदा मुसलमानों के हितों के लिए कार्यरत एक राष्ट्रवादी गैरसियसी,सामाजिक संगठन है,जो पसमांदा मुस्लिम समाज सामाजिक न्याय दिलाने, उनके अधिकारों की रक्षा करने और उन्हें मुख्यधारा में शामिल करने के लिए आवश्यक सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक और राजनैतिक सुधारों को लागू कराने हेतु निरंतर प्रयासरत है।

ऑल इण्डिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ के प्रतिनिधिमंडल ने दिनांक 21/1/2025, होटल मेरियट गोमती नगर लखनऊ में वक्फ संशोधन विधेयक- 2024 पर विचार-विमर्श करने और सुझाव एवं आपत्तियां दर्ज कराने हेतु संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के समक्ष अपना पक्ष प्रस्तुत किया। महाज ने विधेयक पर निम्नलिखित आपत्तियां और सुझाव




प्रस्तुत किए विधेयक में वक्फ बोर्ड में केवल एक पिछड़े मुस्लिम सदस्य की अनिवार्यता की बात कही गई है। महाज का मानना है कि यह न्यायसंगत नहीं है, क्योंकि पसमांदा मुसलमान देश की कुल मुस्लिम आबादी का 85 प्रतिशत हैं। पसमांदा मुसलमानों की भागीदारी उनके जनसंख्या अनुपात के अनुसार सुनिश्चित की जाए।

संगठन ने उन संपत्तियों के बारे में चिंता व्यक्त की जो 'वक्फ अलल औलाद' के तहत वक्फ की गई थीं, लेकिन आज तक उनके लाभ पसमांदा समाज तक नहीं पहुंचे हैं। महाज ने इस व्यवस्था को समाप्त कर वक्फ संपत्तियों का उपयोग जनकल्याण में किए जाने की मांग की है।

विधेयक में वक्फ संपत्ति के सर्वेक्षण का प्रावधान जिलाधिकारी द्वारा किया गया है। महाज ने मांग की है कि जिलाधिकारी द्वारा सर्वेक्षण समितियों को बनाया जाए जिस में पसमांदा मुसलमानों की जनसंख्या के अनुपात में भागीदारी सुनिश्चित की जाए। विधेयक में बोहरा, आगाखानी और खोजा समुदायों के लिए अलग वक्फ बोर्ड बनाने का प्रस्ताव दिया गया है। महाज ने इस प्रावधान को अस्वीकार्य बताते हुए इसे वापस लेने की मांग की है। महाज ने सुन्नी और शिया वक्फ बोर्ड को समाप्त कर एक मुस्लिम वक्फ बोर्ड बनाने का सुझाव दिया है।

# ग्राम समाज की जमीन पर अवैध कब्जा करने का आरोप

■ ग्रामीण ने डीएम को भेजा शिकायती पत्र

**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** थाना जखौरा के ग्राम विनैकामाफी के मजरा खसुवा में रहने वाले कमल सिंह पुत्र समरथ सिंह ने जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र भेजा है। बताया कि ग्राम समाज की बेशकीमती जमीन जो कि उपक्रम की खाली पड़ी है पर दबंगों द्वारा जबरन अवैध कब्जा कर भवन निर्माण कर लिया गया है। पीडब्ल्युडी की जमीन पर पक्की दुकानों का निर्माण का संचालन का आरोप लगाते हुये अवैध कब्जा हटवाये जाने की मांग उठायी गयी है। कमल सिंह ने डीएम को अवगत कराया कि गांव में ग्राम समाज की बंजर पड़ी जमीन जो कि राजघाट जखौरा मार्ग से लगी हुयी है इसलिए बेशकीमती है। जमीन नम्बर 823 जिस पर गांव के दबंगों द्वारा अवैध कब्जा कर भवन निर्माण कर लिया है। इसके अलावा पक्की दुकानें खोल ली गयी हैं। पूर्व में इसकी शिकायत की गयी थी, लेकिन अभी तक कार्यवाही नहीं होने से उक्त लोगों के हौंसले काफी बुलंद हैं। पीड़ित ने मामले की जांच करायी जाकर उक्त ग्राम सभा की जमीन से अवैध कब्जा हटवाये जाने की मांग उठायी है।



# जुगपुरा में कच्ची सड़कें, टूटी नालियां व जल भराव से परेशान हुये लोग

■ जिला प्रशासन को कई बार अवगत कराने पर भी समस्या से नहीं मिली निजात

■ डीएम को फिर ज्ञापन भेजकर उठायी ठोस कार्यवाही किये जाने की मांग



**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के वार्ड संख्या आठ जुगपुरा मोहल्ला इन दिनों बिना बरसात के ही जल भराव की गम्भीर समस्याओं से जूझ रहा है। वार्ड में जगह-जगह टूटी नालियां, कच्ची सड़कें और जल निकासी के समुचित प्रबंध न होने के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर संक्रामक रोगों के फैलने की संभावनाओं से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। ऐसा नहीं है कि जगह-जगह जल भराव, टूटी नालियां और कच्चे रास्तों की जानकारी नगर पालिका और जिला प्रशासन को न हो। यहां के लोगों ने कईयों बार जिला प्रशासन को इस सम्बन्ध में अवगत कराया है, लेकिन स्थानीय अधिकारियों की उदासीनता के चलते जुगपुरा के लोग समस्याओं में जीवन यापन करने को विवश हैं। जुगपुरा के लोगों ने जिलाधिकारी को फिर से एक ज्ञापन भेजकर टूटी नालियों को ठीक किये जाने, कच्चे रास्तों पर पक्की सड़कें निर्माण किये जाने एवं जल निकासी की समुचित व्यवस्था किये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन में लोगों ने डीएम को अवगत कराया कि वार्ड संख्या 8 जुगपुरा में नवप्रभात स्कूल के पास एवं मां अहिल्यबाई बालिका इण्टर कॉलेज के पीछे कच्चे रास्ते हैं और नालियां भी टूटी पड़ी हैं। इतना ही नहीं जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने से गन्दा पानी कच्चे रोड पर जमा होकर कीचड़ के रूप में है, जहां से विद्यालय जाने वाले बच्चों, मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं और बुजुर्गों को भारी परेशानियां उठानी पड़ रहीं हैं। बताया कि दो सप्ताह पहले भी यहां के लोगों द्वारा लिखित रूप से शिकायत दर्ज करायी थी, लेकिन नगर पालिका परिषद के कर्मचारियों ने मौका मुआयना तो किया, लेकिन नाली एवं गन्दे पानी की निकासी का निस्तारण नहीं किया गया।

# भारत के खिलाफ पहले टी20 मैच के लिए इंग्लैंड ने किया प्लेइंग 11 का ऐलान, 4 पेसर्स को मिला मौका




भारत और इंग्लैंड के बीच टी20 सीरीज का आगाज बुधवार 22 जनवरी से होने जा रहा है। इस सीरीज में कुल 5 टी20 मैच खेले जाएंगे। इसका पहला मैच कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में खेला जाएगा। वहीं इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ पहले टी20 मैच के लिए अपनी प्लेइंग इलेवन का ऐलान कर दिया है। इस प्लेइंग इलेवन में इंग्लिश टीम ने 4 तेज गेंदबाजों को मौका दिया है।

कप्तान जोस बटलर की जगह फिल सॉल्ट को विकेटकीपिंग दी गई है। इंग्लैंड क्रिकेट टीम के कोच ब्रेंडन मैकुलम ने पहली ही बता दिया कि कोलकाता में खेले जाने वाले पहले टी20 मैच में बटलर विकेटकीपिंग नहीं करेंगे। प्लेइंग-11 के सामने आने के बाद ये साफ हो गया कि बटलर की जगह फिल सॉल्ट विकेटकीपिंग की भूमिका में नजर आएंगे।

फिल साल्ट विकेटकीपिंग के अलावा बेन डकेट के साथ की शुरुआत करेंगे। वहीं कप्तान जोस बटलर तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे। गस एटकिन्सन और जेमी ओवरटन के अलावा तेज गेदंबाज जोफ्रा आर्चर और मार्क वुड को भी प्लेइंग इलेवन में शामिल किया गया है। लियाम लिविंगस्टोन के रुप में धाकड़ ऑलराउंडर को प्लेइंग इलेवन में मौका दिया गया है।

इंग्लैंड की प्लेइंग इलेवन इस प्रकार हैबेन डकेट, फिल सॉल्ट (विकेटकीपर), जोस बटलर (कप्तान), हैरी ब्रूक (उपकप्तान), लियाम लिविंगस्टोन, जैकब बेथेल, जेमी ओवरटन, आदिल राशिद, गस एटकिन्सन, जोफ्रा आर्चर, मार्क वुड।

## चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए नहीं चुने जाने पर सूर्यकुमार यादव का छल्का दर्द

बुधवार 22 जनवरी से इंग्लैंड के खिलाफ टीम इंडिया अपना टी20 मुकाबला खेलेगी। इस 5 मैचों की टी20 सीरीज में टीम इंडिया की अगुवाई सूर्यकुमार यादव करेंगे। वहीं इस सीरीज का पहला मैच कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेला जाएगा। मैच से एक दिन पहले कप्तान सूर्य ने मीडिया को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी को लेकर भी अपनी बात रखी। दरअसल, आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय स्क्वॉड में सूर्यकुमार यादव को जगह नहीं मिली है। इस दौरान जब प्रेस कॉन्फ्रेंस में सूर्या को इसे लेकर सवाल किया गया किया गया कि वनेड के लिए नहीं चुने जाने से दुख होता है? तो उन्होंने कहा कि दर्द क्यों होगा? अगर मैं अच्छा प्रदर्शन करता तो मैं चैंपियंस ट्रफी में होता। अगर मैं अच्छा नहीं करता तो मुझे इसे स्वीकार करना होगा।

# बीसीसीआई की गाइडलाइन पर इंग्लैंड कप्तान जोस बटलर का बयान, कहा परिवार के होने से क्रिकेट पर असर नहीं पड़ता




ऑस्ट्रेलिया दौरे पर खराब प्रदर्शन के बाद बीसीसीआई ने हाल ही में टीम इंडिया के खिलाड़ियों केपरिवार के दौरे पर रहने के समय को कम कर दिया। बोर्ड ने अपने अनुबंधित खिलाड़ियों के लिए 16 जनवरी को 10 दिशानिर्देश जारी किए। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटर ने मंगलवार को कहा कि परिवार के आसपास होने से क्रिकेट पर कोई असर नहीं पड़ता है। इसे मैनेज किया जा सकता है।

बटलर ने पहले टी20 से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि, मुझे लगता है कि ये अहम है। हम आज के समय में जी रहे हैं जो एक बहुत ही आधुनिक दुनिया है और अपने साथ टूर पर परिवार को ले जाना बहुत बढ़िया है, इसका आनंद लेने की कोशिश करें। मुझे नहीं लगता कि इससे क्रिकेट पर बहुत ज्यादा असर पड़ता है और ये कुछ ऐसा है जिसे बहुत आसानी से मैनेज किया जा सकता है।

बीसीसीआई के दिशा-निर्देशों में एक पुरानी नीति को वापस लाया गया है, जिसके तहत खिलाड़ियों को अपने परिवार के साथ ज्यादा से ज्यादा 14 दिन रहने की अनुमति होगी, बशर्ते कि उनका दौरा 45 दिनों से लंबा हो। हाल के सालों में विशेष रूप से कोविड की शुरुआत के बाद से खिलाड़ियों को अपने परिवार को दौरे की पूरी अवधि के लिए रहने की अनुमति दी गई थी। ये रिपोर्ट सामने आई थी कि कैसे कुछ खिलाड़ी अनौपचारिक टीम मीटिंग और योजना सत्रों के लिए उपलब्ध नहीं थे। इसके बजाय उन्होंने परिवार के साथ समय बिताना पसंद किया।

साथ ही, बोर्ड ने सभी खिलाड़ियों के लिए टीम बस का इस्तेमाल अनिवार्य कर दिया है। बीसीसीआई के दस्तावेज में कहा गया है कि, सभी खिलाड़ियों से अपेक्षा की जाती है कि वे मैच और अभ्यास सत्रों के लिए टीम के साथ यात्रा करें। अनुशासन और टीम की एकजुटता बनाए रखने के लिए परिवारों के साथ अलग से यात्रा की व्यवस्था करने की नहीं करने की सलाह दी जाती है।

# एक स्थान के सुधार के साथ आईसीसी रैंकिंग में दूसरे पायदान पर पहुंची



भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना आयरलैंड के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन करने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की नवीनतम महिला एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में एक स्थान के सुधार के साथ दूसरे पायदान पर पहुंच गई है। बायें हाथ की यह सलामी बल्लेबाज शीर्ष 10 में शामिल एकमात्र भारतीय है। उन्होंने आयरलैंड के खिलाफ तीसरे वनडे में 135 रन बनाने से पहले शुरुआती दो , मैचों में 41 और 73 रन की उपयोगी पारियां खेली थी। इस 28 साल की खिलाड़ी के नाम 738 रेटिंग अंक है।

रैंकिंग में दक्षिण अफ्रीका की लौरा वोल्वार्ड्ट (773 अंक) शीर्ष पर हैं। श्रीलंका की दिग्गज खिलाड़ी चमारी अटापट्टू (733) तीसरे स्थान पर हैं। आयरलैंड के खिलाफ दूसरे वनडे में अपना पहला शतक लगाने वाली जेमिमा रोड्रिग्स दो स्थान की सुधार के साथ 17वें स्थान पर हैं जबकि चोट के कारण इस श्रृंखला से बाहर रही कप्तान हरमनप्रीत कौर 15वें स्थान पर हैं। दीप्ति शर्मा 344 रेटिंग अंकों के साथ हरफनमौला खिलाड़ियों की सूची में छठे स्थान पर हैं। दक्षिण अफ्रीका की दिग्गज मारिजेन कैप को हटाकर ऑस्ट्रेलिया की एश्ले गार्डनर इस तालिका में शीर्ष पर पहुंच गयी है। गार्डनर ने एशेज श्रृंखला के वनडे मैचों में चार विकेट चटकाने के साथ 146 रन भी बनाये। गार्डनर करियर के सर्वश्रेष्ठ 469 रेटिंग अंक लेकर कैप से 25 रेटिंग अंक आगे हैं। इंग्लैंड के खिलाफ होबार्ट में 102 रन की पारी के बाद वह बल्लेबाजों की सूची में भी करियर के सर्वश्रेष्ठ 648 रेटिंग अंक के साथ शीर्ष 10 में जगह बनाने में सफल रही। गेंदबाजी की रैंकिंग में इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन शीर्ष पर है। दीप्ति 680 रेटिंग अंक लेकर पांचवें से चौथे पायदान पर पहुंच गयी है।

## विराट कोहली सफेद गेंद क्रिकेट के सबसे विराट कोहली के बारे में सौरव गांगुली ने कही ये बड़ी बात


भले ही विराट कोहली और सौरव गांगुली के बीच कितने ही मतभेद की खबरें आए लेकिन सौरव गांगुली अक्सर कोहली की तारीफ ही करते दिखते हैं। वहीं हाल ही में सौरव गांगुली ने टीम इंडिया के पूर्व कप्तान और सलामी बल्लेबाज विराट कोहली को वाइट बॉल क्रिकेट का सबसे महान खिलाड़ी बताया है। दादा ने कोहली की जमकर तारीफ की है। दादा ने ये भी कहा कि विराट जैसे खिलाड़ी विरले ही पैदा होते हैं। पूर्व भारतीय कप्तान ने राज्य के खिलाड़ियों के लिए बंगाल क्रिकेट संघ के सम्मान समारोह के दौरान कहा कि, विराट कोहली जैसे क्रिकेटर विरले ही पैदा होते हैं। अपने करियर में 81 इंटरनेशनल शतक बनाना अविश्वसनीय है। मेरे लिए वह शायद सफेद गेंद के दुनिया के सबसे महान खिलाड़ी हैं। पर्थ में शतक के बाद कोहली के संघर्ष पर गांगुली ने कहा कि उन्हें भी हैरानी हुई कि वह सीरीज केबाकी बचे मैचों में शतक नहीं बना पाए।

# इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज से पहले कालीघाट मंदिर पहुंच गौतम गंभीर, हेड कोच ने दिया दान



बुधवार 22 जनवरी से भारत और इंग्लैंड के बीच सीमित ओवरों की सीरीज का आगाज होने जा रहा है। दोनों टीमें पांच मैचों की टी20 सीरीज खेलेगी। इंडिया वर्सेस इंग्लैंड पहला टी20 मैच बुधवार को कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में खेला जाएगा। इंग्लैंड सीरीज शुरू होने से पहले टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर ने कोलकाता में कालीघाट मंदिर के दर्शन किए। उन्होंने दान में पैसे भी दिए। काली माता का कालीघाट मंदिर काफी मशहूर है। पीटीआई द्वारा शेयर एक वीडियो में देखा जा सकता है कि कोच गंभीर कुछ देर प्रार्थना करते हैं। इसके बाद मंदिर के पुजारियों द्वारा उन्हें चुन्नी ओढ़ाई जाती है। वहीं दर्शन के बाद गंभीर पीछे मुड़ते हैं जहां दानपात्र रखा है। वह नोट निकालकर दानपात्र में डालते हैं। बता दें कि, ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-3 से हार झेलने के बाद भारतीय टीम का फोकस अब व्हाइट-बॉल क्रिकेट की ओर शिफ्ट हो गया है। इंडिया वर्सेस इंग्लैंड सीरीज का आखिरी मैच 12 फरवरी को होगा। उसके बाद भारतीय खिलाड़ियों को आईसीसी चैंपियंस ट्रफी 2025 में खेलना है जिसकी शुरुआत 19 फरवरी से होगी। बता दें कि, गौतम गंभीर जब से टीम इंडिया के हेड कोच बने हैं तब से ही टीम इंडिया का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है। टीम इंडिया एक के बाद एक करके सभी सीरीज हार रही है। पहले श्रीलंका, न्यूजीलैंड और फिर ऑस्ट्रेलिया दौरे पर बीजीटी में भारत को करारी हार झेलनी पड़ी। वहीं इंग्लैंड के खिलाफ गौतम गंभीर की ये अग्निपरीक्षा है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा था कि, अगर टीम इंडिया चैंपियंस ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन नहीं करती है तो मुख्य कोच की स्थिति भी खराब होगी। उनका अनुबंध 2027 वर्ल्ड कप तक है लेकिन समीक्षा जारी रहेगी।

# अक्षय कुमार ने बिग बॉस 18 के फिनाले से अपने चौंकाने वाले एग्जिट पर चुप्पी तोड़ी, कहा सलमान खान



बिग बॉस 18 का ग्रैंड फिनाले 19 जनवरी को हुआ, जिसमें कई मशहूर हस्तियां शामिल हुईं। आमिर खान, जुनैद खान, खुशी कपूर और वीर पहारिया जैसे मशहूर नाम शो के खास मेहमानों में शामिल हुए थे। अक्षय कुमार की शो में आने की उम्मीद थी, क्योंकि वह अपनी आने वाली फिल्म स्काई फोर्स के प्रमोशन के लिए आए थे। हालांकि, अभिनेता सेट पर पहुंचे, लेकिन वह अपना सेगमेंट शूट किए बिना ही चले गए। उनके शो से बाहर निकलने की वजह सलमान खान थे।

हाल ही में दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अक्षय ने इस स्थिति के बारे में बताया। उन्होंने खुलासा किया कि सलमान खान व्यक्तिगत कारण की वजह से देर से आ रहे थे। चूंकि अक्षय के पास पहले से ही काम थे, इसलिए वह सलमान के आने का इंतज़ार नहीं कर सकते थे। अक्षय ने कहा, मैं किसी काम के लिए देर से आ रहा था। मैंने सलमान से बात की और वह किसी निजी काम में उलझे हुए थे। उन्होंने मुझे बताया कि वह लगभग 40 मिनट देर से आएंगे। लेकिन मुझे जाना पड़ा क्योंकि मेरे पास पहले से ही काम था।

शो में सलमान खान ने बताया कि अक्षय अपनी आने वाली फिल्म के प्रमोशन के लिए सेट पर थे, लेकिन उन्हें वहां से जाना पड़ा क्योंकि सलमान लेट हो गए थे और अक्षय के पास दूसरे काम भी थे। सलमान खान ने कहा, अक्की भी फिल्म में हैं। मैं थोड़ा लेट हो गया और उन्हें दूसरे फंक्शन के लिए जाना था, इसलिए वह चले गए। एचटी सिटी ने पहले बताया था कि अक्षय वहां से चले गए थे क्योंकि उन्हें जॉली एलएलबी 3 की टेस्ट स्क्रीनिंग करनी थी।

अक्षय ने यह भी स्पष्ट किया कि उनके और सलमान के बीच सब ठीक है और उन्होंने फोन पर बात की। अक्षय ने कहा, मुझे जाना पड़ा हालांकि, हमने इस बारे में बात की। फिनाले एपिसोड के दौरान, सलमान खान ने उल्लेख किया था कि अक्षय को जाना पड़ा क्योंकि उन्हें एक और कार्यक्रम में भाग लेना था। हालांकि अक्षय बिग बॉस 18 में स्काई फोर्स का प्रचार नहीं कर सके, लेकिन उनके सह-कलाकार वीर पहरिया ने किया। कॉ-स्टार ने शो में भाग लिया और अपकमिंग फिल्म के बारे में बात की और एलिमिनेशन टास्क भी किया। वीर ने अपनी गायकी का हुनर दिखाते हुए सभी को चौंका दिया।

# फिल्म छावा के मेकर्स ने रिलीज किया रश्मिका मंदाना का फर्स्ट् लुक, नेटिजेंस हुए निराश




एनिमल (2023) और पुष्पा 2: द रूल (2024) जैसी ब्लॉकबस्टर हिट देने के बाद अब अभिनेत्री रश्मिका मंदाना अपनी अगली फिल्म छावा की रिलीज का इंतजार कर रही है। फिल्म 14 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस बीच, निर्माताओं ने फिल्म से रश्मिका का पहला लुक जारी कर दिया है। अभिनेत्री के इस लुक को लोगों की तरफ से मिले-जुले रिएक्शन मिल रहे हैं।

निर्माताओं ने महारानी येसुबाई के रूप में रश्मिका मंदाना का पहला लुक पोस्टर जारी किया। पोस्टर में, रश्मिका सिर पर पल्लू, माथे पर बड़ी लाल बिंदी और नाक पर पारंपरिक मराठी नथ के साथ भारी आभूषणों से सजी हुई हैं। रश्मिका का लुक देखकर नेटिजेंस निराश हो गए हैं। उनका मानना है कि अभिनेत्री को फिल्म में लेना एक अच्छा आईडिया नहीं था।

एक असंतुष्ट सोशल मीडिया यूजर ने लिखा, वे दिन गए जब वे भूमिका के लिए लुक टेस्ट करते थे। वह भूमिका के हिसाब से नहीं दिखती और मुझे कोई उम्मीद नहीं है कि वह सही ढंग से डिक्टेशन प्राप्त करेगी.. वह स्पष्ट रूप से गलत है! एक अन्य टिप्पणी में लिखा था, गलत। मेरे हिसाब से उसके पास आवधिक फिल्मों के लिए चेहरा नहीं है।

सहमति जताते हुए, एक नेटिजन ने कहा, यह थोड़ा विवादास्पद लगता है, लेकिन यह कहना जल्दबाजी होगी कि वह फर्स्ट् लुक पोस्टर के आधार पर गलत है, आइए आशा करते हैं कि उसकी भूमिका को पर्याप्त चरित्र गहराई दी जाए। एक प्रशंसक ने बताया, अधिक आभूषण और महाराष्ट्रीयन साड़ी के साथ श्रीवल्ली की तरह लग रही है। फिल्म छावा में अभिनेता विक्की कौशल मराठा राजा छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका निभा रहे हैं और रश्मिका उनकी ऑनस्क्रीन पत्नी महारानी येसुबाई की भूमिका निभाएगी। बता दें कि पिछले साल अगस्त में, निर्माताओं ने छावा के टीजर में मराठा राजा छत्रपति संभाजी महाराज के रूप में विक्की कौशल का पहला लुक रिलीज किया था, जो रोंगटे खड़े कर देने वाला था।

## फिर टली दिलजीत दोसांझ की विवादित फिल्म पंजाबी 95 की रिलीज, गायक ने दी जानकारी



गायक-अभिनेता दिलजीत दोसांझ की आगामी फिल्म पंजाब 95 लंबे समय से भारत में रिलीज होने का इंतजार कर रही है। यह फिल्म कार्यकर्ता जसवंत सिंह खालरा के जीवन और मृत्यु पर आधारित है, जो 7 फरवरी को वैश्विक स्तर पर रिलीज होने वाली थी। लेकिन अब इसकी रिलीज टल गयी है। सोमवार को, दिलजीत और अन्य कलाकारों ने इस बात की घोषणा की कि उनकी फिल्म तय समय पर रिलीज नहीं होगी। सोमवार देर रात इंस्टाग्राम स्टोरीज पर दिलजीत ने एक नोट लिखकर इसकी जानकारी दी। गायक ने लिखा, हमें खेद है और हमें आपको यह बताते हुए दुख हो रहा है कि हमारे नियंत्रण से परे परिस्थितियों के कारण फिल्म पंजाब 95 7 फरवरी को रिलीज नहीं होगी। इसी के साथ उन्होंने अपनी एक अन्य स्टोरी में दिवंगत खालरा की एक तस्वीर भी साझा की, जिसपर उनका एक उद्धरण लिखा था। इस तस्वीर पर लिखा मैं सत्य को पहचानने वाले गुरु से प्रार्थना करता हूं कि वे इस ज्योति को जलाए रखें था। हनी त्रेहान द्वारा निर्देशित और रोनी स्क्रूवाला द्वारा निर्मित पंजाब 95 में अर्जुन रामपाल, सुविंदर विक्की, वरुण बडोला और गीतिका विद्या ओहलान भी हैं। यह फिल्म लगभग तीन वर्षों से विवादों में घिरी हुई है, जब से इसे प्रमाणन के लिए सीबीएफसी को प्रस्तुत किया गया था। 2022 में, पंजाब 95, जिसे तब घलुघारा नरसंहार के बाद घलुघारा नाम दिया गया था, को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड को प्रस्तुत किया गया था। हालाँकि, ने फिल्म में 120 कट लगाए और शीर्षक पर आपत्ति जताई। आखिरकार, शीर्ष सिख धार्मिक निकाय, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति ने हस्तक्षेप किया, और ने कटों के साथ नरमी बरती, लेकिन शीर्षक को अभी भी बदलने के लिए कहा।

# कम उम्र में ही बुझ गया था बॉलीवुड का चमकता सितारा, फिजिक्स में बने थे नेशनल ओलंपियाड

बॉलीवुड में कम उम्र में ही बुझ गया चिराग सुशांत सिंह राजपूत एक ऐसा अभिनेता है जो कभी ना मर सकता है और ना ही कभी भुलाया जा सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि उनकी फिल्में और उनके साथ जुड़े उनके गीत अक्सर उनकी यादों को उजागर कर दिया करते हैं। एक ऐसा ही बेहतरीन एक्टर जो बहुत ही कम उम्र में हम सभी को छोड़कर चला गया कहीं दूर, जिसे बस याद किया जा सकता है। उसके होठों पर वो भोली सी मुस्कान, प्यारा सा चेहरा, शरारती आंखे और दिलकश अदाकारी का हुनर, ये सभी वह इस दुनिया से जाते समय अपने साथ ले गया। आज के दिन उनके जन्मदिन पर अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत के फैंस उन्हें खूब याद कर रहे हैं। कई ट्विटर यूजर्स ने माइक्रो-ब्लॉगिंग साइट पर सुशांत के थ्रोबैक वीडियो और तस्वीरें साझा कीं, साथ ही दिल छूने वाले नोट्स लिखे और श्रद्धांजलि भी दी। जून 2020 में आत्महत्या करने से पहले सुशांत सिंह राजपूत ने दिल बेचारा की शूटिंग पूरी की थी। सुशांत सिंह राजपूत के साथ इस फिल्म में संजना सांघी थीं और यह द फॉल्ट इन अवर स्टार्स की रीमेक है। 6 जुलाई, 2020 को उनकी आखिरी फिल्म का ट्रेलर आउट हो गया था और फिल्म को डिज्नी हॉटस्टार पर 24 जुलाई, 2020 को स्ट्रीम किया गया था




दिवंगत एक्टर सुशांत सिंह राजपूत का जन्म 21 जनवरी 1986 को कृष्ण कुमार सिंह और उषा सिंह के घर पूर्णिया, बिहार में हुआ था। सुशांत ने अपनी स्कूली शिक्षा पटना के सेंट करेन हाई स्कूल और फिर नई दिल्ली के कुलाची हंसराज मॉडल स्कूल में की थी। वे पढ़ाई में अच्छे थे और ऐसा बताया जाता है कि उन्होंने अपने पूरे जीवन में 11 इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं को पास किया था। 2002 में उन्होंने अपनी माँ को खो दिया था। उनकी एक बहन मीतू सिंह राज्य स्तरीय क्रिकेटर हैं। 2003 में उन्होंने दिल्ली कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा में सातवीं रैंक हासिल की और बी.ई. मैकेनिकल इंजीनियरिंग करने का फैसला लिया। सुशांत फिजिक्स में नेशनल ओलंपियाड विनर भी रह चुके हैं। उन्होंने अपने अभिनय करियर को आगे बढ़ाने के लिए कॉलेज छोड़ दिया था। 34 वर्ष की आयु में 14 जून, 2020 को मुंबई में बॉलीवुड अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत का निधन हो गया था। वे अपने मुंबई के बांद्रा स्थित घर में मृत पाए गए थे। साल 2015 में सुशांत सिंह राजपूत की पूर्व प्रेमिका अंकिता लोखंडे ने सार्वजनिक रूप से उसे थप्पड़ मारा जब वह पूरी तरह से नशे में था। रिलेशनशिप में 6 साल तक रहने के बाद 2016 में ये कपल अलग हो गया था। सुशांत सिंह के बारे में अफवाह थी कि उन्होंने साल 2015 में अंकिता से छुप कर शादी कर ली थी। 2019 के शुरुआत से ऐसी अफवाह थी कि सुशांत सिंह राजपूत और रिया चक्रवर्ती एक-दूसरे को डेट कर रहे थे। सुशांत सिंह राजपूत ने अपने कॉलेज के दिनों में खुद को श्यामक डावर की नृत्य कक्षाओं में नामांकित किया। नृत्य कक्षाओं में अपने साथी छात्रों से प्रेरित होकर सुशांत सिंह ने अभिनय सीखने के लिए बैरी जॉन की ड्रामा क्लास को जॉइन किया। नृत्य कक्षाओं में सुशांत ने वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया और उन्हें मानक नृत्य मंडली के सदस्य के रूप में चुना गया। साल 2005 में 51वें फिल्मफेयर अवॉर्ड्स में सुशांत सिंह ने बैकग्राउंड डांसर के तौर पर परफॉर्म किया था। वर्ष 2006 में उन्होंने 2006 के राष्ट्रमंडल खेलों के उद्घाटन समारोह में समूह के अन्य सदस्यों के साथ प्रदर्शन किया था।

इसके बाद फिर सुशांत सिंह राजपूत मुंबई चले गए और नादिरा बब्बर के एकजूट थिएटर ग्रुप (1981 में हिंदी थिएटर में एक जाना माना नाम) में शामिल हो गए और दो साल से अधिक समय तक इस समूह से जुड़े रहे। नेस्ले मंच के लिए एक टीवी विज्ञापन के बाद, सुशांत सिंह राजपूत एक जाना-पहचाना चेहरा बन गए। 2008 में बालाजी टेलीफिल्म्स की कास्टिंग टीम ने एकजूट के लिए सुशांत सिंह राजपूत के एक प्ले को देखा और उन्हें ऑडिशन के लिए आमंत्रित किया गया। उन्हें किस देश में है मेरा दिल में प्रीत जुनेजा की भूमिका के लिए ऑफर दिया गया था। इस भूमिका के बाद वह हर भारतीय घर में एक लोकप्रिय चेहरा बन गए।

साल 2014 में उन्होंने आमिर खान और अनुष्का शर्मा अभिनीत पीके में एक छोटी भूमिका निभाई। यह फिल्म सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्मों में से एक है। 2015 में। उन्होंने एक मिस्ट्री थ्रिलर डिटेक्टिव ब्योमकेश बख्शी में मुख्य भूमिका निभाई थी इसके बाद आने वाले सालों में सुशांत सिंह ने एम.एस. धोनी द अनटोल्ड स्टोरी, राब्ता, केदारनाथ, सोनचिरैया (भूमि पेडनेकर के विपरीत) और छिछोरे (श्रद्धा कपूर के विपरीत) में दिखाई दिए थे।

साल 2010 में सुशांत सिंह राजपूत ने सर्वाधिक लोकप्रिय अभिनेता (पुरुष) के लिए भारतीय टेलीविजन अकादमी पुरस्कार जीता था, बिग स्टार एंटरटेनमेंट अवार्ड्स सर्वश्रेष्ठ टेलीविजन अभिनेता, बोरोप्लस गोल्ड अवार्ड्स पवित्र रिश्ता के लिए मुख्य भूमिका में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार भी जीता था। इसके बाद सुशांत ने पवित्र रिश्ता, काय पो छे! के लिए और फिल्म एम.एस धोनी द अनटोल्ड स्टोरी के लिए स्क्रीन अवार्ड्स बेस्ट एक्टर (क्रिटिक्स) और इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न बेस्ट एक्टर जीता था।

# भड़काऊ गीत वीडियो मामले में इमरान प्रतापगढ़ी को राहत



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि प्रतापगढ़ी के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने प्रतापगढ़ी के खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द न करने गुजरात हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई की। गुजरात हाईकोर्ट ने एक फैसले में इमरान प्रतापगढ़ी के खिलाफ दर्ज की गई एफआईआर रद्द न करने का आदेश दिया था। गुजरात के जामनगर में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह की पृष्ठभूमि में भड़काऊ गीत के साथ संपादित वीडियो पोस्ट करने के मामले में कांग्रेस सांसद और कवि इमरान प्रतापगढ़ी को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि प्रतापगढ़ी के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने प्रतापगढ़ी के खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द न करने गुजरात हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई की। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने प्रतापगढ़ी द्वारा दायर अपील पर गुजरात सरकार और शिकायतकर्ता किशनभाई दीपकभाई नंदा को नोटिस जारी किया। गुजरात हाईकोर्ट ने पिछले दिनों एक फैसले में कहा था कि कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी के खिलाफ दर्ज की गई एफआईआर रद्द नहीं होगी। जामनगर के निवासी किशन नंदा की शिकायत के आधार पर यह मामला दर्ज हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि इमरान प्रतापगढ़ी ने 29 दिसंबर को सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शामिल होने के तीन दिन बाद 2 जनवरी को सोशल मीडिया एक्स पर वीडियो पोस्ट किया। इस वीडियो में इमरान प्रतापगढ़ी को फूलों की बारिश के बीच लोगों का अभिवादन करते दिखाया गया है। लेकिन वीडियो के बैकग्राउंड में चल रहे गाने के बोल को धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला और हिंसा भड़काने वाला बताया गया है। पुलिस अधीक्षक प्रेमसुख देलू के अनुसार, इस वीडियो ने एक्स पर लोगों से तीखी प्रतिक्रियाएं पाईं। एक यूजर ने वीडियो की तुलना सीरिया और इराक से कर दी है। पुलिस का मानना है कि वीडियो में आवाज शायद इमरान प्रतापगढ़ी की है। जानकारी के मुताबिक, इमरान प्रतापगढ़ी पर बीएनएस की धारा 57 भी लगाई गई है, जो दस या अधिक लोगों को अपराध करने के लिए उकसाने से संबंधित है।

# बांग्लादेशी घुसपैठ को लेकर ममता ने फिर केंद्र पर साधा निशाना



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में बांग्लादेशियो की घुसपैठ को लेकर एक बार फिर से सियासत तेज हो गई है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार एक बार फिर से केंद्र सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा करना सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की जिम्मेदारी है। उन्होंने मालदा जिले के लोगों से आग्रह किया कि अगर कोई समस्या है तो वे सीमावर्ती इलाकों में जाने से बचें। मुख्यमंत्री ममता की यह टिप्पणी 18 जनवरी को मालदा जिले में बीएसएफ चौकी के पास भारत-बांग्लादेश सीमा पर तनाव बढ़ने के बाद आई है। जहां पर दोनों देशों के किसानों के बीच हुआ विवाद झड़प में बदल गया था। बता दें कि, बंगाल का मालदा जिला बांग्लादेश के साथ सीमा साझा करता है। ममता बनर्जी ने मालदा जिले में एक बैठक को संबोधित करते हुए स्थानीय लोगों से आग्रह किया कि अगर कोई समस्या है तो वे सीमावर्ती क्षेत्रों में न जाएं। उन्होंने कहा, सीमा की सुरक्षा करना बीएसएफ का कर्तव्य है। मैं लोगों से आग्रह करती हूं कि अगर उन्हें कोई समस्या दिखे तो वे सीमावर्ती क्षेत्रों में न जाएं। बनर्जी ने जिला प्रशासन और स्थानीय लोगों से उन लोगों पर नजर रखने का भी आग्रह किया, जो भारत में घुसने की कोशिश कर रहे हैं या गलत इरादे से होटल के कमरों में ठहरे हुए हैं। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि बांग्लादेश के साथ हमारे रिश्ते बेहतर होंगे। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हाल ही में राज्य सचिवालय में एक प्रशासनिक समीक्षा बैठक के दौरान सीमा सुरक्षा बल पर बांग्लादेश से घुसपैठ को अनुमति देने का आरोप लगाया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि राज्य को अस्थिर करने के लिए केंद्र सरकार के ब्लूप्रिंट के हिस्से के रूप में ऐसा किया जा रहा है।

# सबसे अमीर विधायक खोलेंगे कांग्रेस खाता या किसी और को मिलेगी जीत

**नई दिल्ली।** दिल्ली में चुनावों के लिए मैदान सज चुका है। सभी प्रत्याशी मैदान में अपना दाव लगाने की तैयारी कर चुके हैं। पिछली बार इस सीट से आप के धर्मपाल लाकड़ा विधायक थे। ये आप के सबसे अपनी प्रत्याशियों में से एक थे। इस बार ये कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव प्रचार जारी है। आरोप प्रत्यारोप का दौर जारी है। इस चुनाव में हर पार्टी मुफ्त की रेवड़ियां बांटने में एक दूसरे से आगे निकलने की कोशिश कर रही है। किसकी रेवड़ी में सबसे ज्यादा मिठास रही ये 8 फरवरी को पता चलेगा। जब नतीजे आएंगे। इन नतीजों में कुछ सीटों पर सबकी नजर रहेगी। ऐसी ही एक मुंडका विधानसभा सीट है। 2020 में यहां से जीते धर्मपाल लाकड़ा मौजूदा विधायकों में सबसे अमीर विधायक हैं। लाड़का इस बार कांग्रेस के टिकट पर मैदान में हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव के इतिहास में बादली में कब कौन जीता? कब कितने वोट पड़े? पिछले चुनाव में कैसे नतीजे रहे? इस बार कैसा मुकाबला हो सकता है? आइये जानते हैं दिल्ली को विधानसभा कैसे मिली, इसकी कहानी 1952 से शुरू हुई। 1952 पार्ट-सी राज्य के रूप में दिल्ली को एक विधानसभा दी गई। 1956 में उस विधानसभा को भंग कर दिया गया। 1966 में दिल्ली को एक महानगर परिषद दी गई। दिल्ली राज्य विधानसभा 17 मार्च 1952 को पार्ट-सी राज्य सरकार अधिनियम, 1951 के तहत अस्तित्व में आई। 1952 की विधानसभा में 48 सदस्य थे। मुख्य आयुक्त को उनके कार्यों के निष्पादन में सहायता और सलाह देने के लिए एक मंत्रिपरिषद का प्रावधान था, जिसके संबंध में राज्य विधानसभा को कानून बनाने की शक्ति दी गई थी। राज्य पुनर्गठन आयोग (1955) की सिफारिशों के बाद दिल्ली 1 नवंबर 1956 से भाग-सी राज्य नहीं रही। दिल्ली विधानसभा और मंत्रिपरिषद को समाप्त कर दिया गया और दिल्ली राष्ट्रपति के प्रत्यक्ष प्रशासन के तहत केंद्र शासित प्रदेश बन गया। दिल्ली में एक लोकतांत्रिक व्यवस्था और उत्तरदायी प्रशासन की मांग उठने लगी। इसके बाद दिल्ली प्रशासन अधिनियम, 1966 के तहत महानगर परिषद बनाई गई। यह एक सदनीय लोकतांत्रिक निकाय था जिसमें 56 निर्वाचित सदस्य और 5 राष्ट्रपति द्वारा मनोनीत सदस्य होते थे। इसके बाद भी विधानसभा की मांग उठती रही। 24 दिसंबर 1987 को भारत सरकार ने सरकारिया समिति (जिसे बाद में बालकृष्णन समिति कहा गया) नियुक्त की। समिति ने 14 दिसंबर 1989 को अपनी रिपोर्ट पेश की और सिफारिश की कि दिल्ली को केंद्र शासित प्रदेश बना रहना चाहिए, लेकिन आम आदमी से जुड़े मामलों से निपटने के लिए अच्छी शक्तियों के साथ एक विधानसभा दी जानी चाहिए।

# केंद्र का सरकारी कार्यालयों को शीघ्र बंद करने का आदेश



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने गणतंत्र दिवस परेड, एट होम कार्यक्रम और बीटिंग द रिट्रीट समारोह के मद्देनजर सरकारी कार्यालयों को शीघ्र बंद करने का आदेश दिया है। केंद्र सरकार ने गणतंत्र दिवस परेड, एट होम कार्यक्रम और बीटिंग द रिट्रीट समारोह सहित अन्य के मद्देनजर सरकारी कार्यालयों को जल्दी बंद करने की घोषणा की है। कार्मिक मंत्रालय की ओर से जारी एक आदेश के अनुसार, कुछ कार्यालयों को 23 जनवरी को पूर्ण ड्रेस रिहर्सल और 28 जनवरी को एक विशेष कार्यक्रम के लिए बंद रखा जाएगा। इस आदेश में उन भवनों की सूची दी गई है, जिनके कार्यालय समय से पहले बंद हो जाएंगे। 23 जनवरी को होने वाले पूर्ण ड्रेस रिहर्सल के लिए दक्षिण ब्लॉक, उत्तर ब्लॉक, वायु भवन, उद्योग भवन, निर्माण भवन और शास्त्री भवन जैसे सरकारी कार्यालयों को 22 जनवरी शाम साढ़े छह बजे से 23 जनवरी दोपहर एक बजे तक बंद रखा जाएगा। इसके अलावा, रक्षा भवन, राष्ट्रीय स्टेडियम, कश्मीर हाउस, संचार भवन, राष्ट्रीय मीडिया केंद्र,भारतीय स्टेट बैंक, भारतीय रिजर्व बैंक, चुनाव आयोग और संघ लोक सेवा आयोग के भवन भी इसी समय पर बंद रहेंगे। इन सभी कार्यालयों को 25 जनवरी को दोपहर एक बजे से 26 जनवरी दोपहर एक बजे तक बंद रखा जाएगा।

# नवाब मलिक के खिलाफ मामले में मुंबई पुलिस लगाएगी क्लोजर रिपोर्ट

**मुंबई।** आईआरएस समीर वानखेड़े ने एनसीपी नेता नवाब मलिक के खिलाफ अत्याचार निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कराया है। उनकी याचिका पर हाईकोर्ट ने मुंबई पुलिस से जानकारी मांगी थी। मुंबई पुलिस ने बॉम्बे हाईकोर्ट में कहा कि हमने अत्याचार अधिनियम मामले की जांच की है। सबूतों के अभाव में हम मामले में क्लोजर रिपोर्ट लगा रहे हैं। समीर वानखेड़े की तरफ से एनसीपी नेता नवाब मलिक के खिलाफ दर्ज कराए गए मामले में मुंबई पुलिस ने क्लोजर रिपोर्ट लगाने का फैसला किया है। मुंबई पुलिस ने बॉम्बे हाईकोर्ट में कहा कि हमने अत्याचार अधिनियम मामले की जांच की है। सबूतों के अभाव में हम मामले में क्लोजर रिपोर्ट लगा रहे हैं। बता दें कि समीर वानखेड़े आईआरएस (भारतीय राजस्व सेवा) के अफसर हैं और उन्होंने मलिक के खिलाफ अत्याचार निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कराया है। वानखेड़े ने हाईकोर्ट में याचिका लगाकर इस मामले को सीबीआई को सौंपे जाने की मांग की थी। उन्होंने पुलिस पर कार्रवाई आगे न बढ़ाने का आरोप लगाया था। मौजूदा समय में वानखेड़े करदाता सेवाओं के निदेशालय में अतिरिक्त आयुक्त के पद पर तैनात हैं और एससी महार समुदाय




से आते हैं। उनकी याचिका पर हाईकोर्ट ने मुंबई पुलिस से जानकारी मांगी थी। इस पर अतिरिक्त लोक अभियोजक एसएस कौशिक ने न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति नीला गोखले की खंडपीठ को बताया कि 2022 अत्याचार मामले की जांच के बाद पुलिस ने सी-समरी रिपोर्ट दाखिल करने का फैसला किया है। सी-समरी रिपोर्ट उन मामलों में दायर की जाती है, जहां जांच के बाद पुलिस इस नतीजे पर पहुंचती है कि कोई सबूत नहीं है और अत्याचार का मामला न तो सच है और न ही झूठा है। एक बार जब ऐसी रिपोर्ट कोर्ट के पास आती है तो शिकायतकर्ता उसे चुनौती दे सकता है। इसके बाद कोर्ट मामले में सभी पक्षों को सुनती है और क्लोजर रिपोर्ट को स्वीकार और अस्वीकार करने का फैसला करती है। पुलिस की रिपोर्ट के बाद पीठ ने याचिका का निपटारा करते हुए कहा कि पुलिस के बयान के मद्देनजर कुछ भी शेष नहीं है। वानखेड़े कानून के अनुसार उचित मंच के समक्ष उचित कदम उठा सकते हैं। यह कहने की आवश्यकता नहीं है कि हमने याचिकाकर्ता की शिकायत के गुण-दोष या पुलिस द्वारा की गई जांच पर विचार नहीं किया है, इसलिए सभी पक्षों की दलीलें खुली रखी गई हैं। मामले में लगाई गई क्लोजर रिपोर्ट को लेकर पुलिस ने अदालत को बताया कि मामले में दो और धाराएं शामिल की गई हैं। इसमें अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धारा 3(1) क्यू और आर शामिल है। ये धाराएं किसी लोक सेवक को चोट पहुंचाने या परेशान करने तथा अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के सदस्य को जानबूझकर अपमानित करने या डराने के लिए झूठी या तुच्छ जानकारी देने से संबंधित हैं।

आईआरएस अफसर समीर वानखेड़े ने 2022 में महाराष्ट्र के मंत्री नवाब मलिक के खिलाफ गोरेगांव पुलिस के सामने अनुसूचित जाति-जनजाति (अत्याचार निरोधक) अधिनियम के तहत शिकायत दर्ज कराई थी। इसमें आरोप लगाया गया था कि मलिक ने इंटरव्यू और सोशल मीडिया पोस्ट्स के जरिए वानखेड़े और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ जाति आधारित अपमानजनक टिप्पणियां की थीं।

# निशिकांत दुबे-मनोज तिवारी के खिलाफ प्राथमिकी रद्द करने का हाईकोर्ट का आदेश बरकरार

**नई दिल्ली।** न्यायमूर्ति एएस ओका और जस्टिस मनमोहन की पीठ ने राज्य सरकार को जांच के दौरान एकत्र की गई सामग्री को चार सप्ताह के भीतर विमानन अधिनियम के तहत अधिकृत अधिकारी को भेजने की अनुमति दी। पीठ ने कहा कि नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) का सक्षम प्राधिकारी कानून के अनुसार निर्णय लेगा कि अधिनियम के तहत शिकायत दर्ज करने की आवश्यकता है या नहीं। सुप्रीम कोर्ट से झारखंड सरकार को बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने भाजपा सांसदों निशिकांत दुबे और मनोज तिवारी के खिलाफ प्राथमिकी रद्द करने के उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ झारखंड की याचिका खारिज कर दी है। एफआईआर 2022 में हवाई अड्डे से उड़ान भरने के दौरान विमानन नियमों के उल्लंघन के मामले में दर्ज की गई थी। समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड सरकार की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसदों निशिकांत दुबे और मनोज तिवारी के खिलाफ प्राथमिकी को रद्द करने के हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी गई थी।

इन पर 2022 में सूर्यास्त के बाद अपने विमान को देवघर हवाई अड्डे से उड़ान भरने की अनुमति देने के लिए हवाई यातायात नियंत्रण को दबाव डालने का आरोप है। न्यायमूर्ति एएस ओका और जस्टिस मनमोहन की पीठ ने राज्य सरकार को जांच के दौरान एकत्र की गई सामग्री को चार सप्ताह के भीतर विमानन अधिनियम के तहत अधिकृत अधिकारी को भेजने की अनुमति दी। पीठ ने कहा कि नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) का सक्षम प्राधिकारी कानून के अनुसार निर्णय लेगा कि अधिनियम के तहत शिकायत दर्ज करने की आवश्यकता है या नहीं।

# नहर पर हमारा कब्जा है और आगे भी रहेगा, ट्रंप के एलान पर भड़के पनामा के राष्ट्रपति



**पनामा सिटी।** पनामा के राष्ट्रपति मुलिनो ने बयान में कहा कि ट्रंप के पनामा और पनामा नहर को लेकर दिए गए बयान को ध्यान में रखते हुए हम कहना चाहते हैं कि नहर पर पनामा का नियंत्रण है और आगे भी रहेगा। इसकी तटस्थता का सम्मान किया जाना चाहिए और किसी भी देश को हमारे मामलों में दखल नहीं देना चाहिए। शपथ ग्रहण के बाद एक बार फिर से डोनाल्ड ट्रंप ने पनामा नहर पर कब्जे की बात दोहराई। हालांकि पनामा की तरफ से इसे लेकर कड़ी आपत्ति जताई गई है। पनामा के राष्ट्रपति ने अपने ताजा बयान में कहा है कि नहर पर पनामा का कब्जा है और आगे भी रहेगा। पनामा के राष्ट्रपति जोस राउल मुलिनो ने कहा कि किसी भी देश को पनामा के मामलों में दखल नहीं देना चाहिए। पनामा के राष्ट्रपति मुलिनो ने बयान में कहा कि ट्रंप के पनामा और पनामा नहर को लेकर दिए गए बयान को ध्यान में रखते हुए हम कहना चाहते हैं कि नहर पर पनामा का नियंत्रण है और आगे भी रहेगा। इसकी तटस्थता का सम्मान किया जाना चाहिए और किसी भी देश को हमारे मामलों में दखल नहीं देना चाहिए। मुलिनो ने कहा कि नहर कोई उपहार नहीं थी बल्कि यह कई पीढ़ियों के संघर्ष का नतीजा था, जो साल 1999 में संधि के रूप में फलित हुआ। उसके बाद से 25 साल से बिना किसी व्यवधान के हम नहर का प्रशासन कर रहे हैं।

पनामा नहर के जरिए अमेरिका समेत पूरी दुनिया में व्यापार का विस्तार हुआ है। पनामा के राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें जो अधिकार दिया गया है, उसका वे पूरी समझदारी से इस्तेमाल करेंगे और सभी मित्र देशों के साथ अपने रिश्तों को मजबूत करेंगे। हमारे अधिकारों, संप्रभुता और संपत्ति के अधिकार को कमजोर किए बिना, बातचीत के जरिए विवादों को दूर किया जा सकता है।गौरतलब है कि अमेरिका के समुद्री व्यापार का बड़ा हिस्सा पनामा नहर के जरिए होता है। डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद से ही पनामा नहर पर कब्जे की बात कर रहे हैं। ट्रंप ने आरोप लगाया कि चीन, पर्दे के पीछे से पनामा नहर का संचालन कर रहा है।

ट्रंप ने सोमवार को शपथ ग्रहण समारोह के बाद अपने संबोधन में भी ये बात दोहराई। उन्होंने कहा कि %पनामा नहर हमने पनामा को उपहार में दी थी, लेकिन अब इसका संचालन चीन कर रहा है। हमने इसे चीन को नहीं दिया था और अब हम इसे वापस लेंगे।

# ट्रंप ने 50 पूर्व खुफिया अधिकारियों की सुरक्षा मंजूरी बर्खास्त की



**वॉशिंगटन।** जिन पूर्व अधिकारियों की सुरक्षा मंजूरी बर्खास्त की जाएगी, उनमें वे लोग शामिल हैं, जिन्होंने साल 2020 में जो बाइडन के बेटे हंटर बाइडन के लैपटॉप मामले की जांच की थी। ट्रंप के इस फैसले से स्पष्ट है कि पूर्व खुफिया अधिकारियों के साथ ही हंटर बाइडन की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति पद की शपथ लेते ही एक्शन में हैं और लगातार बड़े फैसले ले रहे हैं। ट्रंप ने ये भी कहा है कि जल्द ही 50 के करीब पूर्व खुफिया अधिकारियों की सुरक्षा मंजूरी को बर्खास्त किया जाएगा। जिन पूर्व अधिकारियों की सुरक्षा मंजूरी बर्खास्त की जाएगी, उनमें वे लोग शामिल हैं, जिन्होंने साल 2020 में जो बाइडन के बेटे हंटर बाइडन के लैपटॉप मामले की जांच की थी। ट्रंप के इस फैसले से स्पष्ट है कि पूर्व खुफिया अधिकारियों के साथ ही हंटर बाइडन की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। यह कार्रवाई डोनाल्ड ट्रंप की अपने विरोधियों के खिलाफ प्रतिशोध की कार्रवाई का संकेत देती है। इसे लेकर ट्रंप और खुफिया अधिकारियों के बीच नाराजगी बढ़ सकती है। जिन पूर्व अधिकारियों की सुरक्षा मंजूरी को हटाया जा सकता है, उनमें पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा की सरकार में राष्ट्रीय खुफिया निदेशक जेम्स क्लीपर और पूर्व सीआईए निदेशक जॉन ब्रेनन जैसे प्रमुख अधिकारी शामिल हैं। साथ ही जॉन बॉल्टन का नाम भी शामिल है, जो ट्रंप के पिछले कार्यकाल में सुरक्षा सलाहकार थे, लेकिन उन्हें ट्रंप ने बर्खास्त कर दिया था। अक्तूबर 2020 में अमेरिकी मीडिया में एक रिपोर्ट प्रकाशित हुई थी, जिस पर खूब विवाद हुआ था। दरअसल पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के बेटे हंटर बाइडन पर आरोप लगे थे कि उन्होंने यूक्रेन के एक अभियोजक को बर्खास्त कराने के लिए अपने पिता के पद का इस्तेमाल किया था। जिस अभियोजक को बर्खास्त किया गया, वे एक कंपनी की जांच कर रहे थे, जिसमें हंटर बाइडन भी निदेशक थे। इस मामले में आरोप लगे कि जो बाइडन अपने बेटे के कारोबार से वाकिफ थे और उन्होंने बेटे को फायदा पहुंचाने के लिए पद का गलत इस्तेमाल किया।

# ट्रंप के शपथ ग्रहण में दिखा भारत का बढ़ता कद



**वॉशिंगटन।** भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया। इस पोस्ट में जयशंकर ने ट्रंप के शपथ ग्रहण की कई तस्वीरें साझा कीं। इन तस्वीरों के साथ जयशंकर ने लिखा कि राष्ट्रपति ट्रंप और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के वॉशिंगटन डीसी में आयोजित हुए शपथ ग्रहण समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व करना बड़े सम्मान की बात है। पूरी दुनिया की निगाहें सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह पर लगी रहीं। इस दौरान एक बात ने सभी का ध्यान अपनी तरफ खींचा और वो ये था कि ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर को पहली पंक्ति में ट्रंप के मंच के ठीक सामने बिठाया गया था। यह वैश्विक परिदृश्य में भारत के ऊंचे होते कद का उदाहरण है। इस तस्वीर से भारत के दुश्मनों को जलन होना स्वभाविक है। भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया। इस पोस्ट में जयशंकर ने ट्रंप के शपथ ग्रहण की कई तस्वीरें साझा कीं। इन तस्वीरों के साथ जयशंकर ने लिखा कि राष्ट्रपति ट्रंप और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के वॉशिंगटन डीसी में आयोजित हुए शपथ ग्रहण समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व करना बड़े सम्मान की बात है। भारतीय विदेश मंत्री ने जो तस्वीरें साझा कीं, उनमें दिख रहा है कि उन्हें पहली पंक्ति में इक्वाडोर के राष्ट्रपति के बगल में बिठाया गया है। जयशंकर को पहली पंक्ति में बिठाना, इस बात का साफ संकेत है कि अमेरिका, भारत के साथ अपने संबंधों को कितनी अहमियत देता है। ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में क्वाड के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों को आमंत्रित किया गया था। जयशंकर द्वारा पोस्ट की गईं तस्वीरों में दिख रहा है कि ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वॉन्ग को तीसरी पंक्ति में बिठाया गया है, वहीं जयशंकर को विभिन्न राष्ट्राध्यक्षों के साथ पहली पंक्ति में जगह दी गई थी।

उल्लेखनीय है कि अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार, डोनाल्ड ट्रंप जल्द ही भारत दौरे पर भी आ सकते हैं। इस बात की भी चर्चा है कि भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी ट्रंप जल्द ही व्हाइट हाउस आने के लिए आमंत्रित कर सकते हैं। इससे साफ है कि अमेरिका में भले ही सरकार बदल गई है, लेकिन भारत के साथ रिश्तों को लेकर अमेरिका पूरी गंभीरता से आगे बढ़ रहा है।

# तुर्किये के होटल में लगी आग, 10 लोगों की मौत, 32 झुलसे



**अंकारा।** उत्तर पश्चिमी तुर्किये के एक स्की रिसोर्ट होटल में आग लग गई। इसमें 10 लोगों की मौत हो गई। जबकि 32 लोग झुलस गए। गवर्नर अब्दुलअजीज आयदीन ने बताया कि दो पीड़ितों की मौत घबराहट में इमारत से बाहर कूदने के चलते हुई। होटल में 234 मेहमान ठहरे हुए थे।

तुर्किये के एक होटल में बड़ा हादसा हुआ है। उत्तर पश्चिमी तुर्किये के एक स्की रिसोर्ट होटल में आग लग गई। इसमें 10 लोगों की मौत हो गई। जबकि 32 लोग झुलस गए। दमकलों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तुर्किये के मंत्री अली येरलिकाया ने कहा कि बोलू प्रांत के करतलकाया रिसोर्ट के रेस्टोरेंट में रात को आग लग गई। आग लगने के बाद होटल में अफरातफरी मच गई। गवर्नर अब्दुलअजीज आयदीन ने बताया कि दो पीड़ितों की मौत घबराहट में इमारत से बाहर कूदने के चलते हुई। उन्होंने कहा कि होटल में 234 मेहमान ठहरे हुए थे। आग लगने के कारण का पता नहीं चल पाया है। इसकी जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि आग लगने के बाद कुछ लोगों ने चादरों के सहारे अपने कमरों की खिड़कियों से नीचे उतरने की कोशिश की। होटल में प्रशिक्षक नेकमी केपसेटुटन ने कहा कि जब आग लगी तो वह सो रहे थे और वह इमारत से बाहर निकल गए।

# इंडोनेशिया के जावा द्वीप पर भूस्खलन और बाढ़ का कहर



**इंडोनेशिया।** इंडोनेशिया की आपदा प्रबंधन एजेंसी ने बताया कि सोमवार को हुई बारिश के कारण नदियां उफान पर आ गईं। इसके चलते मध्य जावा द्वीप के पेकलोंगान क्षेत्र के नौ गांवों में बाढ़ आ गई। इसके अलावा पहाड़ी बस्तियों में कीचड़, चट्टानें और पेड़ गिर गए। बचावकर्मियों ने 16 लोगों के शव निकाले। जबकि नौ ग्रामीणों की तलाश कर रहे हैं। इंडोनेशिया के जावा द्वीप के पहाड़ी गांवों में अचानक भूस्खलन और बाढ़ ने तबाही मचाई। आपदा में 16 लोगों की मौत हो गई। इंडोनेशियाई बचावकर्मियों ने इन लोगों के शव कीचड़ और चट्टानों के नीचे से बरामद किए। अधिकारियों ने बताया कि नौ लोग लापता हैं। उनकी तलाश जारी है। इंडोनेशिया की आपदा प्रबंधन एजेंसी के प्रमुख बर्गास कैटुरसासी ने बताया कि सोमवार को हुई बारिश के कारण नदियां उफान पर आ गईं। इसके चलते मध्य जावा प्रांत के पेकलोंगान क्षेत्र के नौ गांवों में बाढ़ आ गई। इसके अलावा पहाड़ी बस्तियों में कीचड़, चट्टानें और पेड़ गिर गए। आपदा के बाद बचावकर्मियों ने तत्काल प्रक्रिया की। उन्होंने पेटुंगक्रीयोनो गांव से कम से कम 16 लोगों के शव निकाले। जबकि बचावकर्मी नौ ग्रामीणों की तलाश कर रहे हैं। कैटुरसरी ने बताया कि दस घायल लोगों को अस्पतालों में ले जाया गया है। दरअसल इंडोनेशिया में अक्तूबर से मार्च तक मौसमी बारिश होती है। इसके चलते अक्सर बाढ़ और भूस्खलन होता है। इंडोनेशिया में 17 हजार द्वीप हैं। यहां लाखों लोग पहाड़ी क्षेत्रों में रहते हैं। जुलाई 2024 में इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप पर मूसलाधार बारिश की वजह से एक अवैध सोने की खदान में भूस्खलन हो गया था। भूस्खलन की वजह से कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई थी।

# कलाकारों ने किया मनमोहक प्रस्तुति

## चयनित कलाकारों को 24 जनवरी 2025 को उत्तर प्रदेश दिवस पर प्रतिभाग करने का दिया जायेगा मौका

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** शासन के निर्देश के क्रम में जिला प्रशासन द्वारा संस्कृति उत्सव 2024-25 का आयोजन कलेक्ट्रेट स्थित सामुदायिक भवन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र तथा विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, सदस्य संस्कृति उत्सव-2025 जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 गोरखनाथ पटेल, टी.डी. कॉलेज के संगीत विभाग के नरेंद्र देव पाठक सहित अन्य के द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर तथा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि शासन के निर्देश के क्रम में मुख्यमंत्री की प्रेरणा से हर वर्ष संस्कृति उत्सव का आयोजन किया जाता है जिसके अन्तर्गत जनपद में कलाकारों की प्रतिभा को निखारने के लिए मंच प्रदान किया जाता है, जिसके क्रम में आज जनपद में इस वर्ष भी संस्कृति उत्सव-2024-25 का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें गाँव, ब्लाक, तहसील एवं जनपद स्तर के कलाकारों को प्रस्तुति करने का मौका प्रदान किया गया है। चयनित कलाकारों को 24 जनवरी 2025 को उत्तर प्रदेश दिवस पर प्रतिभाग करने का मौका दिया जायेगा और प्रमाण-पत्र देकर सम्मनित किया जायेगा। इसके उपरान्त मण्डल स्तर पर प्रतिभाग करने और प्रदेश स्तर पर प्रतिभाग करने का मौका प्रदान किया जायेगा। जिलाधिकारी ने उपस्थित प्रतिभागी कलाकारों का उत्साहवर्धन करते हुए सभी प्रतिभागी कलाकारों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं भी दी। प्रतियोगिता के दौरान जिलाधिकारी द्वारा राहुल पाठक को अंगवस्त्रम तथा विनोद कुमार शुक्ला को बुके प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में गूगल गर्ल वैष्णवी श्रीवास्तव द्वारा 02 मिनट में विभिन्न देशों एवं प्रदेशों का नाम और उसकी राजधानी बताकर अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया गया। राहुल पाठक ने अपनी देवीगीत प्रस्तुत कर संस्कृति उत्सव को भक्तिमय बना दिया। प्रतिभाग करने वाले कलाकार राहुल पाठक, गुलाब यादव, विजय बहादुर यादव, बिहास यादव, अर्पित सिंह, प्रमिला, राम अभिलाख यादव, विजय बहादुर यादव, गुलाब राही, सरिता निषाद, अब्दुल रसीद सहित विभिन्न प्रतिभावान कलाकारों द्वारा मनमोहक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गयी। कार्यक्रम में जजमेन्ट टी.डी. कालेज संगीत विभाग नरेन्द्र देव पाठक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल, अपर जिला सूचना अधिकारी सुश्री शशि सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने किया। कार्यक्रम के संचालन डॉ0 रमेश चंद्र यादव के द्वारा किया गय। कार्यक्रम का कुशल आयोजन अपर जिला सूचना अधिकारी शशि सिंह के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर जिला सूचना विभाग के अवनीश यादव, सुमित सिंह, अतुल शुक्ला, बबलू कुमार ने कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर जनपद के विभिन्न ब्लाको, तहसीलो के कलाकारो और इलेक्ट्रॉनिक और प्रिन्ट मीडिया के पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।



- संस्कृति उत्सव के माध्यम से जनपद में कलाकारों की प्रतिभा को निखारने के लिए मिलता है मंच: जिलाधिकारी

## चौकियां माई का श्रृंगार महोत्सव, की तैयारी शुरू

**जौनपुर।** देश की प्रसिद्ध मंदिरों में एक सिद्धपीठ माता शीतला मंदिर चौकियां धाम का श्रृंगार महोत्सव दिनांक 23,24,25 जनवरी को होगा जिसकी तैयारियां शुरू हो गई है पूरे मंदिर परिसर को सुन्दर भव्य रूप से सजाया जा रहा है कोलकाता के कारीगरों द्वारा माता शीतला श्रृंगार सजावट फूलों द्वारा किया जा रहा है आयोजन समिति के लोगो ने जिलाधिकारी जौनपुर डॉ दिनेश चन्द से मिलकर आमंत्रित किया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने का आदेश दिया। चौकियां धाम का निरीक्षण सिटी मजिस्ट्रेट, सी ओ सिटी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका अन्य अधिकारी ने निरीक्षण किया और उचित आदेश दिया। श्रृंगार में लाखों भक्त दर्शन करने आते है।प्रातः 5 बजे मंदिर खुलने से रात्रि 9 बजे तक दर्शन पूजन श्रद्धालु कर सकेगें। समस्त कार्यक्रम का आयोजन श्री शीतला जी मंदिर समिति ट्रस्ट द्वारा किया जाएगा। चौकियां मंदिर के मंहत विवेकानंद विवेक गुरुजी ने बताया कि महोत्सव का सारा खर्च श्री शीतला जी मंदिर समिति ट्रस्ट द्वारा किया जाता हैं ट्रस्ट के अध्यक्ष विकास पड़ा, प्रबंधक अजय पंडा, पुजारी लल्लन पंडा, माता के भक्त राजेश श्रीवास्तव बच्चा भईया एडवोकेट, महंत विवेकानंद पंडा मंदिर अध्यक्ष विकास पंडा प्रबंधक अजय पंडा, जय नारायण पंडा, प्रवीण पंडा एवं ट्रस्ट के लोग तैयारी पूर्ण करने में लगे हुए है।

# प्रह्लाद का चरित्र सुन भाव विभोर हुए श्रोता

**अवधनामा संवाददाता**



**अतर्रा (बांदा)।** युवा भक्त प्रहलाद का चरित्र वर्तमान में युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है। युवा वर्ग को उनकी मातृ ,पितृ और ईश्वर भक्ति के प्रति समर्पण से सीख लेनी चाहिए। उन्होंने पिता हिरणकश्यप के कुमार्ग गामी होने पर भी पुत्र धर्म निभाया। कभी उनका अनादर नहीं किया, हमेशा उनकी आज्ञा मानी और यह जानते हुए भी कि वह मेरे मारने के उपाय रच रहे हैं इसके बावजूद भी लंच मात्रा चिंता नहीं की। श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह के तीसरे दिन आचार्य पंडित रामनिवाज पांडे ने उपस्थित श्रोताओं को प्रहलाद चरित्र की कथा सुनाई।उन्होंने कहा प्रह्लाद ज्ञानवान, ऊर्जावान, और ईश्वर के प्रति आघा धं आस्था रखने वाला पुत्र था। वह जितने आत्मीय भाव से ईश्वर की भक्ति करता था उतने ही समर्पित भाव के साथ अपने पिता माता के हर आदेश का पालन भी करता था। उसे अपने पिता के ईश्वर विरुद्ध होने पर भी कभी खेद नहीं हुआ। प्रहलाद भगवान विष्णु का भक्त था और उसका पिता उनका दुश्मन। इसलिए उसने प्रह्लाद को मारने का आदेश दे दिया था। अपनी बहन होलिका की गोद में बैठाकर जलाने का प्रयास किया लेकिन वह सुरक्षित बच गए।अंततः अहंकार का मर्दन करते हुए भगवान विष्णु ने नरसिंह रूप धरकर हिरण कश्यप के शरीर को अपने नाखूनों से टुकड़े-टुकड़े कर उसका अंत कर दिया। कथा यजमान आशीष पांडे धर्मपत्नी रजनी पांडे के अलावा ज्ञानेंद्र देव मिश्र, कल्लूओझा, डॉक्टर राम मूर्ति पांडे, वीरेंद्र त्रिपाठी, शिव मोहन गुप्ता, डा राजा बाबू बाजपेई, पंडित लल्लू राम शुक्ला, मार्तंड सिंह, रमेश चंद द्विवेदी, शिवशरण पांडे, विजय पांडे , अर्जुन मिश्रा एवं नगर के श्रोता गण मौजूद रहे।

## शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राजकिशोर शुक्ल बने



**बांदा।** आदर्श बजरंग इंटर कालेज बांदा सभागार में आयोजित मंडलीय सम्मेलन के द्वितीय सत्र में अखिलेश राजपूत सदस्य प्रदेश कार्यकारणी जनपदीय निर्वाचन अधिकारी के देख-रेख में बांदा के जनपद के शिक्षकों की उपस्थिति में जनपदीय निर्वाचन सम्पन्न कराया गया। सर्वसम्मति से राजकिशोर शुक्ल गांधी इण्टर कालेज पनगरा को जिलाध्यक्ष, भारत भूषण प्रवक्ता पंव जवाहर लाल नेहरू अखंड इण्टर कॉलेज चंदवारा को जिला मंत्री, हरितानकर प्रवक्ता जेव पीव शर्मा इण्टर कालेज को कोषाध्यक्ष एवं सूरज पाल शिक्षक हिन्दू इण्टर कॉलेज अतर्रा को जिला संगठन मंत्री बनाया गया। निर्वाचन अधिकारी पदाधिकारियों कि घोषणा करते ही शिक्षकों ने पदाधिकारियों को फूल माला पहनाकर बधाई व शुभकामनाएं दीं। उक्त अवसर पर मेजर मिथलेश कुमार पाण्डेय प्रधानाचार्य आदर्श बजरंग इंटर कॉलेज बांदा, परिराखन सिंह सदस्य प्रदेश कार्यकारणी, जमुना प्रसाद पाण्डेय जिलाध्यक्ष उवप्रव प्रधानाचार्य परिषद बांदा, राजेश तिवारी सदस्य प्रदेश कार्यकारणी, निवर्तमान जिलाध्यक्ष संदीप गर्ग एवं जिलामंत्री रमेशचंद्र सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहें।

# कैरियर गाइडेन्स मेला आयोजित



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** समग्र शिक्षा माध्यमिक जनपद जौनपुद के द्वारा कैरियर गाइडेन्स मेला रजा डी0एम0 (शिया) इण्टर कालेज, जौनपुर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चन्द्र ने कैरियर के बहुआयामी तत्वों पर प्रकाश डाला, स्वास्थ्य को सर्वोपरि बताते हुए वर्तमान के विभिन्न कैरियर्स हेतु प्रोत्साहित किया। विशिष्ट अतिथि लेफ्टिनेंट कर्नल पुष्पेन्द्र सिंह, कीर्ति चक्र ने सरकार द्वारा सुरक्षा सेवा में चलाये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के साथ ही अग्निवीर योजना पर भी विस्तृत मार्ग दर्शन दिया। डॉ0 जयेश सिंह ने बच्चों को चिकित्सा सेवा के बारे में विस्तार से बताया। जिला रोजगार अधिकारी जे0पी0 पासवान ने सेवायोजन के बारे में प्रकाश डाला। जिला प्रोबेशन अधिकारी बृजेश पाण्डेय ने बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं पर विशेष बल दिया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, डॉ0 गोरखनाथ पटेल ने व्यसन से दूर रहकर नियमित अध्ययन को ही सफलता की कुंजी बताया। सह जिला विद्यालय निरीक्षक देवेन्द्र कुमार सिंह एवं राजेश यादव ने अतिथियों का शाल एवं प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन राहुल राज मिश्र ने किया। आगन्तुक अतिथियों ने जिला समन्वयक डॉ0 राजन सिंह द्वारा आहूत समस्त माध्यमिक विद्यालयों के स्टाल का अवलोकन किया। जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने सभी आगन्तुक अतिथियों व सभी विद्यालयों को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य, नोडल शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## 01 किलो 400 ग्राम गाँजे के एक अभियुक्त गिरफ्तार

**जौनपुर।** थाना खेतासराय पुलिस टीम द्वारा 01 अभियुक्त को 01 किलो 400 ग्राम गाँजे के साथ किया गया गिरफ्तार। पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के दिशा-निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी शाहगंज के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष खेतासराय के कुशल नेतृत्व में थाना खेतासराय पुलिस टीम द्वारा अभियान (आपरेशन प्रवेश) के क्रम में थाना खेतासराय से जनपद आजमगढ की सीमा पर लगे बार्डर सोंगर पर चेकिंग के दौरान 01 अभियुक्त अरबाज पुत्र इरशाद निवासी वार्ड नं0 8 चौहट्टा थाना खेतासराय जौनपुर हाल पता बरंगी थाना खेतासराय जौनपुर उम्र 19 वर्ष को 1 किलो 400 ग्राम के साथ मंगलवार समय करीब 10.52 बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना खेतासराय पर मु0अ0सं0 22/25 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया।

# अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष और महामंत्री का पंजीकरण निलम्बित

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश की तरफ से कलेक्ट्रेट अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मनोज मिश्रा व महामंत्री लाल बहादुर यादव का पंजीकरण अग्रिम आदेश तक निलंबित कर दिया गया है। इन ऊपर कोरोना काल में मिले बजट से सहायता नहीं करने और उसे न लौटाने का आरोप है। बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश की तरफ से कोरोना संक्रमण के समय अधिवक्ताओं के वितरण के लिए प्रदेश की समस्त बार संघों को सहायता राशि दी गई थी। कलेक्ट्रेट अधिवक्ता समिति के अधिवक्ताओं ने अवगत कराया कि धनराशि नहीं वितरित नहीं की गई। इसके बाद प्रकरण की जांच शुरू कराई गई। जांच में पाया गया कि अध्यक्ष व महामंत्री ने आश्वस्त किया था कि चार महीने में धनराशि का वितरण कर दिया जाएगा, यदि वितरण नहीं किया गया तो धनराशि बार काउंसिल को वापस कर दी जाएगी। उसके बाद से न तो आज तक यह धनराशि वितरित की गई और न ही बार काउंसिल को वापस की गई। इसकी शिकायत अधिवक्ता संतोष उपाध्याय ने की है। उन्होंने कहा कि जब उन्होंने कोरोना काल में वितरित की जाने वाली धनराशि की मांग की तो उसे भी अपशब्दों का प्रयोग करते हुए भगा दिया और धनराशि नहीं दी गई। इसी को देखते हुए अध्यक्ष व महामंत्री का पंजीकरण अग्रिम आदेश तक निलंबित कर दिया गया। बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सचिव ने पत्र जारी कर अगली तिथि को दोनों अधिवक्ताओं को उपस्थित होने व ऐसा न होने का कारण बताने को कहा है। साथ ही स्पष्टीकरण मांगा है कि क्यों न उनके इस कृत्य के लिए उनका अधिवक्ता लाइसेंस सदैव के लिए निरस्त कर दिया जाए।

## विवाह के पहले ही युवती ने फांसी लगाकर दी जान

**बांदा।** अज्ञात कारणों के चलते युवती ने फांसी लगा जान दे दी जिसके बाद घर में कोहराम मच गया वहीं पड़ोसियों का कहना है कि किसी बात को लेकर घर में मृतिका टेंशन में रहती थी जिसके चलते युवती फांसी लगाकर अपनी जान दी। मामल गिरवा थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत तेरा गांव का है जहां पर संतोष वर्मा की 19 वर्षीय पुत्री रागनी मंगलवार की सुबह 10 अपने कच्चे घर के करी में अपने दुपट्टे से फांसी लगा ली है। जिसके चलते जब घर वालों ने देखा तो कोहराम मच गया। वहीं पड़ोसियों ने बताया कि मृतिका रागनी का विवाह 8 मई को पैलानी थाना क्षेत्र के खपटिहा गांव में होनी थी और तिलक भी हो गया था और उसके बाद मृतिका की होने वाली नन्द ने बात करने के लिए मोबाइल भी दिया था लेकिन अब ये नहीं की किस वजह से फांसी लगा ली है। वहीं इसकी सूचना गिरवा थाने में दी जहां पर गिरवा पुलिस आकर मृतिका का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया है।

# मुक्त विश्वविद्यालय में मानवीय मूल्य पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आज

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के शिक्षा विद्या शाखा के तत्वावधान में बदलते शैक्षिक परिदृश्य में मानवीय मूल्य विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 22 जनवरी को सरस्वती परिसर स्थित लोकमान्य तिलक शास्त्रार्थ सभागार में पूर्वाह्न 10:30 बजे किया गया है। यह जानकारी देते हुए संगोष्ठी के निदेशक प्रोफेसर पी के स्टालिन ने बताया उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि प्रोफेसर हरिकेश सिंह, पूर्व कुलपति, जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा, बिहार एवं बीज वक्ता प्रोफेसर अरविंद कुमार झा, आचार्य, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली होंगे। राष्ट्रीय संगोष्ठी की अध्यक्षता प्रोफेसर सत्यकाम, कुलपति, उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय करेंगे। संगोष्ठी का समापन अपराह्न 3:30 बजे होगा। समापन सत्र के मुख्य अतिथि प्रोफेसर पी के साहू, पूर्व कुलपति, इलाहाबाद विश्वविद्यालय होंगे। संगोष्ठी के संयोजक प्रोफेसर छत्रसाल सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय संगोष्ठी में भारत के प्रसिद्ध शिक्षा विदों, नीति निर्माताओं, शिक्षकों, शोधार्थियों एवं छात्र - छात्राओं के बीच समकालीन दौर में तेजी से बदलते सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक और तकनीकी व्यवस्थाओं में मानवीय मूल्यों के महत्व पर विचार विमर्श किया जाएगा। आयोजन सचिव डॉ बाल गोविंद सिंह ने बताया कि उक्त संगोष्ठी विचारों के आदान-प्रदान, सहयोग को बढ़ावा देने और शिक्षा प्रणाली में मानवीय मूल्यों के एकीकरण को बढ़ाने के लिए कार्यवाही योग्य अंतर्दृष्टि उत्पन्न करने के लिए एक मंच के रूप में काम करेगी। एक अन्य सूचनानुसार विश्वविद्यालय के सरस्वती परिसर स्थित लोकमान्य तिलक शास्त्रार्थ सभागार में अपराह्न 12:15 बजे सत्र जनवरी 2025 से प्रारम्भ कुम्भ अध्ययन में प्रमाण पत्र कार्यक्रम के सुचारू संचालन हेतु कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम की अध्यक्षता में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया है।

## थाना रानी की सराय व थाना साइबर क्राइम आकस्मिक निरीक्षण

**आजमगढ़।** मण्डलायुक्त आजमगढ़ विवेक व पुलिस उपमहानिरीक्षक आजमगढ़ परिक्षेत्र, आजमगढ़ सुनील कुमार सिंह द्वारा जनपद आजमगढ़ के थाना रानी की सराय व थाना साइबर क्राइम का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान सम्पूर्ण थाने के परिसर का भ्रमण कर कार्यालय, हवालात, कंप्यूटर कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, मेस आदि का निरीक्षण किया गया। कार्यालय के अभिलेखों को बेहतर व अद्यावधिक करते हुए उनके व्यवस्थित रख-रखाव के निर्देश दिये गये। थाने पर आने वाले प्रार्थना पत्रों शिकायतो का शत-प्रतिशत निस्तारण एवं विवेचनाओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराये जाने एवं वाहनों की नीलामी, हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

## हुनर सामाजिक साहित्यिक संगठन ने किया हास्य अभिनेता मनोज सिंह टाइगर का सम्मानित



**आजमगढ़।** भोजपुरी फिल्मों के हास्य अभिनेता और प्रख्यात रंग गर्मी मनोज सिंह टाइगर आज अपने गृह जनपद आगमन के दौरान रंगकर्मी सुनील दत्त विश्वकर्मा के रैदोपुर स्थित हुनर सामाजिक साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्थान के कार्यालय पर आए जहां पर सुनील दत्त विश्वकर्मा ने अंग वस्त्र, रंग महोत्सव का स्मृति चिन्ह और सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हुनर रंग महोत्सव मैं आने का आमंत्रण था। लेकिन शूटिंग की व्यस्तताओ कारण उस समय उपस्थित नहीं हो पाया था। आज मुंबई से लौटनें के उपरांत साथियों से मिलने के लिए आया। रंगमंच मेरा पहला प्यार है। इसके बिना जीवन अधूरा रहता है। इसलिए जब भी मौका मिलता है। रंगमंच से जुड़े हुए कलाकारों से मिलने जरूर आता हूं। बहुत जल्द ही जनपद के कलाकारों के साथ अच्छे नाटक करने का उद्देश्य है। अपने गांव मे पंचम रंग थिएटर के साथ मिलकर बहुत बड़ी कार्यशाला व एक महोत्सव के आयोजन का विचार चल रहा है। जिसके माध्यम से पूर्वांचल की लोक कला और संस्कृति को मजबूती देने का काम किया जाएगा। क्षेत्र के नवोदित कलाकारों को प्रशिक्षित कर बड़े मंचों पर उनके हुनर को प्रदर्शित कराया जाएगा।

# दुर्वासा धाम में गंगा समग्र के कार्यकर्ताओं ने किया वृक्षारोपण

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** दुर्वासा धाम में गंगा समग्र के कार्यकर्ताओं ने वृक्षारोपण कर बैठक की। बैठक की अध्यक्षता गंगा समग्र आर्यमगढ़ विभाग के संरक्षक पं. सुभाष चंद्र तिवारी कुन्दन ने की। बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में गोरक्ष प्रांत के संयोजक राजकिशोर मिश्र ने कहा कि महाकुंभ में गंगा समग्र का विशाल शिविर लगा है। जहाँ 7, 8 और 9 फ़रवरी को कार्यकर्ता महासंगम में आर एस एस के सर संघचालक श्री मोहन भागवत सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी आयेंगे। जिसमें गंगा एवं उसके सहायक नदियों के स्वच्छता हेतु रूपरेखा तैयार की जाएगी। उन्होंने बताया कि गंगा के सहायक नदियों में गोरक्ष प्रांत से तमसा , कुवानो और आमी नदी के स्वच्छता हेतु इस वर्ष विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस अवसर पर रासबिहारी सिंह को गंगा समग्र फूलपुर जिला का संयोजक और रणजीत सिंह को सह संयोजक बनाया गया। मौके पर गंगा समग्र आर्यमगढ़ के जिला संयोजक संजय कुमार पांडेय, भाजपा मिर्जापुर मंडल अध्यक्ष नीरज गिरी , लक्ष्मण दुबे, ओंकार पांडेय, वीरेंद्र कुमार सिंह,पंकज शुक्ला, तीरथ पांडेय, उदय भान आदि उपस्थित थे।

# सेढ़ू तलैया मोहल्ले की सफाई व्यवस्था ठप

**अवधनामा संवाददाता**



**बांदा।** शहर के वार्ड नंबर 20 सेढ़ू तलैया मोहल्ले की सफाई व्यवस्था इन दिनों पूरी तरह से ध्वस्त है पिछले 25 दिनों से छोटी काली देवी मंदिर के ठीक बगल में नालियों की सफाई नहीं की जा रही है जिससे सड़कों पर पानी भरा हुआ है सेढ़ू तलैया के इस गली में कूड़ा उठाने वाली किसी भी प्रकार की कोई गाड़ी कभी नहीं आती है इस गली में जहां 40- 50 मकान बने हुए है परंतु क्षेत्र के लगभग 400-450 सौ मीटर गली में कहीं भी पानी की पाइपलाइन नहीं है जिसके कारण आम जनता मुख्य सड़क से पानी के पाइप लाने के लिए मजबूर हैं जिसके कारण पूरी की पूरी नालियां पाइपों से ढक गई है तथा सड़कें भी क्षतिग्रस्त हो जाती हैं इस संदर्भ में क्षेत्रीय नागरिकों के द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल पर संदर्भ संख्या 400170240036 73 पर शिकायत भी दर्ज कराई गई परंतु आज तक पानी की पाइपलाइन सेढ़ू तलैया मोहल्ले के उक्त क्षेत्र में नहीं डाली गई है साथ ही नाला निर्माण न होने के कारण इस जाड़े में भी लगातार क्षेत्र में पानी भर रहा है अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद एवं मुख्य सफाई निरीक्षक के संज्ञान में कई बार इस बात को लाया गया है परंतु पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजना के अंतर्गत नाला निर्माण के कार्य में उक्त नाले को शामिल नहीं किया गया है जबकि 20 वर्ष पूर्व बना नाला कई जगहों से टूट गया है जबकि नगर क्षेत्र का लगभग 30 से 40: एवं दो दर्जन से अधिक मोहल्ले का पानी इसी नाले से होकर प्रतिदिन गुजरता है क्षेत्र में पूरी तरह से गंदगी का अंबार है जबकि लगातार शहरी क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को बढ़ाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार लगातार प्रयासरत है ताकि बांदा जनपद की रैंक भी बढ़ाई जा सके इस संदर्भ में मीडिया के द्वारा भी सफाई व्यवस्था के संबंध में जिलाधिकारी महोदय से अनुरोध किया गया है प्रतिदिन इसी गंदगी, कचरे एवं दलदल से होकर छोटे-छोटे बच्चे विद्यालय जाते हैं एवं बुजुर्ग अपने कामों के लिए भी जाते हैं महिलाओं के लिए यह स्थिति बहुत ही विपरीत है कई बार लोग गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं।

# निजीकरण के खिलाफ बिजली कर्मचारियों का जन आन्दोलन ले रहा रूप

**अवधनामा संवाददाता**




**आजमगढ़।** ऊर्जा क्षेत्र के निजीकरण के खिलाफ बिजली कर्मचारियों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। बिजली के निजीकरण के खिलाफ बिजली कर्मचारियों का आन्दोलन अब जन आन्दोलन का रूप ले रहा है। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के आव्हान पर विद्युल क्षेत्र के निजीकरण के खिलाफ प्रदेश व्यापी आन्दोलन के तहत सोमवार को भी जनपद-आजमगढ़ के विद्युत कर्मचारियों, विद्युत अभियन्ताओं एवं संविदा कर्मियों ने बाँहों पर काली पट्टी बाँधकर विभागीय कार्य सम्पादित किया तथा भोजन अवकाश क समय हाइडिल कार्यालय, सिधारी, आजमगढ़ में विरोध सभा कर चेतावनी दी कि निजीकीरण प्रक्रिया प्रारम्भ करने हेतु पावर कारपोरेशन प्रबन्धन कन्सल्टेन्ट की नियुक्ति की प्रक्रिया तत्काल रद्द करें। अन्यथा आन्दोलन लोकतान्त्रिक तरीके से जारी रहेगा। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के संयोजक प्रभु नारायण पाण्डेय श्प्रेमी ने कहा कि काली पट्टी बाँध कर विरोध सभा लगातार चलती रहेगी। सभा को सम्बोधित करते हुए प्रभु नारायण प्रेमी बिजली मजदूर नेता ने कहा कि बिजली कर्मचारियों का यह आन्दोलन अरबों रूपयों की जनता की परिसम्पत्तियों को बचाने निजीकरण के बाद, जनता के निजी क्षेत्र के बेतहाशा टैरिफ बिजली के रेट बढ़ा कर बिजली से जनता को लूटने से बचाने के लिए जन आन्दोलन है तथा निजी घरानों की लूट को रोकने के लिए, बिजली कर्मचारी आन्दोलित हैं। सैयद मुनौव्वर अली ने कहा कि सरकार और प्रबन्धन के साथ लिखित समझौता दिनांक 06 अक्टूबर 2020 को विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के साथ हुआ था कि विद्युत क्षेत्र का निजीकरण नहीं किया जायेगा तथा कर्मचारियों को विश्वास में लेकर सुधार कार्यक्रम किये जायेंगें। विरोध सभा की अध्यता काशीनाथ गुप्ता ने किया। सभा को मुख्य रूप से से फ्रभ नारायण पाण्डेय श्प्रेमी, ई0 उपेन्द्र नाथ चौरसिया, धर्मू प्रसाद यादव, रवि शंकर गुप्ता, रामअवतार गोंड, अखिल पाण्डेय, रोशन यादव, अभिषेक श्रीवास्तव आदि ने सम्बोधित किया तथा संचालन प्रभु नारायण पाण्डेय प्रेमी ने किया।

# सुबह होते ही नव आगंतुक डीएम पहुंच गई जिला अस्पताल

**अवधनामा संवाददाता**

- डाक्टरों की लापरवाही पर लगाई लंबी फटकार
- ध्यान रहे अगर तीमारदारों को हुई समस्या तो नपेंगे चिकित्सक



**बांदा।** वैसे तो जनपद मे कयी जिला अधिकारी आये और चले गये लेकिन पहले आते ही रफ्तार तेजी लेकिन फिर इसके बाद वही रवैया हो जाता है लेकिन इस बार जनपद वासियो को आस है की शायद ये डीएम कुछ नया करेंगी। क्योंकी ये पहली बार किसी जिले की जिला अधिकारी बनकर कमान सम्भाली है। मंगलवार को शुबह शुबह जिला अस्पताल के कर्मचारियो के हाँथ पैर फूल गये जैसे जिला अधिकारी को देख लिया। जिलाधिकारी जे0रीभा ने मंगलवार प्रातः जिला महिला/पुरूष चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने जिला चिकित्सालय में आपातकालीन वार्ड, एनआरसी सेन्टर, बच्चा वार्ड, दवा वितरण केन्द्र, पुरूष एवं महिला वार्ड, एक्सरे एवं पैथालॉजी तथा ब्लड बैंक का गहनता से निरीक्षण किया। उन्होंने पुरूष एवं महिला वार्ड का निरीक्षण करते हुए भर्ती मरीजों से उनके उपचार एवं बीमारी से पीडित होने के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए चिकित्सकों के द्वारा किये जा रहे उपचार के सम्बन्ध में जानकारी ली। उन्होंने भर्ती मरीज आशा का तत्काल एक्सरे कराकर इलाज किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने एक अन्य भर्ती मरीज रामरती का हालचाल जानते हुए बेहतर चिकित्सा सुविधा दिलाये जाने के निर्देश दिये। पुरूष वार्ड में भर्ती मरीज रामदीन को बुखार से पीडित होने पर तथा मरीज राजाभइया के दुर्घटना में घायल होने पर उनको चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान आपातकालीन वार्ड में 11 मरीज भर्ती पाये गये। उन्होंने चिकित्सा कर्मियों को निर्देश दिये कि भर्ती मरीजों का समय-समय पर बीपी/बुखार व अन्य बीमारी से सम्बन्धित समस्या को चेक कर रिपोर्ट अंकित की जाए। उन्होंने दवा वितरण केन्द्र का निरीक्षण करते हुए चीफ फार्मेसिस्ट को दवाओं की एक्सपायरी डेट का विशेष ध्यान रखते हुए उससे पूर्व दवाओं का वितरण किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने डिजिटल एक्सरे एवं पैथालॉजी का निरीक्षण करते हुए एक्सरे रिपोर्ट कितने समय में मिलती है तथा पैथालॉजी में ब्लड की जॉच सम्बन्धी रिपोर्ट दिये जाने एवं प्रतिदिन कितनी जांचे की जाती हैं, के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए मरीजों को निर्धारित समय के अनुसार रिपोर्ट दिये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने ब्लड बैंक का निरीक्षण करते हुए, ब्लड बैंक प्रभारी को निर्देश दिये कि सभी ब्लड ग्रुपों की ब्लड बैंक में उपलब्धता रखी जाए, जिससे किसी प्रकार की आकस्मिक स्थिति आने पर ब्लड मरीज को उपलब्ध हो सके। उन्होंने सभी चिकित्सकों को समय से ड्यूटी पर उपस्थित रहने एवं बेहतर चिकित्सा सुविधा मरीजों को अस्पताल से उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने अस्पताल से आवश्यक दवाओं का वितरण किये जाने एवं चिकित्सा सम्बन्धी जांचे समय से कराकर रिपोर्ट उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये। इसके बाद महिला चिकित्सालय के प्रसव कक्ष, शल्य कक्ष, पीएनसी वार्ड, औषधि वितरण केन्द्र आदि का निरीक्षण करते हुए प्रसव उपरान्त वार्ड में भर्ती महिला मरीजों से चिकित्सीय उपचार के बारे में जानकारी ली। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक से अस्पताल में सिजीरियन केस किये जाने एवं नार्मल डिलीवरी केसों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करते हुए नवजात बच्चों की विशेष देख-रेख रखने के निर्देश दिये।

# लिस्टिंग से पहले शेयरों खरीद-बिक्री को मिल सकती है मंजूरी

**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) द्वारा आर्थिक

**कारोबार**

**सेबी के अध्यक्ष ने बताया कि शेयरों का बाजार में कारोबार भले ही शुरू न हुआ हो लेकिन उस व्यक्ति को वो शेयर आवंटित हो गए होंगे तो इसलिए वह पहले से शेयरों का अधिकारी बन जाता है।**

विकास को गति प्रदान करने परिवर्तनकारी भूमिका स्वीकार करते हुए, एक ऐसे मंच पर विचार कर रहा है, जो सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) में शेयर आवंटियों को लिस्टिंग से पहले शेयरों की खरीद बिक्री की अनुमति दी जा सकती है। इसकी जानकारी मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान सेबी अध्यक्ष माधवी पुरी बुच ने दी।

पूंजी बाजार नियामक सेबी ने नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज की ओर से आर्थिक



विकास को गति प्रदान करने परिवर्तनकारी भूमिका स्वीकार करते हुए, एक ऐसे मंच पर विचार कर रहा है, जो सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) में शेयर आवंटियों को औपचारिक सूचीबद्ध होने से पहले ही प्रतिभूति व्यापार करने की अनुमति दे सकता सकता है। यानी लिस्टिंग से पहले शेयरों की ट्रेडिंग होने की अनुमति दी जा सकती है। मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान सेबी अध्यक्ष माधवी पुरी बुच ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शेयर को आवंटित होने के तीन दिन से लेकर शेयरों का कारोबार शुरू होने तक उनमें निवेशकों की रुचि बनी रहती है। इसे देखते हुए यदि निवेशक ट्रेडिंग करना चाहते हैं तो उन्हे उचित रूप से वैध रूप से यह अवसर प्रदान किया जाना चाहिए।

**सेबी अध्यक्ष बोलीं- ग्रे मार्केट में शेयरों का कारोबार पूरी तरह से गलत**

सेबी के अध्यक्ष ने बताया कि शेयरों का बाजार में कारोबार भले ही शुरू न हुआ हो लेकिन उस व्यक्ति को वो शेयर आवंटित हो गए होंगे तो इसलिए वह पहले से शेयरों का अधिकारी बन जाता है। यह प्रणाली निवेशकों को डीमैट खाते में शेयरों के जमा होने और स्टॉक एक्सचेंजों में वास्तिक सूचीबद्धता के बीच के बीच के समय में व्यापार करने की अनुमति प्रदान करेगा। उन्होंने इसकी आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा, क्योंकि यह ग्रे मार्केट में गैर सूचीबद्ध शेयरों का कारोबार तेज होता जा रहा है, जो पूरी तरह से अवैध है। बुच ने कहा कि ग्रे मार्केट के प्रीमियम लिस्टिंग के दौरान कई बार निवेशक लाभ के मौके के रूप में देखते हैं। इसके साथ ही बुच ने कहा कि आईपीओ दस्तावेजों में मूल्य निर्धारण का आकलन करने के लिए पर्याप्त जानकारी होनी चाहिए, ताकि निवेशक खुद से सही फैसला ले सकें।

**शेयरों का आकलन निवेशक सही ढंग से हो, इसके लिए नियामक उठाएगा कदम**

सेबी आईपीओ की सही कीमत निर्धारित करने पर नहीं बल्कि यह सुनिश्चित करने पर अधिक ध्यान रखता है कि निवेशकों को यह आकलन करने के लिए सही और जरूरी डेटा की पहुंच है या नहीं। हमें लगता है कि हम प्रत्येक आईपीओं के दस्तावेजों को इस तहर से परखते हैं कि अगर हम निवेशक हैं और दस्तावेज को पढ़ रहे हैं तो विशेषकर मूल्य निर्धारित वाले भाग में क्या पर्याप्त जानकारी है, जिससे निवेशकों को आकलन करने में मदद मिले। इसके अलावा कार्यक्रम में स्टार्टअप को आईपीओ की सफलता तक पहुंचाना, एसएमई आईपीओं में विकास के अवसर, वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए भारत के आईपीओ ढांचे को बढ़ाना और आईपीओ की वैश्विक बेंचमार्किंग और पूंजी बाजारों के भविष्य को आकार देने जैसे विषयों पर विचार किया जाता है।

**जानकारों की राय**

बाजार के विशेषज्ञों का कहना है कि यह सेबी अध्यक्ष का यह बयान ऐसे समय पर आया है जब प्राथमिक बाजार में आईपीओ की संख्या के साथ संचय धन उगाही के मामले में रिकॉर्ड उछाल देखने को मिल रहा है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज 2024 में आईपीओ की संख्या के मामले में एशिया में सबसे आगे है और इसमें इस बाजार से जुटाई गई इक्विटी के मामले में रिकॉर्ड भी बनाया है। बाजार के आंकड़ों से पता चलता है कि साल 2025 में करीब 1.80 लाख करोड़ रुपये के सार्वजनिक निर्गम यानी आईपीओ पहले से ही सेबी की मंजूरी का इंतजार कर रहे हैं। विशेषज्ञ बताते हैं कि सेबी का यह फैसला बाजार में पारदर्शिता को बढ़ावा देगा और निवेशक के निवेश सुरक्षा पर भी ध्यान देगा।

# पब्लिक सेक्टर की बीमा कंपनियों के अस्तित्व पर क्यों मंडरा रहा खतरा? वित्त मंत्री से लगाई गुहार

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की सामान्य बीमा कंपनियों की ट्रेड यूनियनें और उसके कर्मचारी, मौजूदा स्थिति को लेकर आक्रोशित हैं। वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ ट्रेड यूनियंस (डब्ल्यूएफटीयू) के उप महासचिव और एशिया प्रशांत क्षेत्रीय कार्यालय के प्रभारी सी. श्रीकुमार ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को एक ज्ञापन सौंपा है। इसमें 8 प्रमुख मांगों का जिक्र किया गया है। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनियों के अस्तित्व पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। श्रीकुमार ने बीमा क्षेत्र में 100 फीसदी एफडीआई का विरोध करते हुए सार्वजनिक क्षेत्र की सामान्य बीमा कंपनियों (पीएसजीआईसी) के सामने आने वाली गंभीर चुनौतियों का समाधान करने का अनुरोध किया है। मौजूदा परिस्थितियां सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के अस्तित्व के लिए एक चुनौती बन गई हैं। जनरल इंश्योरेंस एम्प्लॉइज ऑल इंडिया एसोसिएशन के नेता अमरजीत कौर, बिनॉय विश्वम पूर्व सांसद और त्रिलोक सिंह भी कई बार वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात कर बीमा क्षेत्र के कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लागू करने का आग्रह कर चुके हैं।

डब्ल्यूएफटीयू एपीआरओ ने वित्त मंत्री से इन मुद्दों पर सही परिप्रेक्ष्य में विचार करने, सार्वजनिक क्षेत्र के बीमाकर्ताओं को मजबूत करने और भारत की वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र में उनकी भूमिका को सुरक्षित करने के लिए उचित निर्णय लेने की अपील की है। वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ ट्रेड यूनियंस के एशिया प्रशांत क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा कहा गया है कि यह क्षेत्र वर्तमान में लंबे समय तक कुप्रबंधन और सरकार द्वारा अपनाई जा रही नीतियों के कारण गंभीर वित्तीय अस्थिरता और संगठनात्मक अक्षमता से ग्रस्त है। बीमा क्षेत्र में एफडीआई बढ़ाने के लिए एक विधेयक लाकर बीमा क्षेत्र को और अधिक उदार बनाने के सरकार के कदम से सार्वजनिक क्षेत्र में बीमा कंपनियों के अस्तित्व पर गंभीर खतरा पैदा हो रहा है। इसके मद्देनजर, बीमा क्षेत्र में सौ प्रतिशत एफडीआई की अनुमति देने के प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया गया है। ऐतिहासिक साक्ष्य बताते हैं कि एफडीआई की सीमा बढ़ाने से बीमा क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार नहीं हुआ है।

पूर्ण विदेशी स्वामित्व की अनुमति देने से सार्वजनिक क्षेत्र के बीमाकर्ता हाशिए पर चले जाएंगे। ग्रामीण और अर्ध-शहरी बाजारों की सेवा में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका कमजोर हो जाएगी। अमूमन इन क्षेत्रों को निजी बीमा कंपनियां अक्सर नजरअंदाज कर देती हैं। सरकारी आंकड़े बताते हैं कि मौजूदा 74% एफडीआई सीमा में से केवल 32.67% का उपयोग किया गया है। यह पूंजी की सीमित मांग को उजागर करता है। ऐसे मे राष्ट्रहित में इस नीति पर पुनर्विचार की आवश्यकता है।

श्रीकुमार ने आंतरिक प्रतिस्पर्धा को खत्म करने, अस्वास्थ्यकर मूल्य निर्धारण प्रथाओं को कम करने और शहरी, अर्ध-शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बाजार में पैठ बढ़ाने के लिए पीएसजीआईसी को एक एकल, मजबूत इकाई में समेकित करने की सलाह दी है।

## अब गो फर्स्ट नहीं भरेगी उड़ान, संपत्तियां बेचकर चुकाएगी कर्ज, 54 विमानों का पंजीकरण रद्द

**नई दिल्ली।** जेट एयरवेज के बाद वित्तीय संकट में फंसी विमानन कंपनी गो फर्स्ट भी अब उड़ान नहीं भर सकेगी। राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने सोमवार को 17 साल तक करोड़ों लोगों को हवाई सफर कराने वाली गो फर्स्ट के परिसमापन का आदेश दिया है। इसका मतलब है कि कंपनी को अपनी संपत्तियां बेचकर कर्ज चुकानी होगी। वित्तीय समस्याओं के कारण विमानन कंपनी ने मई, 2023 में स्वैच्छिक रूप से दिवालिया समाधान प्रक्रिया के लिए आवेदन किया था। गो फर्स्ट का परिचालन तीन मई, 2023 यानी करीब दो साल से बंद है। एनसीएलटी ने 15 पन्नों के आदेश में कहा, वह कंपनी गो एयरलाइंस (इंडिया) लि. के परिसमापन का आदेश दे रहा है। अब कर्जदाताओं की समिति (सीओसी) को अपने गठन के बाद और समाधान योजना की पुष्टि से पहले किसी भी समय गो फर्स्ट के परिसमापन का निर्णय लेने का अधिकार है।

एनसीएलटी ने कहा, कॉरपोरेट देनदार के परिसमापन के प्रस्ताव को सीओसी ने 100 फीसदी वोटिंग के साथ मंजूरी दी थी। इसलिए, सीओसी के वाणिज्यिक विवेक में हस्तक्षेप करने की कोई योग्यता नहीं दिखती है। इससे दो महीने पहले सुप्रीम कोर्ट ने 7 नवंबर, 2024 को दिवालिया कार्यवाही मामले में बड़ा फैसला देते सुनाते हुए जेट एयरवेज के परिसमापन का आदेश दिया था। जेट एयरवेज ने आखिरी बार अप्रैल, 2019 में उड़ान भरी थी।

एनसीएलटी ने दिनकर तिरुवनंदपुरम वेंकटसुब्रमण्यम को परिसमापक (लिक्विडेटर) नियुक्त किया है, जिन्हें कॉरपोरेट देनदार के वित्तीय मामलों की जांच जारी रखने के लिए कहा गया है। आदेश के मुताबिक, परिसमापक को परिसमापन प्रक्रिया के दौरान उनके निपटान के लिए लंबित आवेदनों का भी पालन करना होगा।

# शुरुआती बढ़त गंवा लाल निशान पर बंद हुआ बाजार, सेंसेक्स 1235 अंक टूटा, निफ्टी 2350 से नीचे

अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप की ताजपोशी के बाद घरेलू शेयर बाजार हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन हरे निशान पर खुला, पर थोड़ी ही देर में बिकवाली हावी हो गई और सेंसेक्स और निफ्टी नीचे फिसल गए। आइए जानें शेयर बाजार का विस्तृत हाल।

घरेलू शेयर बाजार में मंगलवार को उतार-चढ़ाव भरे सत्र के बाद बेंचमार्क सूचकांक बड़ी गिरावट के साथ बंद हुए। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप की ताजपोशी के बाद घरेलू शेयर बाजार हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन हरे निशान पर खुला, पर थोड़ी ही देर में बिकवाली हावी हो गई और सेंसेक्स और निफ्टी नीचे फिसल गए।

दिन के सत्र में खरीदार एक बार फिर सेंसेक्स-निफ्टी को हरे निशान पर लाने में सफल रहे, लेकिन ऊपरी स्तरों से बाजार फिर टूट गया। आईसीआईसीआई बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में गिरावट के कारण 30 शेयरों वाला



बीएसई सेंसेक्स 1,235.08 अंक या 1.60 प्रतिशत गिरकर 75,838.36 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान बीएसई बेंचमार्क 1,431.57 अंक या 1.85 प्रतिशत गिरकर 75,641.87 अंक के निचले स्तर पर पहुंच गया।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से अपने शपथ ग्रहण समारोह के दिन पड़ोसी देशों पर टैरिफ लगाने की घोषणा के बाद वैश्विक व्यापार युद्ध की चिंता बढ़ गई, जिससे व्यापक स्तर पर बिकवाली हुई। इस दौरान बीएसई सेंसेक्स सेंसेक्स सात महीने के निम्नतम स्तर पर आ गया।

एनएसई निफ्टी 320.10 अंक या 1.37 प्रतिशत गिरकर 23,024.65 पर बंद हुआ। इंट्राडे कारोबार में एनएसई निफ्टी 367.9 अंक या 1.57 प्रतिशत गिरकर 22,976.85 पर बंद हुआ। इस दौरान ट्रेंट के शेयरों में छह फीसदी जबकि अदाणी पोर्ट्स के शेयरों में चार फीसदी की गिरावट दर्ज की गई।

जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, घरेलू बाजारों में आज काफी गिरावट देखी गई, जिससे अस्थिरता बढ़ी, ट्रंप ने अपने शपथ ग्रहण के दिन पड़ोसी देशों पर व्यापार शुल्क लगाने की घोषणा की, जिससे वैश्विक बाजारों में अनिश्चितता देखी गई। चालू तिमाही की आय में कमजोर सुधार और रुपये में गिरावट के कारण एफआईआई की ओर से और अधिक निकासी की आशंका है।

सेंसेक्स के शेयरों में जोमैटो, एनटीपीसी, अदाणी पोर्ट्स, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, टेक महिंद्रा और एक्सिस बैंक प्रमुख रूप से पिछड़ गए। केवल अल्ट्राटेक सीमेंट और एचसीएल टेक्नोलॉजीज को ही लाभ हुआ।

## एनपीए घटने से आईडीबीआई-सेंट्रल व इंडियन ओवरसीज बैंक का बढ़ा मुनाफा

**नई दिल्ली।** बुरे फंसे कर्ज (एनपीए) में कमी से आईडीबीआई, सेंट्रल और इंडियन ओवरसीज बैंक का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 33 फीसदी तक बढ़ गया है। आईडीबीआई बैंक ने सोमवार को बताया, कम प्रोविजनिंग और बेहतर ब्याज आय की वजह से तीसरी तिमाही में शुद्ध मुनाफा 31 फीसदी बढ़कर 1,908 करोड़ पहुंच गया। ब्याज आय 6,541 करोड़ से बढ़कर 7,816 करोड़ रुपये पहुंच गई। सकल एनपीए 4.69 फीसदी से घटकर 3.57 फीसदी रह गया।

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का लाभ 33 फीसदी बढ़कर 959 करोड़ रुपये पहुंच गया। कुल आय भी 9,139 करोड़ से बढ़कर 9,739 करोड़ पहुंच गई। सकल एनपीए 4.50 फीसदी से कम होकर 3.86 फीसदी रह गया। इंडियन ओवरसीज बैंक का शुद्ध लाभ 21 फीसदी बढ़कर 874 करोड़ रुपये पहुंच गया। बैंक का सकल बुरा फंसा कर्ज 3.90 फीसदी से घटकर 2.55 फीसदी रह गया।

पेटीएम ब्रांड की मालिकाना हक वाली कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में एकीकृत घाटा कम होकर 208.5 करोड़ रुपये हो गया। भुगतान प्रसंस्करण शुल्क व कर्मचारी लागत पर खर्च में कमी से यह नुकसान हुआ है। जोमैटो का एकीकृत शुद्ध लाभ 57.2 फीसदी घटकर 59 करोड़ रुपये रह गया। हालांकि, एकीकृत परिचालन आय बढ़कर 5,405 करोड़ पहुंच गई।

आरबीआई ने संपत्ति पुनर्निर्माण कंपनियों (एआरसी) को बकाया वसूली के सभी संभावित तरीके आजमाने के बाद ही कर्जदारों से समझौता करने का निर्देश दिया है। साथ ही कहा, प्रत्येक एआरसी को उधारकर्ताओं के बकाये के निपटान के लिए निदेशक मंडल से अनुमोदन प्राप्त नीति बनानी चाहिए।

# मेदांता सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में मिलता दिल का संपूर्ण इलाज, 24 घंटे मौजूद रहती हृदयरोग विशेषज्ञों की टीम

**लखनऊ।** मेदांता सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल हृदय रोगियों के लिए वरदान है। एक वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ के नेतृत्व में डॉक्टरों की एक टीम सभी हृदय संबंधी आपात स्थितियों के लिए तत्काल देखभाल प्रदान करने के लिए मौके पर मौजूद है। मेदांता सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में कार्डियोलॉजी विभाग के निदेशक डॉ. आर.के. सरन ने बताया कि हृदयाघात( हार्टअटैक) संकुचित कोरोनरी धमनियों में थक्का बनने के कारण होता है। उन्होंने कहा कि तीव्र हृदयाघात के 50% रोगी देरी के कारण अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ देते हैं। ऐसे मामलों में, तत्काल और व्यापक उपचार महत्वपूर्ण है। हर मिनट की देरी मायने रखती है। मेदांता हर समय उपलब्ध हृदय विशेषज्ञों के साथ यह सुविधा प्रदान करता है। जैसे ही कोई मरीज आता है, निदान प्रक्रिया मिनटों में पूरी हो जाती है, जिससे विशेषज्ञ यह निर्धारित कर सकते हैं कि थक्कारोधी दवाएं पर्याप्त हैं या एंजियोप्लास्टी




आवश्यक है। उल्लेखनीय रूप से, एंजियोप्लास्टी सेवाएं रात में भी उपलब्ध हैं। पूरी प्रक्रिया में एक घंटे से भी कम समय लगता है, जिससे हृदय को होने वाला नुकसान कम होता है और बचने की दर में सुधार होता है। उन्होंने कहा कि मेदांता अस्पताल विश्व स्तरीय सुविधाओं और उन्नत नैदानिक उपकरणों जैसे कि पीईटी-सीटी, कार्डिएक एमआरआई और सटीक प्रक्रियाओं के लिए एक उन्नत कैथ लैब के साथ व्यापक हृदय देखभाल प्रदान करता है। मरीजों को कोरोनरी धमनी रोग, हृदय वाल्व की समस्याओं और बाल हृदय चिकित्सा (पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजी) संबंधी समस्याओं जैसी स्थितियों के लिए अत्याधुनिक उपचार भी उपलब्ध हैं। डॉ. गौरांग मजूमदार, निदेशक कार्डियोवैस्कुलर और थोरेसिक सर्जरी (सीवीटीएस) ने हृदय रोगों में सर्जिकल तकनीकों पर प्रकाश डाला, जिसमें वाल्व प्रतिस्थापन और बाईपास सर्जरी छोटे चीरों के माध्यम से और धड़कते दिल की सर्जरी के माध्यम से की जा सकती है। अपने विचार साझा करते हुए, डॉ. गौरांग मजूमदार ने कहा, ÷ मेदांता का सीटीवीएस विभाग हृदय संबंधी सर्जरी के लिए विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करता है। बीटिंग-हार्ट कोरोनरी आर्टरी बाईपास ग्राफ्टिंग नियमित रूप से उत्कृष्ट परिणामों के साथ किया जाता है। माइट्रल, महाधमनी और ट्राइकसपिड वाल्व के लिए वाल्व प्रतिस्थापन सर्जरी भी नियमित रूप से की जाती है। कम इजेक्शन अंश (श्वस्न) वाले हृदय रोगों के जटिल मामलों में भी बहुत अच्छे परिणाम मिले हैं। इन रोगियों को आमतौर पर हृदय संबंधी सर्जरी के लिए हमारी यूनिट में भेजा जाता है। मरीजों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए निवारक देखभाल और समय पर हस्तक्षेप प्रदान करना महत्वपूर्ण है, और यही हम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।


## एसी-एलईडी लाइट्स बनाने वाली 24 कंपनियों का चयन

**नई दिल्ली।** व्हाइट गुड्स के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत एयर कंडीशनर (एसी) और एलईडी लाइट्स बनाने वाली 24 कंपनियों का चयन किया गया है। इन कंपनियों ने 3,516 करोड़ के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है।

वाणिज्य मंत्रालय ने कहा, पीएलआई योजना के ऑनलाइन आवेदन के तीसरे दौर में 38 आवेदन मिले। आवेदनों पर विचार के बाद 18 नई कंपनियां चुनी गईं। इनमें एसी कंपोनेंट बनाने वाली 10 और आठ एलईडी लाइट्स निर्माता कंपनियां शामिल हैं। इन्होंने 2,299 करोड़ की निवेश प्रतिबद्धता जताई है। इसके अलावा, छह मौजूदा लाभार्थी कंपनियों को उच्च निवेश श्रेणियों में अपग्रेड करने के लिए अस्थायी रूप से चुना गया है। इसके लिए 1,217 करोड़ का अतिरिक्त निवेश होगा। कुल मिलाकर, इन वस्तुओं के लिए योजना के तहत 84 कंपनियां 10,478 करोड़ का निवेश लाने वाली हैं।

# ट्रंप ने ब्रिक्स देशों को दिखाया तेवर

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने डॉलर के मुद्दे पर सोमवार को ब्रिक्स देशों को एक बार फिर चेताया। उन्होंने कहा है कि संगठन का हिस्सा बनने वाले देशों को अमेरिका के साथ व्यापार पर 100 प्रतिशत टैरिफ का सामना करना पड़ेगा यदि वे अपनी नीतियों में डॉलर से दूर होने और अपनी अलग मुद्रा लाने की कोशिशों को जारी रखते हैं। ओवल ऑफिस में अपने हस्ताक्षर समारोह के दौरान मीडिया से बात करते हुए, राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा, एक ब्रिक्स राष्ट्र के रूप में... अगर वे ऐसा सोचते भी हैं तो उन पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगेगा, और इसलिए वे इसे तुरंत छोड़ने के लिए बाध्य होंगे।÷ वैश्विक व्यापार में डॉलर के उपयोग में कमी का जिक्र करते हुए उन्होंने यह बात कही। ट्रंप ने कहा कि उनके बयान को धमकी के रूप में नहीं बल्कि इस मुद्दे पर एक स्पष्ट रुख के रूप में देखा जाना चाहिए। राष्ट्रपति ने इस मामले में अपने पूर्ववर्ती बाइडन की टिप्पणियों का भी संदर्भ दिया। बाइडन



ने संकेत दिया था कि अमेरिका इस मामले में कमजोर स्थिति में है। ट्रंप ने इस पर असहमति जताई और जोर देकर कहा कि अमेरिका का ब्रिक्स देशों पर प्रभाव है और वे अपनी योजनाओं को आगे नहीं बढ़ा पाएंगे। ट्रंप ने कहा, अगर ब्रिक्स देश ऐसा करना चाहते हैं, तो ठीक है, लेकिन हम संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ उनके व्यापार पर कम से कम 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने जा रहे हैं... यह कोई धमकी भी नहीं है। ट्रंप ने कहा कि ऐसा कोई तरीका नहीं है जिससे वे ऐसा कर पाएं। ट्रंप ने अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने से पहले, ब्रिक्स देशों को सभी आयातों पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी थी, अगर वे व्यापार के लिए अपनी अलग मुद्रा लॉन्च करने की हिम्मत करते हैं। ट्रंप की यह प्रतिक्रिया ब्रिक्स देशों की ओर से वैश्विक वित्तीय प्रणाली में डॉलर के प्रभुत्व को कम करने के लिए इसे एक नई वैश्विक मुद्रा के साथ बदलने के प्रयास की खबरों पर आई है।2023 में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए 15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के पूर्ण सत्र के दौरान, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने डी-डॉलराइजेशन का आह्वान किया था। उन्होंने कहा था कि ब्रिक्स देशों को राष्ट्रीय मुद्राओं में निपटान का विस्तार करना चाहिए और बैंकों के बीच सहयोग बढ़ाना चाहिए। जून 2024 में, ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों ने रूस के निजनी नोवगोरोड में मुलाकात की थी और सदस्य देशों के बीच द्विपक्षीय और बहुपक्षीय व्यापार और वित्तीय लेन-देन में स्थानीय मुद्राओं के इस्तेमाल को बढ़ाने का आह्वान किया था।

## घड़ी डिटर्जेंट का देश की नींव अभियान का शुभारंभ किया

**कानपुर।** घड़ी डिटर्जेंट ने अपने नए अभियान ÷देश की नींव÷ का शुभारंभ किया है, जो एक प्रेरणादायक फिल्म के माध्यम से समाज के उन नायकों को सम्मानित करता है, जो हमारे देश की मजबूती की नींव रखते हैं। यह अभियान केवल एक मार्केटिंग पहल नहीं है, बल्कि यह उन लोगों के कठिन प्रयासों का जश्न है जो अक्सर नजरअंदाज कर दिए जाते हैं। फिल्म दर्शाती है कि कैसे व्यक्तिगत मेहनत और एकता हमारे समाज की प्रगति में अहम भूमिका निभाती है। देश की नींव का उद्देश्य यह बताना है कि कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और हर व्यक्ति के योगदान से बड़ा बदलाव आ सकता है। इस अभियान में घड़ी डिटर्जेंट उन नायकों को सम्मानित करता है, जो रोज़ अपने काम से समाज की मजबूती में योगदान करते हैं। आरएसपीएल समूह के जेएमडी श्री राहुल ज्ञानचंदानी ने कहा, ÷हमें देश की नींव अभियान लॉन्च करते हुए गर्व महसूस हो रहा है, जो उन लोगों को सम्मानित करता है जो निस्वार्थ भाव से एक बेहतर भारत के लिए काम करते हैं। यह अभियान सिर्फ एक मील का पत्थर नहीं है; यह हमारे साझा संघर्ष और लाखों भारतीय परिवारों के भरोसे का प्रतीक है, जिन्होंने वर्षों से घड़ी को अपना साथी माना है। यह अभियान समाज के नायकों की महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करता है। इसका संदेश है कि हर प्रयास महत्वपूर्ण और सराहनीय है। जैसे सफाई में घड़ी डिटर्जेंट सर्वश्रेष्ठ है, वैसे ही यह अभियान उन लोगों का सम्मान करता है जो मेहनत, एकता और सुधार के लिए समर्पित रहते हैं और दूसरों को प्रेरित करतेहैं।दशकों से, घड़ी डिटर्जेंट एक भरोसेमंद नाम बन चुका है, जो उन लोगों की सेवा करता है जो एक बेहतर भविष्य बनाने के लिए निरंतर मेहनत करते हैं। इस अभियान के माध्यम से, घड़ी उन नायकों को सम्मान देना चाहता है, जिनकी दिन-प्रतिदिन की मेहनत भारत की समृद्धि की नींव बनती है। यह अभियान सिर्फ कड़ी मेहनत का जश्न नहीं है, बल्कि यह भारत की आत्मा के साथ ब्रांड के जुड़ाव को भी दिखाता है। आरएसपीएल समूह अपने उत्पादों के माध्यम से परिवारों और समाज के विकास में योगदान देता है, और रोजमर्रा के नायकों को प्रगति में मदद करता है। देश की नींव के साथ, घड़ी एक ऐसी नींव तैयार करता है, जो भारत के मेहनतकश नायकों की कड़ी मेहनत और उनके उद्देश्य के प्रति ब्रांड की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# टैली सॉल्यूशंस नेआईआईटी कानपुर के फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एंड रिसर्च इन साइंस एंड टेक्नोलॉजी फर्स्ट से किया एमओयू



**कानपुर।** बिजनेस मैनेजमेंट सॉफ्टवेयर प्रदान करने वाली भारत की अग्रणी प्रौद्योगिकी कंपनी टैली सॉल्यूशंस प्रा. लि. ने आईआईटी कानपुर के साथ समझौता ज्ञापन एमओयू की घोषणा की।

इस एमओयू के माध्यम से कंपनी आईआईटी कानपुर के फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एंड रिसर्च इन साइंस एंड टेक्नोलॉजी एफआईआरएसटी से सहयोग करेगी। यह साझेदारी आईआईटी कानपुर में तैयार किए गए उभरते स्टार्ट-अप के लिए मेंटरशिप, तकनीकी सहायता और पेशेवर नेटवर्किंग के माध्यम से नवाचार व उद्यमिता को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करेगी। इस साझेदारी के अंतर्गत, टैली सॉल्यूशंस और फर्स्ट मिलकर एक बेहतरीन उद्यमशीलता इको सिस्टम बनाने की दिशा में काम करेंगे। फर्स्ट का इन्क्यूबेशन सेंटर, स्टार्ट-अप नवाचार और इंक्यूबेशन सेंटर एसआईआईसी उभरते हुए स्टार्ट-अप को आगे बढ़ने और सफल होने में मदद करने के लिए संसाधन उपलब्ध कराएगा। टैली सॉल्यूशंस इन स्टार्ट-अप्स को सफल होने के लिए आवश्यक अंतर्दृष्टि और कौशल प्रदान करने के लिए महत्वपूर्ण विषयों पर नॉलेज शेयरिंग सेशंस ज्ञान-साझाकरण सत्रों का आयोजन करेगा। टैली अनुकूलित प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण और सतत समर्थन की भी पेशकश करेगा, जिसमें टैलीप्राइम का मुफ्त लाइसेंस भी शामिल है। इससे यह सुनिश्चित होगा कि उद्यम टैली के उत्पादों और सेवाओं की अधिकतम क्षमता का उपयोग करें कर सके और परिचालन दक्षता को बढ़ाते हुए लंबी अवधि के लिए स्थायी सफलता प्राप्त करें। इस साझेदारी पर टैली सॉल्यूशंस के प्रबंध निदेशक श्री तेजस गोयनका ने कहा, भारत का स्टार्ट-अप इकोसिस्टम तेजी से विकसित हो रहा है, जो नवाचार और उद्यमिता से प्रेरित है। टैली में, हम सरल, विश्वसनीय और स्केलेबिलिटी का समर्थन करने वाली तकनीक प्रदान करके इस विकास का समर्थन करने के लिए समर्पित हैं। हम आईआईटी कानपुर के फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एंड रिसर्च इन साइंस एंड टेक्नोलॉजी फर्स्ट के साथ साझेदारी से उत्साहित हैं और हमारा लक्ष्य इन उभरते उद्यमियों को उन उपकरणों और संसाधनों को देना है जिनकी उन्हें आगे बढ़ने के लिए जरूरत है। गोयनका ने आईआईटी कानपुर के अभिव्यक्ति 24 में एक पैनल स्पीकर के रूप में भी कार्य किया, जहां उन्होंने भारत को उभरती प्रौद्योगिकियों में टेक-पावरहाउस बनाने के रोडमैप के बारे में अपने विचार साझा किए। इस साझेदारी पर आईआईटी कानपुर ने भी उत्साह जताया। एसआईआईसी, आईआईटी कानपुर के प्रोफेसर इंचार्ज प्रो. दीपू फिलिप ने कहा, टैली सॉल्यूशंस के साथ यह सहयोग आईआईटी कानपुर में एक जीवंत स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी तंत्र बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस एमओयू के माध्यम से, हमारा लक्ष्य उद्यमियों को उनकी यात्रा के हर चरण में समर्थन प्रदान करना है उनके विचारों को संवाना, मेंटरशिप प्रदान करना और उनको उद्योग विशेषज्ञों और निवेशकों से जोड़ना।

## इंडिया असिस्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार के साथ की साझेदारी

यात्रा में सहायता प्रदान करने वाले टेक-इनेबल्ड लीडर इंडिया असिस्ट ने महाकुम्भ 2025 के दौरान और इसके बाद भी लाखों यात्रियों को यात्रा का उत्कृष्ट अनुभव प्रदान करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के साथ साझेदारी की है। इस साझेदारी के तहत इंडिया असिस्ट प्रयागराज में महाकुम्भ क्षेत्र में टूरिस्ट इन्फोर्मेशन सेंटर (पर्यटन जानकारी केन्द्र) संचालित कर रहा है, साथ ही इस तरह के टूरिस्ट इन्फोर्मेशन सेंटर रेलवे स्टेशन और हवाई अड्डे पर भी स्थापित किए गए हैं।श्री हरीश खत्री, संस्थापक, इंडिया असिस्ट ने इस साझेदारी पर उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, ''भारत विभिन्न अनुभवों और संस्कृति के खजाने का देश है और महाकुम्भ आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक एकता का अविश्वसनीय संगम है। इस साझेदारी के माध्यम से हम चाहते हैं कि मेले में आने वाले लाखों श्रद्धालु आत्मविश्वास के साथ मेले का सहज अनुभव पा सकें। आधुनिक टेक्नोलॉजी और मानवीय सहयोग के साथ हम सुनिश्चित करते हैं कि हर आगंतुक को यात्रा के




दौरान हर ज़रूरी मार्गदर्शन और सहयोग मिले।' इंडिया असिस्ट के सेंटर आगंतुकों को रियल-टाईम में सहायता प्रदान करते हैं, उन्हें नेविगेशन एवं स्थानीय आकर्षण केन्द्रों के बारे में मार्गदर्शन देते हैं, एमरजेन्सी के समय ज़रूरी सहयोग प्रदान करते हैं जैसे चिकित्सकीय सहायता या चोरी आदि का समाधान महाकुम्भ के बाद भी इंडिया असिस्ट उत्तर प्रदेश के मुख्य शहरों जैसे आगरा, लखनऊ, वाराणसी, अयोध्या आदि में टूरिस्ट इन्फोर्मेशन सेंटरों के नेटवर्क का प्रबन्धन जारी रखेगा। ये सेंटर आगंतुकों को समय पर सहयोग एवं जानकारी प्रदान करते हुए उन्हें यात्रा का सुरक्षित, सुखद एवं चिंतामुक्त अनुभव प्रदान कर रहे हैं।

# फैमिली आईडी और फार्मर रजिस्ट्री आईडी जारी करने का अभियान तेज

## 96729 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आईडी तैयार

**अवधनामा संवाददाता**



**अमेठी।** फैमिली आई डी और किसानों को फार्मर रजिस्ट्री आई डी जारी करने का अभियान तेजी से चल रहा है। पंचायत सहायकों को आई डी जारी करने के लिए लगाया गया है। किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आई डी जारी करने के लिए जनसुविधा केंद्रों पर काम चल रहा है। मंगलवार को नगर पंचायत कार्यालय में फैमिली आई डी जारी कराने के लिए दिन भर महिलाओं की लाइन लगी रही। पिछले एक महीने के भीतर नगर पंचायत कार्यालय से 350 से अधिक फैमिली आई डी जारी की गई है।

किसानों को फार्मर रजिस्ट्री आई डी जारी करने की प्रगति लगभग 31 फीसदी है। उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र कुमार ने सभी किसानों से फार्मर रजिस्ट्री आई डी जारी कराने की अपील की है। उन्होंने बताया कि जिन किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आई डी नहीं होगी, उन्हें किसान पेंशन की अगली किश्त नहीं मिलेगी। कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ मिलने में भी कठिनाई आएगी। उप कृषि निदेशक सत्येंद्र कुमार ने बताया कि जनपद के समस्त उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, जिला कृषि रक्षा अधिकारी एवं भूमि संरक्षण अधिकारी अमेठी द्वारा जनपद के जन सुविधा केन्द्रों एवं फार्मर रजिस्ट्री हेतु प्राप्त एप सहायक मोड से किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आई0डी0 तैयार की जा रही है। जनपद में कुल 318852 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आई0डी0 बनायी जानी है। जिसमें से अब तक कुल 96729 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आई0डी0 तैयार की गयी है। जो कि लक्ष्य का 30.29 प्रतिशत है। अवशेष किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आई0डी0 बनाये जाने का कार्य जनपद के समस्त जन सुविधा केन्द्रों एवं राजकीय कृषि बीज भण्डरों पर किया जा है। जिसका निरन्तर अनुश्रवण जनपद के अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है।

## भट्ठा श्रमिक की संदिग्ध मौत, परिवारजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**सतांव, रायबरेली।** गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र के पोरई गाँव निवासी एक युवक ने 17 जनवरी को नेपाल के एक ईंट भट्ठे पर संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। नेपाल पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव को मृतक के पुस्तैनी गाँव भेज दिया। मंगलवार की सुबह मृतक का शव गाँव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के परिवारजनों ने हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार अमरेश पुत्र गंगाप्रसाद निवासी पोरई एक माह पूर्व राजेश मिस्त्री के साथ रोजी-रोटी हेतु नेपाल के ईंट भठ्ठे पर मजदूरी करने गया था। जहाँ 17 जनवरी को उसने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। अमरेश का शव मंगलवार सुबह आठ बजे उसके पुस्तैनी गाँव पहुँचा। जिसके बाद परिवारजनो मे कोहराम मच गया।मृतक के भाई अमित ने गाँव के दो लोगों पर हत्या का आरोप लगाते हुए गुरुबक्शगंज थानें में तहरीर दी है। गुरुबक्शगंज थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के भाई तहरीर प्राप्त हुई है। मामले की जाँच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के उपरान्त अग्रिम विधिक कार्यवाही की जायेगी।

# तीन घंटे देरी से आई पीआरएल ट्रेन

**अवधनामा संवाददाता**



- संगम स्नान को गये श्रद्धालु
- रोडवेज को नहीं मिल रही अपेक्षा के अनुरूप सवारियां
- ट्रेन से संगम स्नान करने जा रहे श्रद्धालु
- अमेठी डिपो का लोड फैक्टर घटकर 50 हुआ, मकर संक्रांति के विशेष स्नान पर्व पर 7547 रही है यात्रियों और श्रद्धालुओं की संख्या

**अमेठी।** लखनऊ से प्रयागराज संगम तट तक जाने वाली पीआरएल ट्रेन मंगलवार को तीन घंटे लेट आई। बड़ी संख्या में श्रद्धालु संगम स्नान के लिए प्रयाग गये। मकरसक्रांति के पहले विशेष स्नान पर्व पर साढ़े सात हजार से अधिक लोग अमेठी डिपो की बसों से यात्रा किए हैं।16जनवरी के बाद परिवहन निगम की बसों पर यात्रियों की संख्या लगातार कम हुई है।लोड फैक्टर लगातार घट रहा है।

मकरसंक्रांति के विशेष पर्व पर अमेठी डिपो से 28बसें भेजी गई थीं। अधिकांश बसें लौट आई हैं। तीन बसें अंदर शटल सेवा में लगी हुई हैं।

### तिथि सवारियों की संख्या लोड फैक्टर

13 जनवरी, 4042, 62 फीसदी
14 जनवरी, 3505, 65 फीसदी
15 जनवरी, 6687, 63 फीसदी
16 जनवरी, 6337, 59 फीसदी
17 जनवरी, 5122, 57 फीसदी
18 जनवरी, 5097, 55 फीसदी

एआरएम काशी प्रसाद, आधा दर्जन रोडवेज स्टाफ के साथ मेला ड्यूटी कर रहे हैं। अमेठी डिपो के बेड़े में बसों की संख्या 48 है। तीन बसें निर्धारित किमी पूरा करने के बाद भी रोड पर हैं। दो गाड़ियां नीलामी में हैं, उन्हें भी चलाया जा रहा है। स्टेशन अधीक्षक सुशीला देवी ने बताया कि रोडवेज को अपेक्षा के अनुरूप इनकम नहीं हो रही है। कुम्भ के लिए बसों से जाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या कम होने से रविवार को लोड फैक्टर घट कर 50 फीसदी हो गया।

### रोडवेज की इनकम बढ़ाने के मामले में पूरी तरह फेल है एमडीओ और आरएमकी योजना

**अमेठी।** अमेठी डिपो पर यात्री सुविधाओं के विस्तार के साथ रोडवेज की आमदनी बढ़ाने के लिए विभाग की ओर की गई सारी मेहनत बेकार साबित हो रही है।आर एम कार्यालय में तैनात कर्मियों की मनमानी के कारण डिपो पर बनी 15दुकानें अभी तक खाली पड़ी हुई हैं।बस स्टेशन पर यात्री कैंटीन कई महीने से बंद है। कैंटीन के निर्धारित किराए के साथ अधिक बिजली बिल के भुगतान से परेशान दुकानदार कैंटीन बंद करके अपने घर वापस चला गया। जिनके नाम छः दुकानें आवंटित की गई है वे लोग दूसरों को ठेके पर दुकान देकर घर बैठे हुए हैं। निर्धारित शर्तों का खुले आम उल्लंघन हो रहा है। अधिकारी सिर्फ अपना मतलब हल कर रहे हैं।

## हर्ष फायरिंग करते वीडियो हुआ वायरल

**सतांव, रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र के सनिकामऊ गाँव में उत्सव के दौरान एक युवक का हर्ष फायरिंग करते वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो को संज्ञान में लेते हुए पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में लेकर विधिक कार्यवाही की है। रामजी द्विवेदी पुत्र धीरज द्विवेदी निवासी प्यारेपुर थाना हरचन्दपुर का सोमवार को सनिकामऊ गाँव में हर्ष फायरिंग करते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हुआ। प्रसारित वीडियो को संज्ञान में लेते हुए पुलिस ने रामजी द्विवेदी को गिरफ्तार कर लिया और उसके पास से वीडियों में प्रदर्शित एक देशी तमंचा और एक खोखा कारतूस 32 बोर बरामद किया। थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि युवक के विरुद्ध धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत करते हुए अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# जनपद में रोपे जायेंगे 35 करोड़ पौधे, डीएम ने बांटी जिम्मेदारी



वृक्षारोपण को लेकर बैठक करते डीएम

**अवधनामा ब्यूरो**

- वर्ष 2025-26 हेतु विभागवार वृक्षारोपण का लक्ष्य हुआ निर्धारित

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने बताया कि वर्ष 2025-26 में पौधरोपण हेतु जनपद में 35 लाख पौधरोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके सापेक्ष विभागवार अलग अलग लक्ष्य आवंटित किया गया है, जिसके सापेक्ष कुशीनगर हेतु वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग सहित कुल 32 विभागों का वर्ष 2025 पौधरोपण के लक्ष्य का निर्धारण हुआ है। उन्होंने निर्धारित लक्ष्य के क्रम में बताया कि वन विभाग को 1038900, पर्यावरण विभाग को 149000, ग्राम्य विकास विभाग को 1571000, पंचायतीराज विभाग को 160000, राजस्व विभाग को 132000 एवं नगर विकास विभाग को 21000 का लक्ष्य आवंटित किया गया है, इसी प्रकार लोक निर्माण विभाग, सिंचाई एवं जल संसाधन, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, रेशम कृषि विभाग सहित कुल 32 विभागों को लक्ष्य आवंटित किया गया है। डीएम ने समस्त संबंधित को निर्देशित किया है कि उपरोक्त निर्धारित लक्षणों की प्राप्ति हेतु अग्रिम मृदा कार्य हेतु स्थल चयन कर चयनित स्थलों की सूची तत्काल प्रभागीय वनाधिकारी, सामाजिक वानिकी प्रभाग कुशीनगर के कार्यालय को उपलब्ध कराएं ताकि स समय पीएमएस पोर्टल पर अपलोड/फीडिंग की कार्रवाई की जा सके। उन्होंने यह भी निर्देशित किया है कि वृक्षारोपण अभियान के सफल क्रियान्वयन में हेतु वृक्षारोपण कार्य योजना प्रभागीय वनाधिकारी कुशीनगर को तत्काल प्रस्तुत करें। वृक्षारोपण से संबंधित विभाग के अधिकारी वर्ष 2025 वृक्षारोपण कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु शासन से प्राप्त निर्देशों का अक्षरशः पालन करना एवं आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष स्थल चयन की सूचना उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

## जाति प्रमाण पत्र सत्यापन समिति की बैठक संपन्न

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** जनपदीय जाति प्रमाण पत्र सत्यापन समिति की बैठक आज जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में पन्ने लाल पुत्र श्री राम दौड़ निवासी मंगलपुर तहसील हाटा जनपद कुशीनगर एवं नीरज गोंड पुत्र ओमकारनाथ गोंड निवासी वार्ड नं0-17 थरूआडीह नगर पालिका परिषद हाटा जनपद कुशीनगर द्वारा जिला जाति प्रमाण-पत्र सत्यापन समिति के समक्ष अपना-अपना पक्ष रखा गया।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि/रा) वैभव मिश्रा प्रतिनिधि उपजिलाधिकारी हाटा तथा जिला समाज कल्याण अधिकारी विनय कुमार उपस्थित रहे।

# बीआरएस इंटरनेशनल स्कूल को मिली पांचवीं तक मान्यता

**अवधनामा संवाददाता**

- बी.आर.एस. स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में लायेगी नई क्रांति : इंद्रासन

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** रामकोला विकास खंड के कुसुम्हा स्थित बी.आर.एस इंटरनेशनल स्कूल को बेसिक शिक्षा परिषद कुशीनगर द्वारा अंग्रेजी माध्यम से कक्षा पांचवीं तक मान्यता मिली है। उक्त आश्यक की जानकारी विद्यालय के प्रबंधक इंद्रासन सिंह ने दिया। मान्यता मिलने के बाद उक्त विद्यालय में नए सत्र के लिए प्रवेश प्रारंभ शुरू हो गया है।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र के बच्चों को नई शिक्षा नीति के अनुसार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले। यहां ग्रामीण क्षेत्र के बच्चो को अंग्रेजी मध्यम विद्यालय न होने के कारण दूर तक जाना पड़ता तथा अत्याधिक दूरी होने से बच्चे संसाधन के आभाव में बहुत से बच्चे अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई नही कर पाते थे। अब इस क्षेत्र में विद्यालय अंग्रेजी माध्यम से मान्यता मिली है जिससे बच्चों के पढ़ाई में काफी सहूलियत मिलेगी। प्रबंधक इंद्रासन सिंह ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में यह विद्यालय मिल का पत्थर साबित होगा। शिक्षा के प्रति विद्यालय परिवार सदा प्रयासरत रहेगा। बी.आर.एस इंटरनेशनल स्कूल को पांचवीं तक मान्यता मिलने पर क्षेत्र के प्रमोद सिंह, रवींद्र सिंह, दुर्गेश, मोहन कुशवाहा, रामानन्द कुशवाहा, धर्मेंद्र मिश्रा, अमरेन्द्र सिंह, राहुल सिंह, अंगरेश्वर यादव, रंजित सिंह, बिरेंद्र कुमार, अमन सिंह, मुकेश, मनोज कुमार, राहुल यादव, सतेन्द्र, धर्मेंद्र प्रसाद आदि ने प्रसन्नता व्यक्त किया है।

## सड़क दुघर्टना में बाइक सवार एक युवक की मौत

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** थाना संग्रामपुर की पुलिस चौकी टीकरमाफी अन्तर्गत अमेठी दुर्गापुर मार्ग पर सोमवार की देर रात हुई सड़क दुघर्टना में एक युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। गंभीर रूप से घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बीती रात पूरे सुक्खा सिंह गांव के पास सड़क मोड़ पर एक दर्दनाक हादसा हुआ। अज्ञात चार पहिया वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार तूफानी पुत्र हरिनारायण -22 निवासी भादर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। रोहित पुत्र जगन्नाथ, निवासी भादर गंभीर रूप से घायल हैं। चौकी इंचार्ज इंद्रेश राव ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। गंभीर रूप से घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# समर्थकों ने केक काटकर मनाया पूर्व विधायक रामलाल अकेला का जन्मदिन

**अवधनामा संवाददाता**



- एक्स अकाउंट पर नेताओं और समर्थकों ने दी बधाई
- विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर एक दूसरे का मुंह मीठा कराते हुए पूर्व विधायक की लंबी आयु की कामना के साथ बधाई दी गई

**महराजगंज, रायबरेली।** कस्बे के रायबरेली रोड पर स्थित व्यवसायी व सपा नेता सुधीर साहू के प्रतिष्ठान पर पूर्व विधायक व भाजपा नेता रामलाल अकेला का 70वां जन्मदिन समर्थकों ने केक काट कर हर्षोल्लास के साथ मनाया।

पूर्व विधायक रामलाल अकेला के फेसबुकवॉल और एक्स अकाउंट पर नेताओं और समर्थक द्वारा बधाई देने का सिलसिला जारी है। राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रतिनिधि शिवम तिवारी, जिला उपाध्यक्ष भाजपा जन्मेजय सिंह, पूर्व प्रमुख सतेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य व भाजपा नेता प्रभात साहू, प्रधान संघ अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह उर्फ दद्दू, भाजपा नेता विद्यासागर अवस्थी एडवोकेट, प्रेस क्लब महराजगंज अध्यक्ष मुकेश श्रीवास्तव, सिकंदरपुर प्रधान डब्बू सिंह, पूर्व प्रधान हलोर संत कुमार चौधरी सहित बछरावां विधानसभा क्षेत्र के तमाम गणमान्य नागरिकों ने दूरभाष के माध्यम से शुभकामनाएं व बधाई दी। आपको बता दें कि, पूर्व विधायक व भाजपा नेता रामलाल अकेला के 70वें जन्मदिन के अवसर पर कस्बा महराजगंज में सुधीर साहू के प्रतिष्ठान बाकायदा पूर्व विधायक ने अपने हाथों से केक काटा, इसके साथ ही बछरावां चेयरमैन रामजी, सपा नेता लखनऊवा, अनस सिद्दीकी, सौरभ यादव, सूरज यादव, गोलू वर्मा आदि ने पूर्व विधायक को बधाई व शुभकामनाएं दी। अपने जनप्रिय नेता के जन्मदिन के अवसर पर ग्रामीण क्षेत्रों में भी जगह-जगह समर्थकों द्वारा केक काटा गया और विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर एक दूसरे का मुंह मीठा कराते हुए पूर्व विधायक की लंबी आयु की कामना के साथ जन्मदिन की बधाई दी गई। पूर्व विधायक रामलाल अकेला ने समर्थकों के इस स्नेह पर खुशी जाहिर कर कहा कि, वह आप सभी की शुभकामनाओं व स्नेह का हृदय से आभारी हैं। आप सभी और बछरावां विधानसभा क्षेत्र की जनता उनका परिवार है। ऐसे ही विधानसभा और क्षेत्र के जनता की सेवा के लिए समर्पित रहूंगा। आशा करता हूं कि, भविष्य में भी इसी तरह आप सभी का समर्थन, सहयोग व स्नेह मिलता रहेगा।

# भ्रष्टाचार व जनसमस्याओं को लेकर भाकपा का प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

## तमकुहीराज तहसील मुख्यालय पर भाकपा के कार्यकर्ताओं ने दिया धरना

**अवधनामा संवाददाता**



जुलूस निकालकर विरोध करते कार्यकर्ता

**तमकुहीराज, कुशीनगर।** तमकुहीराज तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार और जनसमस्याओं को लेकर भारी जलूस के साथ सैकड़ों भाकपा कार्यकर्ताओं ने सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए तमकुहीराज नगर में भ्रमण करते हुए तहसील मुख्यालय पर पहुंच धरना दिया। धरना स्थल पर एसडीएम ने पहुंचकर पत्रक लिया जिसके बाद धरना समाप्त हुआ।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार भाकपा नेता का. लल्लन राय, एडवोकेट मतिउल्लाह के अगुवाई में सैकड़ों भाकपा कार्यकर्ताओं ने एक जलूस के रूप में सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए तहसील मुख्यालय पहुंच धरना दिए। भाकपा कार्यकर्ताओं ने तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार का आरोप लगा गरीब व निरीह जनता का राजस्वकर्मियों पर शोषण का आरोप लगा रहे थे। अपंजीकृत बैनामे को नियम विरुद्ध खारिज दाखिल करने, लेखपाल व कानूनगों पर धन उगाही कर गरीब व कमजोर लोगों को न्याय से वंचित करने का आरोप लगाया। भाकपा कार्यकर्ताओं की मुख्य मांग जिसमें सीओ चकबंदी की तहसील मुख्यालय पर स्थापना करना। रामपुर बंगरा के मुसहरों को बुनियादी सुविधा देते सरकारी बंजर की जमीन को दबंगों से मुक्त करा पात्र मुसहरों को पट्टा देने। नायब तहसीलदार कुन्दन वर्मा के भ्रष्टाचार की जांच कर कार्रवाई करने। तहसील में कार्यरत्त प्राइवेट मुंशी को संविदा पर रख उनकी जवाबदेही तय करना। सरकारी राशन के दुकानों की ऑनलाइन केवाईसी सुविधा उपलब्ध कराने। गन्ने की घटतौली रोकने और 500 रुपए गन्ने का रेट तय करने। एनएच 727 बी में पड़ने वाले किसानों के भूमि का उचित मुआवजा देने। बिजली का निजीकरण रोकने, हर पात्र व्यक्ति को आवास उपलब्ध कराने, वृद्धा व विधवा पेंशन बढ़ाने आदि सहित कुल 15 मांगों को लेकर धरना दिया था। भाकपा कार्यकर्ताओं का आरोप था कि सरकार ने सत्ता में आने के पहले महंगाई और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की बात कही थी लेकिन सरकार बनने के बाद इसमें बेतहाशा वृद्धि हो गई।

# पोषण देने के साथ ही टीबी रोगियों संग रखे भावनात्मक लगाव : डॉ अजय



टीबी रोगियों में पोषण पोटली वितरण करते हुए

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जनपद में चलाए जा रहे गोद अभियान के क्रम में मंगलवार को टीबी क्लीनिक के सभागार में आईएमए कुशीनगर द्वारा 27 टीबी रोगियों को तीसरे माह की प्रोटीनयुक्त पोषण की पोटली दी गई।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि आईएमए के पूर्व सचिव डॉ अजय शुक्ला ने कहा कि टीबी मरीजों को पोषण की पोटली देने के साथ ही भावनात्मक लगाव भी रखें। उनके स्वास्थ्य की जानकारी भी समय समय लेते रहे। उन्होंने ने कहा कि रोगी के साथ रहने वालों की भी जांच जरूर कराकर उनके बचाव हेतु दवा दे दे ताकि समाज में कोई नया मरीज न बन पाए। उन्होंने कहा कि समाज के सभी लोगों को मिलकर प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान को सफल बनाना चाहिए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ एस.एन. त्रिपाठी ने आईएमए के प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए समाज के संभ्रांत व्यक्तियों से अपील किया कि टीबी रोगियों को गोद लेकर उन्हें प्रतिमाह उपचार चलने तक पोषण पोटली देने के लिए आगे आना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन निक्षय मित्र नोडल आशुतोष कुमार मिश्र ने किया।

## जनपद में 34 गेहूँ क्रय केन्द्र स्थापित

**रायबरेली।** रबी विपणन वर्ष 2025-26 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजनान्तर्गत जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के आदेशानुसार जनपद रायबरेली में क्रय एजेंसी खाद्य विभाग की विपणन शाखा द्वारा प्रेषित प्रस्तावों के अनुसार 34 गेहूँ क्रय केन्द्रों को खोले जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसके अनुसार तहसील सदर के ब्लाक राही में 09, ब्लाक हरचन्दपुर में 02 एवं ब्लाक सतांव में 01 गेहूँ क्रय केन्द्र स्थापित किये गये है। इसी प्रकार तहसील महराजगंज के ब्लाक महराजगंज में 06, ब्लाक शिवगढ़ 01, तहसील/ब्लाक लालगंज में 03, तहसील/ब्लाक ऊँचाहार में 01, ब्लाक रोहनिया 01, ब्लाक जगतपुर में 01, तहसील/ब्लाक डलमऊ में 02, तहसील/ब्लाक सलोन में 05, ब्लाक डीह में 01 एवं ब्लाक छतोह में 01 गेहूँ क्रय केन्द्र स्थापित किये गये है। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने समस्त सम्बन्धित अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देश दिये है कि गेहूँ क्रय केन्द्रों पर गेहूँ खरीद से संबंधित समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं तत्काल प्रभाव से पूर्ण कराते हुए शासनादेशानुसार/नियमानुसार समस्त कार्यवाही ससमय पूर्ण कराते हये कृषकों से अधिक से अधिक गेहूँ क्रय करना सुनिश्चित करेंगे।

# भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र नहीं बल्कि लोकतंत्र का जननी भी है: अमरेश

**अवधनामा संवाददाता**



**सलेमपुर, देवरिया।** भाजपा मण्डल सलेमपुर द्वारा परसिया भगवती के मगहरा मे संविधान गौरव दिवस अभियान के तहत एक विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ। इसकी अध्यक्षता भाजपा मण्डल अध्यक्ष पुनीत यादव ने किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ भारत रत्न बाबा साहब भीम राव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्वलन कर किया गया। गोष्ठी में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमरेश सिंह बबलू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के और प्रदेश नेतृत्व द्वारा संपूर्ण भारत देश में संविधान गौरव अभियान चलाया जा रहा है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र नहीं बल्कि लोकतंत्र का जननी भी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बाबा साहब अंबेडकर के सपनों को साकार करते हुए दलित, आदिवासी, पिछड़े और महिलाओं को सशक्त करने वाली योजना बनाकर उसे साकार किया गया है। सबका साथ सबका विकास के साथ अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाया गया है। आज भारत विश्व की सबसे शक्तिशाली देश में सुमार है। जिलामंत्री अभिषेक जायसवाल ने बाबा साहब अंबेडकर की विराट व्यक्तित्व की चर्चा करते हुए कहा कि विषम परिस्थितियों में भी हार नहीं मानते हुए अपने बहुमुखी प्रतिभा से विश्व को चकित किया। मण्डल अध्यक्ष पुनीत यादव ने सभी के प्रति आभार व्यक्त हुए संविधान को देश की एकता और नागरिकों के स्वाभिमान का प्रतीक बताया। कार्यक्रम संयोजक शेषनाथ भाई ने कहा कि बाबा साहब के बनाए संविधान ने भारत को दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में पहचान दिलाई। उन्होंने व्यक्तिगत अपमान सहा, लेकिन राष्ट्हित को सर्वोपरि रखा। कार्यक्रम को रविशंकर मिश्र, अजय दूबे वत्स, विकास चौहान, ओमप्रकाश, पुरुषोत्तम दूबे ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालक अनूप मिश्र ने किया। कार्यक्रम मे पप्पू पाण्डेय,अमिताभ भगत, अखिलेश योगी, कमलेश, सूरज यादव, पारस, छोटेलाल गुप्ता, राजू कुशवाहा, नीरज कुशवाहा, राधिका देवी, मेहरुन्निसा, जमुनी देवी, सोनमती आदि मौजूद रहे।

# आज छठवे दिन परसिया देवार में लगा जागरूकता कैम्प




**अवधनामा संवाददाता**

**देवरिया।** छठवे दिन पीडीए जागरूकता सप्ताह तैयारी कार्यक्रम के तहत परसिया देवार मे लोगों को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस दौरान बडे पैमाने पर लोगों ने हिंसा लिए लिया जागरूकता कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सपा नेता विजय रावत ने कहा सपा ही एक ऐसी पार्टी है जो सबके हक़ की लड़ाई लड़ती है और सभी समाज की बात करती है आज जिस तरह से परसिया देवार व विशुनपुर देवार के लोगों को कठनाईयो का सामना करना पड़ रहा उसकी देन भाजपा सरकार है और जब भाजपा सरकार हटेगी तभी क्षेत्र का विकास होगा क्यों की भारतिय जनता पार्टी की सरकार विकास व पी डी ए विरोधी है इस भाजपा सरकार को ना ही विकास से मतलब है और ना ही पी डी ए का भला होने वाला है इस लिए आने वाले विधान सभा चुनाव मे भाजपा सरकार को सभी लोग मिलकर हटाने का काम करे। इस दौरान मुख्य रूप से विकास यादव विपिन सिह सुरेश राजभर विवेक पटेल तारकेश्वर यादव अजित प्रसाद राकेश मदेशिया इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## सलेमपुर के पत्रकार गंगेश पांडेय के उत्पीड़न पर पत्रकार संगठनों में रोष

**सलेमपुर, देवरिया अवधनामा संवाददाता।** सलेमपुर के पत्रकार गंगेश पांडेय के खिलाफ सलेमपुर कोतवाली में केस दर्ज कराए जाने को लेकर मंगलवार को पत्रकारों का एक प्रतिनिधि मंडल देवरिया के पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर से मिलकर एक ज्ञापन सौंपा। एसपी ने प्रकरण की जांच के लिए सलेमपुर के सीओ दीपक शुक्ला को लिखा है। प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व भाटपार के पत्रकार विपुल कुमार तिवारी और देवरिया के पत्रकार विशाल मिश्रा ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से स्वाभिमान जागरण के संपादक एनडी देहाती, पत्रकार एसोसियेशन के जिलाध्यक्ष सुंदरम मिश्रा, अरुण कुमार मिश्रा, मनोज कुमार मद्देशिया, जनसंदेश के जिला प्रभारी विशाल मिश्रा, शशांक भूषण मिश्रा, फ़ैज़ इनाम अमर भारती के जिला प्रभारी सुनील शर्मा,रवि प्रकाश, इस्तखार अहमद,चन्द्र प्रकाश शुक्ला,प्रवीण कुमार यादव, दिलीप भारती, आलोक सिंह दरोगा, कालिका तिवारी, इरशाद अहमद, प्रवीण गुप्ता, गोविंद प्रताप मौर्या,अरविंद दुबे, करन यादव, कामेश वर्मा सहित कई पत्रकार उपस्थित रहे।

# सीएमओ की पहल से सुरक्षित होगा मातृत्व स्वास्थ्य

- गर्भावस्था में शुगर और प्रोटीन जांच होगी आसान
- हर माह औसतन 46 हजार से अधिक गर्भवती को मिलेगा जांच का लाभ

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** जनपद में गर्भावस्था के दौरान महिलाओं में शुगर और पेशाब में प्रोटीन आना गंभीर खतरे के संकेत हो सकते हैं। इन समस्याओं का समय रहते पता लगाकर इलाज करना मातृ एवं शिशु की सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी है। इस उद्देश्य से, ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस (वीएचएसएनडी) पर अब सभी गर्भवती महिलाओं की अन्य जांचों के साथ-साथ पेशाब की जांच भी सुनिश्चित की जाती है। हालांकि, इस पहल में सबसे बड़ी चुनौती सामुदायिक स्तर पर पेशाब की जांच की सुविधा न होना थी।

गौरतलब है वीएचएसएनडी हर माह के पहले बुधवार को उपकेंद्र पर और बाकी बुधवार और शनिवार को समुदाय स्तर पर आयोजित किया जाता है। उपकेंद्रों पर शौचालय की सुविधा होने के कारण पेशाब की जांच आसानी से हो जाती थी, लेकिन समुदाय स्तर पर सार्वजनिक शौचालयों की कमी के कारण यह संभव नहीं हो पाता था। हालांकि, यह समस्या पूरी तरह से सामुदायिक शौचालयों की कमी से जुड़ी नहीं है, क्योंकि कई सार्वजनिक भवनों में शौचालय की सुविधा थी। परंतु वीएचएसएनडी सत्रों का आयोजन अधिकतर ऐसे स्थानों पर किया जाता था जो शौचालयों से दूर थे, ताकि सभी लाभार्थी आसानी से सेवा प्राप्त कर सकें।

### स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगी मजबूती : दिलीप मिश्रा

इस कार्यक्रम को सहयोग कर रहे यूनिसेफ के डीएमसी दिलीप मिश्रा ने बताया कि इस पहल से समुदाय स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलेगी। इससे जांच को आसान बनाया जा सकेगा जो मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम होगा। यूरिन कंटेनर की उपलब्धता और आशा ,एएनएम कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी से हर माह जनपद की औसतन 46 हजार से अधिक गर्भवती महिलाओं को इस जांच का लाभ मिलेगा।

### एएनएम को 300 यूरिन कंटेनर कराए गए उपलब्ध : डॉ. संजय शर्मा

इस समस्या का समाधान निकालते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार शर्मा ने सभी एएनएम को 300 यूरिन कंटेनर उपलब्ध कराए हैं। जनपद की कुल 622 एएनएम को यह सुविधा प्रदान कर दी गई है। अब एएनएम इन कंटेनरों को आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से उन घरों तक पहुंचाएंगी, जहां गर्भवती महिलाओं की जांच की जानी है। महिलाएं अपने घर से यूरिन कंटेनर में नमूना लेकर वीएचएसएनडी के दिन जांच के लिए ला सकती हैं। गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं बचाव की जानकारी देते हुए सीएमओ ने बताया कि गर्भावस्था के दौरान पेशाब में प्रोटीन की अधिक मात्रा एक्लेम्प्सिया का संकेत हो सकता है। यह स्थिति प्रसव के समय झटके आने और मातृ एवं शिशु की मृत्यु का कारण बन सकती है। वहीं, गर्भावस्था के दौरान शुगर बढ़ने से बच्चे का वजन तेजी से बढ़ने की संभावना रहती है, जिससे सामान्य प्रसव कठिन हो सकता है और सिजेरियन डिलीवरी की आवश्यकता पड़ सकती है। इसके लिए सभी गर्भवती की चार बार जांच आवश्यक होती है।

# स्वच्छता ही सेवा के तहत तृतीय एक दिवसीय शिविर एवं रैली का आयोजन

- राष्ट्रीय सेवा योजना एक राष्ट्रीय चरित्र बनाने वाली संस्था : डॉ. एसपी सिंह

अवधनामा संवाददाता




**शिकोहाबाद।** पालीवाल महाविद्यालय शिकोहाबाद की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वाधान में आज तृतीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रोफेसर प्रवीण कुमार ने कहा कि हमें स्वच्छता पर विशेष ध्यान हो देना होगा। यह राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम है क्योंकि स्वच्छ रहने से हम कई प्रकार के संक्रामक रोगों से दूर रहते हैं साथ ही हमारे मस्तिष्क का स्वस्थ रूप से विकास होता है। राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला नोडल अधिकारी डॉ एमपी सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना ने अनेक कार्यक्रम स्वच्छता पर किए हैं जिसमें अस्पताल, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड तथा सार्वजनिक स्थानों की सफाई की है और आज रैली के माध्यम से शंभू नगर, मेला बाग, स्टेशन रोड आदि पर नारे लगाते हुए यह संदेश दिया है कि स्वस्थ रहने के लिए स्वच्छता बहुत आवश्यक है। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय सेवा योजना के पूर्व युवा कार्यक्रम अधिकारी डॉ एसपी सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना एक राष्ट्रीय चरित्र है। यह राष्ट्र की सेवा है और इसको हमें अपने चरित्र में ढालना है। उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि यह नवबर्ष पर खुद को बेहतर बनाने का चांस है। राष्ट्रीय सेवा योजना पर्सनालिटी डेवलपमेंट प्रदान करने वाली संस्था है। यह नेतृत्व की क्षमता, पढ़ाई और व्यक्तित्व में तालमेल बनाती है और यही राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य भी है। एजुकेशन जो मनुष्य के लिए सबसे महत्वपूर्ण है वो आपके व्यक्तित्व में नज़र आनी चाहिए क्योंकि अच्छा व्यक्तित्व जीवन पर्यंत काम आता हैं। उन्होंने एक सुविचार भी दिया कि ''यू लिसन- यू फॉरगेट, यू सी यू रिमेंबर स व्हेन यू डू -यू लर्न''। उन्होंने यह भी बताया कि ''ग्रेट माइंड डिस्कस आइडिया, एवरेज माइंड डिसकस एक्सीडेंट्स एंड स्मॉल माइंड डिसकस पीपुल''। राष्ट्रीय सेवा योजना का वालंटियर एक राष्ट्रीय कैरेक्टर होता है जिनका राष्ट्रीय मुद्दों में विशेष योगदान होता है।

# राजीव गाँधी पार्क में महान संत की मूर्ति स्थापित करने को लेकर कांग्रेसियों में आक्रोश

अवधनामा संवाददाता



- सुरक्षित एवं स्वतंत्रत स्थल पर करें संत की प्रतिमा स्थापित अन्यथा कांग्रेस करेगी बड़ा आंदोलनः अभिषेक

**सुल्तानपुर।** शहर के विकास भवन के सामने स्थित राजीव गांधी पार्क (तिकोनिया पार्क) में अंतरराष्ट्रीय महान संत स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा स्थापित करने के मामले को लेकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व एवं शहर अध्यक्ष शकील अंसारी की मौजूदगी में मंगलवार को कांग्रेसियों ने जिलाधिकारी से मिलकर महान संत स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा किसी दूसरे सुरक्षित स्थान पर लगवाए जाने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। ज्ञात हो कि गत 2 जुलाई को भारत के महान संत की मूर्ति स्थापित हेतु सुरक्षित स्वतंत्रता स्थल की मांग तत्कालीन जिलाधिकारी से कांग्रेसियों द्वारा की गई थी, जिस पर जिला अधिकारी द्वारा मूर्ति स्थापना स्थल पर कार्य को रुकवा दिया गया था, तथा नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी को अन्य किसी सुरक्षित स्वतंत्रत स्थल निश्चित कर मूर्ति स्थापित करने के लिए तात्कालीन जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया था। वही महान संत की मूर्ति स्थापित करने हेतु कार्य पुनः करवाए जाने पर कांग्रेसियों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां उन्होंने कार्य रोकवाए जाने हेतु जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के रूप मे पहुंची सिटी मजिस्ट्रेट बिंदुषी सिंह को ज्ञापन सौंपा और कांग्रेसियों ने जिलाधिकारी से मुलाकात की जिद पर अड़े रहे, उसके बाद कांग्रेसियों की नवागत जिलाधिकारी कुमार हर्ष सेद्ध मुलाकात हुई जहां कांग्रेसियों ने पूरे मामले को गंभीरता पूर्वक अवगत कराया जिस पर जिलाधिकारी ने पूरे मामले को दिखवाने की बात कही है। तत्पश्चात कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि राज्यपाल द्वारा वर्ष 1999 में पूर्व प्रधानमंत्री आधुनिक भारत के निर्माता स्व राजीव गांधी की प्रतिमा लगवाए जाने के लिए आरक्षित कर दिया गया था, लेकिन आज वहां पर भारत के महान संत स्वामी विवेकानंद की मूर्ति लगवाना उनको अपमानित करना है।

### थम नहीं रहा ओवरलोडिंग डंपरों का सिलसिला

**टूंडला।** नगर के सुभाष चौराहा पर से गुजरने वाले ओवरलोड डंपरों का सिलसिला लगातार जारी है,प्रदेश की योगी सरकार ने ओवरलोड मालवाहक वाहनों पर सख्त कार्रवाई करने के आदेश दिए है मगर आगरा से टूंडला सुभाष चौराहा से होकर एटा के लिए जाने वाले गिट्टी बालू के दर्जनों ओवरलोड डंपर लगातार बेखौफ धड़ल्ले से गुजर रहे है। इन ओवरलोड डंपरों में बॉडी लेवल से 1 से 2 फुट ऊपर गिट्टी बालू भरकर ले जाया जा रहा है। इन ओवरलोड डंपरों से आए दिन सड़क हादसे भी होते रहते है मगर फिर भी इस पर परिवहन विभाग कोई ध्यान नहीं दे रहा है। विभाग कानों में रुई डाले चौन की नींद सो रहा है। लगता है कि परिवहन विभाग किसी बड़ी अनहोनी घटना के इंतजार में हैं। वहीं सुभाष चौराहा एटा रोड पर इन डंपरो की वजह से जाम लग जाता है, इन डंपरों में कानफोड़ू प्रेसर हॉर्न लगे हैं जो लोगों के कान फोड़ राहगीरों को विचलित कर रहे हैं जिस कारण कई बार छोटे वाहन चालकों का ध्यान भटक जाता हैं और वे सड़क हादसे का शिकार हो जाते हैं।

# अनुभावात्मक अधिगम कार्यक्रम के द्वितीय चरण में सीखें पुलिस विभाग की कार्यशैली

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के राष्ट्रीय सेवा योजना निदेशालय लखनऊ एवं उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग के संयुक्त प्रयास से एनएसएस के स्वयंसेवक छात्र पुलिस अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम ;चम्स्द्ध द्वितिय चरण के अंतर्गत पुलिस विभाग की कार्यशैली सीखेंगे। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के राष्ट्रीय सेवा योजना निदेशालय लखनऊ एवं उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग के संयुक्त प्रयास से ैचम्स् के द्वितीय चरण का फिरोजाबाद स्थित थाना उत्तर में 20 जनवरी को शुभारंभ हुआ। यह कार्यक्रम फिरोजाबाद जनपद में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन में पुलिस नोडल अधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है। कुल 40 स्वयंसेवकों को पुलिस विभाग में 120 घंटे का प्रशिक्षण दिया जाएगा जिसमें 19 स्वयंसेवक थाना उत्तर में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। क्षेत्राधिकार नगर द्वारा बताया गया कि इसका उद्देश्य युवाओं में पुलिस विभाग के कर्तव्य और संरचना की जानकारी देने के साथ-साथ संज्ञानात्मक और लोक कौशल को विकसित करना भी है। प्रभारी निरीक्षक थाना उत्तर द्वारा इस 30 दिवस के कार्यक्रम की रूपरेखा की विस्तृत जानकारी दी। यह प्रशिक्षण डॉ भीमराव अंबेडकर यूनिवर्सिटी आगरा से संबद्ध महात्मा गांधी बालिका विद्यालय पीजी महाविद्यालय, दाऊ दयाल महिला महाविद्यालय एवं सी एल जैन महाविद्यालय के स्नातक के विद्यार्थियों को दिया जा रहा है। एनएसएस नोडल अधिकारी डॉ शुभी पटेल ने बताया कि यह छात्रों को पुलिस विभाग की समाज में सुरक्षा बनाए रखने की भूमिका की जानकारी देने के साथ-साथ उनके सर्वांगीण विकास में भी मदद करेगा। निरीक्षक अपराध थाना उत्तर द्वारा आपातकालीन सेवाओं जैसे 112, 1090, 1930 की जानकारी दी और वरिष्ठ उप निरीक्षक थाना उत्तर द्वारा बताया कि यह प्रशिक्षण युवाओं को समाज में एक जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करेगा। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले स्वयंसेवकों ने कहा कि यह प्रशिक्षण उनके लिए पुलिस विभाग की कार्यशैली को सीखने का और इस दिशा में अपने करियर को आगे बढ़ने का एक सुनहरा अवसर है साथ ही सभी छात्रों को माय भारत पोर्टल पर कम्प्यूटर ऑपरेटर विवेक द्वारा ऑनबोर्ड करवाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालयों की एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ पूजा, डॉ शालिनी, डॉ निशा और डॉ प्रिया उपस्थिति रहीं।

### 3 भैंसचोर पुलिस ने दबोचे


**फिरोजाबाद।** थाना मटसैना पुलिस टीम द्वारा भैंस चोरी 03 अभियुक्तगणों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से चोरी की गई भैंस व लोडर वाहन बरामद हुआ है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में थाना मटसैना पुलिस टीम द्वारा 20.01.25 को चोरों द्वारा वादी की भैंस को रात्रि में चोरी कर लेने के सम्बन्ध में थाना मटसैना पर मु0अ0सं0 13/25 धारा 305 बीएनएस पंजीकृत किया गया। भैंस बरामदगी हेतु अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु गठित टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्तगण यासीर पुत्र औसाफ अदनान उर्फ अन्ना पुत्र मोहम्मद मुजाहिद, विपिन कुमार पुत्र राजवीर सिंह निवासीगण नगला मुल्ला थाना मटसेना को पशु घाट सिरसागंज से चोरी की गयी भैंस सहित मय लोडर वाहन रजिस्ट्रेशन न0 न्च् 83 क्ज् 5855 सहित गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तगण के विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 बृजेन्द्र सिंह, उ0नि0प्रशिक्षु अभय सिंह, है0का0 123 जितेन्द्र सिंह, आरक्षी 747 अक्षय त्यागी थाना मटसैना जनपद फिरोजाबाद सम्मिलित रहे।

### राणा प्रताप डिग्री कालेज की मासिक ई पत्रिका लोकार्पित




**सुलतानपुर।** राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय की मासिक ई पत्रिका प्रतिबिम्ब के दूसरे वर्ष के दूसरे अंक का मंगलवार को आनलाइन लोकार्पण हुआ। यह जानकारी देते हुए पत्रिका के प्रधान सम्पादक असिस्टेंट प्रोफेसर ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि ने बताया कि प्राचार्य प्रोफेसर दिनेश कुमार त्रिपाठी ने पत्रिका की पीडीएफ फाइल को महाविद्यालय के विद्यार्थियों शिक्षकों , कर्मचारियों व अभिभावकों के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर जारी कर दिया है। यह अंक महाकुंभ विशेषांक है इसमें कुंभ पर विशेष सम्पादकीय भी है। पत्रिका विद्यार्थियों के साथ ही अन्य लोगों के बीच भी तेजी से शेयर की जा रही है। उल्लेखनीय है कि राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय क्षेत्र का इकलौता महाविद्यालय है जहां से हर महीने ई पत्रिका का प्रकाशन होता है। जिसकी शुरुआत और संचालन का पूरा श्रेय पत्रिका के प्रधान संपादक असिस्टेंट प्रोफेसर ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि को है ।

### नवागत जिलाधिकारी से मिले किसानों के प्रतिनिधि



**सुल्तानपुर।** जिला अधिकारी महोदय सुल्तानपुर कुमार हर्ष से किसान नेताओं द्वारा शिष्टाचार भेंट किया गया।उक्त मौके पर प्रदेश महासचिव रामकृपाल सिंह द्य,प्रदेश सचिव उमेश चंद्र मिश्रा, जिला अध्यक्ष रमाशंकर चौधरी, जिला महासचिव गौरी शंकर पांडे, ब्लॉक अध्यक्ष पी कमायचा रमेश दुबे,विशाल धुरिया आदि उपस्थित रहे।

### अनुयायियों के सामने पंचतत्व मे विलीन हुए चौरासी बाबा



**मोतिगरपुर,सुल्तानपुर।** क्षेत्र के विख्यात संत दत्तात्रेय सदानंद चौरासी महाराज को दोपहर 1:40 बजकर मुखाग्नि दी गई।उक्त मौके पर चौरासी बाबा के हजारों अनुयाई मौजूद रहे।उन्होंने नाम आंखों से उन्हें श्रद्धांजलि दी।उक्त मौके पर सेवादार और भक्तगण सतनाम का पाठ कर रहे थे। चौरासी महाराज के प्रति श्रद्धा रखने वाले भक्तों का सुबह से ताता लगा रहा।

### 31 जनवरी के सायं 05 बजे तक ऑफलाइन आवेदन पत्र जमा करें

**मैनपुरी।** मुख्य विकास अधिकारी नेहा बंधु ने बताया कि उ.प्र. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित अटल आवासीय विद्यालय ग्राम कोरई तहसील किरावली जनपद आगरा में जनपद मैनपुरी के उ.प्र. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अन्तर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों तथा कोविड-19 की महामारी के दौरान कोरोना से निराश्रित हुये बच्चों एवं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के अन्तर्गत पात्र बच्चों हेतु शैक्षिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षा-06 में उपलब्ध कुल 140 सीट (70 बालक एवं 70 बालिकाएं) व कक्षा-09 में उपलब्ध कुल 140 सीट (70 बालक एवं 70 बालिकाएं) पर अटल आवासीय विद्यालय कोरई, किरावली, आगरा में प्रवेश हेतु ऑफलाइन आवेदन पत्र 18 जनवरी तक आमंत्रित किये गये थे, उक्त तिथि को अपर आयुक्त न्यायिक आगरा मंडल आगरा द्वारा 31 जनवरी की सायं 05 बजे तक विस्तारित किया गया है, अब अटल आवासीय विद्यालय आगरा में 31 जनवरी के सायं 05 बजे तक ऑफलाइन आवेदन पत्र जमा किये जा सकते हैं, उक्त समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

# विभिन्न थानों में 36 ग्राम प्रहरी की तैनाती की स्वीकृति

**मैनपुरी।** अपर जिलाधिकारी राम जी मिश्र ने बताया कि पुलिस अधीक्षक की प्राप्त आख्यायों के आधार पर जिला मजिस्ट्रेट अंजनी कुमार सिंह की स्वीकृति के उपरांत जनपद के विभिन्न थानों में 36 ग्राम प्रहरी की तैनाती की स्वीकृति प्रदान की गई है, स्वीकृति के उपरांत थाना औंछा के ग्राम दोली खरिया ईसई मांझपाटी, अचलपुर, चीतई, थाना कुरावली के ग्राम रजापुर, कौआटोला, नगला ऊसर, थाना बेवर के ग्राम रामपुर, सराय भद्दू, नगला नैनी, ग्राम नसीरपुर, सराय चक, लक्ष्मणपुर, चिरावर, थाना भोगांव के ग्राम आलीपुर पट्टी, सुरजनपुर, थाना किशनी के ग्राम चतुरीपुर, समान, ढढौंस, गुरैया, जटपुरा, थाना कुर्रा के ग्राम टिकरई, टीकराहार, थाना करहल के ग्राम चंद्रपुरा, हाजीपुर सेमरी, थाना एलाऊ के ग्राम बघिरूआ, हुसैनपुर, गदाईपुर, थाना कोतवाली के ग्राम इटौरा, इटौरा अजीतगंज, थाना घिरोर के ग्राम कारूखेड़ा, थाना बरनाहल के ग्राम इकहरा, बहसी ढालूपुर तथा थाना विछ्वां के ग्राम नगला भगत, ग्राम बिछ्वां में ग्राम प्रहरियों की तैनाती की गयी है। उन्होने कहा कि चौकीदारों को शासन के निर्देशानुसार दी गयी व्यवस्था के आधार पर नियमानुसार कार्यभार ग्रहण कराने की कार्यवाही सुनिश्चित करें।


## उत्तर रेलवे
### ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ0रे0–मण्डल–वाणिज्य/उ0रे0 |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-InExt-155465-1-24-1 (Advertising Train Interior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 06.01.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 22.01.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 22.01.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-InExt-121998-1-24-2 (Advertising Train Interior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 06.01.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 22.01.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 22.01.2025 समय 10:40 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-InExt-250808-1-24-2 (Advertising Train Interior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 06.01.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 22.01.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 22.01.2025 समय 10:50 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-InExt-127175-1-24-2 (Advertising Train Interior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 06.01.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 22.01.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 22.01.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-InExt-132756-1-24-1 (Advertising Train Interior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 06.01.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 22.01.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 22.01.2025 समय 11:10 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-InExt-131082-1-24-3 (Advertising Train Interior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 06.01.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 22.01.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 22.01.2025 समय 11:20 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-InExt-108892-1-24-2 (Advertising Train Interior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 06.01.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 22.01.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 22.01.2025 समय 11:30 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

220/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## कार्यालय नगर पंचायत गोशाईगंज, जनपद- अयोध्या।

पत्रांक- 502/न0पं0गो0/ई-निविदा/2024-25
दिनांक- 21.01.2025

### अल्पकालिक निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत गोशाईगंज में राज्य वित्त आयोग एवं स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले कार्यो के लिए समस्त पंजीकृत ठेकेदारो/अधिकृत आपूर्तिकर्ताओं/फर्मो से निविदा/कोटेशन दिनांक - 25.01.2025 अपराहन 01.00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत गोशाईगंज में रखे निविदा बाक्स में आमन्त्रित किया जाता है। समस्त डाली गयी निविदा उक्त तिथि को ही अपराह्न 03.00 बजे ठिकेदार/फर्मो या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष अधोहस्ताक्षरी द्वारा खोला जायेगा। निविदा प्रपत्र के साथ पंजीयन प्रमाण-पत्र की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक होगा। निविदा प्रपत्र के साथ जमानत धनराशि नगद/एन0एस0सी0/के0वी0पी0/एफ0डी0आर0 जमा रसीद द्वारा जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत गोशाईगंज के पक्ष में बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य होगा। निविदा फार्म नगद मूल्य पर नगर पंचायत गोशाईगंज के कार्यालय लिपिक से दिनांक - 24.01.2025 को कार्यालय समय में प्राप्त किया जा सकता है। किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। कराये जाने वाले कार्यो का विवरण निम्नवत् है-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | जमानत धनराशि 2% | निविदा प्रपत्र शुल्क + GST | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| | (राज्य वित्त आयोग) | | | | |
| 1 | नगर पंचायत गोशाईगंज में संचालित अस्थाई गौशाला ग्रामसभा धारूपुर में चारा स्थल का घेरावन्दी का कार्य। | 242623.00 | 4852.00 | 250.00+45.00 =295.00 | 3 माह |
| | (स्वच्छ भारत मिशन नगरीय) | | | | |
| 2 | वार्ड नं0 07 में 5 सीटर सार्वजनिक शौचालय एवं 1 सीटर युरिनल का निर्माण कार्य। | 472819.00 | 9456.00 | 500.00+90.00 =590.00 | 3 माह |
| 3 | वार्ड नं0 05 में 5 सीटर सामुदायिक शौचालय एवं 1 सीटर युरिनल का निर्माण कार्य। | 374131.00 | 7483.00 | 400.00+72.00 =472.00 | 3 माह |

**नियम एवं शर्ते :-**

1. स्वीकृत निविदादाता को अनुबन्ध कराते समय 8% जमानत धनराशि अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत गोशाईगंज, अयोध्या के नाम पर बन्धक कराना अनिवार्य होगा।
2. निविदादाता के न्युनतम दरो की स्थिति में भी उसकी निविदा निरस्त की जा सकती है।
3. कार्य संतोषजनक पाये जाने की स्थिति में जमानत धनराशि वापस की जाएगी।
4. दी गयी समयावधि के अनुसार ठिकेदार यदि कार्य पूर्ण नही करता है तो उनके विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।
5. निविदा प्रपत्र पर ओवर राईटिंग मान्य नहीं होगा।
6. शासन/ प्रशासन/निकाय द्वारा जारी आदेशो का पालन करना होगा।
7. सशर्त निविदा मान्य नही होगा।
8. कार्यादेश के तुरन्त बाद नियमानुसार अपने स्वयं के व्यय से देय स्टाम्प पेपर पर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
9. निविदा के साथ जिलाधिकारी द्वारा निर्गत हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण-पत्र एवं श्रम विभाग पंजीयन का समायावधि के अन्दर स्वप्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
10. आयकर विभाग द्वारा 3 वर्ष का आई0टी0आर0 संलग्न करना अनिवार्य होगा।
11. कार्य समाप्ति के पश्चात ठेकेदार/फर्म की जमानत धनराशि निदेशालय के शासनादेश दिनांक- 06/01/2021 पत्र सं.- TC/314/2020-21 के अनुरूप वापसी व मैनडेटरी टेस्ट में सही पाये जाने के उपरान्त ही अवमुक्त की जायेगी।
12. फर्म द्वारा किसी भी प्रकार का तथ्य छुपाने की स्थिति में उनकी जमानत धनराशि जब्त कर ली जायेगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत गोशाईगंज**
**अयोध्या**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत गोशाईगंज**
**अयोध्या**

# गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** आगामी गणतंत्र दिवस / 26 जनवरी की तैयारियों /कार्यक्रमों के निर्धारण के संबंध में एक आवश्यक बैठक जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता मे कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में आगामी गणतंत्र दिवस के अंतर्गत आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रम शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों के तहत गत वर्ष की भांति परंपरागत तरीके से भव्यता के साथ मनाया जाए। जनपद में गणतंत्र दिवस का राष्ट्रीय पर्व प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। सभी सरकारी कार्यालयों, भवनों में निर्धारित समय में ध्वजारोहण किया जाएगा, समस्त विद्यालयों में भी राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। गणतंत्र दिवस से पूर्व नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायतों में साफ-सफाई व कचरा निस्तारण के संबंध में विशेष अभियान चलाया जाएगा। गणतंत्र दिवस के मौके पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों / उनके आश्रितों का सम्मान तथा अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक वर्ष की भांति सभी सरकारी भवनों/ कार्यालयों /सार्वजनिक स्थलों पर प्रकाश की समुचित व्यवस्था की जाएगी। वृक्षारोपण , नवजात बच्चियों एवं उनकी माताओ को फल, मिष्टान्न, बेबी किट का वितरण सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के विभिन्न स्थलों पर महापुरुषों ,स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की स्थापित मूर्तियों से अतिक्रमण हटाकर उसका अच्छे ढंग से रंगाई पुताई साज-सज्जा आदि कर लिया जाए तथा गणतंत्र दिवस में महापुरुषों / स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की मूर्तियों पर माल्यार्पण करें। इस मौके पर सीडीओ चंद्रशेखर शुक्ला ,एडीएम न्यायिक डॉ नागेंद्र नाथ यादव ,एडीएम वित्त एवं राजस्व विजय शंकर, एडीएम नमामि गंगे सुरेश कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक, प्रभागीय वनाधिकारी, समस्त एसडीएम, उपनिदेशक कृषि सहित अन्य विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, जनपद के प्रबुद्ध व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## जंगली गायों ने फसल की चौपट

**सुमेरपुर हमीरपुर।** ग्राम पंचायत पत्यौरा डांडा में दो दिन के अंदर वन गायों के साथ अन्ना घूम रहे सांडों ने किसानों की छह बीघा से अधिक लहलहाती फसल नष्ट कर डाली है। वन गायों के आतंक से किसान परेशान है। पत्योरा डांडा के किसान विनय द्विवेदी, रवि सिंह, देशराज निषाद, बबली प्रजापति, देशराज सिंह आदि ने बताया कि पंचायत में वन गायों का जबरदस्त आतंक है। वन गायों ने विनय द्विवेदी की तीन बीघा गेहूं, रवि सिंह का दो बीघा गेहूं, देशराज निषाद, बबली प्रजापति, देशराज सिंह आदि किसानों की करीब एक बीघा गेहूं, सरसों की फसले नष्ट कर डाली है। वन गायों के आतंक से किसान परेशान है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अरविंद निषाद ने बताया कि आसपास के गांव में तमाम अन्ना गोवंश पंचायत की सीमा पर आकर नुकसान पहुंचा जाते हैं। पंचायत मे अन्ना गोवंश पूरी तरह से सुरक्षित है उन्होंने बताया कि नुकसान पहुंचाने वाले गोवंश वन गायें भी हो सकती हैं क्योंकि पंचायत की सीमा में लगे टेढ़ा, देवगांव, गहतौली, जलाला, भमौरा के मध्य काफी संख्या में वन गायें हैं। इनको पकड़कर बंद करना नामुमकिन है। उन्होंने बताया कि किसानों ने अभी तक उन्हें नुकसान की जानकारी नहीं दी है।

# अर्जुन सहायक नहर से गांव बैजेमऊ में फसलें जलमग्न

अवधनामा संवाददाता



**मौदहा। हमीरपुर।** 21 जनवरी मौदहा विकास खण्ड के गांव बैजेमऊ और भुलसी में अर्जुन सहायक नहर का पानी खेतों में भरने से दर्जनों किसानों की सैकड़ों बीघा में खड़ी फसल जलमग्न हो गयी है। जिससे कि किसानों में हाहाकार मचा है।

पीड़ित किसानों ने बताया है कि बिना किसी पूर्व सूचना के अचानक नहर में पानी छोड़ने से उनके ऊपर आफत बरस पड़ी है और खेत तालाब बने गये हैं। फसलें जलमग्न हो गयी हैं। चारों ओर हाहाकार मचा है लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। बताया कि बिना किसी तैयारी के नहर में पानी छोड़ने से उनकी सैकड़ों बीघा फसलें बर्बाद हो गई हैं। गांव के प्रदीप सिंह की 7 बीघा में कोई गई मसूर, दीनदयाल सिंह की 4 बीघा सरसों, शिवकुमार सिंह की 25 बीघा मसूर, पुष्पराज सिंह का 12 बीघा चना, गेहूं,मसूर, रोशन सिंह का 7 बीघा चना, ब्रह्मप्रसाद बुढ़ई का 2 बीघा मसूर,बैरागी साहू का 3 बीघा चना, अवधेश सिंह का 5 बीघा गेहूं, शिवमंगल सिंह का 10 बीघा मसूर, राजेश सिंह का 10 बीघा मसूर गेहूं, बृजेंद्र सिंह का 10 बीघा मसूर,गेहूं, बड़कू सिंह का 5 बीघा मसूर, सरसों, छुटकू सिंह का 5 बीघा मसूर,सरसो, राकेश सिंह का 6 बीघा गेहूं,मसूर, जितेंद्र सिंह का 6 बीघा गेहूं,मसूर, इंद्रजीत सिंह का 6 बीघा गेहूं, मसूर,चना,बारे लाल निवासी बुढ़ई का बीघा 10 गेहूं, मसूर सहित आधा सैकड़ा से अधिक किसानों के सैकड़ों बीघा खेत जलमग्न हैं। जिनमें उनकी सालभर की कमाई और मेहनत पर सिंचाई विभाग की मनमानी और बड़ी लापरवाही से तबाही मच गई है। वहीं जब इस संबंध में इन पीड़ित किसानों ने जब विभागीय जेई से बात की उसका कहना था कि किसान स्वयं अपने खेतों से पानी निकालने की व्यवस्था करें। इसी प्रकार भुलसी के दर्जनों किसानों ने भी जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

## अली असग़र और जनाबे सकीना की पैदाइश पर हुई महफ़िल

**इटावा।** शहीदाने कर्बला इमाम हुसैन के मासूम बेटे अली असग़र और बेटी सकीना की पैदाइश की खुशी में अब्बास हैदर राजा के संयोजन में दरगाह मौला अब्बास महेरे पर महफ़िल का आयोजन किया गया,महफ़िल की अध्यक्षता मौलाना अनवारुल हसन ज़ैदी इमामे जुमा ने की। महफ़िल में शायर वक़ार सुल्तानपुरी ने कलाम पेश करते हुए कहा जो अपने सीने में इश्के अली नही रखते, वो जिंदा होते हुए जिंदगी नहीं रखते,जो एक खर्च करोगे हजार पाओगे,हुसैन कर्ज़ किसी का कभी नहीं रखते। शायर मीसम अब्बास काज़मी ने कलाम पेश करते हुए कहा कर्बला के हसीं शहजादे तुझको देखा नहीं हमने लेकिन,दिल के कागज पे तस्वीर तेरी जिंदगी भर बनाते रहेंगे। शायर नज़्म लखनवी ने कलाम पेश करते हुए कहा तीरों की जद पे आकर बेख़ौफ़ मुस्कुराकर,ये कौन हुरमुला की नींदें उड़ा रहा है। शायर तसलीम रज़ा ऊधम ने कहा अली के दिलरुबा और फ़ातिमा ज़हरा के दिलवर हैं,सकीना और अली असग़र सुकूने कल्बे सरवर हैं।

## एनसीएल की अमलोरी परियोजना ने सीएसआर के तहत ज़रूरतमंदों को वितरित किए कंबल



**सोनभद्र/सिंगरौली।** भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की अमलोरी परियोजना ने निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत ग्राम धरी में जरूरतमंदों को निः शुल्क कंबल वितरण किया। एनसीएल अमलोरी द्वारा यह कार्य प्रदेश में बढ़ती ठंड के प्रकोप को ध्यान में रखते हुए राहत प्रदान करने हेतु किया गया। इस अवसर पर 150 ज़रूरतमन्द लोग लाभान्वित हुए। गौरतलब है कि एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों द्वारा स्थानीय परिक्षेत्र में लगातार बढ़ रही ठंड को देखते हुए सर्दी के प्रकोप से बचाने हेतु विभिन्न स्थानों पर कंबल बांटे जा रहे हैं। हाल ही में एनसीएल की अमलोरी परियोजना ने सीएसआर के तहत ग्राम धतूरा में ज़रूरतमन्द लोगों को निः शुल्क कंबल वितरण किया है।

## एनसीएल खड़िया परियोजना ने सीएसआर के तहत डीएवी विद्यालय को सौंपे वर्चुअल रियल्टी डिवाइस



**सोनभद्र/सिंगरौली।** एनसीएल की खड़िया परियोजना ने सीएसआर के तहत छात्रों को इंटरैक्टिव लर्निंग अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से डीएवी विद्यालय, खड़िया को 2 वर्चुअल रियल्टी डिवाइस प्रदान किए। इस दौरान क्षेत्रीय महाप्रबंधक (खड़िया) मनोज कुमार अग्रवाल ने कहा कि वर्चुअल रियल्टी डिवाइस के प्रयोग से छात्रों की ध्यान अवधि और विषय ज्ञान में सुधार होगा। इसके अतिरिक्त उन्होने भविष्य में भी ऐसे ही सकारात्मक प्रयास निरंतर करते रहने का आश्वशन दिया। एनसीएल खड़िया द्वारा वितरित इस नवाचारी सुविधा का लाभ डीएवी खड़िया के विद्यार्थियों सहित क्षेत्र के अन्य विद्यार्थी ले पाएंगे। इस यंत्र के माध्यम से कक्षा नौवीं तथा दसवीं के छात्र विज्ञान तथा गणित के प्रयोगों का वास्तविक अनुभव ले कर सरलता से समझ सकेंगे। इसके अतिरिक्त आभासी वास्तविकता के माध्यम से छात्र किसी भी चीज़ का व्यावहारिक अनुभव लेने में सक्षम होंगे जिस से उन्हें जटिल विषयों को समझने में आसानी होगी। इस अवसर पर परियोजना के वरिष्ठ अधिकारीगण , स्टाफ अधिकारी और नोडल अधिकारी (सीएसआर) एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## डीएम ने सोन प्रेरणा कैन्टीन व पम्प हाउस का किया निरीक्षण



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने आज मेन रोड कलेक्ट्रेट गेट का परियोजना निदेशक डूडा द्वारा कराये जा रहे मरम्मत कार्य का औचक निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिये। उन्होंने कहा कि मरम्मत कार्य में तेजी लाया जाये, मरम्मत कार्य में उपयोग की जा रही सामग्री बेहतर गुणवत्तायुक्त हो, जिससे इसकी मजबूती भविष्य में भी बनी रहें तथा बार-बार-खराब होने जैसी समस्या उत्पन्न न होने पायें, इसका विशेष ध्यान रखा जायें। जिलाधिकारी ने परियोजना निदेशक डूडा को निर्देशित करते हुए कहा कि गेट के आगे बनी दिवाल पर बेहतर तरीके से टाईल्स लगाया जाये, जिससे इसकी सुन्दर भी बनी रहें। इस दौरान जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट व आवासीय परिसर में जलापूर्ति हेतु स्थापित पम्प हाउस का का आकस्मिक निरीक्षण, कर स्थिति का जायजा लिये। पम्प हाउस तथा पानी सप्लाई के बारे में उपस्थित कार्मिकों से जानकारी प्राप्त किये और जिम्मेदारी अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि पम्प हाउस में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाये, सप्लाई होने वाले जलापूर्ति के पम्प हाउस व टैंकों की सफाई का कार्य समय से किया जाये, इस कार्य में लापरवाही न बरती जायें।

## दूसरे राज्यों में मांग कम होने के कारण गिरे ज्वार के दाम

**सुमेरपुर हमीरपुर।** बुंदेलखंड की मशहूर सफेदा ज्वार की मांग इस वर्ष अभी तक गुजरात महाराष्ट्र में नहीं हो रही है। अभी तक पश्चिमी यूपी के साथ पंजाब हरियाणा से ही डिमांड लग रही है। प्रतिदिन औसतन आधा दर्जन ट्रक ज्वार बाहर जा रही है । जबकि मंडी में आवक प्रतिदिन 1500 से 2000 क्विंटल है। अन्य वर्षो की तुलना में इस वर्ष दर भी कम है। इस वर्ष सफेद ज्वार 2000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल बिक रही है। जबकि अन्य वर्षो में यह 3000 से 7000 रुपए प्रति क्विंटल पहुंच जाती थी। कस्बे की गल्ला मंडी ज्वार के थोक खरीद फरोख्त के लिए ब्रिटिश शासन काल से लेकर एशिया में मशहूर है। यह भारत के अलावा कई देशों में जाती है। विदेश भेजने का कारोबार गुजरात महाराष्ट्र के व्यापारी करते हैं। इस वर्ष अभी तक गुजरात महाराष्ट्र से किसी तरह की डिमांड नहीं हुई है। इस वजह से सफेदा ज्वार के भाव में तेजी नहीं आ रही है। नवीन गल्ला मंडी के आढ़ती कुंजबिहारी पांडे,रामरूप शिवहरे,राघवेंद्र पांडे,रमाकांत गुप्ता, श्यामबिहारी पांडे, उदित नारायण तिवारी, विजय शिवहरे, सुनीत गुप्ता, कामता प्रसाद गुप्ता आदि ने बताया कि अभी ज्वार पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मेरठ,हापुड़, शामली, अलीगढ़, मुजफ्फरनगर के अलावा पंजाब हरियाणा जा रही है। अन्य जगहों की डिमांड शून्य है। इससे इस वर्ष बाजार भाव नहीं उठ पा रहा है। मंगलवार को 2000 से 4500 रुपए की दर से ज्वार खरीदी जा रही है। आढ़तियों ने बताया कि पिछले वर्षो की तुलना में इस वर्ष बाजार भाव कम है। अन्य वर्षो में बाजार भाव 3000 से 7000 रुपए क्विंटल तक पहुंच जाता था।

## एनटीपीसी लिमिटेड ने 350 बिलियन यूनिट्स पावर उत्पादन का ऐतिहासिक मील का पत्थर हासिल किया

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी लिमिटेड ने 20 जनवरी 2025 को वित्तीय वर्ष 2024-25 में 350 बिलियन यूनिट्स (BU) पावर उत्पादन का सबसे तेज़ रिकॉर्ड तोड़ा। यह उपलब्धि केवल 295 दिनों में हासिल की गई, जो पिछले साल के मुकाबले 11 दिन पहले है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में एनटीपीसीने यह मील का पत्थर 31 जनवरी को पार किया था। यह सफलता एनटीपीसी के देश को विश्वसनीय और सस्ती बिजली आपूर्ति करने की प्रतिबद्धता को और मजबूत करती है। एनटीपीसी लिमिटेड की कुल स्थापित क्षमता 76.5 GW है, जबकि कंपनी 29.5 GWक्षमता (जिसमें 9.6 GW नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता शामिल है) का निर्माण कर रही है। एनटीपीसी 2032 तक 60 GW नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता हासिल करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। बिजली उत्पादन के अलावा, एनटीपीसी ने कई नए क्षेत्रों में कदम रखा है जैसे ई-मोबिलिटी, बैटरी स्टोरेज, पंपड हाइड्रो स्टोरेज, वेस्ट टु एनर्जी, ग्रीन हाइड्रोजन समाधान और संघ राज्य क्षेत्रों के पावर वितरण में भागीदारी। एनटीपीसी लिमिटेड भारत की सबसे बड़ी एकीकृत पावर कंपनी है, जो देश की कुल बिजली की आवश्यकता का लगभग चौथाई हिस्सा पूरा करती है।

# नारायन कालेज में ब्लाक स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** नारायन कालेज ऑफ साइंस एण्ड आर्ट्स के विशाल सभागार में जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद द्वारा ब्लाक स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ जिसमें ब्लाक स्तरीय विभिन्न विद्यालयों के छात्र/छात्राओं ने एकल नृत्य, समूह नृत्य, एकल गायन एवं समूह गायन प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डॉ0श्रेता तिवारी निदेशिका नारायन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स, सम्मानित अतिथि श्रीमती पूनम शर्मा, डॉ0धर्मेन्द्र शर्मा प्रधानाचार्य नारायन कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड आर्ट्स, आयोजनकर्ता मोहित सिंह(पर्यटन अधिकारी, जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद), मनोज (गायक) एवं राजीव कुमार(सांस्कृतिक कार्यक्रम विशलेषक) के द्वारा विद्या की देवी माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। तत्पश्चात एकल नृत्य प्रतिभागियों ने मंच पर विभिन्न मुद्राओं को नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया जिसमें नारायन कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड आर्ट्स की छात्रा नैना शुक्ला कक्षा-5 ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। समूह नृत्य प्रतियोगिता के प्रतिभागियों ने अपने संयोजन एवं नृत्य कुशलता से दर्शकों के मन को मोह लिया। समूह नृत्य प्रतियोगिता में नारायन कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड आर्ट्स की छात्राओं ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वादन प्रतियोगिता में नारायन कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड आर्ट्स के छात्र तेजस का बांसुरी वादन में द्वितीय स्थान रहा तथा गायन प्रतियोगिता में नारायन कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड आर्ट्स के समूह गान के प्रतिभागियों ने प्रथम स्थान अपने नाम किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डा0धर्मेन्द्र शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि सांस्कृतिक ज्ञान छात्र-छात्राओं को अपनी धरोहर से जोड़े रखने का अच्छा माध्यम होता है। भारत एक ऐसा देश है जहां विभिन्न संस्कृतियों की अतुल्य धरोहर को नृत्य एवं गायन के द्वारा प्रदर्शित किया जा सकता है। जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद का आभार व्यक्त करते हुये डॉ0धर्मेन्द्र शर्मा ने सभी प्रतिभागियों एवं उनके प्रशिक्षकों को शुभकामनायें दीं। नारायन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन की निदेशिका डॉ0श्रेता तिवारी ने कहा कि नृत्य कला कौशल का एक बहुत ही पवित्र हिस्सा है। नृत्य के द्वारा बिना बोले ही किसी कहानी या अपनी बात को प्रदर्शित किया जा सकता है। आज के तकनीकी युग में नृत्य कला के नये आयामों और पद्धतियों का विकास हुआ है। आज युवाओं में नृत्य कला से संबंधित रोजगार के अनेकोनेक अवसर उपलब्ध है। विजेता प्रतिभागियों का चयन मण्डल स्तीय प्रतियोगिता के लिये हुआ जिसका आयोजन कानपुर में होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में संदीप यादव, नृत्य प्रशिक्षक, कृष्णकान्त संगीत प्रशिक्षक, श्रीमती रिंकी शुक्ला निर्णायक समिति की सदस्या, निशा पाण्डेय एवं श्रीमती नेहा चौहान का विशेष योगदान रहा।

# गणतंत्र दिवस परेड में होगा संत विवेकानंद के छात्र शौर्य का सम्मान

वहाज अली निहाल



**इटावा।** संत विवेकानंद पब्लिक स्कूल इटावा के कक्षा तीन के छात्र शौर्य पाठक ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का परिचय देते हुए वीरगाथा 4.0 प्रतियोगिता में अपने आयु वर्ग में राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होकर अपनी संस्था एवं जिले का मान सम्मान बढ़ाया है जो कि विद्यालय एवं इटावा जिले के लिए गर्व का विषय है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देश भर के छात्रों ने भाग लिया जिसमें से उत्तर प्रदेश के सात छात्रों को राष्ट्रीय स्तर पर टॉप 100 में चयनित किया गया।

26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शिक्षा मंत्रालय एवं रक्षा मंत्रालय भारत सरकार की ओर से शौर्य पाठक सहित प्रदेश के सभी सात चयनित छात्रों को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा! यह सफलता शौर्य पाठक की मेहनत लगन और विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार अत्यंत गौरवान्वित महसूस कर रहा है। शौर्य की इस उपलब्धि ने विद्यालय की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है! इस मौके पर एसएमजीआई के चेयरमैन डॉक्टर विवेक यादव तथा संत विवेकानंद पब्लिक स्कूल के निदेशक प्रधानाचार्य एवं सीबीएसई सिटी कोऑर्डिनेटर डॉ. आनंद ने शौर्य पाठक को मिठाई खिलाकर सफलता के लिए हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। वही इस मौके पर सीबीएसई के रीजनल ऑफिसर ललित कपिल, महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा, एवं जिला विद्यालय निरीक्षा इटावा बेसिक शिक्षा अधिकारी ने छात्रा को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी है।

छात्र शौर्य पाठक की उपलब्धि पर उनकी माता शिक्षिका श्रीमती भावना भारद्वाज एवं पिता श्री अमित कुमार पाठक के साथ ही अन्य परिजनों में खुशी का माहौल है। वर्ष 2021 से वीरता पुरस्कार विजेताओं की बहादुरी के कार्यो और इन बहादुर दिलों की जीवन गाथा का विवरण छात्रों के बीच प्रसारित करने के उद्देश्य से परियोजना वीर गाथा की स्थापना की गई थी ताकि देश भक्ति की भावना को बढ़ाया जा सके और उनमें नागरिक चेतना के मूल्यों का संचार किया जा सके।

## गलत तथ्य प्रसारित करने पर दो के खिलाफ मुकदमा

**प्रयागराज।** बीती 16 जनवरी को एक छोटी बच्ची द्वारा अपने घर से बिना परिजनों को जानकारी दिए कुम्भ मेला देखने प्रयागराज मेला क्षेत्र में आ गई थी। मेला क्षेत्र में छोटी बच्ची की मुलाकात एक साधु से हुई। इसी बीच बातचीत के दौरान मीडिया के कुछ व्यक्तियों द्वारा फोटो खींचकर व वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक तथ्य को दर्शाते हुए, महाकुम्भ व सनातन धर्म एवं छोटी बच्ची के मान सम्मान को नीचा दिखाने के लिए झूठी व भ्रामक सूचना को पोस्ट किया गया। यह पोस्ट सोशल मीडिया के एक्स प्लेट फार्म पर एडीवी नजनीन अख्तर के नाम से आईडी @Nazneen akhtarwx एवं इंजी सूरज यश कुमार के नाम से आईडी @àßrsurajskumar के द्वारा प्रसारित की गई 7 एडवोकेट नजरीन अख्तर पता अज्ञात व इंजीनियर सूरज एस कुमार पता अज्ञात, उपरोक्त दोनों के खिलाफ प्रभारी निरीक्षक अखाड़ा महाकुम्भ के द्वारा 20 जनवरी को मु.अ.सं. 29/25 एवं धारा 298 बीएनएस, धारा 67 सूचना प्रौद्योगिकी संशोधन अधिनियम 2008 के तहत कोतवाली महाकुम्भ में मुकदमा लिखवाया गया।

# एनटीपीसी विंध्य चिकित्सालय को मिला बेस्ट हैल्थ सर्विस का सर्वश्रेष्ठ अवार्ड

अवधनामा संवाददाता




**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्य चिकित्सालय को वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए बड़े अस्पताल की श्रेणी में निदेशक (मानव संसाधन), एनटीपीसी लिमिटेड ए के जाडली एवं मुख्य चिकित्साधिकारी (केन्द्रीय कार्यालय) डॉ.कमल प्रकाश पुरुषोत्तम द्वारा बेस्ट हैल्थ सर्विस के सर्वश्रेष्ठ अवार्ड से नवाजा गया, जो चिकित्सा क्षेत्र में उसकी उत्कृष्टता को साबित करता है। इस पुरस्कार के लिए विंध्य हॉस्पिटल ने अन्य 25 से अधिक बेड वाले प्रमुख अस्पतालों को पछाड़ते हुए यह सफलता हासिल की। विंध्य चिकित्सालय को इस पुरस्कार के लिए आवेदन करने के बाद, पांच अस्पतालों में से शॉर्टलिस्ट किया गया। इसके बाद मुख्य महाप्रबंधक (चिकित्सा) डॉ.बीसी चतुर्वेदी के नेतृत्व में विंध्य चिकित्सालय टीम द्वारा अपनी सुविधाओं और कार्यप्रणाली को एक ऑनलाइन प्रस्तुति के माध्यम से पेश किया गया। जिसके पश्चात एनटीपीसी रामगुंडम, एनटीपीसी विंध्याचल और एनटीपीसी सिंगरौली के बीच अंतिम चयन के लिए तीन अस्पतालों को चुना गया। एक उच्च-स्तरीय टीम, जिसमें कॉर्पोरेट मेडिकल, कॉर्पोरेट एचआर और एआईआईएम्स दिल्ली के वरिष्ठ चिकित्सा विशेषज्ञ शामिल थे, जिन्होंनें नवंबर माह में अस्पतालों का ऑन-साइट निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान टीम ने डॉक्टरों, विभागाध्यक्षों, यूनियनों और कर्मचारियों से विस्तृत प्रतिक्रिया प्राप्त की और अस्पताल की सुविधाओं का भी गहन अवलोकन किया। यह परिणाम एनटीपीसी डॉक्टरों के 33वें प्रोफेशनल मेडिकल सम्मेलन जयपुर में घोषित किया गया, जहां विंध्य हॉस्पिटल को बेस्ट हैल्थ सर्विस के सर्वश्रेष्ठ अवार्ड से नवाजा गया। एनटीपीसी विंध्याचल की ओर से यह पुरस्कार मुख्य महाप्रबंधक (चिकित्सा) डॉ. बीसी चतुर्वेदी और वरिष्ठ विशेषज्ञ (विंध्य हॉस्पिटल)डॉ. आरपी सिंह सयुंक्त रूप से प्राप्त किया। चिकित्सा के क्षेत्र में एनटीपीसी-विंध्य चिकित्सालय को बेस्ट हैल्थ सर्विस का सर्वश्रेष्ठ अवार्ड हासिल होने पर कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार ने टीम विंध्याचल एवं मुख्य महाप्रबंधक (विंध्य चिकित्सालय) बी सी चतुर्वेदी एवं उनकी टीम को बधाई दी एवं विश्वास व्यक्त किया कि विंध्य चिकित्सालय के संयुक्त प्रयासों से एनटीपीसी विंध्याचल भविष्य में हर क्षेत्र में और बेहतर प्रदर्शन कर नए आयाम स्थापित करती रहेगी।

# संक्षिप्त समाचार

## हजरत छोटे मियां का 36वां उर्स 23 जनवरी से

**मौदहा हमीरपुर/अवधनामा संवाददाता।** हर साल की तरह इस साल भी कस्बा मौदहा के ग्राम घोसियारी में हजरत छोटे मियां का सालाना उर्स मुबारक 23 जनवरी से बड़ी शान-व- शौकत के साथ मनाया जा रहा है जिसमें विभिन्न विभिन्न प्रोग्राम आयोजित किए जाएंगे। 23 जनवरी को नमाज फजर के बाद कुरान खवानी आस्ताने में होगी, जोहर की नमाज के बाद गागर शरीफ की रवानगी होगी, बाद नमाज इशा मिलाद शरीफ और महफिले सिमा का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार 24 जनवरी को 10:00 बजे फातिहा होगी और बाद नमाज असर रावानगी चादर शरीफ होगी बाद नमाज मगरिब चादर गुलमोशी और बाद नमाज इशां कव्वालियों का प्रोग्राम किया जाएगा। 25 जनवरी को 11:30 दिन में रवानगी तोशा होगा और फातिहा फिर कव्वालियों का प्रोग्राम आयोजित किया जाएगा 26 जनवरी को दादा हुजूर का फातिहा और महफिले खास का आयोजन किया जाएगा। उर्स के बारे जान कारी देते हुए प्रधान असरार अहमद नें बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी उर्स की तमाम तैयारियां कर ली गयी है। उर्स मे आने वाले तमाम महमानों का खास ख्याल रखा जाएगा।

## बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मामला दर्ज

**मौदहा हमीरपुर।** परिजनों के साथ घर में सो रही किशोरी रहस्यमय तरीके से गायब हो गई, जिसपर परिजनों ने एक युवक पर नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। सिसोलर थाना क्षेत्र के ग्राम खदरा डेरा निवासी रामरूप पुत्र दयाराम ने थाने में दिए शिकायती पत्र में बताया कि बीते 17 जनवरी को रात में उसकी नाबालिग पुत्री घर में सो रही थी लेकिन तभी से रहस्यमय तरीक़े से गायब हो गई जिसकी काफी तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं लगा।बाद में जानकारी प्राप्त हुई है कि भुलसी निवासी आशीष उसकी लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले गया है।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बकरी चोरी कर भाग रहे चोर को पकड़ा

**सुमेरपुर हमीरपुर।** बकरी चोरी करके भाग रहे युवक को ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस के सुपुर्द किया है। पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर उसको जेल भेजा है। विदोखर पुरई निवासी विवेक कुमार ने बताया कि उसकी दो बकरी पशु बाड़े से चोरी करके गांव निवासी अजय कुशवाहा मौदहा की तरफ लेकर जा रहा था। ग्रामीणों की नजर पड़ने पर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने बकरी चोरी करके भागने की बात बताई। ग्रामीणों ने घटना से पुलिस को अवगत कराया। सूचना पाकर इंगोहटा पुलिस चौकी इंचार्ज शिव शंकर पांडे मौके पर पहुंचे और चोर को हिरासत में लेकर रिपोर्ट दर्ज करके जेल भेजा है।

## तीन दिवसीय रामलीला का आयोजन 28 से

**सुमेरपुर हमीरपुर।** विदोखर पुरई के काली माता मंदिर प्रांगण में प्रतिवर्ष की भांति इस साल भी तीन दिवसीय रामलीला का आयोजन कराया जाएगा। रामलीला कमेटी के सदस्य नागेंद्र सिंह, बृजेश शर्मा आदि ने बताया कि इस वर्ष 28 जनवरी से 30 जनवरी तक रामलीला का आयोजन कराया जा रहा है। इसकी तैयारियां जोरों के साथ चल रही हैं।

## निस्वार्थ भाव से सेवा ही मानवता की पहचानः शिव प्रसाद



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** ज्ञानस्थली ग्रुप आफ स्कूल्स के चेयरमैन शिवप्रसाद यादव ने सर्दी के मौसम में पड़ रही कड़ाके की ठंड से निजात पाने के लिए अभावग्रस्त मजदूर व राहगीरों को कंबल व अन्य वस्त्र वितरित किये। उन्होंने इस नेक कार्य में अपने पौत्र ज्योतिरादित्य यादव को सम्मिलित किया, जिससे आगे आने वाली भावी पीढ़ियाँ निस्वार्थ भाव को जान सकें तथा अपने जीवन में इस भाव को आचरित कर सकें।

## जनपद प्रर्दशनी के व्यापारियों ने प्रर्दशनी अध्यक्ष जिलाधिकारी का जताया आभार



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** इटावा जनपद प्रर्दशनी के व्यापारियों ने मंगलवार को उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित के नेतृत्व में जिलाधिकारी अवनीश राय के कार्यालय पहुंच कर प्रर्दशनी की अच्छी व्यवस्था, साफ सफाई, सुरक्षा तथा नुमाइश का समय आदि बड़ाये जानें को लेकर शाल, प्रतीक चिन्ह व बुके देकर सम्मानित किया तथा उनका आभार जताया। नुमाइश व्यापार मंडल के सचिव मु.दिलशाद ने कहा कि जिलाधिकारी एंव जनरल सेक्रेटरी एसडीएम सदर ने हमेशा हम व्यापारियों की समस्याओं को सुना एंव उनका निदान कराया। इस अवसर पर उघोग मंच के अध्यक्ष भारतेंद्र नाथ भारद्वाज, मु.आमिर, रेडिमेड ऐसोसिएशन के जिलाध्यक्ष देव गुप्ता आदि सहित नुमाइश के व्यापारी गण मौजूद रहे।

## दंगल में पहलवानों ने दिखाए दांवपेंच

**मौदहा हमीरपुर।** मौदहा विकास खण्ड के ग्राम भटुरी में गनपतिगिरी महाराज की स्मृति में विराट इनामी दंगल का आयोजन किया गया जिसमे मुख्यअतिथि जिला पंचायत सदस्य विपिन पाण्डेय ने अयोध्या के श्यामसुन्दर दास पहलवान व लकी राजस्थान से आये पहलवानो को हाथ मिलवाकर दंगल शुभारम्भ कराया। दंगल में बजरंगी अयोध्या ने राजस्थान को पटकनी दी,हरियाणा के आकाश ने नेपाल के राजेंद्र को, शीलू मथुरा ने पंजाब के शेरा को, हमीरपुर के हुकुम सिंह मथुरा व माधव पहलवान कि कुश्ती बराबर रही।

# पूरे मंत्रिमंडल के साथ त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाएंगे सीएम योगी

## कैबिनेट बैठक के बाद त्रिवेणी संगम की पावन धारा में पूरे मंत्रिमंडल के साथ करेंगे स्नान

## श्रद्धालुओं को असुविधा से बचाने के लिए बदला बैठक का स्थान

अवधनामा ब्यूरो

**महाकुम्भ नगर/लखनऊ।** प्रयागराज महाकुम्भ में बुधवार 22 जनवरी को योगी सरकार की कैबिनेट बैठक हो रही है। इस बैठक में योगी सरकार के सभी 54 मंत्रियों को बुलाया गया है। इस बैठक में प्रदेश को कई सौगात देने वाली योजनाओं और प्रस्तावों को मंजूरी दी जाएगी। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पूरे मंत्रिमंडल के साथ त्रिवेणी संगम की पावन धारा में डुबकी भी लगाएंगे। इससे पूर्व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2019 कुम्भ मेले में भी अपने पूरे मंत्रिमंडल के साथ संगम में डुबकी लगाई थी। तब मुख्यमंत्री के साथ अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष नरेंद्र गिरि और अन्य साधु संतों ने भी संगम में स्नान किया था। महाकुम्भ में योगी सरकार की बैठक में शामिल होने के लिए यूपी सरकार के सभी 54 मंत्रियों को बुलाया गया है। यह बैठक अरैल के त्रिवेणी संकुल में दोपहर 12 बजे शुरू होगी। संगम में स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को असुविधा न हो, इसके लिए अरैल में बैठक करने का फैसला लिया गया है। पहले ये बैठक मेला प्राधिकरण के सभागार में होनी थी, लेकिन सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए बाद में बैठक का स्थान बदल दिया गया। क्योंकि अगर मेला प्राधिकरण के सभागार में मंत्रियों की बैठक की जाती है तो वीआईपी सुरक्षा के चलते श्रद्धालुओं को दिक्कत हो सकती थी।

### सभी मंत्री करेंगे विधिवत पूजन

बैठक के बाद सभी मंत्री अरैल वीआईपी घाट से मोटर बोट के जरिए संगम जाएंगे। यहां सीएम योगी समेत सभी मंत्री विधिवत पूजन करेंगे। इसके बाद संगम तट पर बनी जेटी के जरिये त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाएंगे। जानकारी के मुताबिक सीएम योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, सूर्य प्रताप शाही, स्वतंत्रदेव सिंह, बेबी रानी मौर्य, जयवीर सिंह, लक्ष्मी नारायण चौधरी, धर्मपाल, नंदगोपाल नंदी और अनिल राजभर सहित सभी 21 मंत्री और बाकी स्वतंत्र प्रभार वाले और राज्यमंत्री सहित कुल 54 मंत्री कैबिनेट बैठक में शामिल होने के बाद विधिवत संगम में स्नान करेंगे।

# संस्थानों के लिए शोध का विषय है कुंभ मेले का प्रबंधन: गौतम अदाणी

- गौतम अदाणी सपरिवार पहुंचे महाकुंभ

**प्रयागराज।** दुनिया के जानेमाने उद्योगपति गौतम अदाणी मंगलवार को प्रयागराज पहुंचे। महाकुंभ के पुण्य दर्शन के लिए गौतम अदाणी अपने पूरे परिवार के साथ पहुंचे। उनके साथ उनकी पत्नी डॉक्टर प्रीति अदाणी, चेयरपर्सन अदाणी फाउंडेशन, उनके बेटे करण अदाणी, बहू परिधि अदाणी और उनकी पोतियां भी थीं। उनके साथ जीत अदाणी भी कुंभ में मौजूद रहे। इस मौके पर गौतम अदाणी ने अपने छोटे बेटे जीत अदाणी के विवाह की तिथि की भी घोषणा की, उन्होंने बताया कि उनके बेटे की शादी 7 फरवरी 2025 को होगी। पत्रकारों ने पूछा कि क्या जीत अदाणी की शादी पर सेलेब्रिटीज़ का महाकुंभ होगा इस पर उन्होंने बताया कि यह एक पारिवारिक कार्यक्रम है और इसे परिवार के साथ ही सादगी के साथ संपन्न किया जाएगा।

उसके बाद वह नाव से संगम स्थल पहुंचे जहां उन्होंने स्नान एवं पूजा अर्चना की। संगम दर्शन के बाद वह अभिभूत नजर आए। स्नान एवं पूजा-अर्चना के बाद उन्होंने मीडिया से बीतचीत की। उन्होंने कहा अद्भुत, अद्वितीय, एवं अलौकिक ! प्रयागराज आकर ऐसा लगा मानो पूरी दुनिया की आस्था, सेवाभाव और संस्कृतियां यहीं मां गंगा की गोद में आकर समाहित हो गयी हैं। कुंभ की भव्यता और दिव्यता सजीव बनाए रखने वाले सभी साधु, संत, कल्पवासी एवं श्रद्धालुओं की सेवा में तत्पर शासन-प्रशासन, सफाई कर्मियों और सुरक्षा बलों को मैं हृदय से धन्यवाद देता हूँ। माँ गंगा का आशीर्वाद हम सभी पर बना रहे।



### इस्कॉन में किया प्रसाद ग्रहण, बड़े हनुमान जी के किए दर्शन

गौतम अदाणी सुबह तकरीबन 12:30 बजे इस्कॉन में पहुंचे जहां पर उन्होंने इस्कॉन की रसोई में प्रसाद बनाने में भी हिस्सा लिया। डॉक्टर प्रीति अदाणी ने अपनी बहू परिधि अदाणी के साथ रोटियों पर घी लगाया और मटर छीलीं। उसके बाद उन्होंने प्रसाद वितरण किया और सपरिवार प्रसाद ग्रहण किया।

# महाकुम्भ में सिलेण्डर की जांच होगी अनिवार्य



- अनधिकृत सिलेण्डरों की बिक्री पर सख्ती, खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा एल.पी.जी. सुरक्षा पर आयोजित की गई विशेष बैठक

महाकुम्भ मेले के दौरान श्रद्धालुओं और कल्पवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मंगलवार को खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा एल.पी.जी. सुरक्षा पर एक विशेष बैठक आयोजित की गई। इसमें विभागीय अधिकारियों, एल.पी.जी. वितरकों, गैस कंपनियों के प्रतिनिधियों, और अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया।

इस दौरान एलपीजी के रिसाव से हो रही दुर्घटनाओ पर अंकुश लगाने के लिए महत्वपूर्ण दिशानिर्देश दिए गए।नइन निर्देशों में सिलेण्डर की अनिवार्य जांच, सुरक्षा उपकरणों का उपयोग, आकस्मिकता से निपटने की तैयारी और गैस आपूर्ति का नियमन शामिल है। गोष्ठी में यह भी निर्णय लिया गया कि घरेलू गैस का दुरुपयोग या अनधिकृत सिलेण्डरों की बिक्री पाए जाने पर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

खाद्य एवं रसद विभाग ने सभी एल.पी.जी. वितरकों और अधिकारियों को मेला क्षेत्र में गैस आपूर्ति की निगरानी और सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान किया। बैठक में यह तय किया गया कि नियमों के उल्लंघन पर संबंधित एजेंसियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई होगी। बैठक में प्रमोद शर्मा, सीएफओ कुम्भ एवं सुनील कुमार खाद्य एवं रसद अधिकारी मौजूद रहे।

# हार्ट अटैक के 100 से ज्यादा श्रद्धालुओं की बचाई जान

- योगी सरकार के निर्देश पर अब तक एक लाख से अधिक का उपचार
- आईसीयू में ठीक किए गए 183 मरीज, 580 का माइनर ऑपरेशन
- 100,998 लोगों ने ओपीडी में दिखवाया, 170727 ब्लड टेस्ट भी किए गए

**महाकुम्भनगर।** महाकुम्भ में हार्ट अटैक वाले 100 से ज्यादा श्रद्धालुओं की जान बचा ली गई है। इसके साथ ही आईसीयू में 183 मरीजों का इलाज और 580 का माइनर ऑपरेशन किया गया है। यही नहीं, अब तक 170,727 ब्लड टेस्ट और 100,998 लोगों ने खुद को ओपीडी में दिखाया है। सेंट्रल हॉस्पिटल में देश की सबसे आधुनिक तकनीक से इलाज किया जा रहा है। महाकुम्भ मेला के नोडल चिकित्सा स्थापना डॉक्टर गौरव दुबे ने बताया कि देश-विदेश से आ रहे श्रद्धालु महाकुम्भ नगर में स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। इसके पहले मध्य प्रदेश के दो श्रद्धालुओं को सेंट्रल हॉस्पिटल में जीवनदान मिला। दोनों श्रद्धालुओं को सीने में दर्द होने पर आईसीयू में इलाज किया गया। डॉक्टर एसके पांडे के नेतृत्व में उनकी जांच की गई और उनका सफलतापूर्वक उपचार किया गया। अब दोनों श्रद्धालु पूरी तरह से स्वस्थ हैं। डॉ. पांडे ने बताया कि दोनों श्रद्धालुओं की ईसीजी की गई और बाद में उनका इलाज किया गया। अब वे पूरी तरह से स्वस्थ हैं और इस इलाज के लिए उन्होंने सीएम योगी आदित्यनाथ और डॉक्टरों का धन्यवाद किया। इनके अलावा महाकुम्भ में पहुंचे 105 साल के बाबा राम जाने दास, जो हनुमानगंज, फूलपुर के रहने वाले हैं पेट दर्द की समस्या के चलते सेंट्रल हॉस्पिटल पहुंचे थे, जहां उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। उन्होंने यहां की चिकित्सा सुविधाओं की तारीफ की और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया।

### मरीजों की निगरानी के लिए एआई कैमरों का उपयोग

सेंट्रल हॉस्पिटल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने कमान संभाली है, जिसमें फिजिशियन, डेंटल सर्जन, आर्थो, चाइल्ड, गायनो और पीडियाट्रिशियन विशेषज्ञ तैनात हैं। यहां 10 बेड का आईसीयू तैयार किया गया है। साथ ही मरीजों की निगरानी के लिए एआई-आधारित कैमरों का उपयोग किया जा रहा है।

### महाकुंभ मेले में बढ़ती हुई भीड़ को लेकर की स्कूल कालेज बंद करने की गई मांग

**प्रयागराज।** जनहित कारिणी समिति के प्रदेश अध्यक्ष सुशील जैन ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए महाकुंभ मेले में बढ़ती हुई भीड़ और सड़कों पर लगे जाम को लेकर कहा कि 29 जनवरी मौनी अमावस्या से लेकर 3 फरवरी बसंत पंचमी तक महाकुंभ मेले में अनुमान से ज्यादा आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के लिए प्रयागराज जिले के सभी स्कूल कॉलेजों को बंद किया जाए। उन्होंने मांग की है कि स्कूल कॉलेज के प्रांगण का इस्तेमाल श्रद्धालु जनो के लिए की व्यवस्था के लिए इस्तेमाल किया जाए। जिससे कि दूर-दूर से आने वाली श्रद्धालु जनों को रहने की व्यवस्था हो सके।

# कुंडों का पर्व कल, तैयारियां पूरी



अवधनामा ब्यूरो

- बृहस्पतिवार को सुबह की नमाज के बाद घरों में होगी इमाम जाफर सादिक (अ.) की नज़्र

**लखनऊ।** शियों के छठे इमाम हजरत इमाम जाफर सादिक अलैहिस्सलाम के नाम से होने वाले कूंडों का पर्व 23 जनवरी बृहस्पतिवार को बड़ी खुशी व अकीदत के साथ मनाया जायेगा। जिसकी तैयारियां जोरों से चल रही हैं। इस विशेष मौके पर घरों में तरह-तरह के पकवान बनाये जायेंगे तथा बाजार से विभिन्न प्रकार की मिठाईयां खरीदकर, विशेषकर मीठी टिकयों पर सुबह की नमाज के बाद घरों में हजरत इमाम जाफर सादिक अलैहिस्सलाम की नज़्र दी जायेगी। इसके बाद से ही लोग अपने रिश्तेदारों और अजीजों के घर जाकर नज़्र चखेगें। यह सिलसिला देर रात तक जारी रहेगा।

इस खुशी के मौके पर पुराने लखनऊ के हसनपुरिया, कश्मीरी मोहल्ला, मौला नगरी, मंसूर नगर, मैदान एलएचखां, दरगाह रोड, नजफ, रूस्तम नगर, मुफ्तीगंज, हुसैनाबाद, मुसाहबगंज, नूरबाड़ी, काजमैन, शीशमहल, वजीरगंज, जनाब वाली गली, शाहगंज, शेरदरवाजा,टापे वाली गली और तोपदरवाजा आदि में विशेष तैयारियां चल रही हैं। वहीं लोग अपने बच्चों के त्योहार में पहने के लिए कपड़ों की खरीदारियों में जुट गये हैं।

इस्लामी माह रजब की बाईस तारीख को आयोजित होने वाली इस नज़्र में मुख्य रूप से मीठी टिकयों पर नज़्र होती है जिसे महिलाएं घरों में मैदा, सूजी, दूध, मेवे, जाफरान और चीनी आदि से तैयार करती हैं। टिकयां बनाने का सिलसिला कल बुधवार की शाम से घरों में शुरू होगा जो बृहस्पतिवार की सुबह तक जारी रहेगा। लोग देररात तक जागकर नज़्र करने के इंतजमा में लगे रहेगें।

टिकयों को बनाने के लिए हलवायी भी तैयारियों में जुट गये हैं। शुक्रवार को अपनी दुकाने टिकयों और मिठाईयों से सजायेगें। इस नज़्र में खास बात यह है कि लोग बाजारों से खासकर बनाये गये मिट्टी के कूंडें खरीद कर उसमें टिकयां रख कर नज़्र देते हैं। कूंडों की दुकाने पुराने शहर के दरगाह हजरत अब्बास अलैहिस्सलाम रोड, काजमैन, पुल गुलाम हुसैन, हुसैनाबाद और बजाजा आदि इलाकों में सज गयी हैं। लोगों ने कूंडों की खरीदारियां शुरू कर दी हैं। बाजार में एक कूंडे की कीमत 20 से 80 रुपये है।

### हजरत इमाम हुसैन की बेटी जनाबे सकीना की विलादत पर संजी महफिलें

**लखनऊ।** हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) की मासूम बेटी जनाबे सकीना (स.अ.) की विलादत के सिलसिले में मंगलवार को दरगाह हजरत अब्बास (अ.स.) रूस्तम नगर में जश्ने जनाबे सकीना शीर्षक से आयोजित महफिल को मौलाना जाफर अब्बास ने खिताब किया।

इसके बाद शायर शान आब्दी, हैदर रजा, फुरकान लखनवी, मेहदी महमूदाबादी व बाश्शाश लखनवी ने शहजादी सकीना (स.अ) की शान में अपने कलाम पेश किये। महफिल का आगाज कारी तुफैल हुसैन ने तिलावते कुरआने पाक से व संचालन अली आजम ने किया। दरगाह के मुतवल्ली मीसम रिजवी ने महफिल में आये सभी लोगों का शुक्रिया अदा किया।

इसी कड़ी में इमामबाड़ा आगा बाकर चौक में जश्ने तस्कीन-ए-शाह शीर्षक एक महफिल का आयोजन किया गया। महफिल को मौलाना मीसम जैदी ने खिताब किया। इसके बाद शायर एजाज जैदी, जर्रार अकबराबादी, सहबा जरवली, नासिर जरवली, आबिद नजर, शान आब्दी, शरर नकवी, अंजुम गदीरी, दानिश जैदी, गुलरेज नकी, मोहम्मद अस्करी, अफजल दबीरी, शब्बर अब्बास व कुमैल रिजवी ने जनाबे सकीना (स.अ.) की शान में अपने कलाम पेश किये। महफिल का संचालन नय्यर मजीदी ने किया। इसी तरह कर्बला दियानुतदौला में महिलाओं की महफिल का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं ने जनाबे सकीना की शान में कसीदे पढ़े। अजाखाने अफजल हुसैन हाता धन्नूबेग में आयोजित महफिल को मौलाना शिराज रजा ने खिताब किया। महफिल के बाद शायरों ने कलाम पेश किये।



#### घरों में हुई नज़्र

जनाबे सकीना (स.अ.) की विलादत की खुशी में लोगों ने अपने घरों, इमामबाड़ों व मस्जिदों में नज़्रों का आयोजन किया गया। मगरिब की नमाज अदा करने के बाद लोगों ने अपने घरों में नज़्र दी। इसके बाद लोगों का नज़्रों में आने जाने का सिलसिला शुरू हो गया जो देर रात तक जारी रहा।

# प्री.नान इंटरलॉक एवं नान इंटरलॉक कार्य के चलते ट्रेनों का मार्ग में होगा परिवर्तन

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** समस्तीपुर मंडल के कपरपुरा नरकटियागंज खण्ड के मध्य कपरपुरा, कांटी, पिपराहां खण्ड के दोहरीकरण कार्य के परिप्रेक्ष्य में प्री.नान इंटरलॉक एवं नान इंटरलॉक कार्य के चलते ट्रेनों का मार्ग परिवर्तन, पुनर्निर्धारण एवं नियंत्रण किया जायेगा। बरौनी से 27 से 29 जनवरी तक चलने वाली 19038 बरौनी बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, रक्सौल, सिकटा व नरकटियागंज के रास्ते चलाई जायेगी। मुजफ्फरपुर से 27 से 29 जनवरी तक चलने वाली 12557 मुजफ्फरपुर आनन्द विहार टर्मिनस एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, रक्सौल, सगौली व नरकटियागंज के रास्ते चलाई जायेगी। आनन्द विहार टर्मिनस से 27 से 29 जनवरी तक चलने वाली 12558 आनन्द विहार टर्मिनस मुजफ्फपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग नरकटियागंज, सगौली, रक्सौल, सीतामढ़ी व मुजफ्फरपुर के रास्ते चलाई जायेगी। भागलपुर से 27 जनवरी को चलने वाली 09452 भागलपुर गांधीधाम स्पेशल ट्रेन परिवर्तित मार्ग मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, रक्सौल, सिकटा व नरकटियागंज के रास्ते चलाई जायेगी। लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 27 जनवरी को चलने वाली 15268 लोकमान्य तिलक टर्मिनस रक्सौल एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी व रक्सौल के रास्ते चलाई जायेगी। दिल्ली से 28 जनवरी को चलने वाली 15706 दिल्ली कटिहार एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग नरकटियागंज, सिकटा, रक्सौल, सीतामढ़ी व मुजफ्फरपुर के रास्ते चलाई जायेगी।


### फरक्का एक्सप्रेस 28 व 29 जनवरी को बदले मार्ग से चलेगी

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ से गुजरने वाली फरक्का एक्सप्रेस 28 व 29 जनवरी को बदले मार्ग से चलेगी। 15743 फरक्का एक्सप्रेस वाराणसी, अयोध्या कैंट, बाराबंकी व लखनऊ के बजाय वाराणसी, सुलतानपुर और लखनऊ होकर गुजरेगी। 15744 फरक्का एक्सप्रेस लखनऊ, सुलतानपुर, जफराबाद जंक्शन व वाराणसी के रास्ते जायेगी। गंगा गोमती एक्सप्रेस 29 व 30 को देरी से चलेगी। सीनियर डीसीएम कुलदीप तिवारी ने बताया कि उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल की गाड़ी संख्या 14216 गंगा गोमती एक्सप्रेस 29 व 30 को एक घण्टा देरी से शाम 6:15 के बजाय 7:15 बजे चलेगी।

# नौ देशों के बौद्ध भिक्खुओं का दल प्रदेश भ्रमण पर

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन के संयुक्त तत्वाधान में नौ देशों के बौद्ध भिक्खुओं का दल राज्य भ्रमण के लिए आया है। बौद्ध भिक्खु 18 से 30 जनवरी तक बुद्ध सर्किट से जुड़े गंतव्यों का दर्शन करेंगे। यह दल 19 जनवरी को राजधानी पहुंचा। इनके सम्मान में 20 जनवरी की देर शाम शांति उपवन बौद्ध विहार में संगोष्ठी और स्वागत समारोह आयोजित किया गया। यह दल 21 जनवरी को श्रावस्ती के लिए रवाना हुआ, जो कुशीनगर, सारनाथ और कौशांबी में भ्रमण करेगा। इसके बाद सभी भिक्खु श्रावस्ती के लिए रवाना हो गशे। यह दल 22 व 23 जनवरी को श्रावस्ती, 24 व 26 जनवरी को कुशीनगर, 27 व 28 जनवरी को सारनाथ और 29 व 30 जनवरी को कौशाम्बी पहुंचेगा। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश पर्यटन और लाइट ऑफ बुद्ध धर्म फाउंडेशन इंटरनेशनल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस धम्म यात्रा में कम्बोडिया, थाईलैंड, वियतनाम और म्यांमार आदि थेरवादी बौद्ध देशों के वो विशिष्ट भिक्खु सम्मिलित हैं जो प्रतिदिन कम से कम 30 किलोमीटर चारिका करने के अभ्यस्त हैं। साथ में ब्राजील, पुर्तगाल, अमेरिका व ब्रिटेन आदि पश्चिमी देशों के श्रद्धालु बौद्ध उपासक भी उत्तर प्रदेश के बौद्ध पर्यटन में सम्मिलित हैं। भिक्खुओं का दल प्रत्येक स्थान पर बुद्ध पूजा पाठ भी करेंगे।

# आरटीओ कार्यालय में सड़क के नियमों का पालन करने को लेकर किया जागरूक

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** सडक् सुरक्षा माह के अंतर्गत मंगलवार को ट्रांसपोर्ट नगर आरटीओ कार्यालय में नुक्कड़ नाटक के जरिये लोगों को हेलमेट पहनने तथा सीट बेल्ट लगाने सहित अन्य सडक् के नियमों का पालन करने को लेकर जागरूक किया गया। आरटीओ संजय तिवारी ने बताया कि इसका मुख्य मकसद लोगों को यह बताना है कि हेलमेट का उपयोग न करना लोगों के लिए कितना खतरनाक हो सकता है। उन्होंने शराब पीकर वाहन नहीं चलाने, सडक् सुरक्षा नियमों का पालन करने, अत्यधिक रफ्तार से गाड़ी नहीं चलने व जेब्रा क्रॉसिंग पर गाड़ी धीरे करने की जानकारी दी। वहीं सडक् दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचने व्यक्ति को पांच हजार रुपये प्रोत्साहन राशि भी दी जाती है। उन्होंने कहा कि हम हर दिन सडक् दुर्घटना में मौत की खबरें सुनते हैं। इसमें ज्यादातर मामले ऐसे होते हैं जहां बाइक चालक हेलमेट का इस्तेमाल नहीं करता है। अगर हेलमेट को इस्तेमाल में लाना और लोगों को बताने का प्रयास कर रहे हैं कि हेलमेट से कितना फायदा होता है। इस दौरान कलाकारों ने गीत संगीत एवं नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने नुक्कड़ नाटक से सडक् सुरक्षा के बारे में जाना समझा। कार्यक्रम में आरटीओ प्रवर्तन संदीप कुमार पंकज, एआरटीओ प्रदीप कुमार सिंह, पीटीओ आभा त्रिपाठी और आरआई प्रशांत कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# पर्यटन से जुड़ी प्रतियोगिताओं का आयोजन 27 जनवरी तक

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** इस वर्ष राष्ट्रीय पर्यटन दिवस के अवसर पर 16 जनवरी से 27 जनवरी तक विभिन्न विद्यालयों में पर्यटन से जुड़ी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसमें अयोध्या, गोरखपुर, वाराणसी, प्रयागराज और आगरा में प्रतियोगिता आयोजित हो चुकी है। नोएडा में 21 जनवरी, बरेली 22 जनवरी, लखनऊ 23 जनवरी और 27 जनवरी को झांसी के विभिन्न विद्यालयों में प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इस आयोजन में लगभग 4000 छात्र छात्राएं भाग लेंगें। कार्यक्रम में शामिल होने वाले छात्र छात्रओं को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया जायेगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक, ऐतिहसिक, आध्यात्मिक और प्राकृतिक विरासत के प्रति युवाओं में जागरूकता पैदा करने के मकसद से सभी जनपदों के विद्यालयों में युवा टूरिज्म क्लबों का गठन किया गया हैं। इसमें छात्र छात्राओं के अलावा दो शिक्षक शामिल किए गये हैं। जयवीर सिंह ने बताया कि किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए युवाओं का आगे आना आवश्यक है। इसी के तहत युवा पर्यटन क्लबों का गठन किया गया है।

# सीतापुर के पौराणिक महत्व पर धार्मिक क्षेत्र घोषित किया जाये : डॉ. अम्मार

अवधनामा ब्यूरो



- मुख्यमंत्री से प्रदेश के सात धार्मिक क्षेत्र घोषित जिलों में सीतापुर को भी शामिल करने का किया निवेदन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. अम्मार रिज़्वी ने मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर उनके द्वारा प्रदेश के सात जनपदों को धार्मिक क्षेत्र घोषित किए जाने के प्रस्ताव का स्वागत करते हुए उनको बधाई दी है और उम्मीद ज़ाहिर की है कि प्रयागराज और वाराणसी के अतिरिक्त चंदौली, ग़ाज़ीपुर, जौनपुर, मिर्ज़ापुर एवं भदोही को भी इसमें शामिल किया गया है,? इन सबका अपना एक ऐतिहासिक, सांस्कृतिक व धार्मिक इतिहास रहा है, इससे निश्चित रूप से इन जिलों के विकास को और गति मिलेगी। डॉ रिज़्वी ने अपने पत्र में इस बात पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि सीतापुर जनपद को इस प्रस्ताव में नहीं जोड़ा गया है जबकि सीतापुर में नैमिषारण्य और मिश्रिख जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल मौजूद हैं। नैमिषारण्य वह जगह है जहां पर हज़ारों वर्ष पूर्व वेद और पुराणों की रचना हुई थी। अयोध्या से गोस्वामी तुलसीदास जी, घाघरा नदी पार करके हमारे पूर्व क्षेत्र महमूदाबाद होते हुए नैमिष जाया करते थे। इसी सीतापुर में महर्षि व्यास जी की गद्दी है। मान्यता यह है कि पुराणों की रचना महर्षि व्यास जी ने इसी स्थान पर की थी। यहीं से उन्होंने वसुधैव कुटुम्बकम का ऐतिहासिक और क्रान्तिकारी नारा दिया था। सीतापुर में ही सर्वप्रथम श्री सत्यनारायण की कथा हुई थी। इसी जनपद के रामपुर-मथुरा में गोस्वामी तुलसीदास जी ने रामायण का एक पूरा अध्याय लिखा है।